सर, आपको याद होगा कि आप मुंबई में एक प्रोग्राम में आए थे। मैंने कहा था कि You should define `local trains'. What do you mean by `local trains'? कल तक मुंबई में चर्चगेट से बोरीवली तक 30 किलोमीटर का डिस्टेंस था, विरार तक 60 का किलोमीटर डिस्टेंस था। वहां लोकल ट्रेन जाती है। पहले छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से थाणे थी, जो पहले शुरू हुई थी, फिर कल्याण गई, कसारा गई, उसके बाद करजत तक पहुंची। अब आप दहानू तक

जाते हैं। Mr. Chairperson, Sir, you will also take a serious note of it. आज हमारी लोकल ट्रेन चर्चगेट से लेकर दहानू जाती है या करजत कसारा से इगतपुरी तक जाती है। अब आप सोचिए कि उस ट्रैवलिंग में अगर कोई इंटरप्शन न आए, जैसे अगर वहां भारी बारिश नहीं हुई, जिसकी वजह से पानी नहीं भरा या किसी ने आंदोलन नहीं किया तो करीब ढाई से पौने तीन घण्टे लगते हैं। अब सोचिए उस ट्रेन में महिला ट्रैवल कर रही है। उस ट्रेन में गर्भवती महिला ट्रैवल कर रही है। उसे लोकल ट्रेन में ढाई-तीन घण्टे यात्रा करनी है, जिसमें कोई सुविधा नहीं है। मैं यह मांग बार-बार पिछले पांच सालों से करता आया हूं कि कम से कम लेडीज कोचेस को आप टॉयलेट की सुविधा दीजिए। ये सुविधाए पुरुषों के लिए नहीं होंगी, यह चलेगा, लेकिन लेडीज ट्रेन से कैसे कूदेगी? एक जगह बीच में पानी भरा था, वहां प्रेग्नेंट महिला थी। She was a reporter of a good newspaper. She made contact with them. She could not jump from the train because she was pregnant. बिजली जा चुकी थी, पानी भरा हुआ था, वह डर रही थी कि किसके सहारे उतरूं। वह पुलिस का इंतजार कर रही थी। वह पानी में कैसे उतरेगी? क्या वह कूदेगी? जैण्ट्स तो बाकी सारी प्राकृतिक चीजों को कैसे भी कर लेते हैं। जो महिलाएं हैं, हमारी बहनें हैं, उनके बारे में सोचिए। मैं यह मांग बार-बार करता आया हूं, लेकिन आज तक उसके ऊपर अमल नहीं हुआ है।

आपने सोलर पावर कैपेसिटी के ऊपर टीका-टिप्पणी की है, लेकिन उनको समझ में नहीं आया होगा। खुली जगह जितनी भी हैं, वहां सोलर प्लांट लगाकर, अगर रेलवे पैसा कमाती है, जो बिजली उसको चाहिए, उसे वह खुद इस्तेमाल करे और बाकी को बेचे, अच्छा है। मैं ऐसे प्रपोजल्स का स्वागत करता हूं।

मुझे एक बात समझ नहीं आई है कि रेलवे स्किल डेवलपमेंट के बारे में क्या कर रहा है और क्या करने वाला है? रेलवे डिपार्टमेंट इस बारे में क्या करने वाला है, यह मुझे समझ में नहीं आ रहा है। सभापति महोदय, दो-तीन चीजें बहुत सालों से पड़ी हुई हैं। उनमें खासकर स्वच्छता अभियान है। आप कहिए मैं किसी भी ट्रेन में आने के लिए तैयार हूं। मुंबई राजधानी मस्त गाड़ी है, उसका

सवाल ही नहीं पैदा होता है, लेकिन आप रात को ढाई-तीन बजे के बाद टॉयलेट में जाएंगे तो टॉयलेट पेपर नहीं मिलेगा, खत्म हो जाता है। बाद में कौन देखता है। हमने वहां प्राइवेट लोग लगा दिए हैं। उसकी खान-पान की व्यवस्था देखिए। मुझे वहां समोसा खाने में दिया गया था। उस समोसे का फोटो मेरे मोबाइल में है। इतना गंदा समोसा खिलाकर हमारी तबीयत बिगाड़ेंगे।

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (श्री गिरिराज सिंह): आपने खाया नहीं है।

श्री अरविंद सावंत: उसे खा भी नहीं सकते हैं। मैंने आधा खाकर छोड़ दिया था। मैंने उनको उसके बारे में बताया और उसका फोटो निकालकर रखा।

ये जो चीजें होती हैं, उसमें सबसे ज्यादा अवसर होता है। जब हम और आप रेल सफर करते हैं, चाहे कहीं भी जाएं, ट्रैक के इधर-उधर देखें, या तो झुग्गी-झोपड़ियां होंगी, अगर वे नहीं हैं तो कचरा दिखेगा। यह कचरा कहां से आता है। प्लास्टिक की बॉटल आती हैं, प्लेट्स आती हैं, पानी की बॉटल आती हैं, ये सब कौन फेंकता है? दो तरीके के लोग होते हैं। हम भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। हम नहीं कहते कि केवल रेल ही हर चीज के लिए जिम्मेदार है। मैंने देखा है कि लॉंग डिस्टेंस की जो ट्रेनें हैं, राजधानी को छोड़ दीजिए, इन ट्रेनों में जो आदमी कचरा कलैक्ट करता है, वह रात लोगों को सोते हुए मौका पाकर बाहर कचरे का बैग फेंक देता है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI ARVIND SAWANT : Do not worry about others. I will just take two or three minutes. सर, मैं दो-तीन मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। मैंने एक सुझाव दिया था कि रेलवे वैक्यूम क्लीनर जैसी मशीन ले ले, जो कि रात में सारा कचरा साफ करके निकाल ले। मैं सुझाव तब तक देता रहूंगा, जब तक ऐसा नहीं होता है। यह भी स्वच्छता अभियान की ही एक बात है।

सर, नांदेड़ डिवीजन साउथ सेंटर रेलवे के कंट्रोल में आती है। नांदेड़ महाराष्ट्र में आता है। मराठवाड़ा रीजन पिछड़ा हुआ है। इनको कुछ मांग रखनी होती है, तो सिकंदराबाद, तेलंगाना जाना पड़ता है। उनको महाराष्ट्र से क्या प्यार होगा? कुछ नहीं होगा। यह मांग कितने सालों से

चल रही है कि नांदेड़ डिवीजन को सेंट्रल रेलवे के तहत लाया जाए। यदि नांदेड़ के लोगों को सुविधा चाहिए तो वहां के विधायक सेंट्रल रेलवे से मांग कर सकते हैं, क्योंकि उनका मुख्यालय मुंबई है, लेकिन उनको सिकंदराबाद जाना पड़ता है। अत: यह डिवीजन सेंट्रल रेलवे के कंट्रोल में लाएं, तो लोगों को फायदा होगा।

सर, मैंने अभी-अभी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बारे में बोला था। मैं कल लखनऊ गया था तो वहां के एयरपोर्ट का नाम चौधरी चरण सिंह के नाम पर रखा गया है। वहां चौधरी चरण सिंह जी का स्टैचू है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के सामने हमने स्टैचू की मांग की, हां बोल दिया गया, लेकिन आज तक स्टैचू नहीं लगाया गया। मैं इसकी दोबारा मांग करता हूं, क्योंकि यह पूरे महाराष्ट्र की मांग है। सर, तिथि के अनुसार आज छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती है। ऐसे शुभ अवसर पर रेलवे इस मांग को पूरा करे अपने कैप में एक फैदर लगाए।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

श्री अरविंद सावंत (मुंबई दक्षिण): सर, सबसे महत्वपूर्ण बात कहना चाहता हूं, जो कि रेलवे एनक्रोचमेंट है। आप जानते हैं कि रेलवे के पास बड़ी लैंड है। पूरे भारतवर्ष में झुग्गी झोपड़ियां बनीं। आप सुरेश प्रभु जी का वर्ष 2015 का भाषण सुन लीजिए। उसमें उन्होंने कहा था कि हम लैंड मैपिंग करेंगे। हमारे पास महाराष्ट्र में एक स्कीम है। आज हम झुग्गी-झोपड़ियों के बारे में निर्णय नहीं ले रहे हैं। प्रधान मंत्री पक्के घरों की बात कर रहे हैं, प्रधान मंत्री आवास की बात कर रहे हैं, रेल की भूमि पर जो झुग्गी-झोपड़ियां हैं, वे पुरानी हैं। आज की नहीं, 20-25 साल पुरानी हैं। उनके बारे में आप क्या निर्णय लेंगे? यही मेरी मांग है।

दूसरी बात, जनरल मैनेजर को क्या फाइनेंशियल पावर है? What is the financial power and the administrative power of the General Managers? इतना बड़ा जनरल मैनेजर, जिनके अधीन मुंबई से लेकर भुसावल तक का बड़ा एरिया आता है। यदि उनको कुछ करना हो, तो उनके पास पैसे नहीं हैं। उन्हें कुछ फाइनेंशियल पावर दे दीजिए। You make

them accountable, make them responsible, but at the same time, give them financial powers to do all these things.

मैं इन सबकी मांग करता हूं। अंत में मैं एक शब्द कहता हूं कि इन्होंने अभी कहा कि हमने अस्पताल निकाला, तो आपको याद होगा कि सुरेश प्रभु जी ने एक बात कही थी कि रेल में यूनिवर्सिटी निकालूंगा। उसका क्या हुआ। यह भी आप बताएं। आप जो अच्छा काम कर रहे हैं, मैं उसकी सराहना भी करता हूं। मैं इसके लिए आपका अभिनन्दन भी करता हूं। आप मेरे द्वारा उठाई गई मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा करें, यही मैं कामना करता हूं। Elevated local train service is a must as we do not have space to expand. वहां एलिवेटेड ट्रेन की भी आवश्यकता है, जो आज तक पूरी नहीं हुई है। अगर यह पूरी हो जाए, तो हम लोग आपका आभार व्यक्त करेंगे। धन्यवाद।

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया): सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ष 2020-21 के लिए रेल मंत्रालय के अधीनस्थ अनुदानों की मांगों पर भाग लेने की अनुमति दी, इसके लिए मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, भारतीय रेल विश्व की तीसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। इसके तहत करीब 68 हजार रेल मार्ग आता है। यही कारण है कि रेलवे को देश की लाइफ लाइन कहा जाता है। पिछले वर्ष रेलवे करीब 120 करोड़ माल ढुलाई और 840 करोड़ यात्रियों को लाने-ले जाने का काम करने वाली विश्व की सर्वाधिक सेवा करने वाली रेलवे नेटवर्क की श्रेणी में आती है। रेलवे का राजस्व भी लगातार बढ़ रहा है और रेलवे अपने उन्नति के पथ पर अग्रसर है। पिछले वर्ष रेल दुर्घटनाओं में काफी कमी आयी है। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री पीयूष गोयल साहब को धन्यवाद देता हूं, अंगड़ी साहब को धन्यवाद देता हूं और आपके संरक्षण में रेलवे चहुंमुखी विकास कर रहा है। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे नेता नीतीश कुमार जी जब एनडीए में रेल मंत्री थे तो वे रेलवे की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। इस कारण से इस क्षेत्र में काफी परिवर्तन करने का भी काम उन्होंने किया है। उन्हीं की देन है कि रेलवे में आज इंटर लॉकिंग सिस्टम आया है और दुर्घटनाओं में काफी कमी आयी है। यह नीतीश कुमार जी की देन है।

महोदय, मैं बिहार से आता हूं। हमारा क्षेत्र सीमांचल का क्षेत्र है और पिछड़ा क्षेत्र है। मैं पूर्णिया से आता हूं और अपने क्षेत्र की मांग रखना चाहता हूं और विनम्रतापूर्वक माननीय प्रधान मंत्री जी से और माननीय रेल मंत्री जी से अपनी मांग पर विचार करने का आग्रह करता हूं। हमारे क्षेत्र में वर्ष 2003 कुर्सेला-बिहारीगंज रेल खण्ड को मंजूरी मिली थी। वर्ष 2004 में तत्कालीन रेल मंत्री लालू जी ने उसका शिलान्यास किया था। वर्ष 2009 में रामविलास पासवान जी ने दोबारा से उसका शिलान्यास किया था। वर्ष 2008 से उस रेल परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का काम चल रहा है। आज वर्ष 2020 है और उस पर कोई काम नहीं हुआ है और इस बार का जो बजट है, बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि उस बजट में मात्र एक हजार रुपये का एलोकेशन किया गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं, रेल राज्य मंत्री यहां बैठे हैं, उनसे

मांग करता हूं कि इस परियोजना को गम्भीरता से लेने का काम किया जाए, चूंकि यह जनहित का मामला है। पूर्णिया जो हमारा क्षेत्र है, रेलवे के मानचित्र पर बिलकुल कमजोर है, रेलवे के क्षेत्र में काफी कमजोर है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि जलालगढ़ से किशनगंज रेल खण्ड है, 50 किलोमीटर के अधिग्रहण की वजह से यह योजना काफी लम्बे से स्वीकृत है। इस 50 किलोमीटर की योजना के लिए केवल एक हजार करोड़ रुपये का फण्ड एलोकेशन इस वित्त वर्ष के लिए किया गया है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस योजना को गम्भीरता से लिया जाए। वहीं हमारे कटिहार रेल मण्डल के अंतर्गत राधिकापुर-कटिहार-तेजनारायणपुर से भालुका रेलवे स्टेशन, जो पश्चिम बंगाल में पड़ता है, वहां तक की परियोजना है। इसको भी चालू करने की मैं मांग करता हूं। साथ ही, जोगमनी और पूर्णिया, हमारे नेपाल की सीमा के पास बिहार का अंतिम स्टेशन जोगमनी है। वहां रेलवे का न तो कोई वॉशिंग पिट है, न पूर्णिया जंक्शन पर कोई वॉशिंग पिट है, न पूर्णिया कोर्ट जंक्शन पर कोई वॉशिंग पिट है। वहां दो रेलवे क्षेत्र हैं, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे और पूर्व-मध्य रेलवे, दोनों में से किसी के भी वॉशिंग पिट या रेलवे के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है। हम आपके माध्यम से मांग करते हैं कि पूर्णिया कोर्ट में रेलवे का वॉशिंग पिट बने। जोगमनी रेलवे स्टेशन पर भी वॉशिंग पिट बने। जोगमनी से मात्र एक ट्रेन सीमांचल एक्सप्रेस दिल्ली के लिए चलती है, उसकी स्थिति भी काफी भयावह रहती है। उसके अंदर काफी क्राउड होता है। हम आपके माध्यम से मांग करते हैं कि जोगमनी से दूसरी सुपर फास्ट ट्रेन दिल्ली के लिए चले और पूर्णिया कोर्ट से दिल्ली, कोटा और अन्य जगहों के लिए ट्रेन चलाने की हम मांग करते हैं। कई छोटी-छोटी समस्याएं हैं, उनको मैं आपके माध्यम से रखना चाहता हूं।

मेरे इलाके की एक गंभीर समस्या है। अभी नई रेल लाइन पूर्णिया और सहरसा का परिर्वतन होने के बाद जो रेलवे का फाटक है, उसको बंद कर दिया जा रहा है। हम एक तरफ रेलवे की तरफ से सुविधा देने का काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उसको परेशान भी कर रहे हैं। लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभी फाटकों को बंद कर

दिया गया है। मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूं कि या तो आररोबी बनाने का काम किया जाए, या फिर आरयूबी बनाने का काम किया जाए, उसके बाद ही रेलवे फाटकों को बंद किया जाए।

मैं इसके साथ ही एक बात कहना चाहता हूं कि हमारे उत्तर बिहार की आर्थिक मंडी गुलाबबाग है। मैं पूर्णिया जंक्शन से दालकोला के लिए एक नई रेल परियोजना को स्वीकृत कराने की मांग करता हूं। एक नई रेल परियोजना को लाने का काम किया जाए, जो लगभग 30 किलोमीटर की होगी। इससे व्यापारियों को भी सुविधा मिलेगी और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्तर बिहार में मक्के की फसल और कई अन्य खेती का सामान होता है। गुलाबबाग उत्तर बिहार की सबसे बड़ी मंडी है। उसको रेलवे का लाभ मिलना चाहिए। यह मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं। …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please conclude now.

श्री संतोष कुमार : महोदय, मेरी रेल से संबंधित दो-तीन छोटी-छोटी मांगें हैं। पूर्णिया-सहरसा रेल खंड में दिन के समय में कोई भी ट्रेन नहीं है। मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूं कि दिन के लिए दो ट्रेनें दी जाएं। वहां ट्रेन सुबह आती है और शाम को जाती है, लेकिन दिन में कोई भी ट्रेन नहीं है। इसलिए, मैं वहां के लिए ट्रेनों की मांग करता हूं। इसके साथ ही जनहित के लिए सहरसा राज्य रानी सुपरफास्ट ट्रेन नंबर 12567 और 12568 को पूर्णिया तक विस्तारित किया जाए। इसके साथ ही कटिहार से पटना के लिए जो इंटरसिटी चलती है, उसको जोगबनी से चलाने का काम किया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Santosh*ji,* please conclude now.

श्री संतोष कुमार : महोदय, मैं अंत में माननीय रेल मंत्री जी और माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। हमारा जो क्षेत्र है, वह पिछड़ा हुआ है। मैं विनतीपूर्वक आग्रह करना चाहता हूं कि आप रेलवे के क्षेत्र में उसको आगे ले जाने का काम करें। मैं इसके लिए अपनी

और अपनी पार्टी की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री मलूक नागर (बिजनौर) : सभापति महोदय, मुझे आपने बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मैं देख रहा हूं कि ज्यादातर लोग इतनी मांग कर रहे हैं, लेकिन उतना बजट नहीं है। मैं रेल मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि वह इस पर ऐसी कोई प्रक्रिया अपनाएं कि रेल मंत्रालय इतने प्रॉफिट में आ जाए, ताकि इनको बजट की दिक्कत न हो। हम सभी सांसद जो भी मांग रखें, आप उनको पूरा कर सकें। जैसे लालू प्रसाद जी के समय था, उसकी भी जांच कराई जाए कि तब रेलवे प्रॉफिट में क्यों थी। आज पूरे देश में रेल मंत्रालय के पास इतनी सम्पत्ति है, अगर उनको सही ढंग से डेवलप कर लिया जाए, लीज़ आउट कर लिया जाए, डीएम मॉडल पर कर लिया जाए, जाइंट वेंचर पर डेवलेपमेंट करने के लिए दे दें, तो उससे इतना रेवन्यू आ जाएगा कि हम जैसे सांसद जितनी भी मांग कर रहे हैं, आप लोग हम सभी की मांगों को पूरा कर सकते हैं। दूसरे, मेरे लिखित प्रश्न के उत्तर में कल रेल मंत्री जी ने जवाब दिया था कि तेजस से सात करोड़ तेहत्तर लाख रुपये का प्रॉफिट आया है। यह सोच का विषय है, रिसर्च का विषय है कि जब एक प्राइवेट सेक्टर में शुरू होने वाली रेल से प्रॉफिट आ सकता है, तो पूरे देश में इनकी सभी रेलों से प्रॉफिट क्यों नहीं आ सकता है। तीसरे, मैं एक बात और कहना चाहूंगा और जैसा कि अभी हमारे सावंत साहब कह रहे थे कि मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज जी की मूर्ति लगनी चाहिए, मैं भी उससे सहमत हूं। पूरे देश में गुर्जर प्रतिहार राजवंश का 300 सालों तक राज रहा है। दिल्ली में गुर्जर सम्राट मिहीर भोज की भी मूर्ति लगनी चाहिए। मैं एक और बात कहना चाहूंगा कि जब ममता बनर्जी जी रेल मंत्री थीं, तब उन्होंने देहरादून से बिजनौर-मुजफ्फरनगर-मेरठ होते हुए एक सर्वे कराया था, तब से वह पेंडिंग पड़ा हुआ है। मैंने भी इस एक वर्ष में मंत्री से लिखित रूप से प्रश्न, नियम 377 में, जीरो ऑवर में पूछा था और कल मुझे 11वीं बार लिखित रूप से जवाब आया है। अभी हमारे साथी भी बोल रहे थे कि उनके यहां भी सर्वे चल रहा है। ये लोग चुनाव के समय में घोषणाएं कर देते हैं कि देहरादून से दिल्ली के लिए बिजनौर होते हुए सीधी रेल चलेगी।

इन लोगों को वोट भी मिल जाते हैं, और सारी चीज़ें ठीक हो जाती हैं और बाद में इम्पिलिमेंटेशन में सब साफ हो जाता है। साहब, मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करना चाहूंगा कि देहरादून से बिजनौर होती हुई, मुजफ्फरनगर होती हुई और मेरठ होती हुई, दिल्ली के लिए सीधी रेलगाड़ी चलानी चाहिए। मैं यह इनसे प्रार्थना के साथ मांग करता हूँ। एक बात और कहना चाहता हूँ कि ये अयोध्या में मंदिर बनवाएं, बहुत अच्छी बात है। वाराणसी के लिए कई-कई हजार करोड़ रुपये की योजनाएं लाएं, बहुत अच्छी बात है, लेकिन हस्तिनापुर – वहां भी कृष्ण भगवान बहुत दिन रहे, वह भी एक ऐसी धरती है, वहां के लिए, हस्तिनापुर के लिए इन्हें जरूर कुछ करना चाहिए और खास कर रेल, दिल्ली से अगर सीधे हस्तिनापुर के लिए मैट्रो चला दें, तो जो लोग इतिहास में पढ़ते आए हैं, टेलीविजन में देखते आए हैं, फिल्मों में देखते आए हैं, इतना भव्य रूप से हस्तिनापुर देखते हैं, दिल्ली में बैठे हुए लोग यह सोचते हैं कि हस्तिनापुर कहां है? बिल्कुल नज़दीक है, दिल्ली से 70-80 किलोमीटर है। अगर वहां के लिए सीधी मैट्रो चले तो वहां के लोगों को बहुत फायदा होगा और भारत सरकार, टूरिज्म को बहुत रेवन्यू आएगा और देश और विदेश में हमारे महाभारत के समय के पौराणिक ग्रंथ की, महाभारत की, भगवान श्रीकृष्ण जी की, कौरवों की, पांडवों की, पूरे वर्ल्ड में इसकी ख्याति होगी। मेरी पार्टी के कई दूसरे लोग बोलने वाले हैं, तो मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ।

SHRI K. MURALEEDHARAN (VADAKARA): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me the chance to participate in the discussion on the Demands for Grants of the Ministry of Railways.

Sir, the major problem in the Railways is, after the merging of the Railway Budget with the General Budget, sufficient funds are not given to the Railways. This is our feeling because if we approach for any developmental works in the railway stations including construction of new building or making of new platforms, the reply given to us is that there are not enough funds with

us and so you should use your MPLADS Fund. As you know, the MPLADS Fund is only Rs. 5 crore in which Rs. 3.70 crore is only the general fund and Rs. 1.30 crore is earmarked for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. So, how can we utilize this fund?

The hon. Minister of State is from Kerala and he knows very well about Kerala. In this year's Budget, our State has been totally neglected. We did not get sufficient fund. I do not know what is the reason. But in your State, Karnataka your party won 25 Lok Sabha seats out of the total of 28 seats. In our State, your party did not win any seat. I think for that reason all trains are stopping at Talapadi, which is a border area. That is our feeling.

Sir, if we approach the Railway Ministry for any development work, your Cabinet Minister is telling us that we should approach our State Government as they are not getting sufficient land from Kerala. But if we approach the Chief Minister of Kerala, he says that there is sufficient land and they are ready to give. The Chairman also knows that. So, we are running not only from pillar to post, but also we are now running from Pinarayi Vijayan to Piyush Goyal. That is our main problem.

Then, many development works are pending in our State. As you know, there is a long pending demand for constructing a new railway line from Thalassery to Mysore via Mananthavady. Moreover, Wayanad District is not in the railway map. This line was proposed long back when Shri Lal Bahadur Shastri was the Railway Minister. At that time, a survey was done from Thalassery to Mysore. But later it was dropped. Now I understand that a new

survey has been conducted by the Railway Minister and the Government of Kerala has also extended full support for this line. So, I would request this major project should be introduced soon in the State of Kerala.

With regard to Sabarimala, the Sabarimala railway line is very important. As you know, a lot of pilgrims are coming to Sabarimala every year.

Idukki District is also not there in the Railway map. If Sabari line comes, Idukki would also come in the Railway map. So, by doing this, 14 Districts of Kerala would be in the Railway map. This is our request to you to do it.

There is no Shatabdi Express train in the State of Kerala. It is a long pending demand from Kerala to introduce a Shatabdi Express in the State of Kerala.

Regarding pit line, from Cochin to Mangalore, there is no pit line. Pit line is there in Cochin as well as in Mangalore. From Cochin to Mangalore, the distance is more than 200 kilometres. On this stretch of 200 kilometres, there is no pit line. If pit line comes to Kannur, it would be appreciated. Kannur is the right place for pit line because major trains are starting from Kannur. For example, Kannur-Yeshwantpur Express Train is starting from Kannur. Then, Kannur-Trivandrum Jan Shatabdi Express is also starting from Kannur. So, if there is pit line in Kannur, it would very much benefit the State of Kerala.

Similarly, there is no MEMU service from Shoranur to Mangalore. Now, the Shoranur-Mangalore double line is completed. Electric work is also completed. But there is no MEMU service from Shoranur to Mangalore. So,

we are demanding a MEMU service from Shoranur to Mangalore. It will be beneficial to the State of Kerala.

Another major thing is doubling of railway line from Kollam to Ernakulam *via* Kottayam and Kollam to Ernakulam *via* Alappuzha. In 2002, when Shri Nitish Kumar was the Railway Minister, at that time, this proposal was approved and work started. But even now, it is not completed. The work is going on very slowly. The amount allotted is also very much less. So, our demand is that this project should be completed as early as possible.

One Rajdhani Express Train is running from Trivandrum to Nizamuddin. It is only three days a week. Our demand is that it should be made seven days a week.

Sir, my last proposal is regarding my Constituency. There are major railway stations at Koyilandy, Vadakara and Tellicherry. But no development works are going on there. In Koyilandy, the work had started. But now, the contractor has disappeared. So, the work is held up. It is a historic place also. The first foreigner Vasco De Gama came to Kappad in Kerala, which is only five kilometres from Koyilandy. So, Koyilandy station is a major station, and therefore, the renovation work should be started there as early as possible. Similarly, Vadakara and Tellicherry are also two major railway stations. There also, renovation work should be completed as early as possible.

Sir, these are some major demands from the State of Kerala. I would request the hon. Railway Minister to please allocate sufficient funds for the

development of the State of Kerala. People of Kerala are generating more revenues to the Railways.

Sir, my last request is that the privatisation of Railways should be stopped because common people are travelling in Railways. If Railways is privatised, it would be very difficult for the common people to afford the services of Railways.

With these demands and suggestions, I conclude my speech. Thank you.

***श्री पी.पी. चौधरी (पाली):** संसदीय क्षेत्र पाली के अंतर्गत अजमेर व जोधपुर मंडल के क्रमश: 22 व 25 रेलवे स्टेशन आते हें। उक्त स्टेशनों पर ठहराव एवं मूलभूत सुविधाओं संबंधी आवश्यकताओं के संबंध में माननीय वित्तमंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त मांगों पर जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें-

रेलवे बोर्ड के नियमानुसार 'किसी भी स्टेशन पर ठहराव हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदंडानुसार स्टेशन की प्रतिदिन गाड़ी औसत आय 12716 रुपए से 24506 रुपए के बीच होनी चाहिए। 'मैं आपके समक्ष पाली संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव संबंधी मांगों की सूची निम्नलिखित है, जिन पर नियमानुसार/जनहित में ठहराव स्वीकृति किया जा सकता है-

स्टेशन नाम	**कैटेगरी**	**औसत प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री आय***	**प्रस्तावित ट्रेन**	**कहां से कहां को**	**स्वीकृति का कारण**
मारवाड़ जंक्शन	एनएसजी-4	13011	12957/58	अहमदाबाद से नई दिल्ली	नियमानुसार
रानी	एनएसजी-5	14199	11089/90	भगत की कोठी से पुणे	नियमानुसार
फालना	एनएसजी-4	18613	17037/38	सिकन्दाबाद से बीकानेर	नियमानुसार
पाली मारवाड़	एनएसजी-3	43987	22965/66	भगत की कोठी से बांद्रा	नियमानुसार
जंवाई बांध	एनएसजी-5	11399	12547/48	आगरा कैंट से अहमदाबाद	जनहित में
सोजत रोड	एनएसजी-5	11450	19411/12	अजमेर से अहमदाबाद	जनहित में
सोमेसर	एनएसजी-5	6899	19411/12	अजमेर से अहमदाबाद	जनहित में

* Speech was laid on the Table.

मथानिया	एनएसजी-6	1581	15013/14	जैसलमेर से काठगोदाम	जनहित में
पीपाड़ रोड	एनएसजी-6	1331	22481/82	जोधपुर से दिल्ली सराय रोहिला	जनहित में
पीपाड़ रोड	एनएसजी-5	1331	22477/78	जोधपुर से जयपुर	जनहित में
औसियां	एनएसजी-5	1740	19107/08	अहमदाबाद से जम्मूतवी	जनहित में

*रेलवे बोर्ड मानदंडानुसार अंतिम 6 माह (1 जनवरी 2019 से 30 जून 2019 तक)

निम्नलिखित स्टेशनों पर उनके नाम के आगे दर्शायी गई मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की जाए।

स्टेशन का नाम	कैटेगरी	मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकताओं का विवरण
मारवाड़ जंक्शन	एनएसजी-4	1. प्लेट फार्म नं. 2 पर टिन शेड का निर्माण की आवश्यकता।
रानी	एनएसजी-5	1.आरयूबी एवं पैदल मार्ग का निर्माण 2.प्लेटफार्म नमबर 2 पर शौचालय 3.टिकट काउंटर मशीन लगवाने बाबत 4.पीने का पानी की व्यवस्था 5.लिफ्ट/एक्सिलेटर 6.जीपीआर चौकी या स्थायी रेलवे पुलिस अधिकारी की नियुक्ति।
फालना	एनएसजी-4	1.अतिरिक्त टीसी पदस्थापन 2.फालना रेलवे चौकी में गाड़ी 3.प्लेटफार्म नं. 1 व 2 के बीच फैंसींग/ग्रील
पाली मारवाड़	एनएसजी-3	1.श्रेणी क्रमोन्नतीकरण 2.प्लेटफार्म नं. 1 अतिरिक्त टीन शेड 3.प्लेटफार्म नं. 2 पर टिन शेड 4.लिफ्ट/एक्सिलेटर
सोजत रोड	एनएसजी-5	1.श्रेणी क्रमोन्नतीकरण 2.प्लेटफार्म नं. 2 पर टीन शेड 3.प्लेटफार्म नं. 2 पर खान-पान हेतु कैंटिन 4.दूसरी ओर अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज

जंवाई बांध	एनएसजी-5	1.श्रेणी क्रमोन्नतीकरण 2.कुलियों की नियुक्ति 3.प्रतिक्षालय कक्ष का निर्माण 4.प्लेटफार्म नं. 2 पर सुलभ शौचालय 5.जवाई बांध स्टेशन का नाम बदलकर सुमेरपुर स्टेशन किया जाए। 6.स्टेशन परिसर में बैंक एटीएम
सोमेसर	एनएसजी-5	1. एफओबी का निर्माण कराने के बाबत।
बांता		1.स्टेशन पर टिकट वेंडिंग मशीन। 2.कोच पोजिशन डिसप्ले
पीपाड़ रोड	एनएसजी-6	1.श्रेणी कमोन्नतीकरण 2.टिकट आरक्षण प्रणाली का समय बढ़ाकर सायं 6 बजे तक करना 3.पीने के पानी की व्यवस्था 4.फुट ओवर ब्रिज
आसारनाड़ा	एनएसजी-6	1. टिकट खिड़की व प्लेटफार्म के बीच 800 मीटर एप्रोच रोड़ (डब्ल्यूपीएम) बनाने के संबंध में
बनाड़	एच.जी.	1.शौचालय का निर्माण 2.50 मीटर सीसी सड़क का निर्माण 3.मेड़ता जोधपुर खंड में भोपालगढ़ रोड पर बनाड़ यार्ड में स्थित समपार सं. 160 (किमी 609/5-6) पर आरओबी निर्माण हेतु रक्षा मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करवा कर इसके निर्माण हेतु उचित कार्यवाही करवाना।
मथानिया	एनएसजी-6	1.स्टेशन के निकट कृषि मंडी पर अंडर ब्रिज की आवश्यकता
तिंवरी		1.वर्तमान में रेलवे स्टेशन का लेवल काफी नीचे होने के कारण यात्रियों को चढ़ने-उतरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, कई बार दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। अत: तिवंरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का लेवल-अप किया जाए।

पाली संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर परियोजना के अंतर्गत 4 स्टेशन (हरिपरु, चंडावल, आऊवा और जवाली व 1 जंक्शन (मारवाड़ जंक्शन) लगता है। उक्त स्टेशन पर कंटेनर डिपो व मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। पश्चिमी राजस्थान में डीएफसी परियोजना के लिए मारवाड़ जंक्शन अहम भूमिका निभा सकता है। उक्त स्टेशन से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 की दूरी मात्र 10 किमी है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 दिल्ली से अहमदाबाद के रास्ते मुम्बई को जाता है। इस राजमार्ग के माध्यम से पाली सहित जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, नागौर, बाड़मेर जिलों से सड़क व रेल द्वारा माल वाहन/कंटेनर आसानी से मारवाड़ जंक्शन पहुंच सकते हैं। पश्चिमी राजस्थान से प्रतिदिन हजारों की संख्या में खनिज, पीओएल, उर्वरक, नमक, कोयला, लोहा, स्टील और खाद्यान्न पदार्थों का ट्रांसपोर्ट किया जाता है। सर्वविदित है कि जोधपुर से लगभग 5000 करोड़ प्रतिवर्ष से अधिक का हैंडीक्राफ्ट भी निर्यात होता है। इसके अतिरिक्त पश्चिमी राजस्थान में दर्जनों सीमेंट फेक्ट्रियों के साथ-साथ यहां के किसानों को भी कंटेनर डिपो व लॉजीस्टिक पार्क स्थापित होने से फायदा मिल सकेगा। मारवाड़ जंक्शन के निकट हजारों एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है जिसे बिना अवाप्त किए कंटेनर डिपो व मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्थापित करने हेतु आवंटन कराया जा सकता है।

मण्डोर एक्सप्रेस 12462 जोधपुर से सांय 19:50 पर रवाना होती है और अगले दिन प्रात: 03:10 मिनट पर अलवर और 04:53 पर रेवाड़ी स्टेशन पर पहुंचती है। रेवाड़ी स्टेशन पर यह ट्रेन समय से पहले प्रात: 4:00 बजे पहुंचकर लगभग 55 मिनट खड़ी रहने के बाद 04:55 पर रेवाड़ी से दिल्ली के लिए रवाना होती है। अलवर से रेवाड़ी की दूरी 74 किमी है, इसे ट्रेन 1 घंटे में पहुंचा देती है, लेकिन रेलवे समय सारणी में इसके लिएए 1 घंटा 45 मिनट आवंटित किया हुआ हे। यह समय सारणी 8 वर्ष पुरानी है, इस रेल लाइन का दोहरीकरण होने के बावजूद अभी तक समय सारणी में परिवर्तन नहीं किया गया है। उक्त ट्रेन के समय में परिवर्तन कर इसे रात्री 20:50 पर जोधपुर से रवाना किया जाना उचित रहेगा, ताकि रेवाड़ी स्टेशन पर इस ट्रेन को 55 मिनट का ठहराव नहीं करना होगा।

*SHRI ANNASAHEB SHANKAR JOLLE (CHIKKODI): Indian Railways has been a life-line for so many Indians. The Government of India has given primary importance to infrastructure, especially in railways. Dedicated freight corridors are being developed to improve logistics across India.

The Government's idea of privatisation of passenger services will go long way in improving effective service delivery and quality improvisation.

I request the Hon'ble Minister to kindly consider Kolhapur – Belagavi rail line which will help lakhs of citizens in border areas of both the states of Karnataka and Maharashtra.

Indian Railways in coming years will achieve better efficiency along with several social service obligations.

* Speech was laid on the Table.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति महोदय, धन्यवाद। देश की बदली हुई परिस्थितियों में आप चेयर पर विराजमान हैं और रेल बजट के ऊपर पार्टी की तरफ से मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। महोदय, पहले काफी वक्ताओं ने बहुत विस्तार से रेलवे के ऊपर चर्चा की। मैं भी मिनिस्ट्री ऑफ रेलवेज़ की डिमांड फॉर ग्रांट्स वर्ष 2020-2021 के समर्थन में बोलने के लिए यहाँ सदन में खड़ा हुआ हूँ।

महोदय, पूरी दुनिया में हिन्दुस्तान की रेलवेज का नम्बर भले ही तीसरा है, जो पूरे देश के अंदर रेलवे ट्रैक बिछा हुआ है, उसमें विश्व में हमारा नम्बर तीसरा है। लगभग 68 हजार किलोमीटर का रेलमार्ग हमारे देश में है, लेकिन हम लोगों को यात्रा कराने में दुनिया में पहले नम्बर पर हैं। 840 करोड़ लोगों को 68 हजार किलोमीटर के रेलवे ट्रैक के ऊपर हमारी रेलवे हर साल यात्रा कराती है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से इस देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ। चूँकि रेलवे का हमारा बजट पहले अलग आता था, अब यह सामान्य बजट के साथ क्लब हुआ है, अब मुख्य बजट में रेलवे आता है। मैं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी, रेल मंत्री माननीय पीयूष गोयल जी और रेल राज्य मंत्री जी का बहुत हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, अभिनन्दन करता हूँ कि लगातार पिछले 5-6 सालों से रेलवे ने उत्तरोत्तर प्रगति की है, कई क्षेत्रों में माइलस्टोन स्थापित किए हैं। मुझे लगता है कि शायद इस महान सदन में अगर हम रेलवे के उन हजारों-हजार कर्मचारियों का उल्लेख नहीं करेंगे, जिनके कारण इस देश में, अगर हमें सुरक्षित रखने का काम हमारी सेना करती है, तो हिन्दुस्तान में 24 घंटे, पूरे हफ्ते, 365 दिन अगर हमारा रेलवे का पहिया नहीं रूकता तो वह उन सामर्थ्यवान कर्मचारियों, अधिकारियों की वजह से है, जो लगातार इस देश में रेलवे के माध्यम से, रेलवे के कल्याण के लिए, इस देश के यात्रियों की सेवा करने में अपने जीवन का महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस सदन के माध्यम से हम उनका भी अभिनन्दन करते हैं।

हमारे वर्ष 2020-21 के मुख्य बजट में रेलवे के लिए लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और 1.61 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान हमारे बजट में है। मुझे लगता है कि जो हमारा फाइनेन्शियल स्ट्रक्चर है, उसमें बहुत विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि कहीं न कहीं अब वह समय आ गया है कि रेलवे जिस गति से इस देश में बेहतरी के लिए काम कर रहा है, उसके सहयोग की आवश्यकता है।

इस बजट में 12 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान नई रेल लाइनों के लिए किया गया है। मुझे लगता है कि इसे और बढ़ाने की आवश्यकता थी। आगे आने वाले समय में जब वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय स्थिति बेहतर होगी, तो शायद नई रेल लाइनों में जो हम 12 हजार करोड़ रुपये का व्यय करने जा रहे हैं, शायद रेल मंत्रालय को वित्त मंत्रालय से इसके लिए और पैसा मिलेगा, ऐसी अपेक्षा के साथ मैं आपके समक्ष यह बात रखता हूँ।

जो हमारे यात्री सवारी डिब्बे हैं और बेहतर इंजन के ऊपर भी लगातार मंत्रालय और सरकार ने काम किया है। 1650 करोड़ रुपये का प्रावधान नये डिब्बों और इंजन के लिए भी किया गया है।

महोदय, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रेलवे ने किराया नहीं बढ़ाया है। बहुत आंशिक किराया वृद्धि के बावजूद सुविधाओं के ऊपर लगातार हमारी सरकार और रेल विभाग ने काम किया है। इस बजट में 2750 करोड़ रुपये की एक बड़ी राशि का प्रावधान यात्री सुविधाओं के लिए किया गया है। मुझे लगता है कि अगर भविष्य में इसे और बढ़ाया जाएगा तो शायद अनुचित नहीं होगा। 2 लाख 25 हजार 613 करोड़ रुपये की आय परिचालन से होती है। एक बड़ी आय का आधार हमारी रेलवे है। वर्ष 2019-20 के मुकाबले इसमें 9.6 परसेंट की वृद्धि हुई है। रेलवे हमारी आय का साधन नहीं है। हमारी सरकार ने इस देश में एक तंत्र विकसित किया है कि जरूरी नहीं है कि हर चीज को हम एक आय का साधन बनाएं। बहुत सी चीजें ऐसी हैं, जो जनता की सुविधा के लिए, जनता के हित के लिए इस देश में हमारी सरकार ने चलाई हैं, रेल भी उसमें से एक माध्यम है। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण निर्णय इस बजट में यह किया गया है कि रेलवे के पास

सरप्लस लैंड बहुत है। रेलवे पटरियों के किनारे पूरे हिन्दुस्तान में हजारों-हजार एकड़ जमीन हजारों किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है। हमारी सरकार ने सौर ऊर्जा के संयंत्र स्थापित करने का एक प्रोग्राम बनाया है, मुझे लगता है कि इससे बेहतर निर्णय पहले कभी रेल मंत्रालय ने नहीं लिया होगा। इससे दो काम होंगे, एक तो अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी, सरप्लस लैंड का हम बेहतर उपयोग कर पाएंगे और दूसरा जो हम महंगे साधनों से बिजली का उत्पादन करते हैं, उस बिजली की बचत करते हुए सौर ऊर्जा से बनी हुई बिजली का उपयोग रेलवे भी करेगा और सरप्लस बिजली को हम बाहर बाजार में बेचकर रेलवे की आय बढ़ाने का भी काम कर सकते हैं।

हम लगातार अखबारों के माध्यम से और सदन में चर्चा के द्वारा देखते हैं कि पीपीपी मोड पर कई बार लोग कटाक्ष करते हैं। हमारी सरकार ने यह फैसला किया है कि करीब 150 ट्रेनें निजी भागीदारी के आधार पर संचालित की जाएगी। हमने पूरी दुनिया में देखा है कि प्राइवेट सेक्टर इस क्षेत्र में है। हिन्दुस्तान में बहुत-सी चीजे हैं, जिन्हें सरकार संचालित करती है। लेकिन जो डेवलप कंट्रीज हैं, यूरोप के देश हैं, जो विकसित राष्ट्र हैं, वहाँ हर काम सरकार नहीं करती है। सरकार व्यवसाय और धंधे करने का काम नहीं करती, बल्कि बेहतर तरीके से देश चले, सरकार इस पर फोकस करती है। रेलवे पीपीपी मोड के साथ अपने नियंत्रण में चीजों को रखते हुए आगे बढ़ रही है। मैं समझता हूँ कि यह सबसे ज्यादा स्वागतयोग्य कदम है। इस पर और ताकत से काम करने की आवश्यकता है। एक बार पीपीपी मोड पर जाने के बाद बेहतर सेवाएँ मिलेंगी तथा समय का बेहतर प्रबंधन होगा। लोगों की एक मानसिकता है कि अगर हम अच्छा पैसा खर्च कर रहे हैं तो हमको बेहतर सुविधा मिले। मुझे लगता है कि आगे आने वाले समय में यह सुविधा मिलने वाली है। किसानों के लिए रेलवे में कभी कोई स्थान नहीं होता था। कभी रेलवे भी किसानों की बात करेगा, इस देश में किसी व्यवस्था में यह सोचा नहीं गया था।

महोदय, मैं आपके माध्यम से इस देश के प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। जब से उन्होंने इस देश में प्रधान मंत्री का दायित्व संभाला है, तब से किसान और गरीब की बात हर जगह की जाती है। जहाँ भी गुंजाइश बनती है, किसान की मदद करने का काम हमारी सरकार

करती है। रेलवे भी कृषि उत्पाद के लिए काम करेगी, जो पहले किसान कल्पना भी नहीं कर सकता था। यदि उसकी सब्जी, फल और फूल के उत्पादन को बाहर भेजना है तो उसके लिए कोई संसाधन नहीं होता था। किसानों के लिए रेल के माध्यम से पीपीपी मोड में एक नया कॉन्सेप्ट आया है। मुझे लगता है कि यह एक क्रांतिकारी निर्णय है। मुझे लगता है कि आगे आने वाले समय में रेलवे को कोल और दूसरी चीजों के बाद सर्वाधिक आमदनी होने वाली है। आगे आने वाले समय में कृषि उत्पाद के ट्रांसपोर्टेशन के आधार पर आय में वृद्धि होगी और किसानों को भी उसका लाभ मिलेगा।

आज किसान फलों का उत्पादन नहीं करते हैं, फूलों का उत्पादन नहीं करते हैं, क्योंकि उनको मालूम है कि हम तैयार भी कर लेंगे तो निर्धारित समय में इन चीजों को बाहर भेज नहीं पाएंगे। अगर किसी ने जबलपुर में कोई फल तैयार किया है, तो मुम्बई भेजने में उसका माल ही रास्ते में सड़ जाता है। अब किसान ट्रेन के माध्यम से बेहतर गति के साथ अपने माल को बड़े शहरों तक भेज सकते हैं। रेफ्रिजरेटर पार्सल वैन एक कोल्ड स्टोरेज की तरह है। हमारे फ्रीजर की तरह रेफ्रिजरेटर ट्रेन के रूप में इस तरह के उत्पादों को भेज सकते हैं। जो ठंडे उत्पादन है, जैसे आइसक्रीम है, दूसरी अन्य चीजे हैं, फल है, इन सभी चीजों को हम रेफ्रिजरेटर वैन में भेज सकेंगे। इससे किसानों, उत्पादकों और रेलवे को भी लाभ होने की उम्मीद है।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि आज तेजस ट्रेन का कॉन्सेप्ट लाया गया है। पर्यटन स्थलों को जोड़ने का काम तेजस ट्रेन करेगी। हिन्दुस्तान में पहले आदमी को प्लान करना पड़ता था, अगर उसे कहीं पर्यटन पर निकलना है तो सोचना पड़ता था कि किस ट्रेन से जाएंगे, बीच में कहाँ जर्नी ब्रेक करना है, फिर कौन-सी ट्रेन से हमको जुड़ना है। अब इस कॉन्सेप्ट में सीधे आपकी पर्यटन ट्रेन है। उसको पता है कि अगर आपके लिए राजस्थान, यूपी से होकर टूरिज्म के लिए कोई ट्रेन निकली है तो उसमें ये स्टेशंस कवर होंगे। अगर मध्य प्रदेश से महाराष्ट्र के क्षेत्र में कोई तेजस ट्रेन चल रही है तो उसमें ये टूरिस्ट सेन्टर्स कवर होंगे। इससे

हमारे टूरिस्ट को भी आसानी होगी। जो यात्री पर्यटन पर जाना चाहते हैं, उनका एक निर्धारित व्यवस्था के तहत प्रोग्राम रहेगा कि वे तेजस ट्रेन का उपयोग कर सकते हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यहाँ कहना चाहता हूँ, हमारे रेल राज्य मंत्री जी यहाँ विराजमान है। मैं उनसे कहना चाहता हूँ। जैसे मेरा संसदीय क्षेत्र है, वहाँ पंचमढ़ी एक बड़ा टूरिस्ट सेन्टर है। मड़ई, सतपुड़ा की पहाड़ियों में हमारा रिजर्व फॉरेस्ट है। सतपुड़ा रिजर्व फॉरेस्ट है, उसमें मड़ई एक बड़ा टूरिज्म सेन्टर बना है। नर्मदा के किनारे ब्राह्माण घाट है, वह एक बड़ा टूरिस्ट सेन्टर है और वहाँ लाखों लोग आते हैं। यहाँ जो रेलवे स्टेशन टूरिस्ट सेन्टर्स को जोड़ते हैं, मुझे लगता है कि उनको विकसित करने की आवश्यकता है। ब्राह्माण घाट की जो रेलवे स्टेशन है, वह करेली स्टेशन है, उसको अपग्रेड करने की आवश्यकता है। यह जबलपुर जोन में आता है। वहाँ ट्रेनों का स्टॉपेजेज़, स्टेशन का बेहतरीकरण करना बहुत आवश्यक है। पंचमढ़ी के लिए हमारा पिपरिया स्टेशन है। उसको मॉडल स्टेशन में लिया गया है। रेलवे मंत्रालय ने वहाँ बहुत काम किया है, लेकिन अभी भी कुछ काम करने की आवश्यकता है। चूंकि पंचमढ़ी मध्य भारत का इकलौता हिल स्टेशन है।

वहां हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। उनको बेहतर सुविधाएं देने के लिए इन स्टेशंस को अपग्रेड करने की जरूरत है। तेजस जैसी ट्रेन को वहां रोक कर यात्रियों को सुविधा देने की आवश्यकता है। सोहागपुर स्टेशन हमारे मड़ई टूरिस्ट सेंटर का एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है। इसको भी अपग्रेड करके, स्टॉपेजेज़ बढ़ाकर, बेहतर सुविधाएं देकर, हम इसमें काम कर सकते हैं। तेजस जैसी ट्रेन को यात्री मिलें, इनको स्टॉपेजेज़ देंगे, जो बेहतर टूरिस्ट सेंटर्स हैं, उनसे जोड़ेंगे तो शायद इन ट्रेन्स की सार्थकता भी सिद्ध होगी।

वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में उल्लेख किया कि हम एक आदर्श किराया नियम की पॉलिसी बनाएंगे। मुझे लगता है कि इस पर काम करने की आवश्यकता है। सदन में बैठे हुए मेरे साथी सांसद इस बात से सहमत होंगे कि अब दो रुपये, चार रुपये भाड़ा बढ़ने से यात्री को फर्क नहीं पड़ता है। यात्री को फर्क पड़ता है बेहतर सुविधाओं से। कितना भाड़ा बढ़ा, यह महत्वपूर्ण

नहीं है, यात्री को कितनी सुविधाएं बढ़कर मिल रही हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है। इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, रेलवे में वर्ष 2020 से लेकर वर्ष 2030 के बीच 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है। आप कल्पना करिए कि अगर इतनी बड़ी राशि, 50 लाख करोड़ रुपये हमें रेलवे में इनवेस्टमेंट के लिए चाहिए, तो इसके लिए हमें पीपीपी मोड पर जाना पड़ेगा, प्राइवेट सैक्टर से निवेश कराने पड़ेंगे और कहीं न कहीं किराये की पॉलिसी को हमें कुछ इस तरह से लाना पड़ेगा कि सुचारु रूप से रेलवे का संचालन हो सके।

सभापति महोदय, मैं उदाहरण के रूप में कहना चाहता हूं कि 1.1.2020 में जो किराया बढ़ा, पूरे देश में बवाल में मचा, टीवी पर फ्लैश चलता रहा कि भारी वृद्धि और आम गरीब आदमी की जेब में डाका डाला। आप कल्पना करिए, साधारण किराया 1 पैसे प्रति किलोमीटर, नॉमिनल चार्ज है, 400 किलोमीटर अगर मुंबई जाना है, 4 रुपये अगर बढ़ गए, तो कुछ फर्क नहीं पड़ता। इस देश में 500 किलोमीटर पर 5 रुपये का अगर भाड़ा बढ़ा है, तो इससे कोई अंतर नहीं पड़ता है। अंतर केवल टीवी के ऊपर पड़ता है और इस सदन में जब चर्चा होती है, उस समय पड़ता है। इन चीजों पर कहीं न कहीं हमें विराम लगाना पड़ेगा। हमको यह सोचना पड़ेगा कि एक सिस्टम को चलाने के लिए, देश में एक बेहतर व्यवस्था देने के लिए इन छोटी-छोटी चीजों को हमें दरकिनार करना पड़ेगा।

महोदय, मैं सरकार को धन्यवाद भी देना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude. Your Party has a number of Members to speak.

श्री उदय प्रताप सिंह : माननीय पीयूष गोयल जी और राज्य मंत्री श्री अंगड़ी जी यहां विराजमान हैं। मैं चार-पांच मिनट में खत्म कर दूंगा। मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने लगातार 5-6 सालों में अच्छा काम किया। मैं अपने संसदीय क्षेत्र का उदाहरण देना चाहता हूं। हमारे यहां

केवल दो रेल फाटक बचे हैं, जिनमें रेल ओवर ब्रिज देना है। एक साथ 9 रेल ओवर ब्रिजेज़ का निर्माण हुआ। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। ऐसा पार्लियामेंट्री एरिया है हमारा पौने तीन सौ किलोमीटर का, जहां पर 19-20 रेलवे स्टेशंस हैं, सैकड़ों गाड़ियां वहां से रोज गुजरती हैं, देश का सबसे बड़ा जंक्शन इटारसी हमारे यहां है, साढ़े तीन सौ से ज्यादा सवारी गाड़ियां वहां से रोज जाती हैं। आप कल्पना करिए, हर रेलवे क्रॉसिंग को रेल ओवर ब्रिज में परिवर्तित करने का काम हमारी इसी सरकार ने, इसी रेल मिनिस्ट्री ने किया है। हम उनको धन्यवाद देना चाहते हैं।

हमारे यहां एक बड़ी समस्या थी कि आजादी के 70-75 सालों के बाद भी कई जगहें ऐसी थीं, जहां सिंगल ट्रैक था। मुंबई-हावड़ा इस देश का बिजिएस्ट ट्रैक है और बीच-बीच में 4-4, 6-6 किलोमीटर सिंगल ट्रैक था, जहां ट्रेनें लगातार खड़ी रहती थीं। जब एक ट्रेन क्रॉस हो जाती थी, तब दूसरी ट्रेन जाती थी। इसी मिनिस्ट्री ने, माननीय पीयूष गोयल जी के मंत्री रहते हुए, वहां पर डबल ट्रैक किया है, इलेक्ट्रिफिकेशन कराया है और एडीशनल पुल का निर्माण कराया है। हम इसके लिए माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे।

महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के कुछ इश्यूज़ माननीय मंत्री जी के सामने रखना चाहता हूं। इंदौर-बुधनी-गाडरवारा एक नई रेल लाइन हमारे यहां स्वीकृत हुई थी, जिसके लिए लगभग 3,200 करोड़ रुपये जारी भी हुए, लेकिन वह इंदौर से बुधनी तक हुआ है। बुधनी से गाडरवारा प्रोग्राम को अभी रोका गया है। मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि वह एनाउंस हो चुका है, उसका भूमि पूजन हो चुका है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. You come to the final point.

श्री उदय प्रताप सिंह : हमारी पूर्व विदेश मंत्री सुषमा जी ने उस कार्यक्रम को किया था। सुषमा जी की स्मृति में हम सबने घोषणा की है। उस रेलवे ट्रैक को बुधनी से गाडरवारा तक हर हाल में जोड़ा जाए। इसको आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

दूसरा, सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जो हमारे यहां स्टेशंस हैं, जैसा मैंने कहा कि सोहागपुर बड़ा महत्वपूर्ण स्टेशन है, लोग वहां लगातर मांग कर रहे हैं।

जबलपुर-नई दिल्ली ट्रेन की स्टॉपेज की वहां मांग कर रहे हैं, करेली में अवेरनाइट ट्रेन का स्टॉपेज मिले, इसके लिए भी हम मांग कर रहे हैं। गाडरवार रेलवे स्टेशन पर संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन की स्टॉपेज की मांग कर रहा हूं।

शिवनी मालवा स्टेशन है, कामायनी एक्सप्रेस की स्टॉपेज के लिए मांग कर रहे हैं। जबलपुर-भोपाल के बीच एक छोटी ट्रेन चलती है। फास्ट पैसेंजर्स एक लोकल ट्रेन है, वहां छोटे-छोटे स्टेशन हैं। जुनेटा, गुरमखेरी और बुहानी स्टेशन हैं, इन छोटे-छोटे स्टेशनों पर कम से कम लोकल ट्रेन को रोकने का प्रावधान आप करेंगे, ऐसी माननीय मंत्री जी से मेरी अपेक्षा है।

मैं एक आग्रह करना चाहता हूं, दो स्टेशन हैं, जहां सवारियां ज्यादा हैं, जहां ट्रेनों के स्टॉपेज हैं, करेली, सुहागपुर और सिवनी मालवा है, इन स्टेशनों पर कोच डिस्पले सिस्टम बहुत जरूरी है। इसके बगैर बुजुर्ग यात्रियों को डिब्बों को खोजने में परेशानी होती है, कोच डिस्पले सिस्टम से यात्रियों को राहत मिलती है। मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूं।

इसी आग्रह के साथ भोपाल से वीना और भोपाल से इटारसी बड़ा स्टॉपेज है, यहां से हजारों की संख्या में लोग जाते हैं। यहां मेमू ट्रेन का प्रावधान हो गया है, उसे शीघ्र वहां चालू कराया जाए। ऐसी मैं रेल मंत्रालय से अपेक्षा करता हूं। मैं पुन: आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी और रेल राज्य मंत्री अंगड़ी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आपने रेलवे में बेहतर काम किया है, बेहतर संभावना से आगे बढ़ रहे हैं। भविष्य बहुत बेहतर होगा।

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Sir, as per rule, there should be at least 10 per cent Members present in the House to run its business. But, at present, there are less than 10 per cent Member present here. *....(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: No. The House is run by consensus.

***डॉ. संघमित्रा मौर्या (बदायूं)**: मैं भारत सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों, जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर लगातार आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह सरकार लगातार काम कर रही है निसंदेह बहुत ही सराहनीय है। हम इस बजट का समर्थन करते हैं। मैं उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र 'बदायूं' लोकसभा क्षेत्र का नेतृत्व करती हूं। आज देश बढ़ रहा है, प्रदेश बढ़ रहा है लेकिन कहीं ना कहीं हमारा बदायूं पिछड़ा का पिछड़ा है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगी कि हमारे क्षेत्र में ट्रेन की पटरी तो है किंतु ट्रेन बदायूं से लखनऊ या बदायूं से दिल्ली को आज भी नहीं मिल पाई है। मैं अनुरोध करना चाहूंगी कि इस पर विचार कर उचित कार्यवाही की जाए। बरेली से चलने वाली ट्रेन को हम बदायूं से चला सकते हैं। पहले इस पर कार्य हुआ है लेकिन वह कागज तक ही सीमित रह गया है। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के कार्य करने की क्षमता और लगन को देखकर हमारे देवतुल्य जनता की उम्मीदें भी जाग गई हैं और आस लगाए बैठी हैं, इसलिए मैं चाहूंगी कि इस पर विचार किया जाए। साथ ही साथ संभल जिले के विधानसभा गुन्नौर जो कि हमारी लोकसभा क्षेत्र बदायूं में ही आता है, गुन्नौर स्थित धनारी स्टेशन से होकर गुजरने वाली गाड़ी बांदीकुई - बरेली पैसेंजर गाड़ी संख्या 54461/62 (ऋषिकेश-आगरा- बांदीकुई) है, का ठहराव स्थानीय जनता के व्यवसाय, शिक्षा व रोजगार हेतु अन्य गंतव्य को जाने वाली यात्रियों के साथ-साथ आसपास के जनपदों के लिए भी उपयुक्त आवागमन का साधन बनेगा। साथ ही साथ गुन्नौर के ही बबराला स्टेशन से गुजरने वाली 'महाकाल एक्सप्रेस' का भी ठहराव चाहती हूं जिससे आवागमन के साथ-साथ हमारे क्षेत्रवासियों को महाकाल दर्शन का भी लाभ मिल सके। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जैसे नारे को हम सार्थक कर सके, आजादी के 72 वर्ष भी तमाम सरकारी संस्थानों से दूर बदायूं के लोग भी उसका लाभ ले सके।

---

* Speech was laid on the Table.

इस उम्मीद और विश्वास के साथ अपनी बात को विराम देती हूं कि इस बार हमारी बदायूं की सम्मानित जनता को निराशा नहीं मिलेगी, वहां के लोग भी तेज रफ्तार पकड़ कर विकास की ओर बढ़ सकेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

*__SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR):__ I would like to express my views on the Demands for Grants to the Ministry of Railways, under the Union Budget 2020-21. In the last few year, Railways has been struggling to generate it own revenue. Railways' operating ration has consistently been higher than 90% in the past several years, which indicates that its capacity to generate operational surplus is low. The growth rate or Railways' earnings from its core business of running freight and passenger trains have been declining. This is due to a decline in the growth of both freight and passenger traffic. Railways are also steadily losing traffic share to other modes of transport. The Government must take immediate steps to reduce the rush-hour crowds in local trains and metros in cities, especially in Mumbai, Chennai and Delhi. The Government is also planning to privatise the life line of the country – the railways.

I would like to draw your kind attention to the following important matters related to my Parliamentary Constituency of Karur in Tamil Nadu:

To announce a new railway scheme and proposals for the construction of new lines in Aravakurichi, Karur, Viralimalai and Manapparai assembly constituencies situated in the Karur parliamentary constituency of Tamil Nadu. The construction of subway or Rail Over Bridge near Mayanur railway station

* Speech was laid on the Table.

level crossing is of utmost urgency. It will help to reduce the enormous wait time and traffic jam of the vehicles travelling to Trichy and Namakkal. Kindly ensure the installation of a ROB or development of a subway in the area; and Rail Over Bridge (ROB) need to be constructed at railway crossing along the Velayudhampalayam – Erode TNPL Paper Mill road. Provision of appropriate funds will go a long way in avoiding accidents and providing benefits to the locals. I request the Government to ensure that trains that are going to Mumbai, Delhi and Tirupati halt at Manapaarai railway station, which falls under the Manapparai assembly constituency; to issue an order which would ensure that the Pazhani Express train would stop at Eriyodu and Gujiliyampparai which fall under Vedasanthur assembly constituency; and to take necessary action for the continued smooth functioning of Vadamadurai railway station which comes under the Vedasanthur assembly constituency.

A constructive suggestion would be to enhance employment opportunities for the differently-abled and specially-abled persons at Railway Stations and under the Ministry at various levels to take the Government's Accessible India Campaign or Sugamya Bharat Abhiyan for 'divyang' persons forward. Medical facilities are unavailable in the mornings at Karur railway station. There is a need for constructing a medical centre/24x7 assistance both at railway stations in Karur at the earliest and also consider the doubling of Salem-Karur-Dindigul railway lines to improve the connectivity of Karur with the rest of the country.

The railways may face a shortfall in actual revenue are calculated at the assumption of 10 percent of the growth rate of GDP, as against the current year's growth rate of merely 5 per cent. Nothing was mentioned in the budget about increasing actual infrastructure of laying new tracks, expanding new lines or building new yards. Rs. 5,600 crore have been allocated for the bullet train project between Mumba and Ahmedabad, however, no new local trains have been announced for the financial capital of the country. Furthermore, farmers have been opposing the project and acquisition of their land.

Net Revenue, as noted by the Standing Committee on Railways has been a drastic reduction since 2015-2016. The Railways, under the BJP Government, has been failing to compete with other modes of transportation. Railway fares were hiked from 1st January 2020, onwards. The Railways Budget is not in the interest of the common people. The railways should operate trains for farmers for the transportation of their perishable goods on affordable costs to markets. With these words, I conclude. Thank you.

*SHRI K. SHANMUGA SUNDARAM (POLLACHI) : I would like to inform that the under mentioned railway facilities to the public/students/business people/ pilgrims and tourist centre of my Pollachi Constituency are to be included in the Demand for Grants for the year 2020-2021. This issue has been brought to the Southern Railway Zonal General Manager, Chennai and Divisional Railway Manager, Salem in the past. But the main demand for overnight train service to Bengaluru and restoration of Coimbatore-Rameshwaram, Coimbatore-Kollam Express trains are pending for more than 3 years. Moreover, Coimbatore was identified for Smart City and development of all the transport facilities to the public are very much needed at the earliest.

In the past in the year 2007, the then Honourable Minister of Railways has announced a new over night train from Coimbatore-Bengaluru for the benefit of Business people, officer goers in IT Sector, school and college students and ordinary public who are going for a work at Bengaluru. The commuters from Bangalore/Coimbatore are experiencing have to depend on the road transport by spending huge amount and time. So, it is a dire need of the Coimbatore/Bengaluru people to have overnight facility.

In the past, before commissioning of Podanur-Dindigul gauge conversion work, said trains are operated via Podanur, Kinathukadavu, Pollachi, Dindigul, Madurai which is the shortest route to the pilgrims, business community of Nilgris, Coimbatore and southern districts of Tamil

* Speech was laid on the Table.

Nadu. Even after the gauge conversion work completed and Coimbatore-Madurai train is operated via Podanur, Kinathukadavu, restoration of these two trains are not coming into operation for the benefit of the public. So, serious consideration is needed since this stretch is will garner more revenue for the railway.

In this train route many famous temples, tourist centres, vegetable hub at Oddanchatram, wholesale fruit market and tourist centres are also available. Business community and unorganised/organised employees/pilgrims from Coimbatore and Nilgris are depending on the costly and time consuming road transport when compared to the railway. So, to suit their convenience and benefit, a day time Intercity train is needed which will be financially viable route and will connect all the southern districts.

I would like to point out that there is no direct train service to Nagercoil which is a Trade and Tourist Centre in Tamil Nadu. Presently, one passenger train to Nagercoil. If a direct train Coimbatore to Nagercoil is introduced via Podanur, Pollachi, Palani, Madurai it will save more than 2 hours journey time to the commuters of Coimbatore and Nilgri districts. Tirupur is known as Dollar city across the world and a new train service from Tirupur to Chennai be introduced and named as “DOLLAR CITY” as like Charan Express from Coimbatore and Yercud Express from Erode. There is no direct service to Chennai Egmore in the shortest route of Podanur, Pollachi, Dindigul, Salem to cater the needs of Coimbatore, Pollachi and Dindigul people for their needs. So, one more new train to Chennai – Egmore via Pollachi be introduced for the

needs of coconut business and allied agriculture products. Conventional rakes used in the Chennai-Coimbatore (12680/12679) Intercity Express were replaced with the latest LHB rakes. So, these conventional rakes be used for the Coimbatore-Madurai new train service and operated.

Irugur is having a railway station in which goods store yard is functioning. It is situated on the Kerala-Tamil Nadu National Highways. It is very nearer to the Coimbatore International Airport. There is not sufficient length of platform of the train length. Daily, more than 200 commuters are using this facility by travelling inn public bus and then catch a train for their journey to reach their work place. So expansion of platform length will only cater the needs of the public of Irugur. So, it shall be considered at the earliest.

There is a need to provide stoppage to Train No. 12083 (Mayiladuthurai – Coimbatore); Train No. 22669 (Nagercoil – Coimbatore); Train No. 12675 (Chennai – Coimbatore); and Train No. 11013 (Mumbai CST – Coimbatore)at Coimbatore Railway Station. The above said trains are crossing without stoppage at the North Coimbatore Railway station which is very inconvenience to the people of R.S Puram and Saibaba Colony and Gandhipuram Kavundampalayam area people.

I shall be thankful to the Government if it would consider the above said train facility required for the people of Coimbatore Constituency and arrange to sanction the new train services which would benefit the Business community, Traders, pilgrims, tourist centres.

HON. CHAIRPERSON : Shri S.T. Hasan.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सभापति महोदय, मैं मुरादाबाद शहर से आता हूं। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं, यह पीतल नगरी के नाम से मशहूर है। पूरी दुनिया में इसके आर्टिजन के ऐसे आइटम्स बनाते हैं जो मशीनें भी नहीं बना सकतीं। मैंने पिछले बजट सेशन में भी इस बात की डिमांड्स की थी, यह मुरादाबाद की बहुत पुरानी डिमांड है। मुरादाबाद से मुम्बई के लिए एक ट्रेन चलाई जाए। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे अधिकारियों ने लिख कर दिया कि आपके रेलवे स्टेशन पर फेसिलिटीज नहीं हैं। अगर वह फेसिलिटीज मुहैया कराना हमारा काम है तो हम यहां बेकार बोल रहे हैं। यह काम तो डिपार्टमेंट का है कि वे वहां फेसिलिटीज उपलब्ध कराएं। हम लोग जो डिमांड्स करते हैं उसके ऊपर पर पूरा ध्यान दे, इफ एंड बट न करें।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मुरादाबाद से तकरीबन पन्द्रह से बीस हजार करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट हुआ करता था, लेकिन यह कम होते-होते तकरीबन पांच हजार करोड़ रुपये पर आ गया है। जिसकी बहुत सारी वजहें है, डब्ल्यूटीओ की वजह से बहुत परेशानियां हैं। हमारी सब्सिडीज कम कर दी गई हैं। जो काम हम कर सकते हैं, मेरी रेल मंत्री जी से दरख्वास्त है कि मुरादाबाद या जहां से भी यह एक्सपोर्ट होता है, वहां से फ्रेट के ऊपर बड़ी सब्सिडी दी जाए। मुरादाबाद से कन्टेनर में भेजने के लिए तकरीबन एक लाख रुपये लगता है, जबकि चीन, वियतनाम और कम्बोडिया से तुलना करे तो वे लोग बहुत मामूली फेयर लेते हैं और सब्सिडी देते हैं। उन्होंने हमारा मार्केट कैप्चर कर रखा है। मेरी दरख्वास्त है कि रेलवे भी इसमें हाथ बटाए और यह हम सबकी जिम्मेदारी है। आप देख रहे हैं कि डॉलर और रुपये के रेट में कितना बड़ा फर्क होता जा रहा है। अगर एक्सपोर्ट ही तबाह हो गया तो डॉलर के मुकाबले रुपये का रेट कहां से कहां पहुंचेगा, हमारी इकोनॉमी कहां जाएगी? मेरी आपसे दरख्वास्त है इसमें जबर्दस्त सब्सिडी दी जाए, ताकि एक्सपोटर्स अपना एक्सपोर्ट कर सकें और फॉरेन एक्सचेंज मिल सके।

अभी हमारे एक मित्र ने सुझाव दिया कि रेवेन्यू बढ़ना चाहिए, मैं इसके मत में हूं कि आप अपना रेवेन्यू ज्यादा से ज्यादा बढ़ाएं, दूसरे तरीकों से भी बढ़ाएं। आपकी जो जमीन स्ट्रेटिजिक

जगहों पर है, वहां पर आप बड़े-बड़े मॉल बना सकते हैं, शॉप्स बना सकते हैं। आज मॉल्स का जमाना है और इससे बहुत बड़ी आमदनी रेलवे को भी होगी जो जमीनें बेकार पड़ी हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि तीन दिन पहले मैं एक डेलीगेशन से मिला था, मुरादाबाद में 10/10 की 165 दुकानें सड़क के किनारे हैं। ये लोग बराबर किराया देते थे, किसी टेक्नीसिटीज़ की वजह से 15-20 सालों से किराया नहीं दे पाए हैं। ये लोग 50 सालों से किराया देते रहे हैं, अधिकारियों ने इनको हटाने का आदेश दिया है। ये 165 परिवार कहां जाएंगे? उनके बच्चे क्या करेंगे? हमें कुछ न कुछ ह्यूमन एंगल भी देखना चाहिए। मैं माननीय मंत्री जी का शुक्रगुजार हूं कि आपने बड़े ध्यान से हमारी बात सुनी थी, गरीबों की बात सुनी थी और फौरन अधिकारी को बुलाकर डायरेक्शन भी दी थी। मेरी आपसे दरख्वास्त है कि हमदर्दाना तरीके से इस बात पर गौर करें।

मेरी कुछ लोकल प्राब्लम्स हैं, हमारे यहां रोशनपुर बहेड़ी, सीतापुर के बीच में अंग्रेजों के जमाने से एक लाइन पर क्रासिंग थी, उसे अचानक बंद कर दिया गया। किसानों को इधर-उधर जाने में कई किलोमीटर का फासला तय करना पड़ता है। मैंने इसके बारे में माननीय मंत्री जी से बात की थी, मुझे अधिकारियों ने जवाब दिया कि एक किलोमीटर के ऊपर यह क्रासिंग है, हम इसे नहीं खोल सकते। किसान मवेशियों का चारा लेकर आते हैं, अन्य छोटी चीजें लेकर आते हैं, वे चीजें सिर पर रखकर तीन-चार किलोमीटर चले, जबकि सामने उनका घर है। मेरी दरख्वास्त है कि इस क्रॉसिंग को खोल दिया जाए, ताकि उनकी बैलगाड़ियां, ट्रैक्टर, ट्रालियां आदि वहां से निकल सकें।

हमारे यहां बहुत बड़ा क्षेत्र ठाकुरद्वारा है। ठाकुरद्वारा में आज तक रेल कनैक्शन नहीं है। ठाकुरद्वारा के पास से रेल लाइन गुजरती है। मेरी आपसे दरख्वास्त है कि ठाकुरद्वारा को भी इस लाइन से जोड़ दिया जाए।

अब मैं रोड ओवर ब्रिज की बात कहना चाहता हूं, जो मोनापांडे से मनकरा के बीच में है। यहां गांव के लोग जाम में फंस जाते हैं, जाम एक-दो घंटे जाम लगा रहता है। मेरी आपसे विनती है कि इस पर ध्यान दें और ओवर ब्रिज बनाने की जल्द से जल्द कोशिश करें।

मुरादाबाद एक मशहूर शहर है। यहां रेलवे स्टेशन का ब्यूटीफिकेशन होना बहुत जरूरी है। यहां बाहर से लोग आते हैं, उन पर अच्छा इम्प्रैशन जाना चाहिए। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन ए क्लास होना चाहिए। यही मेरी आपसे दरख्वास्त है। बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री नामा नागेश्वर राव (खम्माम): सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद करता हूं। अभी देश में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की बहुत जरूरत है। देश की आजादी के 73 सालों के बाद भी जिस तरह से पूरे देश को रेल से कनैक्ट होना चाहिए, उस तरह से कनैक्ट नहीं हुआ है। सरकार कोशिश कर रही है, लेकिन हम तो यही कहेंगे कि कोशिश टोटली फेल हो रही है। मैं इसकी डिटेल बता दूंगा, इतने दिनों बाद भी आज की तारीख में रेल कनैक्टिविटी नहीं बढ़ पाई है। आज देश की इकोनामी बहुत डाउन है।

अभी माननीय सदस्यों ने कुछ प्वाइंट्स रेज़ किए हैं, डैवलप्ड कंट्रीज़ में रेलवे और रोड नेटवर्किंग बढ़ने की वजह से देश की इकोनॉमी बढ़ गई है। रिसेंटली हमने चैम्बर्स के साथ डिस्कस किया है, उन लोगों ने बताया कि रेलवे और रोड के फ्रेट का चार्जिस कम नहीं करेंगे, हम वर्ल्ड इकोनॉमी में उन लोगों के साथ कम्पीट नहीं कर पाएंगे। ...(व्यवधान)

महोदय, मैं जोर से इसलिए बोल रहा हूं कि आपके हार्ट में सब चला जाए, हमारी बात को ध्यान में रखें और इसे सॉल्व करे। हम तेलंगाना से आए हैं, तेलंगाना के बहुत प्वाइंट्स हैं। हमने बहुत लैटर्स दिए हैं। ऑनरेबल मिनिस्टर इधर बैठे हैं, अधिकारी लोग बैठे हैं, उनको हमने बहुत लैटर्स दिए हैं।

उसी की वजह से जोर से बोलना पड़ रहा है। मैं तेलंगाना से हूं, वहां के बहुत-से प्वाइंट्स हैं। मैंने बहुत सारे पत्र लिखे हैं और मंत्री जी भी सदन में हैं। रेलवे के अधिकारी भी वहां बैठे हैं। मैंने बहुत-सारे लैटर्स लिखे हैं।

HON. CHAIRPERSON : Shri Nama Nageswara Rao, please address the Chair.

SHRI NAMA NAGESWARA RAO : Mr. Chairman, Sir, thank you. अभी गरीब लोगों के लिए, कॉमन पीपुल के लिए, पैंसेजर के लिए रेलवे लाइन को काफी बढ़ाने की जरूरत है। उसी तरह से गुड्स ट्रांसपोर्टेशन में रेलवे को आगे ले जाना बहुत महत्वपूर्ण है। 15वीं लोक सभा में 'इज्जत पास' के नाम से जो गरीब लोगों को पास दिया गया था, वह अभी एमपी दे सकता है।

सभापति जी, यह रिकार्ड है कि 15वीं लोक सभा में हमने 60000 रेलवे पासेज पांच सालों में दिए थे। अभी भी 17वीं लोक सभा में आने के बाद कम-से-कम पांच हजार रेलवे पासेज दिए हैं। मगर, इसमें गरीब लोगों को रेवेन्यू सर्टिफिकेट की वजह से 'इज्जत पास' नहीं मिल पा रहा है। मंत्रालय से हम यही अनुरोध करना चाहते हैं कि यदि रेवेन्यू सर्टिफिकेट देने की पॉवर भी एमपी को दे दें तो एमपी रेवेन्यू सर्टिफिकेट और 'इज्जत पास' दोनों देने की कोशिश करेंगे। इसके साथ-साथ पूरे इंडिया में रेलवे स्टेशन में ऑटो लगाने के लिए चार्जेज लगाया जा रहा है। अल्टीमेटली यह चार्जेज कॉमन मैन के ऊपर पड़ रहा है। इसलिए आप इस चार्जेज के बारे में सोचें। स्वर्गीय वाजपेयी जी अपने समय में गोल्डन क्वाड्रीलेटेरल योजना लेकर आए थे। गोल्डन क्वाड्रीलेटेरल योजना को लगातार दूसरी सरकार ने भी आगे बढ़ाया। अभी रोड नेटवर्किंग में हम काफी आगे निकल गए हैं। जैसे नितिन गडकरी जी ने सड़क मार्गों का निर्माण किया है, उसी तरह से रेलवे के नेटवर्क को भी आगे बढ़ाने का काम किया जाना चाहिए। भारत को आगे ले जाने के लिए रेल नेटवर्क को मजबूत करने की आवश्यकता है। तेलंगाना बनने के समय ए.पी. रीओर्गेनाइजेशन एक्ट में हमसे कुछ वायदे किए गए थे। उसमें काजीपेटा में कोच फैक्टरी बनाने का वायदा किया था। तेलंगाना बने हुए सात साल का समय हो गया है, लेकिन अभी तक वह काम नहीं हुआ है। माननीय मंत्री जी से मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि तेलंगाना नया राज्य बना है, इसलिए यहां ए.पी. रीओर्गेनाइजेशन एक्ट में एग्री किया है उन कार्यों को तुरंत टेकअप करें। इसके साथ-साथ भद्राचलम-कुवर, जहां श्रीराम देवालयम है। वहां कनेक्टीविटी नहीं है। भद्राचलम से कुवर जाने के लिए कनेक्टीविटी नहीं है। सिंगरेनी कोलियरीज ने ऑलरेडी 50 परसेंट पैसा दिया है। दो दिन पहले 200 करोड़ रुपये की पेमेंट भी दी है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को कनेक्ट करने के लिए आपको भी लैटर लिखा है, लेकिन उसके लिए सिर्फ एक या दो लाइन की रिप्लाई आती है कि "Receipt of your letter is acknowledged. The request will be looked into." लेकिन इश्यू सोल्व नहीं होता है। तेलंगाना में महबूब नगर, गदवाल, रायचूर, चुरू, संगारेड्डी, विकाराबाद-वाडी, पेद्दापल्ली-कांजीपेट, भोनगिर, निजामबाद के लिए नई रेलवे लाइन तुरंत टेकअप करें।

आदरणीय सभापति जी, इसके साथ ही साथ पूरे हाउस को यह बात सुननी है।

16.00hrs (Shri A. Raja *in the Chair*)

जब हम एमपी बनकर आते हैं तो हमारे संसदीय क्षेत्र के लोग यह सोचते हैं कि वे एमपी के पास जाकर कम से कम रेलवे के छोटे-छोटे इश्यूज, चाहे रेलवे स्टाफ का इश्यू हो या रेलवे डेवलपमेंट का इश्यू हो, उनको रख सकते हैं। हमने ऑनरेबल मिनिस्टर जी को लेटर लिखा है, अधिकारियों को लेटर लिखा है। खम्माम रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर नहीं है। खम्माम रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे नहीं है। मैंने एमपी बनने के बाद खम्माम रेलवे स्टेशन पर तीन बार इंस्पेक्ट किया है। मैंने पैसेंजर ट्रेन में खम्माम से मदुरई तक ट्रेवल किया है। पैसेंजर ट्रेन्स में भी फैसिलिटीज नहीं है। रेलवे स्टेशन्स पर भी फैसिलिटीज नहीं है। मैंने मेल और फीमेल के रेस्ट रूम्स के लिए भी रिक्वेस्ट की थी। वहां सिर्फ आठ सीसीटीवी कैमरे हैं। वहां पर कम से कम 50 सीसीटीवी कैमरे लगने चाहिए। आजकल रेल में बहुत चोरियां होती है, उससे आम आदमी को बहुत परेशानी हो रही है। मैंने सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए बताया था, इसी तरह से मैंने दो हॉल्ट के लिए भी बताया था। मैंने इसके लिए दो लेटर लिखे हैं।

HON. CHAIRPERSON : Please conclude now.

श्री नामा नागेश्वर राव : सर, मैं कंक्लूड कर रहा हूं। खम्माम जिला हैडक्वार्टर है। खम्माम एक अच्छा रेलवे स्टेशन है। मैंने खम्माम रेलवे स्टेशन के दो स्टॉपेज के लिए भी लेटर लिखा था तो आप इसे भी करें। आप हमारे रेलवे स्टेशन को ए वन ग्रेड करें। आप तेलंगाना के पेंडिंग प्रोजेक्ट्स को प्रायरिटी के साथ टेकअप करें। हम आर.ओ.बी. और आर.यू.बी. के छोटे-छोटे काम को भी नहीं कर पाते हैं। जब हम हमारी कांस्टिटुएंसी में जाते हैं तो बहुत परेशानी होती है। मैं आपके माध्यम से ऑनरेबल मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि आप इन इश्यूज को बहुत सीरियसली टेकअप करें।

*SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH): Indian railways is the fifth biggest rail network in the world with 1.3 million employees and it is a massive to streamline its operations. Railways is pride of the Nation and the most important form of transport system. It had tied people in one string. It had shortened the distance and developed the outlook of people.

Indian Railways faces lot of challenges. Railway Engines, Wagons & other equipment are quite old and the quality of coaches needs to be upgraded for speeding up pending railway projects. Most of the railway lines are single line which create great inconvenience to railways & passengers of backward districts. Railway accident occurs due to error and negligence which should be checked. In my Parliamentary Constituency, the Tarakeshwar railway need to develop as a model railway station. Pilgrims all across the country visit here and offer their prayers. The Chandanpur bridge in Haripal Station is the need of hour. There is a need to provide adequate fund to complete Tarakeshwar-Bishnupur Rail Project. There is a need to construct “Bolandi Halt” station.

The quality of food served to passengers is not good. The blankets supplied to passengers in AC Compartment are filthy. Superfast trains often run late. These are the concerns which the railways need to worry about and address.

---

* Speech was laid on the Table

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): सभापति महोदय जी, धन्यवाद। आपने मुझे रेलवे की अनुदानों की मांगों पर बोलने का अवसर दिया। मैं बड़े ही धैर्य से अपने साथियों की बातों को सुन रहा था। आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पिछले कार्यकाल से रेलवे का परिवर्तित स्वरूप देखने में आ रहा है। अभी नामा नागेश्वर राव जी बोल रहे थे। मैं बताना चाहता हूं कि पूर्वोत्तर में त्रिपुरा तक रेल पहुंच गई है। त्रिपुरा से ढाका आते हुए कोलकाता की तरफ भी सरकार गंभीरता से कदम आगे बढ़ा रही है। कश्मीर की वादियों में भी रेल के इंजन की आवाज सुनाई देने लगी है। केरल से लेकर कश्मीर तक जिस तीव्र गति से साथ में रेलवे का विस्तार हुआ है और रेलवे की सुविधाओं को बढ़ाने का जो काम हुआ है, उससे आम आदमी के मन में विश्वास का भाव जागृत हुआ है। यह सरकार सही मायने में "सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास" की थीम पर आगे बढ़ने का काम कर रही है। मैं कई बार सामान्य श्रेणी के डिब्बे में भी यात्रा करता हूं। जब हम रेल में जाकर बैठते हैं तो हमारे बगल में कौन बैठा है, यह किसी को पता नहीं रहता है। जाति, भाषा, धर्म और प्रांत सब चीजों से ऊपर उठकर यात्रा के दौरान ही लोगों की आपस में मित्रता हो जाती है। कई बार देखने में यह भी आता है कि रेल में जब परिचय बढ़ता है तो परिचय आगे बढ़कर रिश्तेदारियों में बदल जाता है। रेलवे सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत करता है। आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छता अभियान को जो गति दी है, उसका सबसे ज्यादा असर अगर दिखाई देता है तो वह रेलवे स्टेशन्स के प्लेटफार्म्स पर दिखाई देता है। मैं इस समय झांसी की एक घटना का उल्लेख करना चाहता हूं। मैं टीकमगढ़ से आता हूं तो झांसी से एक ट्रेन पकड़नी पड़ती है। मैं प्लेटफार्म पर खड़ा था। 4 और 5 नम्बर के प्लेटफार्म पर काफी भीड़ थी। मैं वहां पर खड़ा था। मैंने देखा कि एक बैंच पर पति-पत्नी और उनका चार साल का बच्चा बैठा हुआ था।

उस बच्चे के पिता ने आलू के चिप्स और बिस्किट के पैकेट लिए, बच्चे को खिलाया, उन्होंने खुद भी खाया और खाने के बाद उसके रैपर बेंच के बाजू में डाल दिए। डस्टबिन वहां से

थोड़ी दूरी पर था। चार साल का नन्हा बालक अपने पिता से कहता है कि पापा, आपने इसे यहां डाल दिया और वह अपने पापा से कहता है कि मोदी जी के स्वच्छता अभियान के बारे में आपने टीवी पर देखा था। जो लोग प्लेटफार्म पर खड़े हुए थे, वे बड़े कौतुहल से पिता-पुत्र के संवाद को देख रहे थे। उसके पिता ने देखा कि चारों तरफ से दृष्टियां उसकी तरफ उठी हुई हैं और उसके पिता ने वे रैपर्स वहां से उठाए और थोड़ी दूर पर रखे हुए डस्टबिन में जाकर डाल दिया। चार साल के बच्चे के मन पर भी स्वच्छता का असर पड़ा है। वहां पर भी उसका प्रभाव पहुंचा है। पहले स्टेशनों के प्लेटफार्म पर हम देखते थे कि वहां लोग भोजन करते थे, नाश्ता करते थे, वे पॉलिथिन के पैकेट, कागज के टुकड़े वहीं पर डाल दिया करते थे, लेकिन आज वहां पर स्वच्छता दिखाई देती है, स्वच्छता अभियान का असर वहां पर दिखाई देता है।

मैं अब आपके माध्यम से बड़े स्टेशनों की तरफ माननीय मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जब हम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाते हैं, कोलकाता से हमारे साथी आते हैं, मुंबई से आते हैं, बंगलूरू से आते हैं। इन बड़े स्टेशनों पर वाहनों की बड़ी संख्या होती है, उसके कारण वहां ऐसा गहमागहमी का दृश्य उपस्थित हो जाता है कि लोगों को पैर रखने के लिए जगह नहीं मिलती है । इन महानगरों के रेलवे स्टेशनों के बाहर मल्टीस्टोरी कार पार्किंग बनाने की आवश्यकता है, जिससे उन स्टेशनों पर बढ़ते हुए दबाव को कम किया जा सके और लोग आसानी से वहां आवागमन कर सकें। रेलवे स्टेशनों की खाली भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने की आवश्यकता है। मेरा पूर्व संसदीय क्षेत्र – सागर है, जहां से मैं चार बार सांसद रहा हूं। वहां एक बीना रेलवे स्टेशन है, जो जंक्शन है। वहां बड़ी मात्रा में रेलवे की भूमि खाली पड़ी है और रेलवे की खाली जगह को बाहुबली लोग कांट्रैक्ट पर दूसरे लोगों को देने का काम करते हैं। रेलवे स्टेशनों के पास जो ऐसी खाली भूमि है, उस सारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर, उसे शॉपिंग काम्प्लेक्स या अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है।

एक अन्य बात देखने में आ रही है कि पहले रेलों में जो टिकट चेकर चला करते थे, वे टिकट चेकर आजकल गाड़ियों में नहीं चलते हैं। इस कारण से बहुत बड़ी संख्या में लोग यह

सोचने लगे हैं कि कोई जांच करने वाला तो है नहीं, इसलिए बगैर टिकट यात्रा करने वाले लोगों की संख्या बहुत बढ़ गई है। कई बार लोग टिकट लेना चाहते हैं, तो रेलवे स्टेशन पर केवल एक ही टिकट विण्डो होती है, टीकमगढ़ में एक ही टिकट विण्डो है, इसके कारण जो लोग टिकट लेना चाहते हैं, उनको टिकट नहीं मिल पाता है और उनको परेशान होना पड़ता है। कई रेलवे स्टेशन शहर से दूर हैं, जैसे टीकमगढ़ का रेलवे स्टेशन काफी दूर है, छतरपुर का रेलवे स्टेशन पांच-छ: किलोमीटर दूर है और रेलवे स्टेशन के बाहर खाने-पीने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होती है। मैंने जब इस संबंध में डीआरएम महोदय से कहा तो टीकमगढ़ स्टेशन पर यह सुविधा प्रारम्भ करा दी गई, लेकिन छतरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर अभी खान-पान की सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां से शहर छ: किलोमीटर दूर पड़ता है। देश भर में ऐसे जितने भी रेलवे स्टेशन हैं, उन सभी स्टेशनों पर खान-पान की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है।

जो हमारे रेलवे स्टेशन हैं, उन पर स्वच्छता के लिए रेलवे मंत्रालय द्वारा बहुत प्रयास किए जा रहे हैं, कई स्थानों पर हमने देखा है कि कई एनजीओ भी इसके लिए आगे आ रही हैं। रेलवे स्टेशन हो या अन्य सार्वजनिक स्थलों की सुविधा, उनको स्वच्छ रखना अकेले रेलवे मंत्रालय या शासकीय विभागों की जिम्मेदारी नहीं होती है, इसमें जब तक समाज की सहभागिता नहीं जुड़ती है, तब तक उस लक्ष्य को प्राप्त करना अधूरा होता है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने इस दिशा में जो कदम बढ़ाया है, उससे आज समाज की सहभागिता इसमें जुड़ रही है और रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ रेल के डिब्बों में स्वच्छता का दृश्य दिखाई देता है। पहले हम देखते थे कि गन्दे बेड रोल और गन्दे कम्बल मिला करते थे, लेकिन आज रेल के डिब्बों में जो बेडरोल सप्लाई किए जाते हैं, वह साफ, स्वच्छ, उजले, धवल होते हैं। स्वच्छता का असर वहां पर भी दिखाई दे रहा है।

सभापति महोदय, मैं अपने क्षेत्र से संबंधित कुछ बिंदुओं की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे डुमरा स्टेशन का आजादी के इतिहास से संबंध जुड़ा हुआ है। वहां सिंहपुर गांव है। आजादी के समय वहां बड़ी संख्या में आजादी के दीवाने इकट्ठे हुए थे और अंग्रेजों द्वारा वहां गोलियां चलाई गई थीं। बुंदेलखंड का मिनी जलियांवाला बाग सिंहपुर को कहा जाता है। इस डुमरा स्टेशन पर पहले काफी गाड़ियों का स्टापेज हुआ करता था, लेकिन आज वहां केवल पैसेंजर ट्रेन को छोड़कर बाकी गाड़ियों के स्टापेज नहीं हैं। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि डुमरा स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस गाड़ियों के स्टापेज होने चाहिए। ऐसे ही टेहारका स्टेशन पर पहले बुंदेलखंड एक्सप्रेस का स्टापेज था, लेकिन वह बंद कर दिया गया। टेहारका स्टेशन पर भी सारी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज होना चाहिए।

महोदय, हम पर्यटन को बढ़ाने की बात कर रहे हैं। औरछा हमारे संसदीय क्षेत्र में एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है। यहां बड़ी संख्या में धार्मिक दृष्टि से और पर्यटन की दृष्टि से लोग आते हैं। औरछा स्टेशन पर भी सारी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किया जाना चाहिए। हमारे यहां नया निवाड़ी जिला बना है, लेकिन यहां उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति गाड़ी का स्टापेज नहीं है, यहां स्टापेज दिया जाना चाहिए। हमारे निवाड़ी के पास रेलवे ओवर ब्रिज और रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने की आवश्यकता है। हरपालपुर में ट्रेन खड़ी रहती है और उसी समय जब दूसरी गाड़ी आती है, तो लोग ट्रेन के नीचे से निकल कर दूसरी तरफ जाते हैं। हम एक तरफ कहते हैं कि ट्रेन के नीचे से निकलना अपराध है। यदि गाड़ी खड़ी है और फुट ओवर ब्रिज नहीं बनाया गया, तो लोग ट्रेन के नीचे से निकलने के लिए मजबूर हैं इसलिए यह देखने की जरूरत है कि अपराध करने के लिए उन्हें कौन मजबूर कर रहा है। इसके लिए कहीं न कहीं हमारा विभाग जिम्मेवार है। रेलवे को देश में ऐसे स्टेशनों की पहचान करनी चाहिए, जहां दो प्लेटफार्म हैं लेकिन फुट ओवर ब्रिज नहीं हैं। वहां फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने की पहल करनी चाहिए।

सभापति जी, हरपालपुर स्टेशन से एनएच झांसी-मिर्जापुर-वाराणसी जाता है और शहर के बीचों बीच रेलवे का फाटक है। फाटक के उस तरफ हरपालपुर का अस्पताल है, मंडी है, कालेज है, इसलिए लोगों को वहां जाना पड़ता है। वहां से ट्रेन निकलने के कारण दिन में अधिकांश समय वह रेलवे फाटक बंद रहता है। अत: हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है और स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है।

आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Sir, there are a few institutions and organisations that can be described as truly pan-Indian, like the Indian Railways. Millions of passengers speaking different languages, consuming different types of foods, wearing different types of dresses, and believing in diverse religions use one common vehicle for transportation every day. In this process, they give up their individual identity and become one Indian.

Sir, our former President, Shri Pranab Kumar Mukherjee said that the Indian Railways is an integrator and a unifier of the country. I feel, we have a major role to play not only in maintaining and upgrading the Indian Railways but also have the responsibility of taking one of the largest railway networks of the world to new heights and not selling it off.

India's fastest and indigenously manufactured train is *Vande Bharat* Express and the same is running successfully. The semi high speed, intercity, electric unit, self-propelled train run at a speed of 130 miles per hour. It has cut the running time between New Delhi and Katra by four hours. Hon. Railway Minister is not here. Nobody is here. So, I would request the Government to consider this as a proposal of Kerala. I would request the Government to operate one *Vande Bharat* Express between Thiruvanandapuram and Kasargode, which would help daily commuters, who travel from the capital city to Cochin, and they could reach in two hours.

Sir, one of my thoughts is about privatisation of the Indian Railways which was hinted at by the hon. Finance Minister in her Budget speech. Though, subsequently, the hon. Railway Minister ruled out privatisation and

said that the Government is looking out for public-private partnership, I have my fears. Recently, the Indian Railways allowed private operators to run passenger trains on selected routes and I understand that the Government is examining routes where 150 more trains can be run by private operators. I think this is the first step to disaster.

Sir, privatisation means putting the Indian Railways on sale breaking the backbone of country's transport infrastructure. Please do not do it. The Indian Railways is one organisation that touches the hearts of all Indians. Please do not destroy it. Too often we do not realise what we are doing.

As far as my State is concerned, I would like to point out some urgent needs. Kerala has approximately 1.62 lakh kilometres of roads which is 4.2 per cent of India's total length. It is quite high considering that Kerala accounts for 2.7 per cent of the total population of the country. The existing railway network in the State is also not suitable for the faster travel. The average speed of journey by rail and road in the State is about 30 per cent to 40 per cent lower than that in the neighbouring State like Tamil Nadu. It becomes slower in the rainy seasons.

There is a little scope of increasing the speed of trains on the existing railway lines. It is in this context of doubling of strategic lines which was undertaken before. The Ernakulam-Kottayam-Kayamkulam line is fully electrified and the line doubling work is in progress. Similarly, work on the Thiruvananthapuram-Mangalore semi high-speed line that runs along the

densely populated coastal region is still inching along. My request to the respected Railway Minister is to initiate steps for its speedy completion.

Another thing is that one of the major railway projects is Sabarimala Railway Project which did not get the green signal to run. The estimated cost of the Sabarimala Railway Project is Rs. 2,815 crore, but in 2019-20 Union Budget, only Rs. 1 crore has been allocated. The Railway Board has written to the Kerala Government that without 50 per cent of cost sharing by the State Government, they could not allocate any further funding to the Sabarimala Railway Project. My request to the hon. Railway Minister is that the Government consider a special package for Kerala like the Northeastern States which primarily includes the concession in the percentage of the cost sharing.

Sir, the State of Kerala has two issues: coach factory and the railway zone. The previous Government announced a coach factory at Palakkad and there was a proposal for a new railway zone for Thiruvananthapuram. Both the projects are lying in the cold storage. Please expedite the work of the coach factory and sanction the zone.

Sir, the state of railway infrastructure and operations in my State has declined into a situation which is beyond pathetic. The quality of railway services in the State has fallen drastically as passengers have been suffering. There is terrible punctuality and there are horrible trains. I would like to stress on the quality of the coaches of the trains in Kerala which is in the worst state. There are no timely repairs and maintenance of the tracks. It does not matter

what parameters the Government adopts and how the Government would look into it, Kerala still gets the lowest funds and infrastructure allocations in the country. It already has the lowest railway track per person ratio and also the lowest funds for railways allocated per person in the country. It turns out that Kerala is one of the most neglected in the country.

Before I conclude, I would like to quote: “If you board the wrong train, it is no use running along the corridor in the other direction”. Please do not take the wrong decision.

***श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** मैं सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करना हूं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और माननीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी के नेतृत्व में भारतीय रेल लगातार पिछले 6 वर्षों में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है और इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। लगातार माननीय रेल मंत्री जी के नेतृत्व में रेलवे कनेक्टिविटी के साथ ही यात्री सुविधाओं में बेहतरीन कार्य हुए हैं। यह बहुत प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि देशभर के सभी ब्रॉडगेज लाइन पर मानव रहित रेल क्रॉसिंग को हमारी सरकार के अथक प्रयासों से समाप्त किया जा चुका है जो अनावश्यक रेल दुर्घटनाओं से बचने में मील का पत्थर साबित होगा। मैं अपने संसदीय क्षेत्र जबलपुर जहां पश्चिम मध्य रेल का मुख्यालय भी है, उससे जुड़ी कुछ मांगों के प्रति आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा और मुझे उम्मीद है कि माननीय रेल मंत्री जी निम्नलिखित मांगों को पूरा किए जाने पर अवश्य विचार करेंगे।

वर्ष 2001 में हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा जबलपुर- गोंदिया ब्रॉडगेज परियोजना का शिलान्यास किया गया था किंतु 2004 से 14 तक के यूपी सरकार के कार्यकाल के दौरान इस परियोजना पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 2014 के बाद इस परियोजना के लिए न केवल पर्याप्त फंड उपलब्ध कराया गया बल्कि कार्य को भी गति प्रदान की गई जिसके कारण मात्र 5 वर्षों में ही जबलपुर से बालाघाट तक का कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य चिरईडोंगरी से लमता (35 किलोमीटर) का कार्य अभी अधूरा है। अतः आपसे आग्रह है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल बिलासपुर के क्षेत्राधिकार की इस परियोजना को शीघ्र पूरा किए जाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि मार्च 2020 तक परियोजना को पूरा किया जा सके।

इटारसी- इलाहाबाद विद्युतीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक इटारसी से जबलपुर, जबलपुर से कटनी एवं सतना से मानिकपुर तक का कार्य पूरा हो चुका है। इसमें कटनी से सतना

---

* Speech was laid on the Table.

का कार्य अभी अधूरा है जिसे मार्च 2020 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य पश्चिम मध्य रेल जबलपुर द्वारा निर्धारित किया गया है। अतः सरकार से आग्रह है कि उक्त शेष कार्य को पूरा किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए ताकि यह कार्य समयावधि में पूरा हो सके। क्षेत्रीय जनता की मांग और मेरे प्रयासों के फलस्वरूप रेलवे द्वारा जबलपुर से देश के विभिन्न शहरों के लिए कई वर्षों से विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है जिसमें मुख्यत: जबलपुर-पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस, जबलपुर-अटारी-जबलपुर एक्सप्रेस, जबलपुर- बांद्रा-जबलपुर एक्सप्रेस, जबलपुर-कोयम्बटूर- जबलपुर एक्सप्रेस, जबलपुर- हरिद्वार- जबलपुर एक्सप्रेस है। उक्त सभी विशेष ट्रेनों को नियमित किए जाने एवं फेरे बढ़ाने की मांग की जा रही है और यह सभी ट्रेनें वाणिज्यिक दृष्टि से भी रेलवे के लिए प्रॉफिटेबल हैं। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर द्वारा उक्त सभी ट्रेनों को नियमित करने का प्रस्ताव लगातार बोर्ड को भेजा जा रहा है किंतु अब तो कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प.म.रे से के द्वारा पुनः प्रस्ताव बोर्ड को भेजा गया है अतः सरकार से आग्रह है कि संबंधित विभाग द्वारा प्रस्ताव पर विचार किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

जबलपुर से रायपुर के लिए नई ट्रेन के लिए मेरे द्वारा 20/ 12/020 को महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल जबलपुर को पत्र लिखकर जबलपुर से रायपुर के लिए नई ट्रेन संचालित किए जाने हेतु आग्रह किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पमरे द्वारा उक्त ट्रेन के संचालन का प्रस्ताव रेल बोर्ड को स्वीकृति के लिए भेजा गया है, अत: आपसे आग्रह है पमरे के उक्त प्रस्ताव पर विचार करने निर्देशित करने का कष्ट करें।

इंदौर मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में माना जाता है। वर्तमान में जबलपुर से चलकर इंदौर जाने वाली 22191/ 22192 जबलपुर- इंदौर- जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस एवं 18233/ 18234 बिलासपुर- इंदौर- बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस है किंतु उक्त दोनों ट्रेनों में हमेशा लंबी प्रतीक्षा सूची रहती है जिसके कारण यात्रियों को कई बार आपातकाल में बस या अन्य माध्यमों से इंदौर आवागमन होता है। क्षेत्रीयजन द्वारा लगातार जबलपुर से इंदौर के लिए अतिरिक्त

ट्रेन की मांग की जा रही है। अतः सरकार से आग्रह है कि इस रूट पर नए ट्रेन को संचालित कराया जाए।

जबलपुर से निकलने वाली प्रमुख ट्रेनों के फेरे बढ़ाने से जहां अनावश्यक प्रतीक्षा सूची और ट्रेन में यात्रियों के बढ़ते दबाव को भी कम किया जा सकता है। अतः निम्नलिखित ट्रेनों महत्वपूर्ण गाड़ियों के फेरों में वृद्धि की जाए। 12121/12122 जबलपुर- हजरत निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाए जाने हेतु लगातार मांग की जा रही है अतः इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें। 12193/94 जबलपुर- यशवंतपुर एक्सप्रेस का वर्तमान में साप्ताहिक संचालन किया जा रहा है। ट्रेन की लंबी प्रतीक्षा सूची और यात्रियों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उक्त ट्रेन को सप्ताह में 3 दिन चलाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। 11449/11450 जबलपुर-जम्मूतवी-जबलपुर एक्सप्रेस वर्तमान में सप्ताह में मात्र 1 दिन संचालित की जा रही है जिसके कारण हमेशा ही ट्रेन में लंबी प्रतीक्षासूची रहती है और अन्य कोई विकल्प व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं है। अतः आपसे आग्रह है कि उक्त ट्रेन में बढ़ते यात्री दबाव को कम करने हेतु कम से कम सप्ताह में 3 दिन चलाए जाने पर विचार किया जाना आवश्यक है।

जबलपुर रेलवे स्टेशन पर यातायात के लगातार बढ़ते दबाव के मद्देनजर मेरी मांग पर तत्कालीन रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी के द्वारा रेल बजट वर्ष 2016- 2017 में मदन महल रेलवे स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने हेतु 125 करोड़ रुपए की एकमुश्त राशि स्वीकृत की गई थी। आपसे आग्रह है टर्मिनल स्टेशन के रूप में किए जा रहे निर्माण कार्य को गति देखकर समय-सीमा में पूरा किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया जाए। अपने पर्यटनीय महत्व के कारण भेडाघाट रेलवे स्टेशन अंतरराष्ट्रीय महत्व का स्टेशन है। हाल ही में भेडाघाट स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में शामिल किया गया है इस दृष्टि से इस स्टेशन को और विकसित किया जाना चाहिए चाहिए। यात्री सुविधाओं के साथ-साथ स्टेशन के समुचित विकास का रोडमैप तैयार कराया जाए। इस स्टेशन का प्लेटफार्म काफी पुराना है और नीचे भी है। जिससे महिलाओं और

बुजुर्गों को ट्रेन में चढ़ने उतरने में समस्या के साथ ही गंभीर घटना की आशंका बनी रहती है। अतः यहां अन्य स्टेशन के अनुरूप प्लेटफार्म का निर्माण करवाया जाए। मेरे द्वारा क्षेत्रीय लोगों की मांग पर स्टेशन पर कुछ निर्धारित घंटों के लिए आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। अतः यथाशीघ्र आरक्षण व्यवस्था प्रारंभ की जाए। क्षेत्रीयजनों के मांग के आधार पर जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस का स्टॉपेज प्रदान करने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाना आवश्यक है।

भिटोनी (शाहपुरा) स्टेशन एक सघन जनसंख्या का क्षेत्र है। लगभग 300 ग्रामों का मुख्यालय होने के साथ-साथ यहां तेल कंपनियों के डिपो के साथ-साथ भारत पेट्रोलियम एवं एलपीजी फिलिंग प्वाइंट भी स्थापित है। इस स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में चयनित की करना आवश्यक है। इसके साथ ही प्लेटफार्म काफी पुराना है अतः यहां अन्य स्टेशन के अनुरूप मानक स्तर पर प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाए।

अधारताल रेलवे स्टेशन जबलपुर के सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन में से एक है। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए निकट भविष्य में अधारताल रेलवे स्टेशन का विकास रेलवे दृष्टि के साथ ही क्षेत्रीयजनों के लिए लाभप्रद होगा। पिछले दिनों जबलपुर में रेल मेगा ब्लॉक के दौरान भी मंडल द्वारा प्रमुख ट्रेनों को भी अधारताल स्टेशन से प्रारंभ किया गया था। अधारताल रेलवे स्टेशन के लिए बेहतर पहुंच मार्ग की व्यवस्था उपलब्ध है। अतः यह आग्रह है कि निकट भविष्य में यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए आधार अधारताल स्टेशन को विकसित करने हेतु प.म.रे को निर्देशित किया जाए।

पनागर (देवरी) एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। किंतु, प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण जबलपुर या कटनी की ओर जाने के लिए उन्हें सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ता है। क्षेत्रीयजनों द्वारा 22189/90 जबलपुर- सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन के स्टॉपेज हेतु लगातार मांग की जा रही है। अतः उक्त स्टेशन पर जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन का स्टॉपेज प्रदान किया जाए।

गोसलपुर रेलवे स्टेशन से गुड्स ट्रेन में अत्यधिक मात्रा में लदान का कार्य किया जाता है। क्षेत्रवासियों की पुरानी मांग के अनुरूप पमरे द्वारा फुटओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, जो निश्चित ही क्षेत्रीयजनों के लिए हर्ष का विषय है। इसके अतिरिक्त कुछ विशेष मांगों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा।

स्टेशन पहुंच मार्ग जर्जर स्थिति में होने के कारण क्षेत्रीय जनों को स्टेशन आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मात्र 300 मीटर की रोड जर्जर स्थिति में है जो स्टेशन से खजरी फाटक की ओर जाती है। अतः उक्त 300 मीटर के पमरे के अधीनस्थ मार्ग का निर्माण कराने के लिए निर्देशित किया जाए। गोसलपुर अपलाइन के प्लेटफार्म पर शेड के अभाव में यात्रियों के लिए विपरीत मौसम में कठिनाई होती है। अतः प्लेटफार्म पर शेड निर्माण का कार्य करना आवश्यक है। क्षेत्रीयजनों द्वारा ट्रेन नंबर 22189/90 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन के स्टॉपेज हेतु आग्रह किया गया है। अतः उक्त ट्रेन का स्टॉपेज गोसलपुर दिलाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन जबलपुर मंडल का एक प्रमुख स्टेशन है। वर्ष 2011 के जनसंख्या जनगणना के आधार पर सीहोरा नगर की जनसंख्या 60000 से अधिक है। इस स्टेशन का व्यावसायिक दृष्टि से रेलवे के राजस्व वृद्धि में प्रमुख योगदान रहता है। क्षेत्र की विकास की दृष्टि से सीहोरा अपलाइन (प्लेटफार्म नंबर दो) पर कोच डिस्प्ले लगाने पर चर्चा हुई थी। अत: यात्री सुविधाओं के मद्देनजर कोच डिस्प्ले लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया जाए। क्षेत्रीयजनों द्वारा सिहोरा स्टेशन पर शौचालय निर्माण की मांग बहुत पुरानी है उनके सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से ही शौचालय के संचालन का आग्रह किया गया है। अतः यथाशीघ्र इस संबंध में कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के लिए कार्यवाही की जाए।

जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत जबलपुर- कटनी रेल खंड सीहोर रोड स्टेशन से डुंडी स्टेशन के मध्य अत्यधिक अंतराल है। दोनों स्टेशन के मध्य ग्राम पहरूआ सहित लगभग 20 गांव जिसकी जनसंख्या लगभग 20,000 से अधिक है। उक्त लगभग 20 ग्रामीणों के लिए यातायात की

कोई उपयुक्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों के द्वारा अपनी मांग को लेकर आंदोलन की भी किया गया था और रेल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसके लिखित प्रत्युत्तर में मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया था कि रेल प्रशासन द्वारा वाणिज्यिक एवं तकनीकी रूप से प्राप्त अन्वेषण के आधार पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा। अतः सरकार से आग्रह है की पहरूआ में स्टेशन के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। क्षेत्र की जनता द्वारा लगातार 22188/ 22189 जबलपुर- रीवा- जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्टॉपेज हेतु मांग की जा रही है। अतः सरकार से आग्रह है कि उक्त ट्रेन के स्टॉपेज हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि उक्त को को पूरा किए जाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। जय हिंद।

SHRI S. RAMALINGAM (MAYILADUTHURAI): Hon. Chairman, the hon. Minister proposed a budgetary allocation of Rs.70,000 crore for the Railways with overall capital expenditure of Rs.1.61 lakh crore for financial year. There is an increase of mere three per cent for capital expenditure in this budget.

We the people of Tamil Nadu were disappointed as there is no investment proposed in Southern Railway, especially in Tamil Nadu. There is no proposal for safety related work including track renewals, level crossings, overbridges and under bridges. You have allotted Rs.12,000 crore for construction of new lines, Rs.10,599 crore for track renewal, Rs.2,250 crore for gauge conversion, Rs.700 crore for doubling, and Rs.1,650 crore for signalling and telecom.

I have frequently requested the hon. Minister for the most essential work in Tamil Nadu which has not been included in this budget. Like bicycles, trains continue to be poor man's transport. The railway connectivity in my Mayiladuthurai Constituency is underdeveloped. I request the restoration of railway line between Mayiladuthurai and Tharangambady. There was a metre gauge rail link between Mayiladuthurai and Tharangambady from 1926 for a distance of 30 kilometres but it was closed in 1987. This train route connects Mayiladuthurai - Mannambanthal - Thirukadaiyur – Thillaiyadi - Poraiyur - Tharangambady. These places are of great importance historically, religiously, culturally, commercially and educationally.

Tharangambady is right on the East Coast. Its meaning in Tamil is 'a musical wave'. The first Lutheran Christian Missionary to India namely Zelgan

Balgu landed here. This is an ancient coastal town educationally developed by Catholic and Lutheran churches. The first wooden printing press in India was established here. There was a Danish settlement and its Fort Danesburg is now maintained by the Tamil Nadu Archaeological Department. This place is full of ancient monuments.

The famous Chola period Shri Masilamani Nathat, a Hindu temple, is here. There is a flourishing seafood trade. In 2004 tsunami many precious lives of fishermen were lost. A train service here is necessary for the development. Poraiyur is the Taluk headquarter having a wide range of businesses, schools and colleges.

Thillayadi is the birth place of freedom fighter Shrimati Valliyammai who was a close associate of Mahatma Gandhiji in South Africa. Gandhiji came to this village in 1915 to see the ailing Valliyammai. There is a memorial built for her in this village which is thronged by visitors.

Thirukaddaiyur is of great Hindu mythological importance associated with the 9th century Chola period. Amrithakadeswarar Abirami temple is here. There are many mythological events attributed to Shiva and Parvati here. This is one of the famous Shiva shrines in India where one prays for longevity and one thanks God after completion of 60 years and 70 years of age.

Sembanarkoil is the Panchayat Union headquarter and a busy shopping centre. Mayiladuthurai is the sub-divisional revenue headquarter. Why I am saying all these things is because Mayiladurai-Tharangambadi railway line is very essential for the public.

Mayiladurai-Tharangambadi meter gauge line was dismantled around 1991 for broad gauge conversion, where once the Majestic steam engine roared over a stretch of 30 kilometres. Some survey appears to have been made in 2006-07 to restore Mayiladurai-Tharangambadi rail link. People are still awaiting. No acquisition of land is required as the land already belongs to the Railways. In the first phase, this link may be restored. In the second phase, Tharangambadi may be linked to Karaikal after acquisition of land. This will reduce the rail distance between Karaikal and Mayiladuthurai from the present 80 kilometres to 40 kilometres.

In the absence of the rail link between Tharangambadi and Mayiladuthurai, peasants, fishermen, students, office goers, daily wage earners, pilgrims and long-distance travellers bound for Chennai and North India are seriously inconvenienced. The people of Poraiyar, Thirukadaiyur and Thillaiyadi have to now spend nearly three hours to reach Mayiladuthurai as they have to get down at more than one place to get connecting buses. The parcel service to this region remains wrecked ever since the Tharangambadi rail link was dismantled.

Sir, I have another request to make. Kumbakonam and Thanjavur stand as the pilgrimage and business centres of the Thanjavur District, which is one of the oldest districts of Tamil Nadu under the Southern Railway. Out of 33 districts, this is the only district which is not covered by trains running from Mumbai to Thanjavur or from Mumbai to Kumbakonam. Almost 14 pairs of trains have been in current operation covering every nook and corner of Tamil

Nadu. These two towns are connected through Indian Railways to places like Bengaluru, Mysuru, Bhubaneshwar, Varanasi, Ujjain, Mumbai, Karnataka, Andhra, Telangana and to other places like, Kolkata, Jaipur, Indore, etc. This is apart from the five pairs of trains coming directly to Chennai. It is regretted that the rail link from Mumbai to these two key places, Kumbakonam and Thanjavur, has been omitted in the last many years in spite of many representations. The hon. Minister can consider introducing new pairs of trains keeping Thanjavur as the origin.

I would like to bring to the notice of the hon. Minister construction of a manned level crossing across the railway line between Thiruvidaimarudur and Thirunageshwaram to connect the road with Kangayampettai village. The Kangayampettai village consists of more than 500 Adi Dravidar families. There is no link between the road and the hamlet. The agriculturists with the bullock carts are not able to cross the railway line and the two-wheelers also are not able to cross the railway line. There was one fire incident happened. The ambulance and the fire service van were also not able to reach there. So, this manned level crossing should be constructed there.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude now.

SHRI S. RAMALINGAM : There is 40 acres of railway land in my constituency. It is owned by the railway department. It can be used for solar power generation or for ancillary industries for Railways, which is situated near Kumbakonam.

I would also like to request that a survey which has been made for a new route from Needamangalam to Virudhachalam via Kumbakonam may be sanctioned. It will connect many under-developed places of religious and cultural values.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): धन्यवाद, सभापति जी।

आपने मुझे रेल बजट 2020-21 की अनुदान की मांगों पर बोलने का समय दिया। इसके साथ ही मैं अपनी पार्टी का भी आभार प्रकट करती हूं कि रेल बजट 2020-21 की अनुदानों की मांगों पर बोलने का मुझे समय दिया गया।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी, माननीय रेल मंत्री जी और माननीय रेल राज्य मंत्री जी का अभिनंदन करती हूं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि पहली भारतीय रेल दिनांक 16 अप्रैल, 1853 को मुंबई में बोरीबंदर से ठाणे तक चली थी, जो अब लगभग देश के सभी कोनों तक पहुंच गई है। हमारे जनप्रिय नेता आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले स्वतंत्रता दिवस के भाषण में कहा था कि अगले पांच वर्षों में अवसंरचना पर 100 लाख करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। इसी को ध्यान में रखकर मंत्रालय ने 31 दिसंबर, 2019 को 113 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन शुरू की थी, जिसमें 650 से भी अधिक परियोजनाएं हैं, जिनमें अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन, मेट्रो तथा रेल यातायात शामिल हैं।

हमारी सरकार के कार्यभार प्राप्त करने के 100 दिनों में ही 550 रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा मुहैया करा दी गई है। साथ ही विद्युतीकरण का कार्य कर के 27,000 किलोमीटर तक विद्युतीकरण किया गया तथा साथ ही सभी मानवरहित फाटकों को समाप्त करने का लक्ष्य भी रखा गया है। हमारी सरकार ने रेलवे में पांच उपाय किए हैं। सबसे पहले रेलवे की जमीन पर रेल ट्रैक के साथ-साथ बड़ी सोलर पावर क्षमता स्थापित करने पर विचार कर रही है। स्टेशन की पुनर्विकास की चार परियोजनाओं और 150 रेलगाड़ियों का संचालन सरकारी और निजी भागीदारी रीति से किया जाएगा। इसी प्रकार तेजस की तर्ज पर अनेक गाड़ियां पर्यटक स्थानों को जोड़ेंगी।

मुंबई और अहमदाबाद के बीच तेज रफ्तार की रेलगाड़ियां चलाने के लिए तेजी से कार्य किया जाएगा। हमारी सरकार रेलों की गति बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है। दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता के लिए 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेन चलाने की योजना पर

काम कर रही है। इसके लिए 18,000 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने का काम किया जाएगा। इसके तहत तारबंदी, ट्रैक उन्नत करना, सिग्नलिंग और मानवरहित क्रॉसिंग खत्म किए जाएंगे।

हमारी सरकार दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता रूटों पर रेलवे का लक्ष्य दो श्रेणियों की हाई-स्पीड ट्रेन चलाना है। मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाना है। ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के तहत महाबोधि एक्सप्रेस और पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की अधिकतम रफ्तार 110 किलोमीटर प्रति घंटा से 120 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई है, ताकि यात्री कम से कम समय में अपनी यात्रा पूरी कर सकें। इसी कड़ी में जल्दी ही 24 दूसरी ट्रेनों की गति जल्दी बढ़ाये जाने की संभावना है। पिछले कुछ माह में कई रेलखंड की गति बढ़ाई गई है।

रेलवे अपनी खाली पड़ी जमीन पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाने जा रही है। रेलवे के पास 51 हजार हैक्टेयर जमीन है, जिस पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाया जा सकता है। इससे 10 मेगावॉट सौर एवं पवन ऊर्जा का उत्पादन होने लगेगा। इसके अलावा ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने और डीजल खर्च कम करने के लिए 27,000 किलोमीटर का बचा हुआ काम वर्ष 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर सौर ऊर्जा प्लांट लगने से रेलवे अपने लिए 1 गीगावॉट सौर ऊर्जा प्राप्त करेगा, वहीं रेलवे की जमीन, जिस पर अवैध कब्जा है, उसे मुक्त कराया जाएगा।

हमारी सरकार 150 निजी ट्रेन चलाने पर भी विचार कर रही है तथा 9,000 इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाया जाएगा। हमारी सरकार किसानों की आय दोगुना करने के लिए उनके उत्पाद फल, सब्जी, डेयरी आदि जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की त्वरित ढुलाई एवं आसान मार्केटिंग के लिए 'किसान रेल' नामक योजना का एलान किया है।

इसके तहत रेलवे ने किसान रेल चलाने की बात की है। किसान रेल के तहत रेलवे की ओर से विशेष प्रकार के रेफ्रिजरेटर कंटेनर वाली ट्रेंस चलाने पर विचार कर रहा है, ताकि जल्दी

खराब होने वाली वस्तुओं को सुरक्षित बाजार तक पहुंचाया जा सके और किसानों को इन उपजों का उचित मूल्य मिलने के साथ-साथ उनकी आमदनी भी बढ़ाई जा सके।

हमारी सरकार ने पेरिशेबल गुड्स के लिए 70 टन क्षमता की नए डिजाइन वाली रेफ्रिजरेटर पार्सल वैन विकसित की है। फल और सब्जी की धुलाई के लिए रेलवे ने कॉरिडोर 12 टन से प्रत्येक क्षमता वाले 98 वेंटीलेटर कंटेनर खरीदे हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मेरी मांग को ध्यान में रखते हुए, मेरे संसदीय क्षेत्र वडोदरा, गुजरात के छायापुरी सेटेलाइट रेलवे स्टेशन की मैंने माननीय रेल मंत्री पीयूष गोयल जी के समक्ष मांग रखी थी, वह सेटेलाइट रेलवे स्टेशन बन गया, जिसका लोकार्पण माननीय रेल राज्य मंत्री सुरेश जी के कर कमलों से हुआ है।

मैंने एक अन्य मांग भी अपने संसदीय क्षेत्र के लिए रखी थी कि प्रताप नगर रेलवे स्टेशन को सेटेलाइट रेलवे स्टेशन बनाया जाए। वह मांग भी माननीय मंत्री जी ने स्वीकृत कर दी है। मैं माननीय मंत्री जी से उसी सेटेलाइट रेलवे स्टेशन पर जल्दी से काम शुरू हो जाए, ऐसी मांग रखती हूं। क्योंकि प्रताप नगर रेलवे स्टेशन के अच्छा बनने से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के लिए अच्छी तरह से सुविधा कर सकेंगे।

मैं माननीय मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं कि मेरी दोनों मांगे आपने स्वीकृत की हैं। साथ ही मैंने वडोदरा रेलवे स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाने की भी मांग रखी थी। इस मांग के स्वीकार होने के बाद हमारा वडोदरा रेलवे स्टेशन आदर्श रेलवे स्टेशन बनने जा रहा है। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी की आभारी हूं। मैं एक बार फिर रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं।

HON. CHAIRPERSON : Please conclude in one minute now.

… (*Interruptions*)

श्रीमती रंजनबेन भट्ट : सर, मेरी पार्टी की ओर से मेरा तीसरा स्थान था। मुझे बोलने के लिए दो मिनट और दीजिए।

HON. CHAIRPERSON: Thirteen Members from your Party have to speak. There is no time.

… (*Interruptions*)

श्रीमती रंजनबेन भट्ट : सर, छोटा उदयपुर धार के गेज कन्वर्जन के प्रोजेक्ट के लिए मियागम कर्जन में 100 करोड़ रुपये, डभोई के गेज कन्वर्जन के लिए 15 करोड़ रुपये दिए हैं। मुझे लगता है कि वे कम हैं। मैं मंत्री जी से मांग करती हूं कि मियागम कर्जन, डभोई समलाया वाले गेज कन्वर्जन के लिए आप ज्यादा रुपये आबंटन करें।

वडोदरा महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ का शहर है। वडोदरा संस्कारी नगरी है, वडोदरा शिक्षण नगरी है । इसी को ध्यान में रखते हुए आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने वडोदरा को रेल यूनिवर्सिटी दी। मैं माननीय मंत्री जी से दो-तीन मांग रखना चाहती हूं। मैं वडोदरा से हरिद्वार की ट्रेन, वडोदरा से अमृतसर की ट्रेन और वडोदरा से पाण्डिचेरी के लिए ट्रेन की मांग रखती हूं। ये चारों ट्रेंस मेरे यहां शुरू करवाई जाएं, मैं ऐसी मांग रखती हूं। मैं फिर से माननीय मंत्री जी का अभिनन्दन और आभार प्रकट करती हूं और इस बजट का समर्थन करती हूं। धन्यवाद।

SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG): Hon. Chairperson, thank you for allowing me to speak on the Demand under the head Ministry of Railways.

The proposals placed before the House are run of the mill proposals. We do not find any path-breaking proposal that would help the Railways to address the problem areas. For the last few years, we have seen that the number of passengers who use the Railways is coming down and so is the income from passenger traffic, resulting in a loss of Rs. 38,000 crore. It was expected that the hon. Minister would be alive to all the problems confronting the Railways and come up with some kind of decisive proposals.

*SHRI S.R. PARTHIBAN (SALEM): Railways' revenue for 2020-21 is estimated at Rs. 2,25,913 crore which is a 10% increase from the revised estimates of 2019-20. Total revenue from traffic for 2020-21 is estimated at Rs. 2,25,613 crore, which is a 10% increase from the revised estimates of 2019-20. In 2020-21, revenue from both freight and passenger traffic is expected to grow by 9%. As per the revised estimates of 2019-20, revenue from freight traffic is estimated to be 6% lower than the budget estimate. The total revenue expenditure by Railways for 2020-21 is projected at Rs. 2,19,413 crore which is an 8% increase from the revised estimates of 2019-20. In 2019-20 (revised estimates), total revenue expenditure is estimated to be 3% lower than the budget estimate. In 2020-21, the Railways' Operating Ratio is estimated to be 96.2%. This is marginally better than the revised estimates of 2019-20 at 97.4%.

In this budget, Hon'ble Finance Minister announced that Railways will set up a Kisan Rail to build a national cold supply chain for perishables, including milk, meat and fish. This will be set up through PPP arrangements. Express and freight trains will have refrigerated coaches. My Salem constituency is famous for fruits, vegetables and flowers production. I request through you to set up this facility to the Salem railway division also. It will be more helpful to the farmers in this area. However, the railway revenue increase

* Speech was laid on the Table.

10% from the revised estimates of 2019-20, Southern Railway has been allocated Rs. 3,340 crores in the budget for the 2020-21. This is nearly 19 per cent lower than the Rs. 4,118.80 crores allotted in 2019-20.

The budgetary allocation for 2020-21 has a grant of Rs. 1,238 crores for doubling works; Rs. 175 crores towards gauge conversion; Rs. 37 crores for traffic facilities; and Rs. 198 crore for passenger amenities, says a press release from the Southern Railway. A sum of Rs. 8,559 crores has been sanctioned for new projects. This includes Rs. 4,131 crores for doubling of the Katpadi-Villupuram line; Salem-Karur-Dindigul line; Erode-Karur line and the Chennai-Beach-Chennai Egmore (4th line). Rs. 280 crores sanctioned for the Chennai Beach-Chennai Egmore 4th line. With a focus on safety, Rs. 880 crores have been sanctioned for new road-over-bridges and road-under-bridges, particularly on the Golden Quarilateral/Diagonal routes (Chennai-Gudur/Chennai-Arakkonam-Reningunta). This has the potential to increase the speed of trains. As much as Rs. 148 crores have been provided for Centralised traffic control in connection with the modern train control system. This will help in enhancing the line capacity and safety. To harness the benefits of technology for safe train operations, an indigenous train collision avoidance system on low-density railway network has been sanctioned at Rs. 468.9 crores. When considering all these, in my opinion, the Central Government is only focusing on North India states development. There are no significant new railway lines and no new trains introduced to the southern railways.

Salem Railway Division is a railway division of the Southern Railways of Indian Railways which comes under my parliamentary constituency, the following are the long-pending Salem peoples demands:

An early morning train to Chennai from Salem via Aathur, Viruthachalem and Vippuram is a long pending desire of my Salem constituency people. I request you to take steps to start a new early morning train service to Chennai. Salem railway station is the head of Salem Railway Division. There is no sufficient facility available for Differently-abled and Senior citizens and they are suffering a lot. More than 100 trains are operated in a day and lakhs of people using this. Salem railway station has 5 platforms, but 5th platform is not functioning full-fledged, and it no facilities to the passengers. There are no facilities like restroom, lift, escalators and battery car available in the station. Thousands of vehicles daily passing the level crossing on the way to Omalur and Mettur. I request you to take immediate steps to build the overbridge in that level crossing. Should construct a Railway Subway in Perumpallam village near 20/300-20/400 on Salem-Bangalore route. Periyaseerakapadi Village narrow bridge (Bridge no. 276) near 345 km at Salem-Coimbatore railway route should be widened.

Hence, I request the Hon'ble Finance Minister to allocate more funds to the Southern Railways for the development and welfare of the Tamil Nadu people. Thank you.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपनी पार्टी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ कि मुझे वर्ष 2020-21 की रेल मंत्रालय की अनुदान माँगों पर बोलने का अवसर दिया है।

इसके साथ ही मैं आम जनमानस की भावनाओं का भी थोड़ा जिक्र करना चाहूँगा। वर्ष 2019 में हुए आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को आम जनमानस ने भारी जनादेश देकर दूसरी बार लगातार सत्ता पर काबिज होने का अवसर प्रदान किया है। इससे साबित होता है कि एनडीए गठबंधन को मतदाता कितना पसंद करता है और उससे अपनी कितनी अपेक्षा और आकांक्षा रखता है। जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह सरकार दशकों से लगातार चली आ रही लचर, अनावश्यक एवं अव्यवहारिक व्यवस्थाओं को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्प है। मतदाताओं की भावनाओं एवं आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार रेल विभाग ही नहीं, बल्कि देश के चहुंमुखी विकास के लिए दृढ़ संकल्प है।

महोदय, आम जनमानस की भावनाओं का सम्मान करते हुए हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा दूरदृष्टि एवं हमारे माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी की चाणक्य नीति एवं साहस के दम पर कड़े कदम उठाकर देश में कई अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं, जिसकी प्रशंसा आज देश का आम नागरिक कर रहा है। इससे जाहिर होता है कि सरकार की मंशा और दृष्टिकोण कितनी उच्च प्रकार की है। यह सरकार जाति, धर्म से ऊपर उठकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के अपने पथ पर अग्रसर है। इसके लिए भारत सरकार की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है।

महोदय, अब मैं अपने विषय पर आता हूँ। रेल विभाग अपने आप में एक विस्तृत एवं महत्वपूर्ण विभाग है।

भारत सरकार द्वारा प्रतिदिन 11 हजार से ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा यात्री ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इन ट्रेनों में प्रतिदिन लगभग 12 से 15 लाख यात्री सफर करते हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि ट्रेनों का हमारे

जीवन में कितना महत्वपूर्ण स्थान है। ट्रेन साधारण एवं मध्यमवर्गीय लोगों के आवागमन का एक महत्वपूर्ण साधन है।

महोदय, भारत सरकार रेलवे विभाग के अत्याधुनिक सुख सुविधाओं को ध्यान में रखने के लिए पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल ट्रेन संचालित करने जा रही है। इस योजना का आरंभ यात्रियों, व्यापारियों एवं आम जनमानस को हो रही असुविधा एवं परेशानियों को दूर करने के लिए किया गया है। रेलवे विभाग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने के लिए भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पीपीपी मॉडल ट्रेनों के संचालन की योजना का क्रियान्वयन किया है। इस योजना के तहत देश के यात्रियों, किसानों और व्यापारियों के हितों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। इस योजना का आरंभ भारत सरकार द्वारा रेलवे विभाग में वर्तमान में आ रही कई कठिनाइयों को ध्यान में रख कर किया गया है। आने वाले दिनों में यह योजना एक मिसाल कायम करेगी। इसके लिए मैं सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ और अभिनंदन भी करता हूँ।

महोदय, पीपीपी मॉडल ट्रेन योजना अपने आप में एक उदाहरण है। इस योजना में प्राइवेट सेक्टर के लोग जुड़कर आम जनमानस को आधुनिक सुख सुविधाएं को मुहैया कराएंगे। रेलवे विभाग की यह योजना राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान एवं ख्याति कायम करने में विशेष योगदान करेगी।

महोदय, किसानों के लिए हमने आज तक सुना भी नहीं था। वर्ष 2020-21 के बजट में किसानों को हो रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए भारत सरकार द्वारा ट्रिपल पीपीपी मॉडल के माध्यम से 'विशेष किसान रेल' चलाई जाएगी। इस रेल सुविधा के माध्यम से किसानों द्वारा उत्पादित मिल्क डेयरी उत्पाद, मीट, मछली, सब्जी, फल, फूल आदि को सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजे जाने की समुचित योजना बनायी गई है। इस ट्रेन में ऐसे कोच की व्यवस्था की गई है, जिसमें उत्पाद को सुरक्षित रखने के लिए रेफ्रिजरेटर की समुचित व्यवस्था होगी, जिससे कृषि उत्पाद को गंतव्य स्थान तक सुरक्षित पहुंचाया जा सके। इससे पहले किसान माल खराब होने के डर से डेयरी, मिल्क और मत्स्य उद्योग से संबंधित माल को बाहर नहीं भेज

पाते थे। इसके कारण उन्हें उनके उत्पाद का समुचित मूल्य नहीं मिल पाता था। अब इस ट्रेन के संचालन से किसानों को अपने उत्पाद का समुचित मूल्य मिल पाएगा। इस राष्ट्रहित निर्माण के कार्य में बहुत-सी निजी कंपनियों ने सहयोग देने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। इस प्रकार की व्यवस्था ट्रेनों में होने से व्यापार को काफी हद तक बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए ही भारत सरकार ने इस योजना का शुभारंभ किया है। किसानों के हित में भारत सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम अत्यंत ही सराहनीय है।

महोदय, अब मैं अपने विषय पर आता हूँ। मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूँगा। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के अंतर्गत पिपावाव-सुरेन्द्रनगर ब्रॉडग्रेज लाइन वर्ष 2003 में बिछाई गई थी। इस कार्य के लिए लाइन में लगभग 7 गांव आते थे। इसमें राजुला, भेराई, रामपरा, उचैया, कड़ियाली और भचादर आते हैं। विभिन्न गाँवों के 167 किसान आए हैं और उनकी जमीन संपादित की गई थी। इस प्रक्रिया में मिले हुए मुआवजे से किसान नाखुश होकर राजुला कोर्ट में चले गए थे। मैं उनका पूरा मुआवजा नहीं मिलने की बात करता हूँ। उनका पूरा मुआवजा जो कि खेती की जमीन का 550 रुपये और बागायती की जमीन का 750 रुपये के मुआवजे के लिए राजुला कोर्ट ने आदेश कर दिया। इस मामले में जितना भी विलंब किया जाएगा, उतना ही रेलवे का नुकसान होगा, क्योंकि उनको ब्याज समेत पूरी राशि किसानों को अंत में देनी पड़ेगी। साथ ही किसानों को भी और अधिक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी, जिससे उनको अधिक परेशानी झेलनी पड़ेगी। …(व्यवधान)

महोदय, मेरे क्षेत्र के किसानों का मामला है। प्लीज, मुझे एक मिनट का समय दीजिए। मेरा आपसे निवेदन है कि अदालत के आदेश के अनुसार मुआवजा शीघ्र दिलवाकर इस मामले का निपटारा किया जाए। इस केस के संदर्भ में रेलवे बोर्ड की ओर से ऊपरी अदालतों में कोई कार्यवाही न की जाए और किसानों के हित में मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गरियाधर और पालिताना है, जो जैन धर्म का बहुत बड़ा प्राचीन तीर्थ स्थल है। उसको भी रेलवे के माध्यम से जोड़ा जाए। …(व्यवधान) मेरा एक

लास्ट प्वाइंट है। मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर डिवीजन के अंतर्गत खिजड़िया-विसावदर सेक्शन के गेज परिवर्तन का कार्य चल रहा है । यह दो खंड विसावदर-जूनागढ़ तथा बेरावाल-तलाला-विसावदर में विभाजित है। इसका गेज परिवर्तन का कार्य आरवीएनएल के माध्यम से किया जा रहा है।

***श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंडारिया (राजकोट)**: इस बजट के माध्यम से रेलवे के लिए बहुत अच्छा कदम उठाया गया है। इस बजट के इंडियन रेलवे के लिए कई बड़े-बड़े सौगात मिले इसलिए सौर ऊर्जा तैयार करने के लिए रेलवे की जमीन का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही देश में तेजस जैसी 150 ट्रेनें चलाई जाएंगी और तेजस ट्रेनों को देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से जोड़ा जाएगा। 2024 तक भारतीय रेल पूरी तरह बिजली से चलाई जाएगी। 550 रेलवे स्टेशन पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है एवं इसके साथ ही अब 27000 किलोमीटर का इलेक्ट्रिफिकेशन किया जाएगा। हमारी भारतीय रेल साफ, सुरक्षित और समयबद्ध रेल यात्रा हो इसके लिए अब आदर्श किराया कानून बनाया जाएगा और रेलवे में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) का इस्तेमाल किया जाएगा।

आम बजट 2020 में मोदी सरकार ने भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कई उपाय सुझाए हैं। मोदी सरकार ने 100 दिनों के भीतर रेलवे की उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते हुए निम्नलिखित 10 उपायों का प्रस्ताव दिया है।

रेलवे के स्वामित्व वाली भूमि पर रेल पटरियों के साथ एक बड़ी सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करना। पीपीपी मॉडल के माध्यम से 4 स्टेशन और 150 यात्री ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। तेजस जैसी ट्रेनों को देश के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों से जोड़ा जाएगा। मुंबई से अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड ट्रेन को सक्रिय रूप से चलाया जाएगा। 18,600 करोड़ रुपए की लागत से 148 किलोमीटर लंबी बेंगलुरु उपनगरीय परिवहन परियोजना शुरू की जाएगी, जिसका किराया मेट्रो मॉडल की तरह होगा। केंद्र सरकार 20% देगी और बाहर से 60% धन जुटाया जाएगा। 100 लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर फंड बनाया जाएगा। नेशनल गैस ग्रिड की शुरुआत की

* Speech was laid on the Table.

जाएगी। 27000 किलोमीटर ट्रैक का विद्युतीकरण किया जाएगा। पावर एनर्जी के लिए 22 हजार करोड़ का प्रावधान। दिल्ली-मुंबई और चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेस-वे का काम जल्द पूरा होगा।

सरकार से राजकोट और पूरे सौराष्ट्र जनता की तरफ से रेलवे मंत्रालय को निर्देश देने का अनुरोध करता हूं कि नई दिल्ली-अहमदाबाद राजधानी एक्सप्रेस को राजकोट तक विस्तार करने के लिए मैं समय-समय पर लोकसभा में तारांकित अथवा अतारांकित प्रश्न द्वारा एवं रेल मंत्री को आवेदन किया है। नई दिल्ली- अहमदाबाद राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के विस्तार से राजकोट को ही नहीं बल्कि पूरे सौराष्ट्र के लिए नया ट्रेन होगा। 12267/12268 मुंबई सेंट्रल-राजकोट दुरंतो एक्सप्रेस को बोरीवली में ठहराव का अनुरोध लंबित है। बोरीवली में गुजराती भाषिक रहने वाले लोगों की जनसंख्या लाखों में है। सुरेंद्र नगर से राजकोट तक 116 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण के एक और महत्वपूर्ण मामले को बजट 2015- 2016 में मंजूरी दी गई है और मार्च 2021 तक कार्य पूरा करने की योजना है, जो बहुत धीमी गति से काम हो रहा है, 116 किलोमीटर में से अब तक सिर्फ कुछ 8- 10 किलोमीटर का काम हुआ है।

सरकार से अनुरोध है कि रेल मंत्रालय को आवश्यक दिशा- निर्देश दें कि लंबित मुद्दे को प्राथमिकता पर पूरा करने का पर विचार करें।

इसके साथ अब मैं अपने विचारों को विराम देता हूं एवं धन्यवाद देता हूं तथा साथ ही अपनी पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं जिसमें इस महत्वपूर्ण चर्चा पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। बहुत-बहुत धन्यवाद।

***श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर):** मेरे संसदीय क्षेत्र माल्दहा से दिल्ली के लिए एक सीधी ट्रेन फरक्का एक्सप्रेस है जो दिल्ली पहुंचने में 36 घंटे लेती है और मेरा संसदीय क्षेत्र देश के सुदूरतम इलाके में से है जहां से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, व्यापारी, मजदूर एवं बड़ी संख्या में मरीज दिल्ली आते हैं। केवल एक मात्र सीधी ट्रेन होने से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः सरकार से निवेदन है कि माल्दहा से दिल्ली के लिए सीधी सुपरफास्ट हमसफर वंदे भारत एवं तेजस जैसी ट्रेन चलाई जाए। इससे क्षेत्र के लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी।

मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को दक्षिण भारत के बेंगलुरु तक जाने के लिए एक सीधी सुपरफास्ट ट्रेन की आवश्यकता है क्योंकि माल्दहा के बहुत सारे मरीज इलाज के लिए एवं सॉफ्टवेयर पेशेवर और छात्र बेंगलुरु आते -जाते हैं अतः इनके लिए भी सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

इसके अलावा ट्रेन 12423 (प्रतिदिन) है, 20505 (मंगलवार और सोमवार) है और 20503 (शुक्रवार) को है। जो डिब्रुगढ़ से दिल्ली राजधानी ट्रेन चलती है उनमें से किसी एक को डिब्रूगढ़ से माल्दहा होते हुए वाया कटिहार चलाया जाए तो इस क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

रेल मंत्रालय द्वारा 2007- 2008 में समसी में एलसी गेट नंबर एनसी 10 फ्लाईओवर ब्रिज स्वीकृत किया गया है किंतु आज तक इसका कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जिसके कारण यात्रियों को एलसी गेट पर कम से कम 30 मिनट ट्रैफिक जाम में इंतजार करना पड़ता है। ट्रेन नंबर 12377/12378 पदातिक एक्सप्रेस का समसी स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाए। ट्रेन नंबर 13153/13154 गौर एक्सप्रेस जो सियालदह से माल्दहा टाउन और माल्दहा टाउन से सियालदह तक संचालित होती है उसमें (एलएसबी कोच) अतिरिक्त कोच लगाए जाएं। बहुत बड़ी संख्या में यात्रियों को बाबाधाम (देवघर) आसनसोल और दुर्गापुर जाने की सुविधा को देखते हुए, ट्रेन संख्या 15941 अप और 15942 डाउन झाझा डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन पर किया जाए।

---

* Speech was laid on the Table.

15227/15228 मुजफ्फरपुर यशवंत एक्सप्रेस का ठहराव समसी रेलवे स्टेशन पर किया जाए।

अत्यंत विनम्रतापूर्वक उपरोक्त मांगों के संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का निवेदन करता हूं।

*SHRI SURESH PUJARI (BARGARH): Since 2014, Odisha has been one of the best beneficiary of the Union Railway Budget, getting around Rs. 20,213 crores till the last budget of 2019-20 as against Rs. 4190 crores during the UPA regime and this time also, Odisha has not lagged behind in getting allocations from the Centre. Even the Hon'ble Prime Minister took on a meeting to review the progress of the Khurda-Bolangir Rail Lines and other projects, thereby making the intention of the Central Government very clear about the development of the State of Odisha. Odisha has got a lot of allocations of new rail lines, doubling of rail lines, electrification of lines, fund for going projects, modernization of platforms and on different sectors of the Railways.

I congratulate the Hon'ble Minister of Railways for presenting a very good budget that will not only expand the rail network in the country, particularly in the backward states in India and the North East, but also to provide better amenities to the passengers.

Having said that, I put forth the following demand of the people of my Parliamentary Constituency which is elaborated as follows:

Inclusion of laying of New Rail lines from Bargarh to Nuapara via Padampur whose survey work has already been concluded and budgetary provision be made for laying of new railway line. Early morning Intercity Train

* Speech was laid on the Table.

from Bargarh or Bolangir to Bhubaneswar in the line of Rourkela Bhubaneswar Intercity Express. Extension of 18303-Sambalpur-Puri Intercity to Bargarh or in other way it can be changed to Bargarh-Sambalpur-Puri Intercity Express-Watering at Puri and then back to Bargarh. Koraput-Rourkela 18108 reaches SBP at 03.20 hours. It can be delayed by 2 hour to reach around 05.00 hours to provide connection for 18303 (SBP – PURI) Intercity. Direct train from Bargarh to New Delhi. Train no. 18507/18508 (VSKP-ASR) now running 3 days a week via BBS-SBP can be increased daily with diverting the train via RGDA-TIG-BRGA-SBP for remaining 4 days of the week. It will provide direct train to New Delhi from Paradeep of Western Odisha. Washing and watering facilities at Bargarh Road station.

Increase of halting tie to 5 minutes for all Express Train at Bargarh station to enable loading facility. Connection of Railway portion roads from NH 26 to Khuntapali-Turanga-Tumgaon Road. Increase the length of 2nd platform and provision of an escalator or ramp. Station near Khuntapali between Bargarh Road station and Barpali Station.

Upgradation of platform facility and shed over 2nd platform attabirastation in the district of bargarh and stoppage of all south bound trains like Nagawali Express at Attabira due to densely populated South Indian in the locality.

Upgradation of platform facility and shed over 2nd platform barpali station of bargarh district and Stoppage of all Express trains at Barpali.

Upgradation of platform facility and shed over 2nd platform at Gopbhaga station.

Chowkipada Road Over Bridge over Sambalpur Rail crossing and Bilaspur Rail Crossing at Jharsguda- Chakradharpur Zone. Jharsuguda be declared a separate Railway Division under East Coast Railway by inclusion of Brajrajnagar and Belpahar and other areas by carving all stations from the Bilaspur Division of South Eastern Central Railways zone and part of East Coast Railway zone and part of Chakradharpur Division of South Eastern Railway Zone. Pending finalization of the proposal made above , Jharsuguda may be temporarily placed under Sambalpur Division and it may be declared as Sambalpur Division No. II with at least a Additional Divisional Manager. The trains namely Hirakund Express, Gondwana Express, Puri Habibganj Humsafar and Puri Indore Humsafar running through Jharsuguda Road Station and stopping there should be given stoppage in Jharsuguda Jn station to save the passengers from going to Jharsuguda Road Station by crossing two Railway Lines involving risk of missing the train and offering no passenger facilities to the passenger who are put to wait when the train is late. The said Road Station has been constructed for transportation of coal from MCL, Brajrajnagar to Gopalpur and Paradeep and now it is being used for stoppage of Fast Running Trains. New Rail Line has been laid between Jharsuguda to Sardega (Gopalpur) of Sundargarh District passing through Malidihi, Kechhobahal, Laikera, Barpali. If a passenger train is given between Jharsuguda to Sardega, the people of this area will be largely benefited in

terms of Rail connectivity and it will give boost of Jharsuguda Market and Jharsuguda Airport. Public Urinals (both Male and female) in all platforms and outside Booking Counter and Reservation counter at suitable site within public view. Stoppage of Duranto Express at Jharsuguda Jn Railway Station. Extension of Trains like Chhattisgarh Express from Korba and Jan Satabdi Express from Rajgarh to Jharsuguda. Direct Train for Allahabad from Jharsuguda via Bilaspur Katni route. Hirakud Express, Puri Valsad and Sambalpur Varanasi should run as a daily train instead of it's present cycle. Adequate electrification, sitting arrangements, drinking water facility, urinal facility in the platform of Jharsuguda Jn. Railway Station. Play ground in Railway Colony and Railway Institute Ground Area. Road Connectivity from main road to Jharsuguda Road Station without Railway crossing intervention. Goods shed in Jharsuguda Road Station for facilitating business activities. Coach Display in Jharsuguda Road Station. Development of Jharsuguda Road Station with proper Waiting Hall for ladies and gents. The facilities of Pantry Car in Danapur Express running between Durg and Danapur. Lift facility in plaform No.1 and 2 of Jharsagida Railway Junction Station. Battery Car facility in the platform for old and infirm passengers. Bagdihi Railway station in Kirmira Block of Jharsuguda be provided with basic modern amenities and stoppage of 22839 Rourkela Bhubaneswar Intercity Express.

Modernization of Brajrajnagar railway station with adequate passenger amenities like sitting arrangement, safe drinking water facilities, waiting rooms and shed over uncovered platform. Stoppage of all trains particularly trains

running through the North India as large section of people in Brajrajnagar are from Bihar, Uttar Pradesh and other northern states. Parking space with shed over it and beautification of the railway station.Belpahar of Jharsuguda. Belpahar railway station provides highest revenue to the railways but as compared to its revenue, the development is deplorable. Being a Municipality, it deserves equal treatment like other urban areas of the State in shape of development. The station be modernized with provision of basic passenger amenities like shed over the entire length of platform, waiting shed, safe drinking water facilities, beautification and good parking stand. All trains passing through this urban Railway Station be provided with stoppage over here to accommodate large population to avail train journey without going to other railway station like Brajrajnagar, Jharsuduga or Sambalpur.

*SHRI S. VENKATESAN (MADURAI) : Hon. Chairman Sir, Vanakkam. Before expressing my views on the Demands for Grants pertaining to Railways, I strongly condemn the Union Government for doing injustice to Tamil Nadu in this Railway Budget. I condemn the Government for the fact that approximately Rs 12000 Crore are required for implementing 10 Railway Projects in Tamil Nadu which were announced since the year 2006. But in the current Budget you have only allotted Rs1000 each thereby adding to a grand total of Rs10,000 for all these 10 projects pertaining to Tamil Nadu. Hon. Union Minister for Railways should make reply in this august House. Are you going to give up all these 10 railway projects? Or are you going to implement them? All the ten railway projects are meant for the industrial development of Tamil Nadu which can lead to overall development and upliftment of the people of the State. That is why these proposals were brought before this august House through the people's representatives which were then announced as Railway Projects in the Budget of the Union. I want a clarification from the Hon Minister for Railways what is the status of all these ten Railway Projects. Similarly, an amount of Rs 22000 Crore is required for executing several Railway Projects implemented in Tamil Nadu. Whereas you have only allocated Rs 1800 Crore. That means you have only allocated 5 % of the total project cost. If that is so, it will take at least two generations to complete all the pending Railway projects in Tamil Nadu. Do you expect this? This is my question. Three new doubling

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

Projects for Tamil Nadu *viz* Katpadi-Viluppuram, Salem-Karur-Dindigul and Erode-Karur for a stretch of 389 kms are included in the current Budget. I welcome this. But only Rs.1000 each, *i.e.* a total of Rs 3000, has been allocated to all the three new Railway Projects. This is not a new route. This is doubling of the existing route. There will not be any issue relating to land acquisition. If that is the case why have you allocated only a meager amount of Rs 3000 for all these three new projects in the current Budget. I want to ask in this august House whether it is a mere eyewash of just announcing Projects for Tamil Nadu?

For Madurai-Kanyakumari doubling project too, you have only allocated so far 60 per cent of the project cost which is inclusive of this year's allocation. There arises a question so as to when you will be allocating the remaining 40 per cent of the project cost? Similarly privatization is affecting Indian Railways to the worst. In the next 5 years, you say that 500 passenger trains will be privatized. You have announced that 150 trains and 100 routes will be privatized in the first instance. This will end in danger. Hon. Finance Minister in her Speech as mentioned about the Kisan Express Train. She mentioned that this Kisan Express train is aimed to carry the agricultural produce to the markets. But this is also being privatized. If the Government has no concern for farmers, which private organization will operate this train service in the benefit of farmers without thinking of profit making. I want to raise a serious question that who will be operating this train for the greater cause of farmers. Most importantly every year rail track to a length of 4500 kms is being

damaged. Now you have only allocated fund for providing safe track for a length of 3500 kms. This raises serious question on the safety of Railways. You have announced for complete electrification by the year 2022. If that target is to be reached, you should have allocated fund for electrification work for 10000 kms this year. But I wish to say that you have only allocated funds for electrification work for 6000 kms this year. It has been announced that 11 trains will be privatized in Southern Railway, out of which, 6 trains originate from Chennai Central Railway Station. You have also announced that the remaining 5 trains will be operated from Tambaram Railway Station. If that is so, it is an effort to make Tambaram as the terminal for privatization. I strongly condemn this effort. Tejas Train to be run between Coimbatore and Mangalore will be privatized. There is an announcement in this regard. I also strongly condemn this announcement. There is still more shocking announcement that 8 Factories including the Integral Coach Factory, ICF will be privatized. This announcement is completely aimed at total privatization of Railways. I therefore insist that the idea of privatization should be given up at any cost.

***श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर):** मैं केंद्रीय रेल बजट के अनुदान एवं मांग के संबंध में अपने विचार प्रकट करती हूं। हमारी सरकार ने रेल को और अधिक लाभदायक और इसे सुविधाजनक बना रही हैं ताकि हमारे देश की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि 550 रेलवे स्टेशनों पर वाई फाई सुविधा दी गई है, जो कि काफी सराहनीय है।

हमारी सरकार नई नीति की सफलताओं की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी, बजट 2020 में वित्त मंत्री द्वारा बताया गया कि 27000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का इलेक्ट्रिफिकेशन किया जाएगा, इसके अलावा उन्होंने पांच ने उपायों की बात भी की जिससे यह नई सुधारों तथा योजनाओं का लाभ सीधे-सीधे जनता तक पहुंचे यही हमारी सरकार की सफलता है।

हमारी सरकार द्वारा नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए तेजस की तरह और रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड ट्रेन का काम आगे बढ़ाया जाएगा। बेंगलुरु उपनगरीय रेलगाड़ी परियोजना में केंद्र सरकार 20% शेयर पूंजी लगाएगी। पीपीपी मॉडल की तर्ज पर 150 नई ट्रेनें चलाई जाने से जनता को बहुत लाभ मिलेगा।

साथ ही हमारी सरकार ने तेजस जैसी ट्रेन का लाभ देश को दिया और आगामी सत्र में ट्रेनों के माध्यम से प्रसिद्ध स्थलों को जोड़ने की भारत सरकार की योजना है। जिससे देश की प्रसिद्ध स्थल पर समय को बचाते हुए घूम सकते हैं।

मैं सरकार से माननीय मंत्री जी से केंद्रीय रेल बजट 2020-21 में मांग करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर, गुजरात में छुछापुरा, नसवाड़ी, तनखला रेल लाइन पुरानी है, इसमें जमीन का कोई प्रश्न नहीं है इसे पुनः प्रारंभ किया जाए; बड़ोदरा से हलोल पावागढ़, शिवराजपुर

---

* Speech was laid on the Table.

और पानीमाइनस पुरानी रेल लाइन को पुनः प्रारंभ किया जाए और अंकलेश्वर से राजपीपला चालू है, इसमें स्टैचू ऑफ यूनिटी केवड़ियों कॉलोनी तक रेल लाइन जोड़ना है। धन्यवाद।

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): सभापति महोदय, मैं सबसे पहले अपनी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं जिसने मुझे महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। भारतीय रेलवे एकल प्रबंधन व्यवस्था के तहत 68,000 किलोमीटर से अधिक रेलमार्ग के साथ विश्व में तीसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। भारतीय रेल ने वर्ष 2018-19 के दौरान 120 करोड़ टन माल ढुलाई और 840 करोड़ यात्रियों की संख्या के साथ विश्व में सर्वाधिक यात्रियों को लाने ले-जाने वाली रेलवे रही है। माल ढुलाई का चौथा सबसे बड़ा साधन रही है। भारतीय रेलवे ने वर्ष 2017-2018 के दौरान 11,596 लाख टन राजस्व अर्जक माल भाड़ा लदान की तुलना में वर्ष 2018-19 में 12,215 लाख टन का राजस्व अर्जक माल भाड़ा लदान किया था। आज इसमें 5.34 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है जोकि वर्ष 2017-18 में 82,858 लाख यात्रियों की तुलना में 1.85 प्रतिशत अधिक रही है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हमारे प्रधान मंत्री जी का सपना स्वच्छता है। अगर स्वच्छता कहीं देखनी है तो भारतीय रेलवे स्टेशनों पर देखा जा सकता है। मैं अपनी लोक सभा क्षेत्र जमशेदपुर की ओर आता हूं, जो मिनी भारत के रूप में विख्यात है क्योंकि कई प्रदेशों के लोग वहां बसे हुए हैं। हमारे धनबाद डिवीजन से सबसे ज्यादा लोहा और कोयले की ढुलाई होती है और पूरा रेलवे का 42 परसेंट राजस्व वहां से आता है लेकिन दुख की बात है कि वहां पर यात्री सुविधा नगण्य है। आजादी के 70 वर्षों के बाद भी लोग यात्री सुविधा से वंचित हैं।

हमारे लोक सभा क्षेत्र में एमएसएमई और ऑटोमोबाइल का बहुत बड़ा सेक्टर है। आपका असेट सिनी पर व्यवस्थित है, वहां एक कोच फैक्ट्री बनायी जाए। टाटा स्टील से बात करके कोच इंडस्ट्रीज लगायी जाए। आरओबी चाकुलिया और घाटशीला आरओबीबी सैंक्शन है, उसको तुरंत शुरू किया जाए। मैं आपसे रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि नई रेल लाइन जो चांडिल-बोडाम-पटमदा-काटिन-बंदवान होते हुए झाड़ग्राम की लाइन 132 किलोमीटर है और यह चार लोक सभा

क्षेत्रों में आता है, जिसमें रांची, पुरुलिया, जमशेदपुर और झारग्राम में आता है, चारों सांसदों ने भी मांग की है और इसका सर्वे भी हो चुका है, इस काम को पूरा किया जाए।

इसके साथ ही पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत चाकुलिया से बहरागोड़ा होते हुए बुड़ामारा लाइन का भी सर्वे हो चुका है, यह लाइन सैंक्शनड है, इसका टेंडर तुरंत किया जाए, कांड्रा से नामकुम जो रेल लाइन राजधानी से जोड़ता है, यह भी सैंक्शनड है, इसका भी टेंडर किया जाए। टाटा बादामपहाड़ होते हुए क्योंझर, भुवनेश्वर टाटा बादामपहाड़ रेल लाइन है, इसको बादामपहाड़ से क्योंझर तक जोड़ा जाए, भुवनेश्वर लाइन को अगर सीधे जोड़ा जाएगा तो टाटा के लोगों को दो घंटे की बचत होगी। इसी तरह मैं कुछ और ट्रेनों की मांग करना चाहता हूं। धालभूमगढ़ एवं चकुलिया के बीच में कोकपाड़ा है, उसमें एक हॉल्ट बना दिया जाए। टाटानगर से भागलपुर परिचालन को पुन: चालू किया जाए। यह पहले चलता था लेकिन इसे अचानक बंद कर दिया गया। टाटानगर से आसनसोल होते हुए भागलपुर वाया किउल जमालपुर, सुलतानगंज होते हुए भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस किया जाए। टाटानगर वाया जयनगर वाया दरभंगा सकडी, निर्मली, सुपौल, सहरसा और नेपाल की तराई क्षेत्र तक के लोग मांग कर रहे हैं। यदि इसमें किसी प्रकार की तकनीकी अड़चन है तो पुरी-जयनगर ट्रेन को खड़गपुर के बजाए हिजली-टाटानगर से होकर चलाया जाए।

टाटा छपरा गाड़ी संख्या 18181 में लगने वाली कटिहार लिंक को अलग कर कटिहार जलपाईगुड़ी एनजीपी तक नई रेल सेवा शुरू की जाए। इससे उत्तर बिहार में रहने वालों की एक चिरप्रतीक्षित मांग पूरी हो सकेगी। इसके साथ उत्तर पूर्व क्षेत्र के साथ सीधा संबंध स्थापित हो सकेगा। इसके साथ ही उस क्षेत्र से सीधा संबंध स्थापित हो जाएगा।

चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत टाटानगर रेलवे कर्मचारियों हेतु वेन्डींग जोन बनाया जाए। टाटा दानापुर ट्रेन का एक्सटेंशन दीनदयाल उपाध्याय या बक्सर तक किया जाए। माननीय स्वास्थ्य मंत्री बक्सर से हैं। उनके साथ कई बार हम लोगों ने बात की है कि टाटा दानापुर ट्रेन को

बक्सर तक किया जाए। बिहार से झारखंड अलग हुआ, बिहार के काफी लोगों की वहां आबादी है, इस ट्रेन को बक्सर तक ले जाना बहुत जरूरी है।

टाटा बिलासुपर साप्ताहिक ट्रेन का मुगलसराय तक विस्तार किया जाए। टाटा से दीघा तक नई मेमू ट्रेन चलाई जाए। उत्कल एक्सप्रैस ट्रेन का राखामाईन्स स्टेशन पर ठहराव किया जाए क्योंकि यहां यूरेनियम और कॉपर की माइन्स है। शालीमार-गोरखपुर ट्रेन को सप्ताह में दो बार चलाया जाए। टाटा रांची मेमू ट्रेन का चाकुलिया तक विस्तार किया जाए। टाटा रांची एक्सप्रेस का पुरूलिया के बजाय तिरिलडीह से मुरी होते हुए रांची तक परिचालन किया जाए, इससे समय की बचत होगी। टाटा चक्रधरुपर मेमू ट्रेन की पुन: शुरुआत की जाए। टाटा बादामपहाड़ रेल खण्ड पर स्थित सभी स्टेशन, हॉल्ट को अपग्रेड किया जाए। हावड़ा कोरापुट एक्सप्रैस का घाटशिला में ठहराव किया जाए। टाटानगर खड़गपुर लोकल का हावड़ा तक विस्तार किया जाए। रांची हावड़ा इंटरसिटी का फेरा बढ़ाकर दैनिक किया जाए।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद।

*DR. BHARTI PRAVIN PAWAR (DINDORI) : I urge upon the Government to take necessary steps for starting new local train service from Igatpuri to Manmad and return, so that it will be very useful for the people of my constituency to commute to state capital Mumbai of Maharashtra; to speed up the process of implementation of Manmad-Indore railway project; to start and set up new railway project from Nashik to Surat or Manmad to Surat as it cover major tribal area of both the state i.e. Maharashtra and Gujarat and it will also boost the economic and social condition of tribal in both the state; to start new train from Mumbai-Nashik-Tipura for any two days in a week. ; to run Rajdhani Express from Mumbai-Nashik- Delhi (Central Railway) and vice versa for all days. Thanks for starting Kisan Rail.

* Speech was laid on the Table.

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): माननीय सभापति जी, आपने मुझे इस बजट में अपने संसदीय क्षेत्र नगीना की मांग रखने का मौका दिया है, मैं इसके लिए आभार प्रकट करना चाहता हूं।

माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कीरतपुर रेलवे स्टेशन जिला बिजनौर पर गाड़ी संख्या 14043/14044 गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रैस के ठहराव के संबंध में वहां की जनता ने लगभग चार वर्षों से आंदोलन किए हैं, 200 बार हड़ताल की है, धरना किए हैं। मुझे कहने में कोई गुरेज़ नहीं कि वर्षों से चली आ रही मांगों को नजरअंदाज करके इनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। मैं चाहता हूं कि गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रैस का ठहराव कीरतपुर स्टेशन जिला बिजनौर रेलवे स्टेशन पर निश्चित रूप से जनहित में कराया जाए। इससे न केवल वर्षों से चली आ रही जनता की मांग पूरी होगी, बल्कि रेलवे राजस्व में भी काफी वृद्धि होगी।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि नगीना से बिजनौर जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रासिंग पर तमाम गाड़ियां निकलती हैं, जिससे जाम लग जाता है और जनता को परेशानी होती है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि नगीना से बिजनौर जाने वाली रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाया जाए। स्यौहारा से नुरपुर मार्ग पर भी जाम की समस्या रहती है। बिजनौर से सीधे दिल्ली को चांदपुर पर सड़क जोड़ती है, यहां भी बहुत समस्या है। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से मांग करता हूं कि यहां ओवर ब्रिज बनाकर जनता के हितों का ध्यान रखा जाए। इसके लिए अतिरिक्त धन मुहैया कराया जाए और इसे बनवाया जाए।

मैं आपके माध्यम से अपने क्षेत्र नगीना के बारे में कहना चाहता हूं कि नगीना, धामपुर, स्यौहारा, शहपुर रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। साथ ही यहां यात्रियों के ठहराव के लिए विश्राम कक्ष भी नहीं है। मैं मांग करता हूं कि यहां सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से हो और विश्राम कक्ष की भी व्यवस्था हो। यहां जनता की काफी समय से मांग है, उनकी समस्या को देखते हुए नगीना से मुम्बई के लिए ट्रेन चलाई जाए। धन्यवाद।

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी): माननीय सभापति जी, भारतीय रेल हमारे राष्ट्र की जीवनरेखा है। यह भारतीय रेल के महत्व को अधोरेखित करती है। रेल सबसे बड़ा नेटवर्क है, यह हर भारतीय के जीवन पर भारी प्रभाव डालती है। रेल केवल आवागमन या उद्योग का साधन नहीं है, यह संसाधन है, जो राष्ट्र की आपातकालीन स्थिति में राष्ट्र को सेवा देने में तत्पर रहती है। इसका उदाहरण है जब लातूर में सूखा पड़ा था, तब रेल से ही पानी पहुंचाया गया था।

रेलवे का जो काम है, रेलवे जो लोकाभिमुख काम कर रही है, उसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। मैं खुद को भाग्यवान समझता हूं, क्योंकि जब हमारे देश में पहली रेल शुरू हुई थी, वह मुम्बई से ठाणे तक चली थी। मैं ठाणे डिस्ट्रिक्ट से आता हूं। मेरा लोक सभा क्षेत्र भिवंडी है। पहली रेल मुम्बई से ठाणे तक चली और पहली बुलेट ट्रेन भी अहमदाबाद से मुम्बई तक चलने वाली है, लेकिन वह भी ठाणे होकर जाएगी। कहीं न कहीं इतिहास अपने-आप को दोहराता है, इसलिए ठाणे का जिक्र भी उसमें आ रहा है। हमारे साथी अरविंद सावंत जी ने यहां पर कहा कि इस रेल का क्या फायदा है? मैं आपको बताना चाहता हूं, शायद वे नहीं जानते हैं। मैं जिस लोक सभा क्षेत्र से आता हूं, उस लोक सभा क्षेत्र का नाम भिवंडी है। भिवंडी टेक्सटाइल का सबसे बड़ा हब है। सूरत भी टेक्सटाइल का हब है। भिवंडी और सूरत का टेक्सटाइल से कनेक्शन है। हमें अगर भिवंडी से बाई प्लेन सूरत जाना है या अहमदाबाद जाना है तो भिवंडी से मुम्बई जाने में दो घंटे लगते हैं। अगर यह बुलेट ट्रेन शुरू होती है तो हमारे भिवंडी के साथी सूरत एक घंटे में पहुंच जाएंगे और इनको कारोबार करने में बहुत आसानी हो जाएगी। वहां पर जो लोग हैं, उनको कोई दिक्कत नहीं है। इसलिए, जो बुलेट ट्रेन चलने वाली है, उसका फायदा टेक्सटाइल के व्यापार के लिए बहुत बड़े पैमाने पर होने वाला है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, मैं रेल मंत्रालय को धन्यवाद दूंगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में आजादी के 70 सालों से लोग कुछ डिमांड कर रहे थे। जैसे मेरे लोक सभा क्षेत्र में एक मुरबाड तहसील आता है। कल्याण से मुरबाड तक रेल की मांग 70 सालों से चल रही थी, लेकिन वह 70 सालों में पूरी नहीं हो पाई। हमारे प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से, तत्कालीन मुख्य मंत्री देवेंद्र जी के आशीर्वाद से रेल मंत्री पीयूष

गोयल जी ने कल्याण से मुरबाड तक के लिए रेल की मंजूरी दे दी। उसके लिए एलोकेशन भी कर दिया। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से विनती करूंगा कि इसको जल्द से जल्द गति देकर, इसका डीपीआर भी बन गया है, इस काम को शुरू करने के लिए टेंडर निकालने का काम जल्द से जल्द करे।

अरविंद सावंत जी ने नाना शंकर शेठ जी का जिक्र किया है। नाना शंकर शेठ जी, जिन्होंने भारत की पहली रेल मुम्बई से ठाणे तक चलवाने में अपना बहुत बड़ा योगदान दिया था, वे मेरे लोक सभा क्षेत्र मुरबाड तहसील से ही आते थे। उनका जन्म मुरबाड में हुआ था और उनके गांव में आज तक 167 सालों के बाद भी रेल नहीं जा पाई। इसलिए, मेरी रेल मंत्री जी से विनती है कि नाना शंकर शेठ जी को अगर सही मायने में श्रद्धांजलि देनी है तो मुरबाड तक रेल का काम जल्द से जल्द पूरा होना चाहिए और लोगों को उसकी सुविधा मिलनी चाहिए।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में बदलापुर स्टेशन है, वहां पर होम प्लेटफॉर्म का काम चल रहा है। लेकिन, जबसे प्लेटफॉर्म नं. 2 पर ट्रेन का आना शुरू हुआ है, तब से उसके ऊपर शेड का काम आधा ही हो पाया है। उस शेड को पूरा करने के लिए मैं रेलवे मंत्री जी से विनती करता हूं कि इस काम को जल्द से जल्द से पूरा कर दें।

मध्य रेलवे में शाहपुर तहसील में आठ गांव और तानशेत स्थानक हैं। इन दोनों स्थानक के बीच में कलम गांव है। वहां पर 25 से 30 गांवों को जाने के लिए पहले जो अंडरपास बना हुआ था, वह पानी जाने का रास्ता है, ऐसा रेल के रिकॉर्ड में है, इसलिए रेल ने उसकी जैकेटिंग कर दी है, इसलिए 25 से 30 गांवों का सम्पर्क रेलगाड़ी से टूट गया है। वैसे ही बदलापुर शहर के नजदीक चमटोली स्टेशन की मांग कई सालों से की जा रही है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री के ध्यान में एक बात लाना चाहता हूं कि जब बारिश जोर से हुई थी और बाढ़ आई थी, उस समय महालक्ष्मी ट्रेन वहां पर फंसी हुई थी। अगर चमटोली स्टेशन बना हुआ होता, जो 900 पैसेंजर्स ट्रेन में फंसे हुए थे, उनको बोट से निकाला गया, अगर वहां स्टेशन बना होता तो वहां बोट ले जाने की जरूरत नहीं पड़ती। वहां से हम लोगों को आसानी से निकाल सकते थे।

मैं भिवंडी से आता हूं। वहां पर टैक्सटाइल्स और वेयर हाउसिंग का बहुत बड़ा कारोबार है। मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से विनती है कि मुम्बई से बहुत सारे लोग व्यापार के लिए भिवंडी में आते हैं इसलिए मुम्बई से भिवंडी के लिए एक लोकल ट्रेन चलाना बहुत जरूरी है। वहां से जो बाहर की ट्रेन्स जाती है, उनको भिवंडी से मिलाना बहुत जरूरी है। इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि टिटवाला के पास गुरहोली स्टेशन की मांग है, उसका सर्वे भी हुआ है। उसको जल्द से जल्द मंजूर करने के लिए रेल मंत्रालय को पहल करनी चाहिए।

***श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** सबसे पहले मैं रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी को धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने रेलवे को और रेल यात्रा को अधिक सुचारू और सुगम बनाने के लिए बहुत अथक प्रयास किए हैं और यात्रियों को सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया है। और जब कभी भी हमने रेलवे के संबंध में कोई मांग रखी है तो माननीय मंत्री जी ने उस पर गंभीरता से विचार करने के साथ ही साथ उसे पूरा करने का भी प्रयास किया है।

सरकार ने रेलवे के लिए वित्त वर्ष 2020-21 में कुल राजस्व प्राप्ति में 9.5% की बढ़ोतरी के साथ 2,25,913 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा है।

अब रेलवे में निजी भागीदारी का काम शुरू हो चुका है। इसी के तहत अगले वित्त वर्ष में रेलवे की 27000 किलोमीटर लाइनों के विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया है। यह बहुत खुशी की बात है कि देश के लगभग 5,500 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा आरम्भ हो चुकी है।

पूना से मुंबई के बीच करीबन 135 किलोमीटर का अंतर है मुंबई देश की आर्थिक राजधानी के नाम से भी जानी जाती है। सात आइलैंड से मुंबई शहर बना है, आज के समय में भी लाखों की संख्या में लोग मुंबई में नौकरी और व्यवसाय हेतु आवागमन करते हैं कई सारे लोग ठाणे, पनवेल और नई मुंबई में रहते हैं। पूना से मुंबई हर रोज यात्रा करने वालों की संख्या भी काफी है, पूना से मुंबई तक कई सारी ट्रेन चलती हैं लेकिन अगर यात्रियों की संख्या देखी जाए तो यह ट्रेन कम पड़ती हैं।

पूना से लोनावाला तक लोकल ट्रेन चलती है यह लोकल ट्रेन पूना से लोनावाला होते हुए नया मार्ग बनाने पर यह खोपोली, चौक, पनवेल होते हुए सीएसटी तक जाएगी।

मैं इस अनुदान की मांग के तहत यह मांग करता हूं कि इस नए मार्ग के निर्माण हेतु रेल मंत्रालय आवश्यक कार्यवाही करें इस कार्य के निर्माण हेतु कोशिश करे।

---

* Speech was laid on the Table.

पूना पिंपरी चिंचवड तथा इसके ग्रामीण इलाकों की आबादी लगभग 1.5 करोड़ है और यहां की जनता को कोंकण जाने हेतु मुंबई या पनवेल से ट्रेन लेनी पड़ती है जिसके कारण यहां की जनता को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और कोंकण रेलवे पर भी इसका असर पड़ने से यात्रियों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यदि पिंपरी चिंचवड शहर से अकुर्डी या चिंचवड से हिंजेवाड़ी, पोर्ड, मुलशी होते हुए रोहा मानगांव को कोंकण मार्ग को जोड़ते हुए नया ट्रक बनाकर नई रेलगाड़ी चलाई जाती है तो यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलने के साथ ही साथ कोंकणरेलवे तथा कोंकण रेल द्वारा मुंबई से यात्रा करने वाले यात्रियों की भीड़ में भी कमी आएगी। आपको विदित होगा कि मुलशी डैम बनाने हेतु इस मार्ग पर ब्रिटिश काल में ट्रेन चलती थी।

मेरा रेलवे विभाग से आग्रह है कि पिंपरी चिंचवड से हिंजेवाड़ी, पोर्ड, मुलशी होते हुए रोहा-मानगांव के बीच नया रेल ट्रैक का निर्माण कर, इसे कोंकण रेलवे से जोड़ने हेतु तथा इस मार्ग पर नई रेलगाड़ी चलाई जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

बजट 2017 में पुणे और लोनावाला के बीच तीसरी और चौथी लाइनें (64 किलोमीटर प्रारंभिक परियोजना लागत 253 करोड़ रूपए के साथ) घोषणा की गई थी। लेकिन आज 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस लाइन का काम शुरू नहीं हो पाया है, जब भी बजट में रेलवे लाइन बनाने की घोषणा होती है तो लगता है कि यह काम समय से शुरू हो जाएगा, लेकिन आज तक बजट में घोषणा होने के बाद भी किसी काम को समय पर शुरू नहीं किया जाता है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि पुणे और लोनावाला के बीच तीसरी और चौथी उपनगर यह लाइन बिछाने का काम जल्दी से जल्दी शुरू करने हेतु इस पर आवश्यक कार्यवाही करें।

मेरे संसदीय क्षेत्र मावल के अंतर्गत खालापुर तालुका के अंतर्गत चौक रेलवे स्टेशन आता है और इन स्टेशन से लगभग 100000 यात्री प्रतिदिन मुंबई तथा बाकी जगहों के लिए ट्रेनों से आवागमन करते हैं जबकि पुणे से मुंबई के बीच गाड़ी संख्या है 11010/11009 (सिंहगढ़ एक्सप्रेस) और गाड़ी संख्या 12126/12125 (प्रगति एक्सप्रेस) रोजाना चलती है और इन दोनों गाड़ियों का

खालापुर तालुका के अंतर्गत आने वाले स्टेशन पर ठहराव नहीं होने के कारण स्थानीय यात्रियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से पुणे से मुंबई के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 11010/11009 (सिंहगढ़ एक्सप्रेस) और गाड़ी संख्या 12126/12125 को खालापुर तालुका के अंतर्गत आने वाले चौक स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की मांग करता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में पुणे से मुंबई पुरानी रेलगाड़ी लोनावाला से करजत- कल्याण होते हुए सीएसटी तक चलती है और इस मार्ग पर आंध्र प्रदेश, केरल और दक्षिण भारत के कई रेलगाड़ियों का आवागमन होता है और रेलमार्ग पुराना होने के साथसाथ प्रतिवर्ष बारिश के समय में इस घाट-सेक्शन में लैंडस्लाइडिंग होती है और मुंबई जाने के लिए यह रेलमार्ग ज्यादा लंबा और दूर पड़ता है और पनवेल और उनके बीच नया एयरपोर्ट बन रहा है और इसके साथ ही साथ में रेलवे का भी कार्य चल रहा है और पनवेल तक जेएनपीटी में इस मार्ग से बहुत अधिक मात्रा में सामान जाता है और अगर लोनावाला- खंडाला -खोपोली घाट स्टेशन में रेल मार्ग बनाई जाती है तो पनवेल होते हुए सीएसटी जाने को सुगम होगा और इस रेलवे मार्ग से रेल विभाग को भी अच्छी आमदनी होने के साथ ही साथ जनता को भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त होगा और भविष्य में इस रेलमार्ग पर फास्ट ट्रेन भी चलाई जा सकती है। मैं इस बजट के माध्यम से लोनावाला -खंडाला घाट सेक्शन बनाकर नई रेलवे लाइन बनाए जाने की मांग करता हूं।

देशभर के बहुत से ऐसे रेलवे स्टेशन है जहां आज भी स्टेशन पर कोई आधुनिक सुविधा नहीं है और इन सभी पुराने रेलवे स्टेशनों को सुधारने की आवश्यकता है। इन स्टेशन पर दिव्यांग और बुजुर्गों हेतु लिफ्ट की सुविधा दिए जाने की आवश्यकता है।

मुम्बई और उपनगरीय शहरों में लोकल रेल सेवा है जिससे रेलवे को भारी मात्रा में आमदनी मिलती है। इस उपनगरीय लोकल सेवा में सुधार की आवश्यकता है और इन उपनगरीय क्षेत्रों में ज्यादा लोकल ट्रेन चलाई जाने की आवश्यकता है।

मुंबई से कोंकण कई ट्रेनें हैं लेकिन अगर पिंपरी चिंचवड से होते हुए हिंजेवाड़र पौंड रोहा, इस कोंकण मार्ग तक नई ट्रेन चलने के लिए मैंने कई बार मांग की है अगर यह नया रेल मार्ग बनता है तो पुणे से कोंकण जाने वाले रेल प्रवासियों को सुविधा प्राप्त होगी।

मध्य रेलवे के अंतर्गत सेंट्रल हार्बर में खंडेश्वर रेलवे स्टेशन आता है और इस स्थान पर छोटा खांदा गांव में पोल नं. 46/212 पड़ता है। और इस स्थान पर सबवे निर्माण किए जाने की मांग मैं बहुत समय से करता आया हूं। यह विषय मैंने पहले भी पत्र के माध्यम से आपके संज्ञान में लाया है। इसके साथ ही साथ महाप्रबंधक, मध्य रेलवे की अनेक बैठकों में भी यह विषय उठाया गया है।

आज मैं स्थानीय ग्रामीण वासियों के साथ स्वयं इस स्थान का दौरा कर स्थिति को समझा और देखा कि यहां के स्थानीय ग्राम वासियों के साथ ही साथ विद्यार्थियों और बुजुर्गों को यहां से रेलवे क्रॉसिंग करने में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण इन लोगों को वहां से लगभग 4-5 किलोमीटर दूर जाकर क्रॉस करना पड़ता है। मेरा आग्रह है कि इस स्थान पर अतिशीघ्र सबवे का निर्माण किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल सके।

सरकार ने देश मे 'रेलनीति' के तहत स्टेशनों पर अनेक जरूरतमंद व्यक्तियों को फ्रेस जूस/फल स्टाल आवंटित किए हैं ताकि ये अपने बच्चों को उचित शिक्षा, अच्छा रहन-सहन दे सकें। वर्तमान में इनकी आय न के बराबर रह गई है और इनको अपने परिवार के भरण-पोषण में काफी कठिनाई हो रही है, अत:, इन बूथों पर रेलनीर, बिस्किट, चॉकलेट सहित अन्य चीजें बेचने की अनुमति दिए जाने की आवश्यकता है जिसकी आय से ये अपने परिवार एवं बच्चों की अच्छी तरह से देखभाल कर सकें। देश में रेलवे स्टेशनों पर कई छोटे स्टाल उनकी जीविका का साधन हैं। वर्तमान रेल पॉलिसी के अनुसार इनको समाप्त करने की कोशिश की जा रही है और बड़े वेंडरों का ध्यान रखा जा रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि सरकार उपरोक्त दोनों विषयों पर गहनता से विचार करे और रेलनीति में आवश्यक बदलाव कर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर फ्रेस जूस/फल विक्रेताओं को स्टालों पर रेलनीर, बिस्किट, चॉकलेअ इत्यादि चीजें बेचने की अनुमति प्रदान करें और छोटे वेंडरों की समस्याओं का निदान करें। जिससे ये लोग अपने परिवार की अच्छी तरह से देखभाल एवं आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। मैं रेल बजट की अनुदानों की मांगों वर्ष 2020-21 का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI): Sir, in the Railway Budget, this time certain new ideas have also been presented, such as solar power-driven network and introduction of private trains. With regard to financial push also, there is a good consideration. Safety aspect is also addressed. Similarly, introduction of more Tejas like trains connecting tourism destinations is also a new idea. Kisan train also seems to be a new idea. All these things are good. Let us hope for the best.

Now, when we are making new improvements, we have to keep certain things in our mind. When we are doing any planning, we must realise the ground reality of India. When we are making things in accordance with the economic viability, we must keep in mind the social viability also. I am of the firm opinion that economic viability should be coupled with social viability also. If we make PPP or privatisation, it should not be at the cost of public sector. We have to keep that in mind.

There is a bitter experience before us. When we are talking about private train, railway privatisation and other things, we have to keep BSNL versus the private telecom companies in mind. What is the result? The private telecom companies have grown because of the appeasement of the Government. As a result, what happened? The BSNL was laid up and that is now on the death bed. When private telecom companies attained height and weight, they started showing their colour. There is a phrase in Malayalam, *pattil pothinja bhasanam,* that means, poison packed in the silk. That is what happened in the case of BSNL. So, we have to be very careful when we are

introducing this kind of privatisation. That should not be at the cost of the public sector. May God save this country!

Now, with regard to Kerala, it can be seen in the Railway Budget that the State of Kerala has been completely side-lined, as none of the longstanding demands of the State has been properly addressed. There are examples like Special Zone for Kerala, Angamali-Sabari rail line, Nilambur Nanjangud rail line, Thirunavaya-Guruvayur rail line, which is in my constituency, Palakkad coach factory, additional trains from Calicut-Bengaluru like Intercity/Jan Shatabdi, increase in the frequency of trains like Rajdhani Express, third line between Mangalore and Trivandrum, extension and increase in the frequency of various trains, provision of more MEMU coaches for Palakkad Division to connect Coimbatore and Ernakulam from Calicut, extension of Yeshwantpur-Kannur Express to Calicut and introduction of Tejas like trains from Mangalore to Bengaluru *via* Palakkad, Mangalore-Trivandrum and Mangalore-Chennai routes. All these demands were presented on time. Unfortunately, they have not been considered. In my case, in regard to the Thirunavaya-Guruvayur rail line, I have stated that Guruvayur is the most famous temple. So, this railway connection will be very helpful to the people there.

Now, my point is with regard to the stoppage of trains. We used to make so many representations to the Minister and the Railway Board. They are all giving technical kind of problems. In my constituency, there are five railway stations. Tirur is the railway station headquarters as far as Malappuram district is concerned. We need stoppage of trains like Kochuveli-Chandigarh Sampark

Kranti Express, Kochuveli-Amritsar Express, Tirunelveli-Hapa Express, Kochuveli-Dehradun Express, Jammu Tawi-Mangalore-Navyug Express, Tirunelveli-Dadar Express, Coimbatore-Bikaner Express, Trivandrum-Nizamuddin Express, Trivandrum-Nizamuddin Rajdhani Express, Trivandrum-Nizamuddin SF, Trivandrum-Nizamuddin weekly SF and Jan Shatabdi at the district headquarters.

Sir, Malappuram is the biggest district in Kerala as far as size and population are concerned. All the trains are going through Tirur station, the headquarters station but there is no stoppage for any of these trains there. I humbly request the hon. Minister to do justice to my constituency, my district and my State. I don't want to say much on this.

With regard to passenger amenities, we all make so many representations. With regard to construction of roof at platforms, that is not there. Railways say that there are certain yardsticks for that. I don't know what are your yardsticks. People with their families wait there in the hot sun and even rains. What I am suggesting is that special consideration for passenger amenities in all these stations like Parappanangadi, Tanur, Tirur, Kuttippuram and Pallippuram should be given.

Towards the end, I would like to say something about some general issues like cleanliness in the compartments. It is very bad. Special attention should be given to that. Similar is the condition of coaches. Chairperson, Sir, you maybe knowing it very well that all kinds of compartments and coaches, which are in bad condition, come to Kerala. I don't know where they get these

coaches from. I think they are prepared only to be transferred to Kerala. That needs to be corrected. We hope that justice will be done to Kerala in this regard. Thank you, Sir.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): सर, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने रेलवे मंत्रालय की डिमाण्ड फॉर ग्राण्ट्स पर बोलने का मौका दिया।

सभापति जी, 2019-20 का रेलवे बजट 68,105 करोड़ रुपये थे, जिसको मोदी जी ने के नेतृत्व में सरकार ने बढ़ाकर 70,250 करोड़ रुपये किया है। इसके लिए मैं सरकार को बधाई दूंगा कि गरीब आदमी को, देश के अंदर, उसकी आत्मा के रूप में एक-दूसरे से जोड़ने के लिए कनेक्टिविटी के रूप में रेलवे काम करती है। देश में गरीब से गरीब आदमी भी जब कहीं रोजगार के लिए या काम करने के लिए जाता है, तो वह अपने गन्तव्य पर पहुंच जाता है। जब उसे अपने घर पर जाना हो तो अगर रेल का माध्यम देश में न हो तो लोगों का मिलना कितना दूभर होगा, इसकी चिन्ता माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में माननीय रेल मंत्री जी कर रहे हैं। रेल राज्य मंत्री जी यहां बैठे हैं। रेल का बजट बढ़ाया गया है और इस बजट को बढ़ाने से निश्चित रूप से 6549 करोड़ रुपये केवल नॉर्थ ईस्ट में रेलवे कनेक्टिविटी और रेलवे की जितनी नई लाइन्स डाली जाएं, वे ब्रॉडगेज बनें, इसके लिए दिए गए हैं। देश के 70 साल की आजादी के पीरियड में तकरीबन सारी रेल लाइन्स की ब्रॉडगेजिंग पूरी कर ली गई है, इसके लिए रेल मंत्री जी, रेल मंत्रालय और भारत सरकार को मैं बधाई देना चाहता हूं। पहले जो मैनुअल रेलवे क्रॉसिंग फाटक थे, जिनसे अक्सर कहीं न कहीं एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता था, उनको भी अब एक तरह से इलेक्ट्रॉनिक करने के बाद, ऑटोमैटिक किया गया है। देश की प्रगति के रूप में एक बहुत बड़ा काम सरकार ने किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि हम सभी लोगों और भारत की जो पहचान है, वह धार्मिक स्थलों से है। हमारी संस्कृति, जो हमें भारत में धरोहर और विरासत के रूप में मिली है, उसे कहीं न कहीं लोग विलुप्त करने का प्रयास करते रहे हैं, आगे भी करते रहेंगे, लेकिन इस सरकार ने रेलवे के माध्यम से चाहे माता वैष्णों देवी तक जाने के लिए दिल्ली से कटरा तक वन्दे मातरम एक्सप्रेस चलाने की बात हो, जो 2009 में चेन्नई में मेक इन इंडिया के माध्यम से बनी हुई है, जिसके एक-एक नट-बोल्ट भारत में बने हों और एक विदेशी तकनीक के आधार पर इस रेल का निर्माण हुआ है, का उद्घाटन माननीय अमित शाह जी ने किया था। उससे पहले माननीय प्रधान

मंत्री जी ने बनारस से उज्जैन जाने के लिए महाकाल एक्सप्रेस, एक नई ट्रेन चलाई थी। लोगों की जिस प्रकार की आस्था होती है, उसे ध्यान में रखते हुए, उसी प्रकार की राजधानी एक्सप्रेस, उसी पैटर्न की ट्रेन्स का निर्माण करके चलाने का जो काम किया है, वह भी एक सराहनीय काम है। मैं इस बात के लिए भी बधाई देना चाहता हूं। नॉर्थ ईस्ट में बहुत सी ताकतें लगी रहती हैं कि नॉर्थ ईस्ट को भारत से अलग कर दिया जाए, भारत के टुकड़े कर दिए जाएं, इस प्रकार की मानसिकता के लोग भी हैं, लेकिन पिछली सरकारों ने उन लोगों पर कहीं न कहीं कम विश्वास रखा होगा, इसलिए वे लोग अपने आपको छूटा हुआ महसूस करते होंगे, इसलिए भारत के प्रति उनका लगाव कम नजर आता रहा होगा। वर्ष 2014 की सरकार बनने के बाद से ही इस बात की चिन्ता माननीय प्रधान मंत्री जी ने की है कि नॉर्थ ईस्ट में जो उनकी फसलें हैं, जो उनकी आमदनी है, उसको बढ़ाया जाए और भारत के अन्य क्षेत्रों से कनेक्टिविटी के माध्यम से उनको जोड़ने के लिए इस 70,000 करोड़ रुपये के बजट में से 6549 करोड़ रुपये नॉर्थ ईस्ट के लिए दिए गए हैं।

देश में जो अच्छे विकास के कार्य 'सबका साथ, सबका विकास' की कड़ी के माध्यम से किए जा रहे हैं, उनके चलते रेलवे के माध्यम से गरीबों में विश्वास बढ़े और जब वे रेल की यात्रा करें तो वे महसूस करें कि उन्हें भी सुविधाएं मिल रही हैं। मैं देश की राजधानी दिल्ली की बात कर रहा हूं और राज्य मंत्री जी सदन में बैठे हैं। मेरा उनसे निवेदन है कि जनप्रतिनिधि अधिकारियों को लोगों की पीड़ा बताते हैं, लेकिन समय पर काम नहीं हो पाता है। यदि ब्यूरोक्रेट्स यह सोचें कि वे जो कर रहे हैं, वही सही है तो क्यों अरबों-खरबों रुपया लोकतांत्रिक पद्धति के लिए चुनाव लड़कर राज्य सभा, लोक सभा और विधान सभा बनाने की आवश्यकता रहती। जनप्रतिनिधि जनता की बातों को अधिकारियों तक पहुंचाते हैं और कहीं न कहीं वे अधिकारी मंत्रियों को सैटिस्फाई करके वे काम छोड़ देते हैं कि यह काम असंभव है। मेरा आपसे निवेदन है कि सभी विभागों के केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री, जो मोदी सरकार में हैं, वे ऐसे काम करें कि everything is possible. जो काम 50 सालों में कभी नहीं हो पाए और मोदी जी कर सकते हैं तो वे काम इन विभागों में क्यों नहीं हो सकते हैं। यदि कोई नेचुरल चीज है, जो प्रकृति के माध्यम से बनाई जाए, वह काम किसी के

हाथ में न हो, तो मैं मान लूं, लेकिन मैन्युअली चीजों को ठीक करना या आधुनिक बनाना है, तो उस काम के लिए अधिकारी, यदि मंत्रियों को यह कहें कि यह काम तो संभव नहीं है, तो मंत्रियों को इस बात को देखना चाहिए।

मैंने कुछ प्रश्न लगाए थे, कुछ ट्रेनों के बारे में प्रश्न थे। तुगलकाबाद एक रेलवे स्टेशन है। वहां पंजाब मेल ट्रेन आती है। तुगलकाबाद स्टेशन में पंजाब मेल ट्रेन और उत्कल एक्सप्रेस का स्टापेज होना चाहिए। उन्होंने मुझे जबाव दे दिया कि इसकी आवश्यकता नहीं है। मैंने कहा कि वहां के वेटिंग रूम को एसी कर दिया जाए। मैंने कहा कि हम सांसद फंड से पैसा देने को तैयार हैं। वे कह रहे हैं कि इसकी कोई आवश्यकता ही नहीं है। मेरी ये डिमांड्स हैं, जिनके माध्यम से देश के लाखों लोगों को लाभ मिलना चाहिए। अधिकारी वर्ग प्रश्नों के उत्तर में मंत्रालय द्वारा भेज देते हैं कि यह कार्य संभव नहीं है। इसी प्रकार से पालम रेलवे स्टेशन से चेतक एक्सप्रेस निकलती है। खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए लोग उसमें जाते हैं। बदरपुर में दस लाख लोगों की आबादी है। तुगलकाबाद, खान पुर, संगम विहार, कालका जी, ओखला के लोगों को तुगलकाबाद से वापस निजामुद्दीन आना पड़ता है। यदि ट्रेन का तुगलकाबाद में एक मिनट का स्टापेज हो जाएगा, तो लोगों को निजामुद्दीन नहीं जाना पड़ेगा। इसी प्रकार से बृजवासन के अंदर वर्ष 2008 में तय हुआ था कि मुम्बई से आने वाली ट्रेनों के लिए बृजवासन में रेलवे स्टेशन बनाएंगे। वह काम आज तक बंद पड़ा हुआ है, वह काम क्यों शुरू नहीं हो रहा है? इसी प्रकार पालम के पास रेलवे की जमीन है। वहां सफाई के लिए पीयूष जी ने एमसीडी के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। एमसीडी को यदि वह जमीन ट्रांसफर कर दी जाए, तो उस जमीन का विकास हो जाएगा। शाहबाद, बृजवासन, तुगलकाबाद और पालम रेलवे स्टेशन हैं। मैं सांसद फंड देने के लिए तैयार हूं तो रेलवे के अधिकारियों को क्या आपत्ति हो सकती है। मेरा निवेदन है कि जो लोकल पैसेंजर घरों के पास बाउंडरी वॉल के साथ-साथ निकलते हैं, वहां बाउंडरी वॉल का निर्माण किया जाए और ओखला की पार्किंग का काम किया जाए। मैं इस बात को कहते हुए अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं कि मंत्री सदस्यों की बात की चिंता किया करें, अधिकारी तो बहाने बनाते ही रहते हैं।

DR. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA): Sir, thank you very much for giving me this opportunity.

I really appreciate the patience of the Minister concerned to listen to all these requests. But, when it comes to my State, Telangana, in the last so many Budgets we did not get even a single new line. So, my request is that the first phase of MMTS, which is there in Hyderabad, may please be extended up to Vikarabad, which is about 100 km. from Lingampalli. The congestion in Hyderabad is very huge. So, if this is extended, it will ease that congestion. The congestion in Hyderabad will go down and the pressure on housing will also come down and, in turn, the time saved will also be huge. It is because we can come up with new IT sector in that area. Definitely, all this will have a great impact on the congestion in Hyderabad. So, I only request you to extend the first phase of MMTS from Lingampalli to Vikarabad. We do not want any new line. I am only requesting you to extend the existing service.

When it comes to Navangi Station, this is the last Station in my State of Telangana. Only one single train stops at that Station, that too early in the morning at 6.30. After that, not a single train stops there. I request you to kindly provide a stop for Hubli Express, Link Express, Husain Sagar Superfast Express at least for two or three minutes. In other Station, that is at Tandur these trains stop for more than 15 minutes. If they can be stopped for 10 minutes there and stop for even two minutes here, it will be of great help.

I request that Garib Rath and Padmavathi Express trains to be stopped at Tandur Station. I request that Konark Express be stopped at Vikarabad. The

request has already come from Secunderabad. So, I request you to accede to that request.

As far as beautification is concerned, since long we have been requesting you to come up with a water fountain park at Tandur Station.

Let me now come to ROBs. The ROB which is supposed to be built at the local town in Tandur has been pending for a very long time. We have been making this request at least for the last seven or eight years. It is still pending for some reason. This is the first application I gave after I became the Member of Parliament for the first time. So far nothing has happened. I request you to kindly go through these things.

I request you to provide one more Foot Over Bridge at Vikarabad railway line. I request that Garib Rath be stopped at Vikarabad. You are not giving any new line to my State, Telangana. Of course, I understand all the Members will be requesting you for stoppage in their respective constituencies. To do this, the speed of the train has to be increased. Your Ministry must definitely have some inputs for increasing the speed of the trains.

Thank you for giving me this opportunity.

***श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा):** पिछले वर्षों में रेलवे ने यात्री सुविधाओं के विकास में नये आयाम स्थापित किये हैं। रेलवे स्टेशन पर स्वच्छ भारत अभियान का परिणाम परिलक्षित होता है। स्टेशनों को वाईफाई से जोड़ना हो, नई ट्रेनों का संचालन हो, रेलवे लाईनों का विद्युतीकरण हो अथवा यात्रियों की सुरक्षा का विषय हो, सभी मामलों में रेलवे ने अच्छे प्रयास कये हैं। मैं मेरे लोक सभा क्षेत्र भीलवाड़ा से संबंधित कुछ मांगों की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जिसमें ट्रेनों का ठहराव जिसकी मैं लम्बे समय से मांग करता रहा हूं।

प्रमुख रूप से उ0प्र0 रेलवे में भीलवाड़ा के रायला स्टेशन पर ट्रेन नं0 14801/14802 इन्दौर जोधपुर, ट्रेन नं0 12991/12992 उदयपुर जयपुर इंटरसिटी, ट्रेन नं0 19609/19610 जयपुर हरिद्वार एक्सप्रेस का ठहराव कराया जाये।

इसी प्रकार ट्रेन नं0 12982 चेतक एक्सप्रेस में एक फर्स्ट एसी कोच लगाया जाये, वर्तमान में एक भी फर्स्ट एसी कोच नही है तथा पश्चिम मध्य रेलवे में मांडलगढ़ स्टेशन पर ट्रेन नं0 13424 अजमेर भागलपुर का ठहराव कराया जाये एवं बरून्दनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ायी जावे ताकि यात्रियों के उतरने-चढ़ने में असुविधा नहीं हो तथा उदयपुर कोटा के मध्य एक लोकल ट्रेन चलाने की मांग भी करता हूं। ट्रेन न0 29020 मेरठ सिटी मन्दसौर लिंक एक्सप्रेस का ठहराव बरून्दनी एवं उपरमाल स्टेशन पर कराया जावे, ट्रेन नं0 59834 मन्दसोर कोटा पैसेंजर लोकल ट्रेन है, जो सभी स्टेशनों पर रूकती है, परन्तु उपरमाल स्टेशन पर ठहराव नहीं है। इस ट्रेन का ठहराव उपरमाल स्टेशन पर कराया जावे।

मेरे लोक सभा क्षेत्र के बरून्दनी स्टेशन, जो कि पश्चिम मध्य रेलवे में आता है, इसके पास अंडरब्रिज नं0 387 कि.मी. 116.4 से 116.5 के मध्य स्थित है, इसमें पानी भरता है तथा ऊंचाई भी पर्याप्त नहीं है।

---

* Speech was laid on the Table.

एक और नई रेलवे लाइन की मांग, जो कि आजादी से पहले स्वीकृत हुई थी, उसे भी मैं सदन के माध्यम से डालने की मांग करना चाहूंगा। यह रेलवे लाइन जयपुर से नाथद्वारा वाया मालपुरा, टोडारायसिंह केकड़ी, शाहपुरा लाम्बिया है, इस पर काम प्रारंभ हुआ तथा टोडारायसिंह तक लाईन बिछ गई थी, आगे भी पटरी के लिए कच्चा ट्रैक बिछा दिया गया, परन्तु काम पूरा नहीं हो सका। इसकी अत्यंत आवश्यकता है।

भीलवाड़ा जिले में मेमू कोच कारखाना स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा के निकट रूपाहोली ग्राम में रेलवे को भूमि का आबंटन किया था, जमीन अभी भी रेलवे के पास है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि रेलवे के लिए जो आवश्यक है, उन कोच / उपकरणों से संबंधित कारखाना लगाया जाये।

* **श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी):** रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों का समर्थन करते हुए पिछले कार्यकाल सहित वर्तमान सरकार बेहतर रेल सेवा प्रदान करने के लिए लगातार योजनाओं को लागू करने के साथ ही आवश्यक परिवर्तन भी कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप जहां रेलों में बेहतर साफ-सफाई, व्यवस्थाओं में सकारात्मक परिवर्तन, बेहतर भोजन जलपान के साथ ही रेलें समय पर चल रही हैं। प्रशासनिक सुधारों के साथ प्रणाली में सुधार के लिए लगातार शैक्षिक, ऑपरेटिंग व इंजीनियरिंग क्षेत्रों में भी व्यापक सुधार किये गये हैं। लगभग पूरे देश में ब्रॉडगेज परिवर्तन सहित रेलों की संख्या भी बढ़ी है तथा मैट्रो व अन्य रेलों सहित सरकार बुलेट ट्रेन पर भी काम कर रही है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर में पहले से ही रेल सेवा काफी कम क्षेत्र को स्पर्श करती है, इसके बावजूद मेरे लोक सभा के मैलानी-नानपारा के बीच रेल सेवा को 16 फरवरी, 2020 को बंद कर दिया गया है। मैंने इस रेल सेवा को प्रारंभ करने के लिए नियम 377 के तहत मांग सहित माननीय रेल मंत्री जी, माननीय रेल राज्य मंत्री से भी अनुरोध किया है। इस पर माननीय रेल मंत्री जी ने उक्त रेल सेवा जारी रखने का आश्वासन दिया है।

मैं अनुदान मांगों का समर्थन करते हुए सरकार व माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा की मैलानी-नानपारा रेल सेवा को पुनः प्रारम्भ करने के साथ ही उक्त रेल लाइन को ब्रॉडगेज परिवर्तन करने तथा वैकल्पिक मांग की व्यवस्था होने तक यह रेल सेवा जारी रखें तथा मेरे लोक सभा क्षेत्र में प्रस्तावित नये रेल मार्ग पलिया-निघासन-बेलरायॉ का सर्वे कराकर उसका निर्माण शीघ्र पूरा किया जाये तथा मैलानी-कतरनिया रेल बस सेवा व मैलानी-भीरा में रेल संग्रहालय का निर्माण शीघ्र कराने हेतु व मैलानी-नानपारा रेल लाईन पर रेल सेवा शीघ्र प्रारम्भ कराने हेतु आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें। धन्यवाद।

---

* Speech was laid on the Table.

***श्री अक्षयवर लाल (बहराइच):** पिछले वर्ष 2019 में रेल बजट की चर्चा में मैंने जनपद-बहराइच (उ0प्र0) के प्रमुख रेल से संबंधित मामलों के बारे में माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह किया था, परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई प्रारम्भ नहीं हुई है। लोक सभा क्षेत्र बहराइच से पूर्व में जितने भी माननीय सांसद चुनकर संसद में आए हैं, सबकी एक प्रमुख मांग रही है कि बहराइच से जरवल लगभग 60 कि0मी0 तक लंबी रेलवे लाइन बनाकर जोड़ा जाये। इससे बहराइच का मुख्य रूप से विकास होगा तथा जनपद-बहराइच, जनपद-श्रावस्ती एवं नेपाल देश से बहाइच-जरवल-लखनऊ होते हुए देश के अनेक हिस्सों में आवागमन करने वाले लगभग बीस लाख लोगों को सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही साथ धन एवं समय की भी भारी बचत होगी। भारत से नेपाल देश तक प्रतिदिन हजारों ट्रक से सामान की ढुलाई होती है। बहराइच से रूपैड़िहा तक ब्राडगेज लाइन बन रहा है। बहराइच-जरवल बड़ी रेल लाइन बन जाने से देश के विभिन्न भागों से सामानों की ढुलाई रेल मार्ग से होगी जिससे रेल विभाग को बहुत बड़ी आमदनी होगी। साथ ही साथ बहराइच-नानपारा-नेपालगंज तक तथा बहराइच-नानपारा-मिहींपुरवा-बिछिया होते हुए मैलानी जं0 तक छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित कर ट्रेन चलाना, बहराइच से गोण्डा होते हुए लखनऊ-दिल्ली तक एवं छपरा-वाराणसी-प्रयागराज तक ट्रेनों का संचालन कराया जाये।

एक कहावत है कि "चौबे गए छब्बे होने, दुबे होके लौटे " दो पद घर से भी चला गया। यही हालत बहराइच जनपद की है। कहां नई रेलवे लाइन बिछाने, नई ट्रेन चलाने की मांग, जनता की मांग पूरी होती, इसके विपरीत ही कार्य किया जा रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच रेलवे स्टेशन से मैलानी जं0 तक लगभग 150 कि0मी0 लम्बी मीटर गेज रेलवे लाइन है, जिस पर सैंकड़ों वर्षों से ट्रेन का संचालन हो रहा है, जिससे हजारों की संख्या में जनता सुगमतापूर्वक अपने गन्तव्य स्थान तक आती-जाती है। बहराइच-मैलानी रेलवे

---

* Speech was laid on the Table.

लाइन वन क्षेत्र से होकर गुजरती है। बहराइच से मैलानी के बीच की दूरी 150 कि0मी0 है, जिसके बीच में सैंकड़ों ग्राम हैं तथा लाखों की संख्या में लोग निवास करते हैं। सबका अधिकांशतः ट्रेन से ही आना-जाना होता है । इसमें आधे से ज्यादा जनसंख्या अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों की है, जो अति गरीब है। ट्रेन संचालन बंद होने से गरीब जनता का संबंध बहुत से भू-भाग एवं गांव, कस्बों एवं शहरों से समाप्त हो जायेगा। आवागमन के लिए जनता को 1 रूपये की जगह 5 रूपया देना पड़ रहा है, जिससे गरीब जनता के ऊपर अधिक बोझ बढ़ने से उनका जीवनयापन दुर्लभ हो रहा है, तथा जनता का समय भी ज्यादा लगेगा। इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों का आवागमन दिनांक 16/02/2020 से बंद कर दिया गया है, जिससे लाखों लोगों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है। जगह-जगह जनता द्वारा धरना-प्रदर्शन, बाजार बंद कर इसका विरोध किया जा रहा है। जनता उद्वेलित होकर किसी भी रूप में अपना रोष एवं कष्ट प्रकट कर सकती है। जनता को सैंकड़ों वर्षों से मिलने वाली ट्रेन सुविधा से वंचित रखना मानवता के भी विरूद्ध है। सरकार एक तरफ जहां पहाड़ी दुर्गम क्षेत्रों में रेलवे लाइन बिछाकर जनता को ट्रेन की सुविधा दे रही है, वहीं पर उत्तर प्रदेश की जनपद बहराइच एवं लखीमपुर की जनता को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित कर देना किसी भी प्रकार से न्यायाचित नहीं होगा।

अतः, मैं माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार से यह मांग करता हूं कि बहराइच रेलवे स्टेशन से मैलानी जं0 तक चलने वाली ट्रेन के संचालन को जनहित में भविष्य में भी यथावत जारी रखने की कृपा करें।

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): माननीय सभापति, आपने मुझे रेलवे की अनुदान मांगों 2020-21 की चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, भारतीय रेलवे का एकल प्रबंधन व्यवस्था के तहत 68000 कि.मी. से अधिक रेलवे लाइन के साथ विश्व में तीसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। वर्ष 2018-19 के दौरान 120 करोड़ रुपए की माल ढुलाई और 840 करोड़ यात्रियों की संख्या के साथ विश्व में समस्त यात्रियों को लाने-ले-जाने का काम भारतीय रेल कर रही है। रेल की सुरक्षा के संबंध में मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा कि भारतीय रेल के द्वारा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। यही कारण है कि वर्ष 2018-19 के दौरान दुर्घटनाओं की संख्या 73 से घटकर 59 हुई है।

रेल की नई लाइनों का दोहरीकरण, विद्युतीकरण और स्वच्छता पर जो विशेष ध्यान दिया गया है, उसके लिए भी मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी को बधाई देता हूं क्योंकि जो बॉयो-टॉयलेट बनाए गए हैं, मैं यहां पर सभी को बताना चाहूंगा कि मैं बुलंदशहर से आता हूं और लखनऊ जाने के लिए ज्यादातर लखनऊ मेल से जाना होता है। पहले भी जाना होता था, लेकिन जो बॉयो-टॉयलेट बने हैं और जो सफाई की व्यवस्था सुधरी है, उसके कारण यात्रियों को सफर करने में सफर का आनंद आता है वर्ना पहले टॉयलेट में जाना तो बहुत बड़ी बात थी, उसके पास खड़ा होना भी बड़ा मुश्किल हो जाता था। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा।

महोदय, रेल बजट 2020 में इस देश के अन्नदाता किसानों के हित में सरकार ने किसानों की जो उपज है, जैसे फल, सब्जियां और बहुत जल्दी खराब होने वाले उत्पादों के लिए नई किसान रेल सेवा भी शुरू की है।

किसानों को अपने उत्पाद को इधर-उधर ले जाने के लिए रेफ्रिजरेटर युक्त स्पेशल ट्रेन चलाना, एक सराहनीय कार्य है। यह सरकार और प्रधान मंत्री जी द्वारा किया गया है, मैं इस

सराहनीय और ऐतिहासिक कार्य के लिए उनको अपने क्षेत्र के समस्त किसानों की ओर से बधाई देना चाहूंगा।

सभापति महोदय, अब मैं अपने लोक सभा क्षेत्र बुलंदशहर के बारे में आपको अवगत कराना चाहूंगा कि मेरा क्षेत्र यहां से मात्र 75 किलोमीटर की दूरी पर है और दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा है। यहां पर भारी तादाद में फल, सब्जियां, गन्ना और दूध का उत्पादन होता है। दूध, फल, सब्जियां एवं अन्य बहुत सारी वस्तुएं बुलंदशहर से दिल्ली आती हैं। इसके साथ-साथ बुलंदशहर को एक धार्मिक स्थल माना जाता है। अनूपशहर गंगा छोटी काशी के नाम से मशहूर है और उसके साथ-साथ पवित्र स्थल कर्णवास, मां अवंतिका देवी का मंदिर और नरौरा में परमाणु एटॉमिक एनर्जी पावर प्लांट, ये सारी चीजों के साथ-साथ, मेरे क्षेत्र से बहुत सारे लोगों को रोजगार एवं कार्य के लिए दिल्ली में आना-जाना होता है। मैं आपको अवगत कराना चाहूंगा कि वर्ष 2015 के दौरान मेरे क्षेत्र के लिए दादरी, सिकन्दराबाद, बुलंदशहर, जहांगीराबाद, अनूपशहर होते हुए नरौरा के लिए, दिल्ली लाइन को अलीगढ़, मुरादाबाद में जोड़ती है, उसका सर्वे हो चुका है। मैं आग्रह करूंगा कि जो सर्वे पूर्ण हुआ है, उस पर कार्य किया जाए।

<u>17.56 hrs</u> (Shrimati Meenakashi Lekhi *in the Chair*)

दूसरा, मैं अपने आदरणीय प्रधान मंत्री जी एवं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि वर्ष 2014 के चुनाव में जब माननीय प्रधान मंत्री जी वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए थे, तब वहां से सीधा बुलंदशहर में चुनाव से संबंधित सभा करने के लिए आए थे। बुलंदशहर के लिए एक नई ट्रेन, जो इलाहाबाद-उधमपुर एक्सप्रेस, गाड़ी नम्बर 22431 है, उन्होंने उसका बुलंदशहर में स्टॉपेज दिया है, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मेरे यहां एक गाड़ी केजीसीआर, खुर्जा पैसेंजर जाती है। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप कंक्लूड करिए। आपका समय समाप्त हो चुका है।

श्री भोला सिंह : सभापति महोदया, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं। जो ट्रेन खुर्जा जा कर रुकती है, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि खुर्जा की जगह बुलंदशहर में उसका स्टॉपेज बने और वह बुलंदशहर से आगे चले।

लिंक एक्सप्रेस, देहरादून-प्रयागराज और महाकाल एक्सप्रेस, इन दोनो गाड़ियों का ठहराव मेरे लोक सभा क्षेत्र बुलंदशहर के डिबई स्टेशन पर होना चाहिए। इसके साथ-साथ एक और सुझाव दूंगा कि इलाहाबाद-कोलकाता रूट से पंजाब जाने वाली बहुत-सी ट्रेन्स दिल्ली हो कर जाती हैं, अगर उन ट्रेन्स के रूट दिल्ली की बजाय, बुलंदशहर होते हुए सहारनपुर कर दिया जाए तो उनकी दूरी कम पड़ेगी और मेरे जिले को एक ट्रेन भी मिल जाएगी। इसके साथ-साथ मैं आग्रह करूंगा कि मेरे यहां फल, सब्जी एवं अन्य उत्पाद होते हैं, उनको देखते हुए जो नई किसान रेलगाड़ी शुरू हो रही है, तो बुलंदशहर में भी एक नई रेलगाड़ी शुरू की जाए। इन्हीं आग्रह के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, हमारी सभा का समय अब समाप्त होने वाला है, लेकिन अभी इस मुद्दे पर बोलने के लिए लगभग 50 लोग बाकी हैं, तो सभा का समय तब तक के लिए बढ़ाया जाए, जब तक कि यह मुद्दा समाप्त नहीं हो जाता। इसका जवाब कल मंत्री जी देंगे। आप सभी इस पर एग्री कर रहे हैं।

अनेक माननीय सदस्य : हां।

माननीय सभापति : हम सभा का समय बढ़ाते हैं।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : भोजन की व्यवस्था हो जाएगी।

इम्तियाज़ जलील जी। मैं रिपीट करना चाहती हूं कि मैं बोलने के लिए पांच मिनट से ज्यादा समय किसी को नहीं दूंगी। चार मिनट पर पहली घंटी बजेगी और उसके बाद आप कंक्लूड करिए। धन्यवाद।

श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील (औरंगाबाद): सभापति महोदया, मैं उस क्षेत्र से चुन कर आया हूं, जहां पर पिछड़ापन है और विकास की बहुत जरूरत है। इसलिए जब भी बजट आता है तो हम बहुत उम्मीद लगाए बैठते हैं कि कुछ न कुछ इस बजट के अंदर मिलेगा, लेकिन पिछले कुछ सालों से हमारे साथ नाइंसाफी होती आ रही है। इसकी वजह हम पहले समझते थे कि चूंकि हम साउथ सेंट्रल रेलवे के साथ जुड़े हुए हैं, जबकि हमें सेन्ट्रल रेलवे के साथ होना चाहिए था। हम ने यह मांग बार-बार उठाई है, लेकिन मांग बार-बार उठाने के बाद भी हमें साउथ सेंट्रल रेलवे के साथ ही रखा गया है। चूंकि साउथ सेंट्रल रेलवे हमारे साथ इंसाफ नहीं कर रहा है, इसलिए हम सरकार से यह अनुरोध करते हैं कि मराठवाड़ा के क्षेत्र को सेन्ट्रल रेलवे के साथ जोड़ा जाए।

18.00 hrs

दूसरी बात यह है कि महाराष्ट्र में जब देखा गया कि कोंकण का क्षेत्र ऐसा है, जहाँ पर रेलवे का नेटवर्क बराबर नहीं है, तो एक सेपरेट कोंकण रेलवे कारपोरेशन तैयार किया गया था और कोंकण रेलवे कारपोरेशन बनने के बाद उस क्षेत्र का विकास बहुत तेजी से हुआ है। हमने उसी तरह की एक माँग की थी कि मराठवाड़ा रेलवे कारपोरेशन बनाया जाए ताकि इस पिछड़े क्षेत्र के साथ इंसाफ हो सके। इस ताल्लुक से, जब हमने साउथ सेन्ट्रल के जनरल मैनेजर को पत्र लिखा, कई सालों से उनको निवेदन देते आए हैं, तो उन्होंने लिखित रूप से बताया है:

"The matter is under the purview of Railway Board / Ministry of Railways."

इसीलिए हम आपसे अनुरोध करेंगे कि मराठवाड़ा के लिए एक सेपरेट रेलवे कारपोरेशन बनाया जाए ताकि मराठवाड़ा की प्रलम्बित माँगें पूरी हो सकें।

सभापति जी, हमारी माँगें बहुत हैं, चूँकि आपने वक्त बहुत कम दिया है, इसलिए हम अपना निवेदन यहाँ पर रखेंगे। लेकिन हम मंत्री जी के ध्यान में दो-तीन बातें लाना चाहते हैं।

परभणी-मनमाड़ डबलिंग और इलेक्ट्रिफिकेशन की माँगें पिछले 20 सालों से लंबित हैं। पूरे मराठवाड़ा क्षेत्र के जितने भी लोक प्रतिनिधि हैं, वे परभणी से मनमाड़ के लिए ट्रैक की डबलिंग

और इलेक्ट्रिफिकेशन की माँग करते आ रहे हैं। इसके लिए बार-बार निवेदन दिया गया है, आन्दोलन किए गए हैं, लेकिन इस माँग के संबंध में साउथ सेन्ट्रल रेलवे के जनरल मैनेजर के यहाँ से जब पत्र आया, तो उसमें उन्होंने जवाब दिया है:

"The preliminary Engineering-cum-Traffic Survey completed; Report submitted to Railway Board with a cost of Rs. 2,199 crore; and ROR of 2.12 per cent in December, 2017."

उसमें आखिरी लाइन यह लिखी गई है:

"The Railway Board shelved this project in February, 2018".

यानी इसका मतलब यह है कि हम 20 सालों से जिस चीज के लिए माँग कर रहे थे, उसके लिए रेलवे बोर्ड सिर्फ एक लाइन में लिखकर भेज देता है कि हम इस प्रोजेक्ट को इसलिए शेल्फ कर रहे हैं, क्योंकि इसका रेट ऑफ रिटर्न प्लस टू परसेंट है।

महोदय, हर चीज के लिए सौदेबाजी नहीं की जा सकती है कि यहाँ से फायदा कितना हो रहा है और यहाँ से नुकसान कितना हो रहा है। आप मुम्बई का मुकाबला औरंगाबाद से नहीं कर सकते हैं। आप दिल्ली का मुकाबला औरंगाबाद से नहीं कर सकते हैं। यह एक पिछड़ा क्षेत्र है। उसको डेवलप करने के लिए यदि सरकार के कदम उठाने की जरूरत पड़ रही है, लेकिन आप एक लाइन में लिखकर भेज दे रहे हैं। मेरे हिसाब से हमारे क्षेत्र के विकास के लिए यह बहुत जरूरी है कि यहाँ पर डबल लाइन का प्रोजेक्ट किया जाए।

इसके साथ ही, हमने एक और बात कही थी। हमने दो-तीन इश्यूज के ऊपर माँग की थी। हम औरंगाबाद में एक पिट लाइन बनाने की कई सालों से माँग कर रहे हैं। लेकिन हमें औरंगाबाद में पिट लाइन नहीं दी जा रही है। इसका हमें कोई कारण भी नहीं बताया जा रहा है। हमने जब इस बात पर ज़ोर दिया, तो सिर्फ 18 करोड़ रुपये का इसका एस्टिमेट बना है। यानी 18 करोड़ रुपये के एस्टिमेट में हमारे यहाँ 26 कोचेज की पिट लाइन बन सकती है। अगर कोचेज का मेनटेनेंस

औरंगाबाद में ही होता है, तो बहुत-सी नई लाइंस हमें मिल सकती हैं। इसका नतीजा क्या हो रहा है? अगर 18 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं, हमने साउथ सेन्ट्रल रेलवे को बहुत-सी माँगें भेजी हैं कि हमें यहाँ से ट्रेन्स चाहिए, हमें यहाँ से एक्सटेंशंस चाहिए। हरेक माँग के ऊपर उनका यही जवाब आता है:

"… due to non-availability of coach maintenance facilities at Aurangabad".

यानी हम 20 सालों से जो माँग कर रहे हैं कि एक पिट लाइन दी जाए, जिस पर महज 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे, अगर हमें वह दे दी जाए, तो हमारे यहाँ से नई ट्रेन्स शुरू हो सकती हैं, बहुत-से नए कनेक्शंस मिल सकते हैं और हम समझते हैं कि ओवरऑल जो क्षेत्र का विकास हो सकता है, वह विकास बहुत तेजी से होगा।

दूसरी बात, हमने बहुत-सी रेल कनेक्शंस की माँग की थीं, उनके लिए भी उनका यही कहना है:

"… due to non-availability of coach maintenance facilities at Aurangabad". हम यह नहीं दे सकते हैं।

तीसरी बात, मंत्री जी मैं आपसे अनुरोध करना चाहूँगा कि हमारे शहर औरंगाबाद में एक आरयूबी बनाना है। उसके लिए पिछले कई सालों से लोग माँग कर रहे हैं। शहर के बीचों-बीच रेलवे लाइन जा रही है, दो लाख लोग लाइन के उस तरफ रहते हैं। यानी जब भी ट्रेन पास होती है, तो लोगों को रुकना पड़ता है। इसके बारे में जब हमने मीटिंग ली, जब आन्दोलन हुआ, शिवाजी नगर इलाका है, उस शिवाजी नगर और मुकुंदवाड़ी इलाके में जब हमने रेलवे वालों से बात की, तो उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने इसका एस्टिमेट तैयार किया है, जो 38 करोड़ रुपये का है। जबकि अगर यह काम रेलवे करेगा, तो वह यह काम महज छ: करोड़ रुपये के अन्दर करेगा। मैं आपसे हाथ जोड़कर विनती करता हूँ कि ये काम हमारे औरंगाबाद शहर के लिए बहुत जरूरी हैं।

महज 18 करोड़ रुपये में पिट लाइन बन रही है और छ: करोड़ रुपये में शिवाजी नगर का आरयूबी बन जाएगा, तो बहुत हद तक वहाँ के लोगों को राहत मिलेगी।

मैं आपसे उम्मीद करता हूँ कि आप जिस तरह से सबके विकास की बात कर रहे हैं, उसी तरह से हमारा विकास भी उतना ही जरूरी है। इस बार हम उम्मीद करेंगे कि आप कम-से-कम हमारे ये प्रोजेक्ट्स साइन कर देंगे।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

* **श्री मितेष पटेल (बकाभाई) (आनंद):** अहमदाबाद जिला के धोलका ताल्लुका में अरणज गांव में श्री बुटभवानी माता का ऐतिहासिक मंदिर है। यहां प्रतिदिन 5-6 हजार श्रद्धालु माता जी के दर्शन के लिए आते हैं। यहां की स्थानीय जनता, ट्रस्ट एवं श्रद्धालुओं की वर्षों से यह मांग रही है कि मेरे संसदीय क्षेत्र आनंद के तारापुर से अरणज तक नई रेल लाईन बिछायी जाये एवं इस बजट सत्र 2020-21 में इस विषय को शामिल किया जाये तथा अरणज स्टेशन, जिसे फ्लैट स्टेशन श्रेणी में रखा गया है, उसे "बी" श्रेणी में शामिल करें, जिससे स्टेशन के विकास में मदद मिले। मैं माननीय रेल मंत्री एवं वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे क्षेत्र की जनता की वर्षों से लंबित मांग को पूरा कर अनुग्रहीत करने की कृपा करें।

* Speech was laid on the Table.

***DR. M.K. VISHNU PRASAD (ARANI):** I urge upon the Government to consider my following demands in respect of Parliament Constituency of Tamil Nadu:

In my Arani Constituency, there are two new projects called 'Tindivanam-Nagari' and 'Tindivanam-Thiruvannamalai' are yet to start for almost ten years. It seems these two projects are delayed due to land acquisition. Kindly expedite the process and complete the project.

To provide stoppage of trains at Mailam (Villupuram-Tambaram Express Passenger) and Polur Stations.

Kindly ensure that these two requests are fulfilled and reduce the burden of Arani Constituency people.

---

* Speech was laid on the Table.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदया, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने रेलवे की अनुदानों की मांगों पर मुझे बोलने का अवसर दिया।

भारत के पास न केवल दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है, बल्कि ऐसा नेटवर्क है, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तथा राजस्थान से गुवाहाटी तक पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोता है। भारतीय रेल पिछले 170 वर्षों से इस देश की जनता को किफायती तथा सुलभ यातायात उपलब्ध कराती आ रही है। निश्चित रूप से रेल सस्ता साधन भी है और आम आदमी, गरीब आदमी का अगर कोई साधन कहा जाता है तो वह रेल को कहा जाता है।

सभापति महोदया, विकट परिस्थितियों के अंदर, चाहे युद्ध का समय हो, आपातकाल हो, पयर्टन तथा खाद्यानों और पानी की कमी, जब-जब भारत को ज्यादा से ज्यादा साजो-सामान एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की आवश्यकता पड़ी, भारतीय रेल सरकार की अपेक्षाओं पर खरी उतरी, जिसका नतीजा है कि वर्ष 2018-19 में 8,439 मिलियन यात्रियों ने रेल को यातायात का साधन चुना। भारत की एकता व अक्षुण्णता में रेल की महत्वपूर्ण भूमिका को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में उत्तर पूर्व, नॉर्थ-ईस्ट, जहां रेलवे की कोई सुविधा नहीं थी, सबसे पिछड़े इलाके थे, सरकार ने वर्ष 2014 से 2020 में नॉर्थ-ईस्ट में रेलवे में बहुत बड़ा काम किया है। मेरे से पूर्व बोलने वाले सदस्यों ने भी इस बारे में कहा है।

खुशी की बात यह है कि आज कांग्रेस के ज्यादातर सदस्यों ने भी भारत सरकार की प्रशंसा की कि रेलवे के मामले में बड़ा काम हुआ है। 50-60 सालों में जो विकास नहीं हुआ, सरकार ने इन छ: सालों में रेल की सुध ली। पहले दो बजट हुआ करते थे। जब हम स्कूल-कॉलेज में पढ़ते थे, तब एक बजट रेल का आता था और फिर दूसरा बजट आता था। हम सोचते थे कि यह कौन सा बजट है, लेकिन आपने इसको एक ही बजट के अंदर रखकर इसको एकदम सही कर दिया। …(व्यवधान) आपको भी उधर ठीक कर दिया।

सभापति महोदया, पिछले पांच वर्षों में कश्मीर घाटी में रेलवे का विस्तार हुआ है। आज उत्तर पूर्व देश के साथ ब्रॉड-गेज से जुड़ा है, जिसका श्रेय प्रधान मंत्री मोदी जी को जाता है।

सबका साथ, सबका विकास में यकीन रखने वाली सरकार की नीतियों का यह परिणाम है कि अंत्योदय गाड़ी सेवाएं, दीनदयालु सवारी डिब्बे, भारत के अनारक्षित सवारियों की सुविधा को बढ़ा रहे हैं, जबकि हमसफर, तेजस तथा उदय गाड़ियां भारत में आरक्षित सवारियों के सफर को आसान कर रही हैं।

सभापति महोदया, इन सबके साथ कुछ ऐसे मुद्दे भी हैं, जहां सरकार की नीतियां पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाईं। 'क्लीन ट्रेन स्टेशन', 'क्लीन माई कोच', 'कोच मित्र' आदि योजनाओं के होते हुए भी साफ-सफाई भारतीय रेलवे के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। इस संदर्भ में रेलों तथा रेलवे स्टेशनों की सफाई को सरकार द्वारा गंभीरता से लिया जाना चाहिए। रेल राज्य मंत्री जी यहां विराजे हैं। अत: मैं सुरेश अंगड़ी साहब से कहूंगा कि वे इस मामले पर ध्यान दें। फर्स्ट एसी डिब्बे में एमपी सवारी करते हैं, कोई भी डिब्बे में आ जाता है, चला जाता है। रेलवे की सुरक्षा, सफाई भी बहुत जरूरी है। इन छ: सालों में पहले से बहुत ज्यादा काम हुआ है, लेकिन और ज्यादा काम कैसे हो, इस दिशा में हमें काम करना है।

रेल सेफ्टी में गत पांच वर्षों में सरकार का रिकॉर्ड संतोषजनक रहा, लेकिन रेलवे सिक्योरिटी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिस पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है। ट्रेन के डिब्बों में चोरी, छीना-झपटी की गुंजाइश न रहे, इसके लिए प्रयास करने चाहिए। इसी के साथ रेल परिचालन की सुरक्षा को बढ़ाने हेतु टक्कर विरोधी प्रणाली – टीसीएस तथा स्वचालित गाड़ी सुरक्षा प्रणाली – एटीपी को कारगर रूप से पूरे भारत में लागू करना चाहिए, जिससे किसी यात्री को जान-माल की क्षति न हो।

सभापति महोदया, भारतीय रेल प्रतिदिन करीब 2.3 करोड़ यात्रा करने वाले यात्रियों को लगभग 12 लाख भोजन सेवाएं प्रतिदिन प्रदान करती है। रेलों में उपलब्ध कराई जाने वाली खाद्य तथा जलपान सेवाओं का स्तर बहुत संतोषजनक नहीं है। इस संबंध में मेरा आग्रह है कि रेलवे में उपलब्ध कराए जाने वाली खाद्य सेवाओं की गुणवत्ता जल्द से जल्द सुधारी जाए। रेलवे के चलते रसोईघरों में सफाई तथा गुणवत्ता सुधारने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। यह भी सुनिश्चित

किया जाए कि खाने के पैकेटों पर 'क्यूआर कोड' या स्टीकर लगाए जाएं, ताकि यात्रियों को खाने की हर संभव जानकारी तथा शिकायत का उचित प्लेटफॉर्म बताया जा सके।

सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र से संबंधित कुछ आग्रह हैं, जो मैं आपके माध्यम से एक-दो मिनट में करना चाहूंगा।

सभापति महोदया, मारवाड़ इस देश की सुरक्षा में अपना वर्चस्व न्यौछावर करने वाले जवानों तथा देश की आर्थिक प्रगति में अभूतपूर्व योगदान देने वाले मारवाड़ी कारोबारियों के लिए पूरे देश में विख्यात है। ऐसा कहा जाता है कि "जहां न पहुंचे बैलगाड़ी, वहां पहुंचे मारवाड़ी"। मैं अपनी बात खत्म करने के लिए दो मिनट लूंगा। मैं दो दिन से बिल्कुल नहीं बोला हूं। मैंने टाइम बचाकर रखा है। सभापति महोदया, आप मेरा वैसे भी बहुत ध्यान रखते हो तो मैं केवल दो मिनट ही मांग रहा हूं। हम इन प्रवासियों को बैलगाड़ी से उतारकर रेलगाड़ी में बैठाएं। देश के कोने-कोने में व्यवसाय कर रहे मारवाड़ियों के मारवाड़ प्रवास को आसान बनाने हेतु व्यापारिक केन्द्रों हेतु गुवाहाटी, चेन्नई, मुंबई, कोलकाता आदि क्षेत्रों को मारवाड़ से रेल कनेक्टिविटी को और आसान बनाया जा सके, इसके लिए मेरी मांग है कि इन केन्द्रों से रेल के फेरे बढ़ाए जाएं। मेरा निवेदन है कि दिल्ली से मेड़ता होते हुए जोधपुर, गुजरात, महाराष्ट्र की तरफ शताब्दी और राजधानी श्रेणियों की ट्रेंस शुरू की जाएं। बीकानेर से नागौर होते हुए दक्षिण भारत जैसे हैदराबाद, चैन्नई की तरफ दुरंतो श्रेणी की ट्रेंस शुरू की जाएं। देश के सुदूर कोनों में सुरक्षा हेतु तैनात मारवाड़ी युवाओं की यात्रा को सुगम बनाने हेतु जम्मू, चेन्नई, गुवाहाटी तथा कोलकाता की तरफ चलने वाली रेलगाड़ियों में आरक्षित श्रेणी के डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाए।

सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंदर नागौरी नस्ल का बैल, बछड़ा विश्व प्रसिद्ध है। वह मेरे इस वजह से बढ़ने बंद हो गए, क्योंकि बीच में गौवंश को बचाने के लिए लोग सड़कों पर आ जाते हैं, कई बार मॉब लिंचिंग की घटनाएं होती हैं। जो खेती करने के लिए बैल लेकर जाते हैं, उनके लिए मंत्री जी ने ट्रेन की सुविधा की थी, लेकिन उसके अंदर व्यापारी नहीं आए। मेरा मंत्री जी से निवेदन रहेगा कि नागौर का जो विश्वप्रसिद्ध मेला है, वहां पर जब मेला हो, उस समय ट्रेन की

व्यवस्था करें, ताकि मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिहार की तरफ मेले से तीन साल से अधिक उम्र के बछड़े खरीदकर ले जाते हैं, उनका आवागमन सुविधाजनक हो। मैं अपनी बात अभी खत्म करता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में कई योजनाएं विभिन्न कारणों से लंबित हैं, जिनकी प्रगति अब तक नहीं हुई है। सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण फलौदी और नागौर के बीच रेल लाईन बिछाने, मेड़ता सिटी और पुष्कर के बीच रेलवे लाईन बिछाने तथा नागौर से डीडवाना के बीच रेल लाईन बिछाने की योजनाएं महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें जल्द से जल्द शुरू करवाने का आग्रह है।

रेल के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण भी अति आवश्यक है। मेरे संसदीय क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों नागौर, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन, डीडवाना आदि पर दिव्यांगों तथा वृद्धजनों के सफर को सुगम बनाने हेतु एस्केलेटर्स की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे में मैं आग्रह करूंगा कि सरकार दिव्यांगों तथा वृद्धजनों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए जल्द से जल्द मेरे संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर एस्केलेटर्स लगवाए जाएं।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर रेलवे क्रॉसिंग फाटक की वजह से दिन में कई बार सड़क यातायात बाधित रहता है, जिससे न केवल समय का, बल्कि आर्थिक नुकसान भी होता है। यह विदित है कि सरकार ने सेतु भारतम योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध आवागमन हेतु हर रेलवे क्रॉसिंग पर आर.ओ.बी. का निर्माण करने का निर्णय लिया, लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र में इस योजना की प्रगति अभी तक निराशाजनक रही है। इस संबंध में मेरा आग्रह है कि हर रेलवे क्रॉसिंग पर आर.ओ.बी. का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए।

सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने मुझे 5 मिनट से ज्यादा बोलने के लिए समय दिया है। मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि हम पिछली बार बोले थे और इस बार भी बोले हैं कि कम से कम काम नहीं हुआ तो हमें कागज तो भेज दिया करें कि काम हुआ है या नहीं हुआ है।

***श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत):** भारत सरकार के वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत रेलवे बजट का समर्थन करते हुए, मैं निम्नलिखित मुद्दों पर रेलवे मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए कुछ सुझाव एवं मांगें प्रस्तुत करना चाहती हूं।

300 करोड़ से ज्यादा रेवेन्यू देने वाले सूरत स्टेशन को डीआरएम ऑफिस दिया जाये। सूरत में मिनी सौराष्ट्र कहे जाने वाले विस्तार में सौराष्ट्र के लोग काफी बड़ी मात्रा में, लगभग 20 लाख से भी अधिक लोग रहते हैं। सूरत-महुवा साप्ताहिक ट्रेन नं0 12945-46 को सूरत-महुवा के बीच हर रोज चलाया जाये तथा उसके समय में परिवर्तन करके सूरत से रात्रि को चलाया जाये। मेरी आपसे मांग है कि इस ट्रेन को सुबह की बजाय हर रोज रात्रि के 8.00 से 9.00 बजे के बीच के समय में चलाया जाये तो रेलवे को अच्छा रेवेन्यू मिलने के साथ लोगों की असुविधा भी दूर होगी। मुम्बई से सुबह चलकर दोपहर अहमदाबाद पहुंचकर 02 घंटे प्लेटफार्म पर खड़ी रहती है। मुम्बई-अहमदाबाद शताब्दी (12009-10) को यात्रियों की सुविधा बढ़ाने हेतु गांधीनगर (गुजरात की राजधानी) तक चलाया जाये। पिछले 50 साल से सूरत के यात्रियों की मांग को व साल का 300 करोड़ से ज्यादा रेवेन्यू देने वाले सूरत स्टेशन से अहमदाबाद होकर गांधीनगर के बीच हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन चलाई जाये। चार्ट बनने के बाद करंट रिजर्वेशन से ली हुई डिस्काउन्ट वाली टिकट को कन्फर्म करने के बजाय कई महीनों पहले पूरे पैसे देकर (डिस्काउंट बगैर खरीदी हुई आरएसी वाले यात्रियों की टिकट कन्फर्म किया जाये) सूरत के मेरे मतक्षेत्र कोसाड से कृभको के लिए लाइन जाती है उसमें दन में एक या दो बार क्रीभको की गुड्स ट्रेन जाती है, अगर यही ट्रेक का उपयोग करके कोसाड से ओखला-जहांगीरपुरा होकर हजीरा तक हर घंटे के बाद मेमू ट्रेन चलाई जाये तो गांव के लोगों को हो रही तकलीफ दूर होगी और एरिया का विकास होने के साथ रेलवे की खाली पड़ी ट्रैक से रेवेन्यू मिलेगा।

---

* Speech was laid on the Table.

दो स्टेशनों के बीच के कई ट्रेनों के रनिंग टाईम पुराना ही चल रहा है, ट्रेनों की स्पीड बढ़ चुकी है परन्तु टाइम टेबल में बदलाव न होने के कारण मेरे पास 30 से ज्यादा ट्रेन हैं, जिनके रनिंग टाईम में बदलाव करने से सफर का समय कम होगा, ट्रैक खाली मिलेगा, रेलवे का पैसा बचेगा। सूरत-उधना-वापी-नवसारी में पिछले दो महीनों से वॉटर वेंडिंग बंद होने से यात्री पानी की बॉटल खरीदने के लिए मजबूर हो गये हैं, यह मशीन वाले मशीन चालू भी नहीं करते हैं। उनकी एड मुफ्त में रेलवे कर रही है, अतः मशीने हटाकर गर्मी शुरू होने से पहले नई व्यवस्था की जाये। सूरत-अठवागेट-उधना आरक्षण केन्द्रों पर स्टाफ की कमी की वजह से रेवेन्यू कम हो रहा है। अतः इन आरक्षण केन्द्रों पर तुरंत जितना भी मंजूर हो, स्टाफ दिया जाये। पूरे साल की 4 करोड़ से ज्यादा अर्निग देने वाला बडौदा डिवीजन के कीम स्टेशन को एवं उन्नाव स्टेशन को सुविधा प्रदान करे। कीम स्टेशन की अर्निंग, जनसंख्या एवं विकास को देखते हुए 22927-28, 18402,18406,12844,12993,19453 आदि अन्य ट्रेनों का बड़ौदा डिवीजन के उत्राण स्टेशन पर 19024, 19216-19080 को स्टापेज दिया जाये एवं स्टेशन पर एफओबी न होने की वजह से बार बार अकस्मात हादसे हो रहे हैं एवं कई यात्रीगण अपनी जान गवां चुके हैं। अतः तुरंत एफओबी बनाया जाये एवं दोनों प्लेटफार्म पर पतरेवाला शेड की लम्बाई बढ़ाई जाये।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Madam, the Indian Railways plays a very important role in maintaining the unity and integrity of our country. That is why the Indian Railways is described as 'the lifeline of the nation'. Now, it has become the third largest rail network in the world. If you examine the passenger revenue and the number of passengers travelled during the year 2017-18, it has become the world's largest passenger carrier in the world. That is the appreciable achievement which we have made and it is going to become the fourth largest freight carrier in the world as well. It is the largest employment provider also. That is why from the British period, for ninety-two years, we had been having a separate budget. Unfortunately, in the year 2017-18, it was merged with the General Budget which is quite unfortunate. So, I urge upon the Government to review the position so as to have a separate railway budget.

My second point is regarding privatisation. Madam, the Budget of 2020-21 is putting focus on the privatisation of the Indian Railways. The Government is systematically and scientifically cutting down the organisation so as to bring in privatisation. That is the spirit of this Budget proposal.

Regarding the operation of 150 passenger services through private-public participation in the current year, the station redevelopment through private-public participation, etc., most of the proposals are aimed at privatisation of Indian Railways. I strongly oppose that. Indian Railways is the only means which the common people in the country, the poor people in the

country depend on for their commutation and transportation. Privatisation of services and running Tejas and bullet trains with private-public participation is adversely affecting the poor commuters in the country. So, that has to be relooked. Privatisation of Indian Railways is against the spirit of national interest and it is detrimental to the interests of the common people. So, that has to be reviewed.

The third point which I refer to is the budget outlay. The total receipts of the Railways – that is, passenger earnings, goods traffic and other heads – for the year 2020-21 are estimated at Rs.2.25 lakh crore. That means, it is 9.6 per cent more than that of the 2019-20 which was Rs.2.06 lakh crores. If you examine the Receipts, passenger earning is Rs.61,000 crore, freight traffic earning is Rs.1,47,000 crore. I appreciate the fact that the Government has given a marginally increased budgetary support of Rs.70,000 crore. The capital expenditure is also having a good increase. It is Rs.1.61 lakh crore, that is three per cent higher than that of the previous year. It was Rs.1.56 lakh crore in the previous year. I would like to ask the hon. Minister a specific question. I would like to know from the hon. Minister as to what is the source from which this 9.6 per cent increase in allocation is being expected.

The fourth point which I would like to make is regarding the operating ratio of Indian Railways. The Comptroller and Auditor General of India expressed grave concern regarding the operating ratio of the Indian Railways. According to the C&AG's report, the scenario is at its worst. The BE of 2019-20 envisaged the operating ratio at 95 per cent. However, in the RE it is seen as

97.46 per cent. Now, in the BE for 2020-21, it is estimated at 96.2 per cent. One of the main criteria to determine the performance of Indian Railways is its operating ratio. You are not able to address the issue of operating ratio. How could you claim that you are achieving the targets? How can you claim that the performance is at its best level? We have given many suggestions at different times to improve the operating ratio. I would like to appeal to the Government to address the issue of operating ratio. Otherwise, automatically that will be the sole reason for privatising the Indian Railways. So, please improve the operating ratio so as to have better efficiency in the Railways sector.

I do appreciate the Government's stand regarding the solar power capacity augmentation. It is absolutely a novel and innovative idea and I fully appreciate it. The Krishi Rail Scheme for transportation of perishable goods is an absolutely innovative idea and I appreciate that. I would like to appreciate the Government on the safety aspect also. During the last 11 months there was no fatal accident and it is appreciable. At the same time, I would once again urge upon the Government to stay away from privatisation.

Coming to my Constituency, I will give the bullet points. First, Kollam-Chengotta rail line in my Constituency has been converted to broad gauge. About Rs.600 crore have been spent but no new trains have been run so far. I urge upon the Government to restore all the trains. Secondly, tourism friendly coaches may be introduced in that sector. Thirdly, a pit line at the Kollam Railway Station, a major railway station, is to be constructed. Fourthly, Kollam should be developed as international model station. It is there in the list.

My last point is regarding the disabled persons. There were designated coaches for the disabled persons at one time. It is quite unfortunate to see that nowadays most of the trains do not have these disabled-friendly coaches. Normally, the front coach will be designated for the disabled persons. As per the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016, it is mandatory on the part of the appropriate Government to see that the disabled persons' rights are well protected. But unfortunately, this is being taken away. That has to be reintroduced.

With these words, once again, I would like to urge upon the Government to kindly defer from the privatization. Also, the State of Kerala is being totally neglected in this Budget. Kindly relook into the allocation of the Kerala rail sector.

With these words, I conclude. Thank you very much, Madam.

HON. CHAIRPERSON : Anubhav Ji, you are the first person from your party to speak on this topic. So, 15 minutes are allocated to you.

***श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज):** मैं रेल बजट के अनुदान (2020-2021) के क्रम में इसका समर्थन करते हुए अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोक सभा, बिहार के लिए रेल से संबंधी विभिन्न मांगों को इस बजट में शामिल करने का अनुरोध करता हूं, जो निम्न हैं-

पिछले वर्ष महाराजगंज से मशरक जं0 तक निर्मित नई रेल लाइन पर चलने वाली दुरौधा मशरक पैसेंजर ट्रेन संख्या 55171 एवं 55173 को दो फेरा में इसे 06.00 बजे पूर्वाह्न छपरा कचहरी से प्रस्थान करते हुए मशरक जं0, महाराजगंज दुरौधा एवं सिवान जं0 (आगमन 10.00 बजे पूर्वाह्न) तक चलाया जाये। सिवान जं0 से दुरौधा, महाराजगंज एवं मशरक होते हुए पटना जं0 तक एक नई इंटरसिटी या डीएमयू ट्रेन का परिचालन कराया जाये। महाराजगंज रेलवे स्टेशन से मशरक जं0 तक विगत वर्ष निर्मित नई रेल लाइन पर आरओबी तथा एप्रोच रोड़, स्टेशनों का निर्माण सहित अन्य चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु इस बजट में धनराशि का आबंटन किया जाये। एकमा रेलवे स्टेशन को ग्रेड ए का स्टेशन घोषित करते हुए उस अनुसार उसका विकास किया जाये। छपरा जं0 सिवान जं0 एवं गोरखपुर जं0 होते हुए नई दिल्ली तक प्रतिदिन एक नई राजधानी ट्रेन का परिचालन करया जाये। दिल्ली, नई दिल्ली या देश के अन्य राज्यों के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की ओर चलने वाली द्रुतगामी ट्रेनों में से कोई एक ट्रेन वाया महाराजगंज एवं मशरक जं0 होते चलाया जाये। एक नई रेल लाइन लोकनायक जयप्रकाश की जन्मस्थली जिला-सारण (छपरा) से जलालपुर, बनियापुर, भगवानपुर, मलमलिया होते हुए महात्मा गांधी की कर्म भूमि चम्पारण के मोतिहारी तक बनायी जाये। महाराजगंज रेलवे स्टेशन एवं चैनवा रेलवे स्टेशन पर रेलवे की खाली पड़ी जमीन में रैक प्वाइंट बनवाया जाये। दुरौधा रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली / दिल्ली रेलवे स्टेशनों की ओर जाने वाली एक्सप्रेस / मेल एक्सप्रेस / सुपरफास्ट ट्रेनों में से किसी दो ट्रेनों का ठहराव कराया जाये। मांझी के घाघरा (सरयू) नदी पर बन रहे रेलवे ब्रिज को

* Speech was laid on the Table.

शीघ्र पूर्ण कराया जाये। मांझी ग्रामीण स्टेशन का भी जल्द से जल्द निर्माण करवा कर इसे चालू कराया जाये।

HON. CHAIRPERSON: Anubhavji, you are the first person from your party to speak on this topic, so 15 minutes are allocated to you.

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): Madam, the State Government of Odisha recognizes that socio-economic development is the key to a developed future. Currently, the State's annual revenue contribution to Railways is in excess of Rs.15,000 crore, but the railway route length in entire Odisha is only 2,500 kilometres with a rail density of about 16.00 apropos to national average of more 20.00. The current rail infrastructure in the State is grossly inadequate to handle the projected growth and aspirations of the State.

It is noteworthy that despite lower revenue contributions, some of the adjacent States to Odisha – I do not want to complaint against any State but still I am talking about Odisha – such as West Bengal and Jharkhand have much higher rail density, 43.4 and 24.3 respectively.

* Speech was laid on the Table.

of stations can be done in PPP mode. Is it through this Bhubaneswar Railway Station is to be developed? Then why does not the New Bhubaneswar Station is being developed and also Cuttack Railway Station?

Ministry of Railways had announced to redevelop 12 station in Odisha namely, Cuttack, Puri, Bhadrak, Brahmapur, Jajpur-Keonjhar Road, Khurda Road, Rayagada. Sambalpur, Balasore, Jharasuguda, Rourkela and Bhubaneswar to International Standards with superior passenger amenities. Recently, the MoU has signed on 20.09.2019 between Bhubaneswar Development Authority (BDA) and East Coast Railway (ECoR) to construct a World Class Station Building at Bhubaneswar at the cost of State Government. I would like to know when the Railways plan for the balance 11 stations, as declared by the Ministry ?

Similarly, Bhubaneswar New Station is the second railway station for the capital city which has come up in the Bhubaneswar-Barang stretch. What is the plan of Ministry of Railway to develop this Green Field Stations to a Model Station with World Class facilities? It is learnt the RVNL has constructed a small wayside station here with very limited amenities for public. Has Railway planned to create a world class station at this location in line with what Government of Odisha is going for the existing Bhubaneswar Station or Bhubaneswar New Station to remain as a small way side station not benefitting the Smart City?

Despite repeated assurances from Railway Ministry, SCoR has been created by taking way portion of AP from East Coast Railway, there by

effectively making ECoR a very small railway with less relevance. Odisha has repeatedly asked for unification of all Railway assets over Odisha State under ECoR HQ at Bhubaneswar. Now that SCoR has been formed on State boundary lines and at the cost of ECoR, why would Railway not respect the long standing and justified proposal of doing the same for Odisha?

Now ECoR doesn't have enough capacity for maintenance of its locomotives or wagons as those assets have gone away with Waltier Division bifurcation. Therefore, for improving efficiency of the biggest earning Railway, Ministry must consider the proposal of Odisha to bring all Railway lines under one jurisdiction of ECoR. Therefore, when will the Ministry of Railways consider extending the jurisdiction of East Coast Railway to include Jharsuguda-Barsuan-Kiriburu (SER), Rourkela-Nuagaon (SER) and Jharsuguda-Himgiri (SECR) sections under a new Division Rourkela and the sections namely , Banspani-Padapahar , Rupsa-Bangriposi and Bhadrak-Laxmannath Road under another new Division with headquarters at Jajpur/Jajpur-Keonjhar Road?

Despite the attempt to ply Kisan Rail through PPP and Express and Freight trains to have refrigerated coaches, large scale power capacity to be set up alongside rail tracks in land owned by railways, more Tejas type trains to connect iconic tourist destinations and to actively pursue high speed train between Ahmedabad and Mumbai, nothing much is seen in the ground. Yes, wi-fi facilities been commissioned in many stations, there are no more un-manned level crossings and around 27,000 kms of track are to be electrified, I

am reminded that the track from Sambalpur to Talcher track electrification need to be taken with full earnest.

An impression has gone round that the present Government's focus on the railway seems to weaning away with no real push to the national transporter. The gross budgetary support indicates the Government investment will increase by just Rs. 2163 crore or 3 percent to Rs. 70,000 crore in 2020-21. This is despite the purported emphasis on infrastructure creation after announcement of the National Infrastructure Pipeline.

The reliance on borrowings will increase by Rs. 7,471 crore or 13 percent to Rs. 65,471 crore. Of this, Indian Railway Finance Corporation (IRFC) will be raising Rs. 30,000 crore which is lower than the Rs. 31,031 crore for the current year. Expectation from Public Private Partnership has been scaled up to Rs. 25,292 crore for 2020-21 from Rs. 17,776.33 crore. It is gratifying to note that the Indian Railways plan to induct the latest technology for its signalling and telecommunication system. It is decided to implement the Centralised traffic Control (CTC) System. This will increase operational efficiency. In the first phase, the CTC is to be implemented on 1836 kms over eight zones or sections provided with automatic block signalling system.

Since 2017, Railway Budget has been merged with the Union Budget. This Government did away with the 92 year old colonial era practice and made the Rail Budget a part of the General Budget. It was to do something with the operating ratio I would like to know from the Hon'ble Minister, today, has it improved after the merger? Indian Railways, one may say is at

crossroads today. Now private players are being roped in to ply trains. Ministry has announced to transfer operations to more than 100 superfast passenger trains to private operators. This is expected to bring higher level to comfort and satisfaction to the travelling public. However, it is not clear whether it will in anyway improve the profitability of Indian Railways.

A better option to introduce private players in the railways would have been corporatize the entire production unit assemblage as a first step. There are no hurdles in the form of sharing infrastructure and inadequate accounting reforms. While introducing a single service in the administrative set up, the Ministry has decided to navigate in unchartered turbulent waters. Let us not forget that masses travel on trains. Yet attempt is being made for a select band of private run trains which would deepen the class divide. Should we believe that Indian Railways run trains will be “garib ki train” and private ones will run for the rich? Another information perturbs me. That is when it is proclaimed that all trains will run on electricity by 2024, yet 100 GE diesel locos will be bought every year for nine year. Can the Minister justify the logic?

Coming to the issue of my State Odisha I would request the Minister to consider in the State by sanctioning the missing link projects namely Bangiriposhi – Gorumahisani in Mayurbhanj district, Odisha and Buramara – Chakulia in Odisha and Jharkhand to provide much needed connectivity to augment the existing railway network? Hon’ble Chief Minister has offered land free of cost for the Odisha portion of the above projects to make them viable considering greater interest of the people and the State.

It has been a long pending demand to sanction the new project, such as Baragarh- Padmapur- Nuapada (120 kms); Rupsa-Bangriposi-Gorumahisani (35kms); Badampahar – Keonjhar (70 kms); Talcher-Gopalpur (245 kms) via Narasinghpur – Khandapada; Bhadrachalam Road (Andhra Pradesh) – Malkangiri – Jeypore – Junagarh -Lanjigarh Road;Talcher – Bimlagarh (though 02 sections namely Malkangiri – Jeypore and Talcher – Bimalgarh have been sanctioned separately and now under construction); Rayagada – Gopalpur via Gunupur – Bhismagiri and Digapahandi Paradip Port – Dhamra Port; and Anandpur – Champua.

I would insist that Talcher-Gopalpur stretch of 245 kms is a viable project connecting the rich coal mines with the port. It was surveyed in 2000-2001 and needs to be taken up in full earnest. With these words, I remain.

श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे (नासिक): माननीय सभापति जी, आपने मुझे रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चर्चा करने की अनुमति दी।

पहले तो मैं रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी और रेल राज्य मंत्री श्री सुरेश अंगड़ी साहब का अभिनंदन करता हूं कि ट्रांसपोर्ट को एक नई दिशा देने का काम इस बजट से किया जा रहा है। इस बजट में इलैक्ट्रीकल रेल ट्रांसपोर्ट को प्रमोट करने के लिए सोलर पॉवर जनरेशन, टूरिज्म डेस्टीनेशन को जोड़ने के लिए तेजस ट्रेन मुम्बई-अहमदाबाद जोड़ने के लिए हाई स्पीड ट्रेन 1150 ट्रेनों को पीपीपी मोड पर चलाना और कई स्टेशंस को री-डेवलप करने का प्रावधान इस बजट में किया गया है।

सभापति महोदया, नासिक एक धार्मिक स्थल है। यह प्रभु रामचंद्र के पद स्पर्श से पावन हुई भूमि कहलाती है। हर 12 साल में यहां पर कुंभ मेला लगता है। नासिक से त्र्यम्बकेश्वर 25 किलोमीटर है, नासिक से शिरडी 85 किलोमीटर है और सप्तश्रृंगी माता का मंदिर भी 85 किलोमीटर की दूरी पर है। नासिक में लाखों भक्त आते हैं। मैं रेल मंत्रालय से यह मांग करता हूं कि तेजस ट्रेन से नासिक को जोड़ा जाए।

सभापति महोदया, 1150 ट्रेनों को पीपीपी मोड पर चलाने का विचार रेल मंत्रालय को है। मैं इस पर यह सुझाव देना चाहता हूं कि जैसे उड़ान मंत्रालय ने एक रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम निकाली थी और उसके माध्यम से सर्वसाधारण बहुत कम दाम में सफर कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर नासिक-अहमदाबाद और नासिक-हैदराबाद का सफर सिर्फ 1600 रुपये में होता है। उसी धरती पर ट्रेनों को पीपीपी मोड में चलाते समय, यात्रियों को ज्यादा भुगतान न करना पड़े, इसका भी विचार होना जरूरी है।

सभापति महोदया, वर्ष 2015-16 में देश में 300 रेलवे स्टेशंस को रीडेवलपमेंट करने की घोषणा हुई थी, लेकिन ऐसा सुना जाता है कि जब वहां पर टेंडर्स निकाले गए तो उसमें किसी ने भाग नहीं लिया। इसकी वजह से वह रीडेवलपमेंट रुक गया। मेरा यह सुझाव है कि जब हम रीडेवलपमेंट करते हैं, तो उन राज्यों या उन जिलों के जो भी ठेकेदार हैं, उनके साथ चर्चा करके

अगर नई पॉलिसी लाएंगे, तो निश्चित रूप से इसमें सफलता मिलेगी। पहली रीडेवलपमेंट की लिस्ट में नासिक आया हुआ है तो उसको प्राथमिकता दी जाए, मैं यहां इसकी मांग करता हूं।

सभापति महोदया, नासिक एक कृषि प्रधान जिला है, यहां पर प्याज और अंगूर बहुत बड़ी मात्रा में उत्पन्न होते हैं, और ये दोनों चीजें पेरिशेबल हैं। रेल मंत्रालय ने यहां पर कृषि ट्रेन की घोषणा की है। मैं मांग करता हूं कि नासिक ट्रेन को कृषि ट्रेन से जोड़ा जाए।

सभापति महोदया, रेल की सब-अर्बन हदों को बढ़ाने की जरूरत है। जैसे मध्य रेलवे में मुंबई से कसारा और मुंबई से कर्जत तक गाड़ियां चलती हैं तो कसारा से नासिक और कर्जत से पुणे तक हदें बढाई जाएंगी और वहां पर लोकल सर्विस शुरू करेंगे, तो मुझे ऐसा लगता है कि दोनों शहरों का डेवलपमेंट होगा और इन दोनों स्टेशंस के बीच में जो क्षेत्र आते हैं, उनका भी इसके माध्यम से विकास होगा।

सभापति महोदया, मुंबई-पुणे-नासिक को स्वर्ण त्रिकोण माना जाता है। मुंबई-पुणे और मुंबई-नासिक रेल कार्यरत है। नासिक-पुणे नई रेल लाइन को मान्यता भी दी जा चुकी है, उसका डीपीआर भी बन चुका है। मैं यह मांग करता हूं कि उसके डीपीआर को जल्द से जल्द मान्यता दे कर उसका काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

सभापति महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र नासिक, भुसावल डिविजन में आता है और उसमें लगभग छ: लेवल क्रॉसिंग्स हैं। उनमें से लेबल क्रॉसिंग्स 80, 81, 84, 87, 88, इन सभी का ट्रेन व्हीक्यूलर यूनिट एक लाख से भी ज्यादा है, उसको मान्यता दे कर जल्द से जल्द काम शुरू किया जाए।

सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र नासिक से लगी हुई लगभग ढाई सौ एकड़ की जगह है, यहां पर सब इंफ्रास्ट्रक्चर रेडी हैं, रास्ते हैं, 33 केवी का सब-स्टेशन है, अस्पताल है, सभी इंफ्रास्ट्रक्चर होने के बावजूद इस जगह का सदुपयोग करने के लिए, मैं यहां पर इंजन ओवर आयलिंग कारखाने की मांग करता हूं।

सभापति महोदया, मुंबई-अहमदाबाद को हाई स्पीड ट्रेन से जोड़ा जा रहा है, वैसे ही जितनी भी इंटरसिटी ट्रेन्स हैं, उनको हाई स्पीड ट्रेन से जोड़ा जाए। उदाहरण के तौर पर नासिक से मुंबई पंचवटी एक्सप्रेस जाती है, उसको तीन घंटे पैतालीस मिनट लगता है, लेकिन राजधानी एक्सप्रेस को दो घंटे बीस मिनट लगते हैं। अगर इंटरसिटी ट्रेन्स को हाई-स्पीड पर चलाएंगे तो जितना खर्चा मुंबई-अहमदाबाद के लिए खर्चा आएगा, उसका सिर्फ दस प्रतिशत इसमें खर्चा आएगा, लेकिन 10 गुना ज्यादा पैसेंजर्स को फायदा होगा।

सभापति महोदया, आपने और मेरे पक्ष शिव सेना ने इस सदन में मुझे बात रखने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं। धन्यवाद।

***श्री गणेश सिंह (सतना):** मैं रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर अपने विचार प्रस्तुत कर रहा हूं।

रेल, जो पूरे देश को जोड़ती है, के विकास का यदि तुलनात्मक अध्ययन किया जाये तो 2014 से लेकर अब तक जितना रेलवे का विकास हुआ है, पहले कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने जो प्रगति की है, उसमें रेलवे की महत्वूपर्ण भूमिका है। रेलवे को नई तकनीकी के साथ जोड़ा गया है। नई रेल लाईन, विद्युतीकरण, स्वच्छता, गाड़ियों की स्पीड, स्टेशनों का आधुनिकीकरण के जो कार्य इन 5 वर्षों में किये गये हैं उनके परिणाम जगह-जगह दिखाई दे रहे हैं। नये जो ऑन गोईंग प्रोजेक्ट हैं उनमें प्रगति हो रही है। दोहरीकरण तथा नई रेल लाइनों के निर्माण में बेहद प्रगति देखी जा रही है। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना, मध्य प्रदेश से होते हुए ललितपुर सिगरौली रेल लाइन का निर्माण अत्यंत धीमी गति में है। सतना से नागौद के निर्माण कार्य को दिसम्बर, 2019 को पूरा होना था किंतु अभी तक 30% भी कार्य नहीं हो पाया। नागौद से पन्ना खजुराहो का कार्य अभी तक शुरू भी नहीं हो पाया। मेरी मांग है कि उक्त रेल लाइन का कार्य फास्ट ट्रैक में लेकर कई अलग-अलग स्थानों से कार्य प्रारंभ किया जाये।

जबलपुर, कटनी, सतना, इलाहाबाद के बीच विद्युतीकरण का कार्य अभी अधुरा होने से रेलवे को डीजल इंजन चलाने से बड़ी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। अधूरे कार्य को अतिशीघ्र पूरा किया जाये। सतना से रीवा रेल लाइन में कैमा रेलवे स्टेशन जिसका विकास किया जा रहा है किंतु सतना शहर के साथ सड़क मार्ग से जोड़ने पर मजबूत प्रयास नहीं किये गये यदि आवागमन की पर्याप्त सुविधा नहीं होगी तो उस स्टेशन में दिल्ली जाने वाली गाड़ी को रोकना ठीक नहीं होगा। जबलपुर से सतना के बीच, उचेहरा सतना रीवा रेल लाइन के बीच प्रिज्म सीमेंट वम्होरी तथा बिरहुली सकटिया में रेलवे फाटक है, जो अक्सर बंद रहता है, इन तीनों स्थानों में रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाये।

---

* Speech was laid on the Table.

सतना रेलवे स्टेशन में 4 प्लेटफार्म बनाकर रेलवे कॉलोनी तरफ से निकास बनाया जाये। प्लेटफार्म नंबर-1 में दूसरा निकास द्वार बनाया जाये। एक्सीलेटर की स्थापना अभी तक नहीं हो पाया। मैहर स्टेशन में भी तीसरा चौथा प्लेटफार्म बनाकर निकास की व्यवस्था की जाये, यहां माँ शारदा का मंदिर है। लाखों श्रद्धालु आते हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र के मुरेही, अमदरा, धुनबारा, मदनपुर, उचेहारा, लगरगवां, सगमा, हाटी, जैतवारा खुरहा, चितहरा, मडगवां मानिकपुर स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जाये । सतना से रीवा रेल लाइन के बीच कैमा, सकटिया, वगहाई, तुर्की रेलवे स्टेशनों का समुचित विकास किया जाये तथा तुर्की रेलवे स्टेशन की एप्रोच रोड़ का सुधार कराया जाये। खुटहा रेलवे स्टेशन के पहले बस्ती के पास अंडर ब्रिज बनाया जाये क्योंकि गांव के बीचोंबीच रेल लाइन निकाली हुई है, आये दिन दुर्घटनायें हो रही हैं। सतना से मुम्बई के लिए सतना से नागहर, सतना से तिरूअन्नतपुरम, सतना से जयपुर, सतना से हरिद्वार के लिए नई यात्री गाड़ियां चलाई जायें। रीवा, इन्दौर को प्रतिदिन चलाई जाये , रीवा हबीबगंज संथाल रेवांचल एक्सप्रेस को एलएचवी कोच तथा महाकौशल एक्सप्रेस को एलएचवी कोच लगाये जायें क्षिप्रा एक्सप्रेस को प्रतिदिन किया जाये तथा कामायनी एक्सप्रेस में प्रथम श्रेणी के डिब्बे लगाये जायें, रीवा- आनंद विहार में प्रथम श्रेणी का पूरा डिब्बा लगाया जाये।

रेल विकास निगम आरएलडीए के माध्यम से खाली पड़ी जमीन के विकास का कार्य शुरू है। सतना तथा मैहर रेलवे स्टेशन के पास बड़ी मात्रा में खाली जमीन पड़ी है, उसके विकास के लिए निविदा बुलाई जाये।

सतना तथा मैहर अत्यंत व्यस्ततम रेलवे स्टेशन है । इसको देखते हुए अप एवं डाउन सभी एक्सप्रेस गाड़ियों में वीआईपी कोटा उपलब्ध कराया जाये।

ललितपुर सिगरौली रेल लाइन के निर्माण में जिस किसी की जमीन अधिग्रहण की गई है उनके बच्चों को योग्यतानुसार नौकरी देने का कार्य शुरू किया गया था, अभी थोड़े दिनों पहले उस पर रोक लगा दी गई थी, उसे शत प्रतिशत लागू किया जाये ताक समानता बनी रहे, भेदभाव न होने पाये ।

मैं रेल मंत्री जी का ध्यान खानपान तथा गाड़ियों की स्वच्छता एवं सुरक्षा की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। रीवा आनन्द विहार, जबलपुर- निजामुद्दीन, इन्दौर - रीवा, कामायनी एक्सप्रेस, हावड़ा - मुम्बई, सारनाथ एक्सप्रेस, चित्रकूट एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस गाड़ियों की स्वच्छता, सुरक्षा तथा खानपान की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने की जरूरत है। सतना तथा मैहर स्टेशनों में दिव्यांगों एवं विधवा महिलाओं के लिए जीविका चलाने हेतु स्टाल अलाट किये जायें, जो मेरे क्षेत्र के प्रमुख उत्पाद हैं, जैसे रामपुर बछेलाल का खुरचन तथा प्रमुख व्यंजन इन्द्रहर, रिकमथ दाल पूड़ी के विक्रय हेतु स्टाल अलाट किये जायें। सतना रेलवे स्टेशन को जोड़ने हेतु ओवर ब्रिज से लेकर सिटी कोतवाली तक सड़क निर्माण कराया जाये।

मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में रेलवे संबंधी कुछ महत्वपूर्ण कार्य हैं जिनकी लम्बे समय से मांग है और मैं लगातार आपसे पत्राचार कर मुलाकात करता रहा हूं, जो बिन्दुवार निम्नलिखित हैं-

यात्री गाड़ी नं0 12185/12186 रेवांचल एक्सप्रेस, 12189/12190 महाकौशल एक्सप्रेस एवं गाड़ी नं0 12321/12322 हावड़ा मुम्बई मेल में एलएचबी कोच लगाया जाये । सतना एवं मैहर रेलवे स्टेशन में चौथे प्लेटफार्म का निर्माण किया जाये एवं चौथे प्लेटफार्म की तरफ से निकासी भी शुरू की जाये । रीवा इन्दौर एक्सप्रेस गाड़ी नं0 11703/11704, रीवा नागपुर एक्सप्रेस गाड़ी नं0 22135/22136 और इलाहाबाद मुम्बई दुरंतो एक्सप्रेस गाड़ी नं012293/12294 की सेवाएं नियमित की जायें । मझगवां रेलवे स्टेशन में कामायनी एक्सप्रेस गाड़ी नं0 11071/11072 और मानिकपुर कटनी डी.यू.एम. का घुनवारा में हाल्ट स्टॉपेज दिया जाये। सतना कटनी रेल मार्ग में उचेहरा रेलवे फाटक पर, रीवा सतना रेल मार्ग के बिरहुली तथा बम्हौरी में और सतना से मझगवां रेल मार्ग में खुटहा रेलवे फाटक पर अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाये।

सतना के कैमा स्टेशन को बड़े रूप में विकसित कर कोच डिपो बनाया जाये क्योंकि रीवा के यार्ड में जगह नहीं बची है इसलिए सतना में टर्मिनल एवं अनुरक्षण की सुविधा दिया जाये ताकि नई यात्री गाड़ी चलाई जा सके। पश्चिम मध्य रेलवे के उचेहरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में शेड की लम्बाई बढ़ाई जाये एवं प्रवेश द्वार का सौन्दर्यीकरण भी किया जाये। यात्री गाड़ी नं0

22161/22162 राजरानी एक्सप्रेस जो भोपाल से दमोह चलती है उसे रीवा-सतना तक चलाया जाये। सतना जिले में कैमा के पास मेमू कार शेड की स्थापना की जाये। सतना जिला रेलवे को सबसे अधिक आय देने वाला स्टेशन है। सतना में इंडस्ट्रियल एरिया तथा कई सीमेंट कम्पनियां हैं लेकिन यहां रेलवे का कोई कारखाना नहीं है। मेमू कार शेड की बड़ी आवश्यकता है। सतना, पन्ना, खजुराहो, प्रोजेक्ट बहुत धीमी गति से चल रहा है इस गति से काम चलेगा तो ट्रैक तैयार होने में 15 वर्ष लग जायेंगे । रीवा मिर्जापुर जो नई लाईन का सर्वे कम्प्लीट हो चुका है उसे बनाने की स्वीकृति दी जाये ।

*SHRI GOPAL SHETTY (MUMBAI-NORTH): I would like to put on record in that in my electoral constituency North Mumbai Kandivali and Malad Stations east side do not have sufficient access. Thousands of passengers are daily using one legally approved access as present. I am raising this issue through my several letters' discussion with G.M. (Railways) but no proper serious attention has been given till date. If any untoward incident takes place there, it would be a worst threat to human life.

Secondly, station development of Dahisar, Kandivali and Malad is also not moving up to the expectation just like Borivali which is one of the finest developed station in western suburb. I must put on record this also and compliment G.M. (Railways), Mumbai and his related team. The number of deaths in the city of Mumbai Railways is definitely reduced by 25%, i.e. from ten deaths per day to seven. More door closure trains and human attention will further reduce this number and save human lives. I am demanding for a ladies' AC door closure train. In the past Budget speech, I have brought it to the notice of the Railway Minister, Shri Piyush Goyalji expecting the same at the earliest.

I have travelled myself in trains for a long period. So, I know the difficulties of Railways. So, here I would like to give my suggestion that at least two trains in the morning and two in the evening should start very soon so that the working-class women get some relax. And here I would also suggest

---

* Speech was laid on the Table.

that the fare of (pass) season ticket must be reasonably affordable for the women travellers. We should not go on for more technicality that if we do this then men travellers will also demand the same. In Delhi, Kejriwal Government is providing free bus service to all ladies bus travellers.

I would also like to put on record that cleanliness in all railway stations is well appreciated by the people on behalf of citizens of Mumbai city. I compliment to the Railway Minister and also entire officers and staff of Railways. I also demand that all ongoing pipeline projects of suburban Railways be taken on war footing base and complete at the earliest.

I support the Railway Budget and expect the best.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे रेल मंत्रालय की अनुदानों की माँग पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

भारतीय रेलवे दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। कुल 68 हजार किलोमीटर लम्बे भारतीय रेलवे के विशाल नेटवर्क के तहत 22 हजार ट्रेनें चलाई जाती हैं, जो रोजाना 15 लाख लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाती हैं। इसके लिए रेल पटरियों, पुलों, सिग्नल और दूरसंचार जैसी विभिन्न प्रणालियों को चुस्त-दुरुस्त रखने की आवश्यकता होती है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने रेलवे में निवेश को जोरदार तरीके से बढ़ाया है ताकि मौजूदा सुविधाओं को बनाए रखने के साथ उनकी बढ़ती आवश्यकताओं को भी पूरा किया जा सके। पिछले पाँच वर्षों में रेलवे का आवंटन बढ़ाकर 5.30 लाख करोड़ रुपये किए जा चुके हैं। यह मोदी सरकार की प्रतिबद्धता की ही देन है कि जहाँ वर्ष 2009 से 2014 के दौरान रोजाना औसतन 4.1 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई थीं, वहीं अब 6.53 किलोमीटर दैनिक औसतन दर से रेल लाइनें बन रही हैं।

मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान लम्बित रेल परियोजनाओं की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। बिहार में 34 नई रेल लाइन की परियोजनाएँ वर्षों से लम्बित हैं, जिनमें मेरे क्षेत्र के अंतर्गत सीतामढ़ी भाया शिवहर होते हुए बापूधाम मोतिहारी रेल लाइन परियोजना भी शामिल है। एक तरफ माँ जानकी की जन्म स्थली सीतामढ़ी है, तो दूसरी तरफ बापू की कर्मभूमि मोतिहारी दोनों शामिल हैं। मोतिहारी से जुड़ा हुआ मेरा संसदीय क्षेत्र है। ऐसे ऐतिहासिक स्टेशनों को शिवहर से जोड़ने वाली 77 किलोमीटर रेल लाइन, जिसकी माँग मैं वर्षों से कर रही हूँ, का नहीं बनना दुर्भाग्यपूर्ण है।

मैं शिवहर की सांसद हूँ। वहाँ के लोग कहते हैं कि हमने आपको सांसद बनाया है और आप रेल नहीं ला रही हैं। हमने आपको तीन बार सांसद बना दिया है। जब वर्ष 2009 में प्रधान मंत्री जी वहाँ गए थे, उस समय वे प्रधान मंत्री नहीं थे, लेकिन वे वहाँ बोलकर आए थे कि हम

आपको डिग्री कॉलेज और रेलवे लाइन देंगे। आज मैं माँग करती हूँ, रेल मंत्री जी यहाँ बैठे हुए हैं, मैं उनसे आग्रह करती हूँ कि वे इस काम को पूरा करें।

मैं समझती हूँ कि नक्सल क्षेत्र, जबकि शिवहर जिला रेल लाइन से अछूता रह गया है, शुरुआत में नक्सल जिला सीतामढ़ी से शिवहर 28 किलोमीटर नई रेल लाइन बनाने के लिए प्रस्तावित है। इसकी डीपीआर बन चुकी है, जिस पर सरकार को अमल करने की आवश्यकता है। हम सब जानते हैं कि भारतीय रेल का कायाकल्प करने हेतु इसकी क्षमता में बढ़ोतरी करना नितांत आवश्यक है, इसके लिए रेलवे ने दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजनाएँ शुरू की हैं, जिनके शुरू हो जाने से माल ढुलाई के कारोबार में रेलवे को काफी मुनाफा होगा। रेलवे द्वारा 29,486 करोड़ की लागत से 33,658 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण जारी है, जिनमें मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाली नरकटियागंज-सीतामढ़ी रेल खंड भी शामिल है। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

माननीय रेल मंत्री जी से मेरी माँग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सीतामढ़ी-नरकटियागंज रेल खंड पर अवस्थित गुरहनवा, कुंडवा, चैनपुर, ढेंग, रीगा, घोड़ासहन एवं बैरगनिया रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के लिए प्रतिक्षालय, शौचालय, पेयजल, ऊपरी पैदल पुल, स्टेशन प्रवेश पर रैंप आदि की व्यवस्था की जाए।

घोड़ासन आदर्श रेलवे स्टेशन है, इसके पूर्वी समपार फाटक 12-सी, जो मुख्य बाजार पर स्थित है, पर जनहित में वहाँ ऊपरिगामी पुल या अंडरपास का निर्माण कराया जाए, जिसके लिए मैं पूर्व में भी माँग कर चुकी हूँ।

यात्रियों की संख्या को देखते हुए दैनिक पैसेंजर ट्रेनों में डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाए। रीगा एवं ढेंग स्टेशन पर सुगौली-पाटलिपुत्र इंटरसिटी ट्रेन, जिसकी संख्या 75215/75216 है, का ठहराव सुनिश्चित किया जाए, जो लगातार जनहित में जारी रहे, ऐसी माँग मैं मंत्री महोदय से करना चाहती हूँ।

मैं यह भी कहना चाहूँगी कि सीतामढ़ी-नरकटियागंज रेल खंड पर जो डेमू ट्रेन्स चल रही हैं, उनमें डिब्बों की संख्या काफी कम हैं। इनमें चढ़ने वाले यात्री मारामारी करने लगते हैं, जिसके कारण लोगों की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं। इसलिए उनमें डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाए।

उसमें चढ़ने वाले मारामारी करने लगते हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इसलिए, डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाए। मां जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी से पाटलीपुत्र के बीच यात्री परिचालन में हो रही असुविधा को देखते हुए कम से कम एक जोड़ी दैनिक ट्रेन का परिचालन बढ़ाया जाए तथा ट्रेन संख्या – 12565 और 12566, सुपरफास्ट बिहार संपर्क क्रांति, जो दरभंगा से नई दिल्ली वाया समस्तीपुर, मुज़फ्फरपुर होते हुए जाती है, जिसका परिचालन दरभंगा से सीतामढ़ी, मुज़फ्फरपुर होते हुए दिल्ली तक जनहित में किया जाता है।

सभापति महोदया, मैं बस दो लाइन और बोलूंगी। अंत में, मैं सरकार द्वारा उठाए गए कदम सोलर पावर ग्रिड रेल पटरी के किनारे पड़ी अनुपयोगी भूमि पर बनेगी, का भी स्वागत करती हूं, क्योंकि यह एक तरफ पर्यावरण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम है और दूसरी तरफ इससे रोज़गार के अनेक अवसर प्रदान किए जाएंगे।

सभापति महोदया, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं और रेल मंत्री जी को आभार व्यक्त करती हूं।

*SHRI THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM): Hon. Madam Chairperson, Vanakkam. I thank you for giving me this opportunity to express my views on the Demands for Grants pertaining to Railways in this august House. I want to stress my demand that there should be a separate Budget for Railways as it was in the past. Secondly Railways should never be privatized. If there is an effort being made by the Government in this regard, that should be given up. Southern Railways has been neglected in this Budget as usual. Particularly Tamil Nadu has been neglected. There are no announcements for new rail routes. Besides, there is no adequate allocation of funds for the rail routes announced earlier as well. This is highly disappointing. While making appointments in Railways in Tamil Nadu, those who do not belong to Tamil Nadu are getting employment. As a result the people belonging to Tamil Nadu are denied their employment opportunities in Railways. Large number of persons are affected. Moreover it becomes difficult to extend the facilities to passengers in satisfactory manner. Officers who do not know Tamil are being appointed in Southern Railways and as a result of which there is a danger of accidents taking place because of communication gap or misunderstanding of the official orders. Therefore it is my duty to register in this august House that the Officers knowing the regional language should be appointed in the respective Zones of Railways in order to avoid accidents due to communication gap. A new rail route named the East Coast Railway line

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

between Chennai and Cuddalore has been cancelled last time. There is a lot of difficulty in the transport sector due to the withdrawal of this new rail route in Tamil Nadu.

I therefore urge upon the Hon Union Minister to kindly think about implementing this new railway route with full vigour benefitting Tamil Nadu. Chidambaram is a world famous pilgrim centre. Lord Nataraja temple is situated in Chidambaram. Devotees come to Chidambaram from all the parts of the country and abroad every day. I therefore request that Chidambaram Railway Station should be upgraded as a Railway Junction. I request the Hon Minister to start a new railway line between Chidambaram and Salem via Jayamkondam, Ariyalur, Perambalur and Namakkal at the earliest. Kisan Express train is announced in the Budget for the welfare of farmers of this country.

19.38 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

My demand to the Hon Railway Minister is to operate Kisan train between Chennai and Chidambaram via Tiruchy. I also request for introduction of Tejas super fast train from Chennai to Madurai via Chidambaram. Train between Faizabad and Rameswaram do not have a stoppage at Chidambaram. Large number of passengers need to be de-boarded at Chidambaram. There is a need for this stoppage at Chidambaram. I therefore request you for ensuring stoppage of this train at Chidambaram Railway Station. There is no new rail line between Thanjavur and Ariyalur. I request that a new rail route should be laid between Thanjavur and Ariyalur. The

Express train service between Tiruchy and Bengaluru has been cancelled as of now. This Express train should be operated between Tiruchy and Bengaluru via Virudhachalam and Ariyalur. The Salem-Virudhachalam Passenger train should be extended up to Ariyalur, which is an important place in my Chidambaram constituency. I also request that all the special trains originating from Chennai should have stoppages at Ariyalur and Chidambaram. While making these demands I request the Hon. Minister to give up privatization as it is affecting the employment opportunities available with the biggest employer of our country. Indian Railways is known for its name and fame. It is a very big organization of repute. Indian Railways should never be privatized at any cost. I make a fervent appeal in this regard. Thank you for this opportunity.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): महोदया, धन्यवाद। सबसे पहले मैं इस ट्रांसफॉर्मेटिक बजट के लिए प्रधान मंत्री जी, वित्त मंत्री जी और रेल मंत्री जी को बधाई देता हूं और उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस बजट से यह तय है कि भारत में जो रेल कनेक्टिविटी है, वह काफी इम्प्रूव हो जाएगी। बजट के अंदर करीब 1.61 लाख करोड़ के आस-पास का प्रावधान किया गया है। इस बजट की सबसे बड़ी विशेष बात यह है कि रेल किसान की घोषणा हुई है। मेरे क्षेत्र में भी बहुत अच्छे संतरे, इलायची, अनन्नास और बहुत अच्छे सुंदर फूल काफी मात्रा में होते हैं, तो मुझे लगता है कि उनको नेशनल और इंटरनेशनल लेवल का मार्केट मिलेगा। रेल मंत्री से अपने क्षेत्र की बात रखने से पहले एक सुझाव जरूर रखना चाहूंगा। हम जो क्रॉस सब्सिडी करते हैं, उसके कारण हिन्दुस्तान में जो मालगाड़ी का भाड़ा है, वह बहुत महंगा हो जाता है। पैसेंजर की क्रॉस सब्सिडी कहीं न कहीं मालगाड़ी में डालते हैं तो मुझे लगता है कि उस ओर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि आप देखेंगे कि अगर 1 टन कोई भी चीज यहां से बेंगलुरु ले जानी हो तो ट्रक से भी उतना ही खर्चा आता है और रेल से भी उतना ही खर्चा होता है। हम इस चीज की ओर ध्यान दे सकते हैं।

सर, मैं अपने क्षेत्र के कुछ विषय आपके सामने रखना चाहूंगा। दार्जलिंग की डी.एच.आर. लाइफलाइन है, यानी दार्जलिंग, हिमालय रेलवे। यूनेस्को ने उसको मान्यता भी दी है, लेकिन अंग्रेजों की बनाई हुई पटरी और ट्रेनें काफी पुरानी हो गई हैं तो मेरी सरकार से एक मांग है कि क्योंकि वे अलग टेक्नोलॉजी की ट्रेनें हैं, उनके ड्राइवर अलग होते हैं, उनका मेंटेनेंस का तरीका अलग है और अलग प्रकार की स्किल चाहिए। जो बड़े ब्रॉडगेज हैं, वे उसके साथ तुलना में मेल नहीं खाते हैं। मेरी एक मांग है कि अगर हम डी.एच.आर. को अलग एक सेपरेट डिवीजन क्रिएट करें तो मुझे लगता है कि उसका बहुत उत्थान होगा। यूनेस्को का जो एस.ओ.पी. है, उसको ध्यान में रखकर ओवरऑल मॉडिफिकेशन की आवश्यकता है। जो बहुत सारी अनफिल्ड वैकेंसीज हैं, उनको भर्ती करने की आवश्यकता है। जो 14 यूथ लोग हैं, वे अप्रेंटिस करके अभी तक रुके हुए हैं, उनको परमानेंट करना है। दार्जलिंग के अंदर एक स्थान है, जहां डी.एच.आर. की बहुत बड़ी वर्कशॉप है, उसको भी अपग्रेड करने की आवश्यकता है।

मैं धन्यवाद देना चाहूंगा कि कुर्सेओंग के अंदर प्रिंटिंग प्रेस बंद हो गई थी, लेकिन रेलवे मिनिस्टर ने उसको म्यूजियम बनाने की अनुमति दे दी है। एक बहुत बड़ा मुद्दा है कि सिलीगुड़ी सेवोक से लेकर सिक्किम तक एक 45 किलोमीटर की रेल परियोजना चल रही है। वह अपने आप में एक बहुत ही अद्भुत परियोजना है, मैं उसका स्वागत करता हूं। वह 39 किलोमीटर सिर्फ अण्डरग्राउण्ड है और करीब-करीब 14 टनल से गुजरकर यह रेल मार्ग जाएगा। इस पूरे क्षेत्र में 24 गांव आते हैं, लेकिन वे सभी 24 गांव फॉरेस्ट विलेज के अंदर आते हैं। अभी यह हुआ कि एफ.आर.ए. 2006 बंगाल और पूरे देश में लागू हुआ, लेकिन दार्जलिंग और कालिम्पोंग डिस्ट्रिक्ट में लागू नहीं हुआ। उसके कारण सैकड़ों लोगों को जो कंपेंसेशन मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। उसके साथ ही उनकी रिहैब फैसिलिटी होनी थी, वह भी नहीं हो रही है तो कहीं न कहीं केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया जा रहा है। मैं इस मंच से कहना चाहूंगा कि रेलवे ने सारा पैसा बंगाल सरकार को दिया है, लेकिन बंगाल सरकार ने एफ.आर.ए. एक्ट दार्जिलिंग में लागू नहीं किया, जिसके कारण वहां के लोग कंपेसेशन को लेकर वंचित हैं और उल्टा जो टी.एम.सी. के कार्यकर्ता हैं, दो दिन पहले वहां गोली चली और वहां दो लोगों को गोली लगी थी। उसमें वे दोनों घायल हो गए। उस रेल परियोजना के अंदर कॉन्ट्रैक्ट उठाने के लिए टीएमसी और जीटीए चलाने वाले लोग हैं, वे आपस में रोज भिड़ रहे हैं। इसकी वजह से आम लोगों को नुकसान हो रहा है।

मैं रेल मंत्री जी से यह चाहूंगा कि जब तक यह एफआरए एक्ट लागू नहीं होता, तब तक उस काम को रोक दें। मैं चाहता हूं कि विकास हो, लेकिन मैं यह नहीं चाहूंगा कि मेरे लोगों की छाती पर गोली मारकर कोई भी विकास कार्य हो। सिलीगुड़ी एक बहुत पुराना स्टेशन है। यदि हम उसको विकसित करते हैं, तो दूर की रेलवे लाइन्स हैं, जो दिल्ली जाती हैं, वे उससे जुड़ेंगी। चूंकि एनजीपी में बहुत बड़ा कंजेशन होता है, क्योंकि एनजीपी चिकेन नेक होने के कारण पूरा नॉर्थ-ईस्ट कनेक्ट करता है। अगर हम सिलीगुड़ी को कनेक्ट करते हैं, तो काफी ट्रैफिक हम कम कर सकते हैं। इसी तरह बागडोगरा, नक्सलबाड़ी और चोपड़ा- इन तीन जगहों पर दूर यात्रा वाली ट्रेनें रोकी जाएं, तो एनजीपी का ट्रैफिक भी कम हो सकता है और वहां के लोगों को सुविधा भी मिलेगी।

अभी भी मेरे क्षेत्र में जो रेलवे क्रॉसिंग्स हैं, वहां आए दिन ट्रैफिक का इश्यू रहता है। बागराकोट रेल क्रॉसिंग और एनटीएस मोर सिलीगुड़ी को बनाने की आवश्यकता है। गुलमा रेलवे स्टेशन अपने आप में एक हेरिटेज रेलवे स्टेशन है। इसको अपग्रेड करने की आवश्यकता है। मैं एक बार पुन: रेल मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा। मैंने अपने क्षेत्र के जो भी बिंदु रखे, मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी उन पर विशेष कृपा करें। खासकर सिवक-रंगपो का जो रेल प्रोजेक्ट है, उस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज रेल अनुदान की मांग पर जो भी माननीय सदस्य यहां उपस्थित रहेंगे, उन सभी को अवसर दिया जाएगा।

*श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): आम जनमानस की भावनाओं का सम्मान करते हुए हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की दृढ़ इच्छा शक्ति तथा दूरदृष्टि एवं माननीय अमित शाह जी की कूटनीति एवं साहस के दम पर कड़े कदम उठाकर देश में कई अभूतपूर्व परिवर्तन किये हैं, जिसकी प्रशंसा आज देश का आम नागरिक कर रहा है। इससे जाहिर होता है कि सरकार की मंशा और दृष्टिकोण कितनी उच्च प्रकार की है। यह सरकार जाति, धर्म से ऊपर उठकर सबका साथ, सबका विकास के अपने पथ पर अग्रसर है। इसके लिए भारत सरकार की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है।

अब मैं अपने विषय पर आता हूं। रेल विभाग अपने आप में एक विस्तृत एंवं महत्वपूर्ण विभाग है। भारत सरकार द्वारा 11000 ट्रेनों का संचालन प्रतिदिन किया जा रहा है, जिसमें 7000 यात्री ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इन ट्रेनों में प्रतिदिन लगभग 13 लाख यात्री सफर करते हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि ट्रेनों का हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण स्थान है। ट्रेनें साधारण एवं मध्यमवर्गीय लोगों के आवागमन का यह एक महत्वपूर्ण साधन है।

भारत सरकार ने रेलवे के महत्व को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभाग के चहुंमुखी विकास के लिए इस वर्ष 2020-2021 के लिए 1.60 लाख करोड़ रूपये बजट का प्रावधान किया है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 3 प्रतिशत अधिक है। इससे ज्ञात होता है कि भारत सरकार की सोच रेलवे के प्रति कितनी सकारात्मक है। रेलवे जैसे अति महत्वपूर्ण विभाग के लिए भारत सरकार का यह कदम अत्यंत ही प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। वर्ष 2020-21 के बजट में किसानों को हो रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए भारत सरकार द्वारा पीपीपी मॉडल के माध्यम से विशेष किसान रेल चलाई जायेगी। इस रेल के माध्यम से किसानों द्वारा उत्पादित मिल्क डेयरी उत्पाद, मीट, मछली आदि को सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजे जाने की समुचित योजना बनायी गई है। इस ट्रेन में ऐसे कोच की व्यवस्था की गई है जिसमें उत्पाद को सुरक्षित रखने के लिए रेफ्रिजरेटर

* Speech was laid on the Table.

की समुचित व्यवस्था होगी, जिससे कृषि उत्पाद को गंतव्य स्थान तक सुरक्षित पहुंचाया जा सके। इसके पहले किसान माल खराब होने के डर से डेयरी मिल्क उत्पाद एवं मत्स्य उद्योग से संबंधित माल बाहर नहीं भेज पाते थे जिसके कारण उन्हें उनके उत्पाद का समुचित मूल्य नहीं मिल पाता था। अब इस ट्रेन के संचालन से किसानों को अपने उत्पाद का समुचित मूल्य मिल सकेगा। इस राष्ट्रहित निर्माण के कार्य में बहुत सी निजी कम्पनियों ने सहयोग देने के लिए अपनी-अपनी इच्छा जाहिर की है। इस प्रकार की व्यवस्था ट्रेनों में होने से व्यापार को काफी हद तक बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए ही भारत सरकार ने इस योजना का शुभारंभ किया है। किसानों के हित में भारत सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम अत्यंत ही सराहनीय है। मैं इस कदम की प्रशंसा करता हूं।

पीपीपी मॉडल योजना के तहत ही भारत सरकार ने देश के चार रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कर आधुनिक सुख-सुविधाओं से सुसज्जित करने का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत यात्रियों को आधुनिक प्रकार की सेवाएं प्रदान की जायेंगी। वर्ष 2020-21 के बजट में भारत सरकार द्वारा पीपीपी मॉडल ट्रेन योजना के तहत 150 नई ट्रेनों का संचालन किया जायेगा। हमारे देश में ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की दृष्टि से ट्रेनों की समुचित व्यवस्था नहीं है। ज्यादातर यात्रियों को आरक्षण कराने के बावजूद बिना बर्थ के ही सफर करना पड़ता है, जिसके कारण उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों में यात्रियों की दिन-ब-दिन हो रही भारी वृद्धि से यात्रियों को हो रही असुविधा को दूर करने के लिए भारत सरकार द्वारा पीपीपी मॉडल योजना के तहत नई ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई है। इन नई ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को ट्रेनों में हो रही असुविधा से निजात मिलेगी और उनकी यात्रा भी सुचारू रूप से सम्पन्न हो सकेगी। इस योजना के तहत ट्रेनों के संचालन के लिए मैं अपनी सरकार का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने यात्रियों की समस्या को दूर करने के लिए एक नया दृष्टिकोण अपनाया। यह अपने आप में अभूतपूर्व एवं साहसी कदम है।

भारत सरकार द्वारा रेलवे विभाग को और अधिक प्रतिष्ठित और विस्तृत बनाने के लिए देश के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों को जोड़ने के लिए तेजस जैसी अन्य कई नई ट्रेनों के संचालन की योजना बनायी गयी हे। इस योजना के तहत देश के सभी पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जायेगा। इससे पर्यटन में बढ़ावा मिलेगा और आधुनिक सुख-सुविधाओं को पाकर देश-विदेश के पर्यटक इन पर्यटन स्थलों पर आने-जाने के लिए आकर्षित होंगे। इससे जहां आसपास के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा, वहीं भारत सरकार को भी अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी। इस दूरदर्शी योजना के संचालन के लिए मैं अपनी सरकार को बधाई देता हूं।

भारत सरकार ने यात्रियों की बढ़ोत्तरी एवं परेशानी को ध्यान में रखते हुए नई रेलवे लाइन बिछाये जाने हेतु 12000 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। इससे दूर-दराज के इलाके जो आज तक रेलवे लाइन से कटे हुए हैं, उन्हें जोड़ने का कार्य किया जायेगा, जिससे दूर-दराज के लोग भी आसानी से रेल जैसी महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ उठा सकें और आसानी से अपने गंतव्य तक सफर कर सकें। भारत सरकार का यह एक सराहनीय कदम है। भारत सरकार का यात्रियों के हित में यह बहुत बड़ा योगदान है। यात्रियों को हो रही रोजमर्रा की परेशानी को दूर करने के लिए छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करने हेतु भारत सरकार द्वारा 2250 करोड़ रूपये का प्रावधान किया जायेगा। इस बजट से छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित किया जाएगा। छोटी लाइन होने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था क्योंकि लम्बी दूरी की ट्रेनें छोटी लाइनों से होकर नहीं गुजर पाती हैं। अब जब छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित कर दिया जायेगा तो लम्बी दूरी की ट्रेनें भी उन स्टेशनों से गुजरने लगेंगी, जहां अभी तक ये ट्रेनें नहीं आ पाती थी। इस कदम से यात्रियों को काफी लाभ होगा। यह छोटी लाइन के यात्रियों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। इसके लिए मैं भारत सरकार को बधाइ देता हूं। भारत सरकार ने रेलवे लाइन के दोहरीकरण हेतु 700 करोड़ रूपये का प्रावधान इस वर्ष 2020 के बजट में रखा है। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिंगल लाइन होने के कारण एक्सप्रेस एवं लम्बी दूरी की ट्रेनों को पार कराने के लिए कम दूरी की ट्रेनों को घंटों तक रोक कर रखना पड़ता है जिससे यात्रियों को

भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है और ट्रेनें भी घंटों तक लेट हो जाती हैं जिससे रेलवे विभाग को भी संचालन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अब जब सिंगल लाइन से रेलवे लाइन का दोहरीकरण हो जायेगा तो इस समस्या से निजात मिल जायेगी और ट्रेनें भी समय से अपने गंतव्य स्थल पर पहुंच सकेंगी। साथ ही यात्रियों को भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार का यात्रियों के हित में यह एक सराहनीय कदम है।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 के बजट में सिग्नल एवं टेलीकॉम हेतु 1650 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। सिग्नल एवं टेलीकॉम में खामी होने के कारण आये दिन ट्रेनें दुर्घटना का शिकार हो जाती हैं। इस खामी को दूर करने के लिए आधुनिक सिग्नल एवं टेलीकॉम की व्यवस्था प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। इसके लिए मैं भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। इस वर्ष रेल विभाग द्वारा माल ढुलाई का लक्ष्य 1265 मिलियन टन रखा गया है जो गत वर्ष की तुलना में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 42 मिलियन टन माल की अधिक ढुलाई हो सकेगी। इससे किसान भाइयों के साथ व्यापारियों का गत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष अधिक सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजे जाने में सहूलियत मिलेगी जिससे किसानों, व्यापारियों के साथ भारत सरकार को भी अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी।

भारत सरकार द्वारा मुम्बई से अहमदाबाद तक हाई स्पीड ट्रेन चलाई जायेगी, जिसे वर्ष 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इतने कम समय में इस योजना को पूर्ण करना रेलवे विभाग की ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। यह बहुत ही कम समय में मुम्बई से अहमदाबाद की दूरी तय करेगी। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी। इस ट्रेन का संचालन यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है, जिससे यात्रियों को यात्रा में कम समय के साथ ही आनन्द का भी एहसास हो। इसके साथ ही बेगलुरू-चेन्नई ट्रेन प्रोजेक्ट भी इसके अंतर्गत 2023 तक पूर्ण करने की समय-सीमा तय की गई है। रेलवे विभाग का यह सराहनीय कार्य है।

भारत सरकार ने वर्ष 2020-21 के बजट में 27000 किमी0 रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा है। महोदय, ट्रेनों के समय से आवागमन हेतु यह कदम काफी सार्थक सिद्ध

होगा। इस कार्य के लिए मैं सरकार की सराहना करता हूं। भारत सरकार ने वर्ष 2020-21 के बजट में 92993.07 करोड़ रूपये के वेतन भुगतान हेतु प्रावधान किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6000 करोड़ रूपये अधिक है। यह सरकार की रेलवे विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है। इस कार्य के लिए मैं अपनी सरकार की सराहना के साथ ही प्रशंसा भी करता हूं।

हमारी सरकार का ध्येय है सबका साथ, सबका विकास। भेदभाव रहित विकास और उसी दिशा में यह सरकार आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री जी ने रेलवे को निरंतर प्रगति की दिश में बढ़ाने का कार्य किया है। एक बार फिर मैं माननीय प्रधानमंत्री जी तथा रेल मंत्री जी को इस ऐतिहासिक बजट को पेश करने के लिए बहुत - बहुत बधाई देता हूं तथा इसका समर्थन करता हूं।

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : महोदय , आपने मुझे वर्ष 2020-21 के लिए रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांग पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, सबसे पहले मैं माननीय रेल मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल की चिर-लंबित परियोजनाएं – सहरसा-सुपौल-सरायगढ़ तथा फारबिसगंज खण्ड का आमान परिवर्तन का काम सुपौल तक हो गया है और उस पर रेल परिचालन भी हो रहा है। सुपौल से सरायगढ़ तक का काम भी पूरा हो गया है तथा सीआरएस इंस्पेक्शन भी हो चुका है, जिस पर शीघ्र ही गाड़ी का परिचालन किए जाने की संभावना है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में नई रेल परियोजना सुपौल-अररिया-गलगलिया के जमीन अधिग्रहण का काम भी लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। निविदा भी जारी कर दी गई है। सरायगढ़ से सकरी तक का काम भी तेजी से चल रहा है। निवेदन है कि आवश्यकतानुसार धनराशि का आबंटन इस बजट में किया जाए जिससे काम में रुकावट न हो।

महोदय, भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित प्रतापगंज-भीमपुर-बथनाहा 57 किलोमीटर रेलगाड़ी ब्रिटिश काल में चल रही थी, जो वर्ष 1934 के भूकंप और प्रलयकारी बाढ़ से ध्वस्त हो गयी थी। आजादी के 71 साल बीत जाने के बाद भी यह क्षेत्र रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया है। 22 किलोमीटर की जमीन तथा ध्वस्त रेल के टुकड़े अभी भी अवस्थित हैं। यह सीमावर्ती क्षेत्र है और सामरिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण पिछड़ा क्षेत्र है। निवेदन है कि इस 57 किलोमीटर रेलखंड की स्वीकृति प्रदान कर काम प्रारंभ किया जाए।

महोदय, मैं अंत में माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एक दूसरी मांग की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12554 दिल्ली से सहरसा, जनहित एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 13205 दानापुर से सहरसा एवं हाटेबाजार एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 13163 सियालदाह से सहरसा तक चलती है, जो सहरसा में टर्मिनेट होती है तथा वहीं खड़ी रहती है। आपसे निवेदन है कि इन ट्रेनों के परिचालन का विस्तार सरायगढ़ तक कर दिया जाए। जिससे रेलवे की आय भी बढ़ेगी तथा इस सीमावर्ती पिछड़े क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। वहां यह

गाड़ी सहरसा में बहुत देर तक रुकी रहती है, जिसका कोई उपयोग नहीं है। अगर इसका कुछ दूरी के लिए, सरायगढ़ तक के लिए विस्तार किया जाएगा तो वहां की जनता को काफी मदद मिलेगी और उस क्षेत्र का विकास भी होगा। यह सीमावर्ती कोसी क्षेत्र भी भारत के अन्य भागों से जुड़ जाएगा तथा विकास के पथ पर यह क्षेत्र भी अग्रसर होगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और वर्ष 2020-21 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): Thank you, hon. Speaker, Sir, for giving me the opportunity to speak on the Demands for Grants (2020-21). Railway is a very important subject for each and every parliamentarian. It is something which we can connect with the people and the aspirations of our people who have elected us to this august House.

I would like to remind the House once again of the bifurcation that had happened with the erstwhile Andhra Pradesh leading to the creation of Telangana and the remaining State of Andhra Pradesh. During that bifurcation, there was an act that was passed in this august House, the AP Reorganisation Act. In that Act, many commitments were put in, which had to be honoured by the Central Government.

Among these commitments, one of the most important was a long-pending demand for the creation of a railway zone for the new State of Andhra Pradesh. Though we had been fighting for the creation of the zone for the last four years since the bifurcation in 2014, right before the election, hon. Railway Minister, Shri Piyush Goyal had announced a separate railway zone for the State of Andhra Pradesh under the name of South Coast Railway Zone. We are very very happy that the announcement has been made. But what is to be addressed right now is that even after 16 to 17 months, after the announcement of the zone, there has not been proper budget allocation or no activity has been going on the ground which leads to the operational activities of the new South Coast Railway Zone. So, I would request once again the hon. Minister, through you, that the budget allocation which is necessary for the

operational activities of the new railway zone be immediately sanctioned and the process be immediately put into action so that it comes into operation also. For this, I would also like to suggest that the posting of a new GM for the South Coast Railway Zone would also help and there would be a proper push from the Railway Department in leading to the activities.

Other than this, Sir, what I do not understand is removing or erasing the Waltair division which is already existing. All proper infrastructure has been there in the Waltair division. It is, in fact, a division with a history of 125 years. It has a unique culture. It has been one of the most profitable divisions in the entire Railway Department. To erase such a division without any justifiable reason, is actually hurting the aspirations of the people of North Andhra. We have been continuously demanding, since the decision has been made, that the Waltair division needs to be continued in its entirety.

There are seven stations in the Khurda Road which are in the boundary of the State of Andhra Pradesh. I know that the railway does not operate through State boundaries. But this is something which needs to be done. If the commitment, which has been there in the Act that the new railway zone is for the State of Andhra Pradesh, needs to be fulfilled in true letter and spirit, then the seven Stations which come under Khurda Road in Srikakulam district, namely Palasa, Mandasa Road, Summadevi, Baruva, Sompeta, Jhadupudi and Ichchapuram should also need to be included in Waltair division and the Waltair division definitely needs to be continued so that the wishes of the people are very much satisfied.

There is also a demand for Railway Recruitment Board to be operated from Visakhapatnam. I hope the Railway Department takes this into consideration and grants it.

Other than this, in the Visakhapatnam Station which is one of the biggest stations in the State of Andhra Pradesh after Vijayawada, there is a bottleneck between the stations of Gopalapatnam and Visakhapatnam. There is a seven-kilometre railway line which is proving to be a bottleneck. This is a decade-old problem for Visakhapatnam Station. Nearly 20 pairs of Express trains are not touching Visakhapatnam Station due to non-availability of a third line.

This has also been a long-pending demand but the budget has not been properly allocated. It is almost like a joke that only Rs.1,000 has been allocated for this third line. I do not know if it is real or if it is a printing mistake in the pink book. A sum of Rs. 40 crore is needed for the third line between Gopalapatnam and Visakhapatnam railway stations. I request the Railway Ministry to grant this amount also.

One of the most important lines for Andhra Pradesh is the Kotipalli-Narsapur line. During the previous NDA Government, the hon. Prime Minister wanted to speed up all the pending projects. If you look into the history, this was actually initiated by our former Speaker Shri G. M. C. Balayogi who also hailed from the Telugu Desam Party. He with the help of then Railway Minister, Ms. Mamata Banerjee, has laid the foundation stone 25 years ago and even now it needs to be completed. The point that I want to bring to the notice of the Railway Ministry is that this work is going at a very slow pace. There are three

big bridges that need to be built, and a lot of land acquisitions are also pending. So, I would request the Central Government to speed up the work on the Kotipalli-Narsapur line.

There must be a Rajdhani Express that starts from Andhra Pradesh. I would request the Central Government to look into this proposal of a Rajdhani Express. It is there from all the major States in the country, but we do not have any Rajdhani Express from Andhra Pradesh. So, I would request that this demand also be taken into account.

As regards Visakhapatnam, the people of North Andhra have been requesting for trains and one of the important ones are Visakhapatnam to Varanasi and Visakhapatnam to Shirdi. There are a lot of religious pilgrims who travel to these destinations, and they are facing a lot of inconvenience as they have to transfer between trains at different stations, which poses a problem of language; they have to change trains during late nights; and they are getting lost. The old people are facing a lot of difficulty. So, I express my request again that direct trains need to be given from Visakhapatnam to Shirdi and Visakhapatnam to Varanasi.

Coming to my Constituency issues, my major station is Srikakulam Road Station. There is a proposal for new ROB because the old one is in a dilapidated condition. Since it comes under coastal area, the Railway Ministry has suggested that it has to be done with steel structure. It has been almost one year and we are still waiting for the new DPR to be prepared for the steel structure. I think that it is too late in times like these. If we cannot provide these

DPRs in the stipulated time that was promised, then the whole point of getting the project done also does not make any sense. So, I would request once again that this work be taken up in a speedy manner, and construction of the ROB in Srikakulam Road Station also be done at good speed.

There is a ROB proposed in Pathapatnam, which also comes under my Constituency. Earlier also, there was a proposal of creation of this ROB where its length was not disturbing the town or the main road of the town, but right now, for some reason, they have come up with a new design that is actually hurting the structure of the town and length of the ROB has also increased. It was earlier designed in a way with minimal disturbance to the town. So, I would request them to go back to the old design only.

Sir, I will conclude in two minutes. Some of the other demands that I have include Pathapatnam and Tekkali Stations in my Constituency, which need to be developed. Some of the trains like Prasanthi, Vishakha, and Chennai Express initially started from Visakhapatnam, and they were pulled back to Bhubaneswar. So, I would request that these trains be started once again from Visakhapatnam. There is a lot of demand for the Tirumala Express, which runs from Visakhapatnam to Tirupati, to be extended to Srikakulam, which is another 100 kms. and additional coaches be added so that it caters to a larger population also. Let this idea also be considered by the Railway Ministry.

I would like to mention about one more important issue that does not relate to my Constituency only. In fact, I have represented to the hon. Minister

also about this issue, which is the problem of Railway hawkers. These hawkers have always been there since the beginning of the Railway network. Even now, we see that the whole experience of going in a train is when we can have these local foods that the hawkers provide. I definitely understand that there is the problem of hygiene, but while considering the problem of hygiene, the main livelihood of these hawkers is selling this food on the train. So, there needs to be a policy. Definitely, we should frame a policy because these are all poor people who cannot do anything else as they have been surviving on this hawker network for generations. They have been selling this local food, which is very famous on the trains. So, I would request the hon. Minister to create a policy so that these people are accommodated, and ensure that there is no compromise with regard to safety and hygiene of food also.

20.00 hrs

Other than that, I am very impressed by the announcement of *Kisan* Rail. Anything that is beneficial to the farmers should obviously be appreciated and should also be supported. I extend full support to the *Kisan* Rail. My constituency is totally agriculture in nature; there is a lot of scope for pisciculture, aquaculture and also horticulture. So, I would request the hon. Minister to definitely provide access of *Kisan* Rail to the district of Srikakulam also so that farmers, and the fishermen of my district also get the benefit of *Kisan* Rail.

With this, I thank you once again for giving me the opportunity to speak on these Demands for Grants.

*SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN) : I am thankful for providing me with an opportunity to present my views on Demand for Grants under the control of Ministry of Railways.

I support the Demand for Grants under Ministry of Railways. In India, the Indian Railways has been serving the country since decades. We all have heard about low average speeds of freight trains. This happens because the freight trains and passenger trains operate on same tracks and the passenger trains are given priority over freight trains and hence the average speed of freight trains has been less than 30 kmph. This has also been one of the causes for declining share of railways in freight transport

It is the initiative under the leadership of our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi ji to set up Western Dedicated Freight Corridor from New Delhi to Mumbai and the Eastern Dedicated Freight Corridor from Ludhiana in Punjab to Dankuni near Kolkata in West Bengal.

These dedicated freight corridor will help to decongest the existing railway tracks and prove the speed transport. This will also help to improve the share of railways in freight transportation and also reduce cost of freight transportation and increase efficiency.

Furthermore, I would also like to thank the Indian Railways for plans to set up a large solar power capacity alongside the rail tracks on the land owned by the railways. India is currently playing the role of a leader when it comes to

* Speech was laid on the Table.

renewable energy. India had around 2.6 GW of solar power installations in May 2014 when the NDA Government came to power and today India has around 30 GW of solar power installations. Now with railways coming up with solar power capacity alongside the rail tracks will definitely add more solar power to the grid and also reduce emissions of Indian Railways.

Moreover, the railways has planned for complete electrification by 2023 and from 2024, Indian Railways will operate completely on electricity which help reduce oil bills and even crude oil imports. Many Members have raised concerns about what would happen to the diesel locomotives, I would like to say that whenever there is a shift in technology, the machines or tools based on older technologies are bound to be obsolete with time and we need to find an economic way to dispose them with minimal economic cost or damage in a phased manner.

Next, I would like to talk about Tejas Express. In India and even in the world when people talk about overcrowded Indian Railways, the image of people climbing on to the locomotive and roof of the coaches is displayed, that is the image of Indian Railways within India and globally. Our Government under the leadership of Modiji has taken up major steps to change that image by launching semi-high speed train Tejas Express. During the inaugural run the Tejas Express covered 552 km in 8.5 hours back in 2017 and today on 1st March 2019, the Tejas Express covered 497 km in 6.5 hours between Chennai and Madurai. This will help the Indian Railways provide better and quality services to the citizens.

Furthermore, I would like to thank Modi ji for his vision and push given for Research and Development. It gives me immense pleasure to know that Indian Railways is working on Development of a Hydrogen-powered suburban train and has floated an EOI for industry participation. We will soon have suburban railway operation on hydrogen fuel. India would be among first few countries to have hydrogen powered train.

Coming to the work done and demands related to my constituency of Jhalawar-Baran, I would like to thank the Minister for giving 4 additional stoppages as per the request, doubling of railway line form Kota to Bina. I would also like to thank for extending the train from Kota to Ganganagar till Jhalawar. I would request you to please expedite the electrification to the Kota – Bina line as that line transports most of the coal for the Thermal Power Plants based in Rajasthan.

As the Minister might be able to recall, I have always had one demand related to the Ramganj Mandi -Bhopal train line.

As you know that this is a long delayed project and request the Hon'ble Minister to please look into the matter. I have one more demand. Whenever we talk about extending trains from Jhalawar, we are always told that Jhalawar does not have maintenance facilities. In my constituency, the farmers are into Organic Farming and Jhalawar is a hub for oranges and coriander, so I would like to request the Minister to develop maintenance facilities at Jhalawar so that in the future there could be more trains.

In my constituency, the area of Bhawani Mandi, is known for coriander, oranges and opium and Rajasthan Textile Mill is also located in this region which employs more than 3000 workers from different parts of India. For the facilities of employees and the citizens, I would request to provide stoppages at Bhawani Mandi for trains such as, Jodhpur-Puri (18473-74) Weekly; Ajmer-Ernakulum (12977-78) Weekly; Ramnagar – Bandra Express(19061-62) Weekly; 12473/12474 Jammutawi- Ahmedabad Weekly ; 12475/12476 Jamnagar-Jammutawi Weekly; 12477/12478 Jammtawi- Hapa Weekly ; and Anyone of the Kochuveli – Dehradun, Marusagar and Trivendrum Express could be given stoppage at Bhawani Mandi.

I would also request to provide stoppage of 18243-44 Bhagat ki Kothi – Bilaspur Express train at Chaumahla and Bhagalpur – Ajmer Express at Baran Railway station. With the establishment of Adani Power Plant near Kawai, Kawai has developed rapidly and there is no stoppage of express train. I request the Minister to provide stoppage of 19801-802 Kota – Indore Intercity at Kawai station.

Jai Hind, Jai Bharat.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे रेलवे की अनुदान की मांगों पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए आपका धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूँ। हमारे सभी साथियों ने, पक्ष और विपक्ष वाले सभी ने रेलवे विभाग के लिए अच्छा बताया है। सफाई अभियान के लिए भी, रेलवे स्टेशनों के लिए भी और इस साल जो बजट पेश किया है, उसके लिए भी बहुत अच्छा बताया है। मैं इसके लिए मोदी सरकार को और हमारे मंत्रियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं राजस्थान के शेखावटी के झुन्झुनू जिले से आता हूँ। मैं सभी सांसदों को झुन्झुनू जिले की विशेषताएं जो अन्य जिलों की नहीं हैं, वे विशेषताएं बताना चाहता हूँ। झुन्झुनू जिले ने आज देश में सबसे ज्यादा सैनिक दिए हैं और सबसे ज्यादा शहीद दिए हैं। करगिल में भी सबसे ज्यादा शहीद होने वाले सैनिक झुन्झुनू जिले के हैं। वर्तमान में भी रतन लाल, जो पुलिसकर्मी है, उसको भी शहीद का दर्जा दिया गया है। वह भी मेरे ही लोक सभा क्षेत्र से आता है। झुन्झुनू जिला शहीदों के नाम से जाना जाता है एवं सैनिकों के लिए सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। व्यापारिक दृष्टि से भी, व्यापार को देश में बढ़ाने वाला भी झुन्झुनू जिला ही है। जब मैं कई साथियों के साथ बैठता हूँ तो पूछते हैं कि आप कहां से हो। पता चलता है कि झुन्झुनू से हूँ तो कहते हैं कि झुन्झुनूवाला सरनेम लगाते हैं, क्या वे सारे झुन्झुनू के ही हैं तो मैं कहता हूँ कि हाँ सारे झुन्झुनू जिले के ही हैं। व्यापार की दृष्टि से भी झुन्झुनू सबसे आगे है, सैनिकों की दृष्टि से भी झुन्झुनू सबसे आगे है। सबसे पहले जो वीरचक्र प्राप्त हुआ, वह भी झुन्झुनू जिले ने ही प्राप्त किया था। हीरू सिंह जो शहीद हुआ था, उसको प्रथम वीरचक्र झुन्झुनू जिले से ही प्राप्त हुआ था। पर्यटन की दृष्टि भी झुन्झुनू जिले को नाम प्राप्त है। पर्यटन क्षत्र में जो होटल चलाते हैं, उनको भी सम्मानित किया गया है। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार में जितने भी अधिकारी और कर्मचारी हैं, मैं अन्य राज्यों के बारे में तो नहीं कह सकता हूँ, लेकिन राजस्थान के सभी जिलों के लिए मैं कह सकता हूँ कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार में जितने भी कर्मचारी हैं, वे झुन्झुनू जिले के ही हैं।

महोदय, रेलवे की दृष्टि से हमारा झुन्झुनू जिला पिछड़ा हुआ है। मैं सभी सांसदों की तरफ से भी यही कहना चाहता हूँ कि जब झुन्झुनू जिले का भारत में इतना सहयोग है, सुरक्षा की दृष्टि से

भी, शहीदों की दृष्टि से भी तो सभी सांसदों से मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि आप इस सरकार से इस तरह की मांग करें कि झुन्झुनू को रेलवे की दृष्टि से भी बढ़ाया जाए। जब सन् 2018 में मोदी जी देश के प्रधान मंत्री थे, तब पोषण योजना जहां से चालू की थी। तब भी झुन्झुनू जिले की भूमि को उन्होंने नमन किया था, शहीदों को नमन किया था। उन्होंने कहा था कि झुन्झुनू झुकना नहीं जानता है, झुकाना जानता है। जो मोदी जी का नारा लगा कि 'मोदी है तो मुमकिन है', वह भी जिस दिन पाकिस्तान से बदला लिया गया था, स्ट्राइक की गई थी, उसी दिन सुबह मोदी जी चूरू जिले में गए थे, वहीं से वह नारा शुरू हुआ था कि मोदी है तो मुमकिन है। तब भी शेखावटी के सैनिकों ने ही वह बदला पाकिस्तान से लिया था। आज सुमेधानंद जी भी यहां विराजमान हैं, मैं भी विराजमान हूँ और वे जिस रूट से, हरियाणा से होते हुए आते हैं, सांसद लोग भी ट्रेन से नहीं आ सकते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर है, और भारत की राजधानी दिल्ली है। दिल्ली से झुन्झुनू होते हुए, सप्ताह में केवल तीन ट्रेनें जाती हैं। उसमें भी फर्स्ट क्लास का डिब्बा नहीं है। उन ट्रेनों को नियमित किया जाए। पहले छोटी लाइन थी, मीटर गेज थी, उसके बाद ब्रॉड गेज लाइन बनने के बाद तीन दिन ये ट्रेनें जाती हैं, उससे पहले सैनिक एक्सप्रेस के नाम से सातों दिन ट्रेन जाती थी।

अब तीन ट्रेनें जाती हैं। उन तीनों को नियमित किया जाए। एक ट्रेन कोटा से हिसार वाया झुंझुनूं, जयपुर होकर आती है, उसके पास एक रतनशहर स्टेशन पड़ता है, पहले जो भी एक्सप्रेस ट्रेन थी, वह सारी ठहराती थी। सैनिक एक्सप्रेस जो अब तीन दिन जाती है, वह भी ठहरती है। उससे बहुत आय होती है और बहुत पैसेंजर्स जाते हैं। लोगों ने वहां एक महीने धरना दिया था, उसके लिए एक बार स्थाई रूप से नहीं, अस्थाई रूप से उनको रोका गया है, तो रतनशहर में उन ट्रेनों का ठहराव किया जाए। मंत्री महोदय से मेरा यही निवेदन है। केवल 10-15 दिनों के लिए उनका ठहराव किया था। अब उनका स्थायी रूप से ठहराव किया जाए, मेरी ये दो ही मांगें हैं। यह निश्चित रूप से पूरी की जाए। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूँ कि जो सैनिक एक्सप्रेस जाती है, इसको दिल्ली से जयपुर रेग्युलर किया जाए और रतनशहर स्टेशन में

स्थायी ठहराव है, वह मेरे हिसाब से आज ही घोषणा कर देनी चाहिए। मैं सरकार से यही निवेदन करना चाहता हूँ कि जिला इतना आगे होने के बाद भी, उन सभी की आशाओं, सैनिकों की आशाओं और हमारी जनता की आशाओं को निश्चित रूप से रेलवे कोटा झुंझनूं में आगे बढ़ाया जाए। जो मैंने निवेदन किया है, माँग की है, उनके लिए निश्चित रूप से पूरी करेंगे। मुझे बोलने का मौका, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार। जय हिन्द, जय भारत।

माननीय अध्यक्ष : माननीय राज्य मंत्री जी, क्या आप बोलना चाहते हैं?

श्री सुरेश सी. अंगड़ी: सर, 15 मिनट बाद।

*SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL): Thank you for giving me opportunity to express my views on Demands for Grants under the control of Ministry of Railways for 2020-21.

The total budgetary allocation for the railways in the budget is Rs. 72,216 crores which is merely 3.2 % above the revised estimate of the year 2019-20.

Indian Railways reported a drop in profitability during the first 5 years of Modi Government at the Centre. During Modi Government, Railways' profitability decreased by 7.8%. In the financial year, 2017-18, the Indian Railways reported its worst ever operating ratio of 98.4, the highest ever since the year 2000-01 when it was 98.3. An operating ratio of 98.4 means the Railways spent 98.4 paise to earn Re 1 in the last financial year, implying a tiny surplus. Operating ratio is used to measure the operational efficiency of an organization. High operating ratio means a lower profitability. Higher the operating ratio, lower the resources available for expansion, growth.

Railways struggling with growing staff and increasing pension costs after the execution of the Seventh Pay Commission and low earnings. Railway finances and infrastructure investment were stuck in a vicious cycle as poor finances didn't allow for investments and low investments meant that the infrastructure and services took a major hit.

---

* Speech was laid on the Table.

India's rail network is currently facing capacity constraints and network has already reached saturation. In the last few years, railways' transportation business has been declining, and consequently, its ability to generate its own revenue has been a decline. A decline in the growth of internal revenue generation has meant that Railways has been funding its capital expenditure through budgetary support from the Central Government and borrowings. An increased reliance on borrowings could further exacerbate the financial situation of Railways.

The audit analysis of the finance accounts of Indian Railways revealed a declining trend of revenue surplus and the share of internal resources in capital expenditure. Unfortunately, the budget is not addressing the core issued faced by the Indian Railways.

I would like to point out the issue of Hejjala-Chamarajnagar Railway line. The State Government is not taking interest on this as the entire land acquisition is the liability of the State Government. At the time of the previous Government in the Centre, tender is given but the work is not yet started. I urge upon the Union Government to sort out the issues with the State Government and start the work at the earliest.

There is a large number of ROBs and RUBs to be sanctioned in Bangalore Mysore railway line. ROBs need be sanctioned at LC Nos. 10, 24, 31,32, 42, 45, 50, 51 and 53. RUBs need to be sanctioned at LC Nos. 2, 15 and 54. These are very important for the safety of the people. And I urge upon the Government to sanction the ROBs and RUBs in these level crosses. I

demand the sanction of ROBs and RUBs LC 112, LC 109, LC 116, LC 117 in Bangalore- Chennai Line and widening of five RUBs in LC 108, LC 110, LC 111, LC 114 and LC 115 in Bangalore Chennai Line in Anekal Taluk.

Development of Ramanagara, Bidudi and Aneikal Railway stations are very important. All these are used by thousands of commuters on daily basis to reach Bangalore for their job and other needs. These railway stations need to be modernized and I request Hon'ble Minister to allocate fund for the development of these railway stations.

Recently the South Western Railway has started a new Express train 06587/06588 YPR-VSG-YPR daily overnight special Express between Yesvantpur (YPR) and Vasco-da-Gama (VSG). But unfortunately, this train doesn't have a stoppage at Kunigal, as your good self-aware, Kunigal is a Taluk Head Quarter in Tumkur District, is a part of my Bangalore Rural Constituency. Kunigal railway station has been used by thousands of commuters daily and people from all parts of Tumkur District depends on Kunigal railway station to travel. Agitations are going on in Kunigal taluk against the decision of railways for not allotting stop at Kunigal taluk against the decision of railways for not allotting stop at Kunigal. I urge upon the Union Government to allot a stoppage for 06587/06588 YPR-VSG-YPR daily overnight special Express at Kunigal for the interest of the general public.

Finally, I would like to bring the attention of Hon'ble Finance Minister to the issue of Suburban rail which she is announcing in every Budget. As everyone knows Hon'ble Finance Minister is representing Karnataka in Rajya

Sabha. She has announced Bangalore suburban railway line in all her budgets but unfortunately no money kept for the same. The State Government has allocated 200 crore the project. This will help lakhs of people in surrounding areas of Bangalore to reach Bangalore for their job and other daily needs. I urge upon the Minister to allocate sufficient for the project and also start the lines from Kenkeri to Bidudi and also Bangalore to Aneikal to meet the requirements of the people.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): अध्यक्ष जी, आपने मुझे रेल अनुदानों की मांगों पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

अध्यक्ष जी, आजमगढ़ के लाखों जनपदवासियों की काफी वर्षों से मांग रही है कि वाराणसी से लालगंज होते हुए आजमगढ़ से गोरखपुर तक एक सीधी रेल लाइन बिछाई जाए। यह मेरे द्वारा भी मांग पिछली बार उठाई गई थी और मेरे से पहले भी इस मांग को काफी सांसदों ने उठाया है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूँगी कि कम से कम इस मांग को पूरा कर दिया जाए, ताकि वहां की जनता की जो तकलीफें हैं, उनको दूर किया जा सके।

अध्यक्ष जी, आजमगढ़ से दिल्ली, मुम्बई व अन्य मेट्रो शहरों में लाखों की संख्या में लोग रोज आते-जाते हैं, किन्तु ट्रेनों की कमी के चलते उन्हें वाराणसी और अन्य स्टेशनों से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इस बजट में भी पूर्वांचल के क्षेत्रों की काफी अनदेखी की गई है। मैं मंत्री जी से मांग करती हूँ कि आजमगढ़ से दिल्ली, मुम्बई और अन्य मेट्रो शहरों में जाने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए। वाराणसी से, जो कि प्रधान मंत्री जी का संसदीय क्षेत्र है, कम से कम वहां से दिल्ली और मुम्बई के लिए हाई स्पीड ट्रेनों को चालू करने का काम किया जाए, जिससे आजमगढ़ क्षेत्र के लोगों को भी काफी सुविधा होगी।

अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज में निजामाबाद विधान सभा में गुरु गोविंद सिंह की का बहुत ही प्रसिद्ध गुरुद्वारा है, जहाँ उनके द्वारा लिखी गई गुरुग्रंथ साहिब को रखा गया है। साथ ही वहां की ब्लैक पोटरी पूरी विश्व में प्रसिद्ध है और वहां पर एक दत्तात्रेय मंदिर भी है, टूरिज्म की दृष्टि से वह भी काफी प्रसिद्ध है। वहां पर ट्रेनों की अच्छी सुविधा न होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेरी मंत्री जी से मांग है कि कैफियत एक्सप्रेस, सरयू-यमुना एक्सप्रेस, गोदान एक्सप्रेस, गरीब नवाज एक्सप्रेस, मऊ आनंद विहार एक्सप्रेस, उत्सर्ग एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस, कोलकाता एक्सप्रेस को फरिहा स्टेशन पर रोकने का काम किया जाए, जिससे वहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो सके।

अध्यक्ष जी, आजमगढ़ रेलवे स्टेशन के पास काफी सारी जमीनों का उपयोग नहीं है। मेरी सरकार से मांग है कि उक्त जमीनों पर हाट या बाजार स्थापित कर उस जमीन को प्रयोग में लाया जा सके, जिससे वहां के लोगों को रोजगार मिल सके और सरकार की आमदनी में भी वृद्धि हो सके।

अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज में फूलपुर विधान सभा में ग्राम आलमपुर से मुख्य मार्ग तक कोई सम्पर्क मार्ग न होने के कारण उत्तरी किनारों की जमीन को वहां के लोग आने-जाने में उपयोग किया करते हैं। किन्तु रेलवे लाइन का दोहरीकरण होने से यह मार्ग बाधित हो रहा है, जिससे आस-पास के कई गांवों में आने-जाने का रास्ता बंद होने के कगार पर है। मेरी मंत्री जी से मांग है कि उक्त मार्ग पर रास्ता बना कर वहां के ग्रामवासियों को सुविधा प्रदान की जाए।

अध्यक्ष जी, भारतीय रेल सबसे ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करती है, लेकिन एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के अनुपात में उसकी भर्ती नहीं की जा रही है।

मेरी सरकार से माँग है कि बैकलॉग या विशेष अभियान के माध्यम से एससी/एसटी के रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। आउटसोर्सिंग और पीपीटी पर जो भर्तियाँ हुई हैं, मेरी माँग है कि उसमें भी आरक्षण का प्रावधान लागू किया जाए। उनके वेतनमान को भी सरकारी वेतनमान के बराबर किया जाए।

अध्यक्ष जी, आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर मुझको बोलने का मौका दिया, मैं आपकी बहुत-बहुत आभारी हूँ। धन्यवाद।

*SHRI MOHAMMAD SADIQUE (FARIDKOT): Thank you, Hon. Speaker Sir. Sir, in the last session too, I had made a request. The Moga-Kotkapura railway line survey work has been done. But, the transport mafia in Punjab got this survey stopped and sabotaged it in 2017. Today, we are in 2020 and this matter has been put in cold storage.

Speaker Sir, the survey work has been already done. Budget for bridges etc. had been passed.

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, the Minister must listen to what the hon. Member is saying.

माननीय अध्यक्ष: वह सुन रहे हैं।

SHRI MOHAMMAD SADIQUE : Sir, as I was saying, budget for the bridges etc. had also been passed. But, the work is at a standstill.

THE MINISTER OF RAILWAYS AND MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI PIYUSH GOYAL): Sir, for kind information of the hon. Member, I can understand Punjabi and I am listening.

SHRI MOHAMMAD SADIQUE : Last time, I had visited Hon. Minister at his office and requested him. Kindly do the needful in this matter. I shall be grateful to you for this kind consideration.

Sir, my constituency Faridkot is a historic constituency. It is the area of Baba Farid. The track-laying work should be started at the site at the earliest. I urge the Hon. Minister to keep in mind the services of Punjab & Punjabis. Sir,

---

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

Punjab is a border state. Punjab needs roads and network of railway lines. Its demand should be fulfilled. Hon. Minister Sir, there is a railway gate at Jaito Mandi in my constituency. It remains shut. As such, marketing of produce by farmers is not possible. They have to take a long route to go elsewhere. Business has come to a standstill. If a flyover or an under-pass is constructed there, it will go a long way in helping the people of the area. Sir, I urge you with folded hands to kindly help us by constructing the flyover or underpass here.

Sir, an Express train plies between Amritsar Sahib and Hazoor Sahib. Jalandhar, Ludhiana and Ambala are its stoppages. I urge you to alter its route from Amritsar to Jalandhar, Jalandhar to Kapurthala, from Kapurthala to Ferozepur, from Ferozepur to Faridkot, Faridkot to Bathinda and from Bathinda to Mansa. This will cover entire Punjab. This train should also be named Hazoor Sahib Express.

Sir, a survey work had been done from Patti to Tarn Taran and Amritsar. The Punjab Government under Captain Amarinder Singh has deposited a sum of Rs. 35,000 crores. So, work should be expedited here too. The Railway Minister told me that some industry should fall on the route. Otherwise passenger trains do not give any profit. Sir, we can provide land for industry. We have ample space. If Hon. Minister Sir wants, both passenger and goods train can ply on this route.

Sir, there is an urgent need of doubling of Bathinda-Ferozepur track. Ferozepur is a border area. If war breaks out with the enemy, it becomes difficult to transport solider etc. on a single track.

So, I urge you to kindly consider my demands positively. Jai Hind.

***श्री राहुल कस्वां (चुरू):** मैं रेलवे की डिमांड फॉर ग्रांट्स पर होने वाली चर्चा पर अपने विचार रखता हूं।

आज देश के सामने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न विभिन्न परिस्थितियों की वजह से देश एक चुनौती भरे समय से गुजर रहा है , पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था में भारी मंदी का दौर चल रहा है। ऐसी कठिन परिस्थितियों में भी माननीय वित्त मंत्री महोदया जी ने कठिन निर्णय लेते हुए जो बजट पेश किया है वह अवश्य ही देश को इस क्षणिक मंदी से बाहर निकलने में मदद करेगा। ऐसे बेहतरीन बजट को पेश किये जाने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी व माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। यह बजट पूरी तरह से आम आदमी का बजट है। बजट में जितने भी उपाय किए गए हैं, उससे अधिकतम आम आदमी को ही फायदा होगा, इससे रेलवे के ढांचे में सुधार होगा। भारत सरकार द्वारा देश में रेलवे के आधारभूत ढांचे में बदलाव किये जाने के जो उपाय किये गए हैं उनसे देश को अवश्य ही आर्थिक रूप से अत्यधिक लाभ मिलेगा। इस बजट में मुंबई अहमदाबाद के मध्य हाई स्पीड ट्रेन चलाये जाने हेतु प्रावधान किया गया है। रेलवे द्वारा पयर्टन को बढ़ावा दिए जाने हेतु तेजस जैसी और भी ट्रेन चलाने का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया है। रेलवे के द्वारा बिजली के खर्चे को बचाए जाने हेतु रेलवे की जमीन पर सोलर प्लांट लगाये जाने का प्रावधान भी इस बजट में किया गया है। इससे रेलवे अपने बिजली की अधिकतर आवश्यकता को स्वयं ही पूरा करने में सक्षम होगा। भारतीय रेलवे लगातार ट्रेन को सही समय पर चलाये जाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है व अधिकतर ट्रेनों को सही समय पर चलाया भी जा रहा है और साल दर साल इसमें और भी सुधार किया जा रहा है। रेलवे यात्री सुविधाओं में विस्तार किये जाने हेतु लगातार प्रयासरत हैं जिसकी वजह से द्रुत गति से ट्रेनों में एलएचबी कोच लगाये जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर बाईपास का प्रावधान भी किया जा रहा है ताकि इंजन रिवर्सल का समय बचाया जा सके। सेफ्टी हेतु भी रेलवे ने पिछले सालों में काफी

---

* Speech was laid on the Table.

सुधार किया है। पिछले साल में एक भी पैसेंजर गाड़ी में कोई दुर्घटना नहीं हुई है। यह रेलवे के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में पिछले पांच सालों में रेलवे के क्षेत्र में अनेक बेहतरीन कार्य हुए हैं। सादुलपुर – हनुमानगढ़ खंड, रतनगढ़ – सरदार शहर खंड व चुरू – जयपुर खंड के आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही चुरू लोक सभा क्षेत्र से गुजरने वाले प्रत्येक रेल मार्ग को विद्युतीकृत किए जाने हेतु सरकार द्वारा 721 करोड़ रुपये का प्रावधान किया और इसका द्रुतगति से आगे बढ़ रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि रेवाड़ी से सादुलपुर खंड पर विद्युतीकृत कार्य भी पूर्ण हो चुका है व सीआरएस का कार्य भी पूरा हो चुका है।

इस बजट में चौकीदार विहीन सभी समपारों को समाप्त करने की घोषणा की गई है, जहां समपार नहीं हैं, वहां की स्थिति क्या होगी, यह एक विचारणीय प्रश्न है। बीकानेर – दिल्ली रेल लाइन का निर्माण 100 वर्ष पूर्व किया गया था, उस समय मानवरहित / मानवसहित रेल समपार की मांग नहीं हुआ करती थी, इस रेल लाइन पर विशेष रूप से मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू में इनका भारी अभाव है, 5 से 10 कि.मी. तक एक भी रेलवे क्रासिंग नहीं है, जबकि अन्य क्षेत्र में प्रत्येक एक कि.मी. पर रेलवे क्रासिंग है। इसके अभाव में वे सैकड़ों वर्षों के ग्रामीण रास्ते एक गांव से दूसरे गांव व खेतों में जाने के रास्ते बंद हो गए। भारी वाहनों की बात तो छोड़िए, किसान अपने खेतों में उंटगाड़ा तक नहीं ले जा पा रहा है, किसान अपना खेत छोड़ नहीं सकता, रेलवे क्रॉसिंग के अभाव में खेत व गांवों में जा नहीं पा रहा है। मजबूरन उन्हें अनधिकृत रूप से रेललाइन को पार करना पड़ रहा है। हमेशा उनके जीवन को खतरा बना रहता है। लोहारू-रतनगढ़, सादुलपुर-हनुमानगढ़, सादुलपुर-झूम्पा, रतनगढ़-सरदारशहर, रतनगढ़-डेगाना खंड पर काफी ऐसे गांव हैं, जहां गांव का दूसरे गांव से व खेतों से सम्पर्क टूट गया है। यहां रेल अण्डर ब्रिज का निर्माण किया जाए। रेल अण्डर ब्रिज निर्माण के लिए रेल मंत्रालय को अपनी नीति को बदलना होगा। राज्य सरकारों के पास इनके निर्माण के लिए धन ही नहीं है वह राज्य सरकार द्वारा अण्डर ब्रिज हेतु बजट घोषणा के बाद भी जारी नहीं किया जा रहा है। इनका निर्माण रेलवे को करना चाहिए। मेरे क्षेत्र में यह एक

विकट संकट पैदा हो गया है। जब तक इन मार्गों पर रेल अण्डर ब्रिज का निर्माण नहीं होगा तब तक रेलवे का सुरक्षा का विजन कैसे पूरा होगा।

मेरे लोक सभा क्षेत्र के आमजन द्वारा पिछले काफी समय से रतनगढ़-फतेहपुर, सरदारशहर-हनुमानगढ़, गजसिंहपुर-सरदारशहर-तारानगर-राजगढ़, सीकर-नोखा मार्गों पर नई रेल लाइन डाले जाने हेतु मांग की जा रही है। पूर्व बजट में इन मार्गों के सर्वे किए जाने हेतु काफी बार घोषणा भी की गई है, लेकिन हर बार नेगेटिव आरओआर बताकर इन मार्गों पर लाइन डाले जाने से रेलवे द्वारा मना कर दिया जा रहा है। सरकार से मेरा अनुरोध है कि उक्त सभी मार्ग क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए अत्यंत ही आवश्यकता है। ये मार्ग आर्थिक व सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। मेरा अनुरोध है कि सरकार द्वारा ऐसे मार्गों को यात्री सुविधा के विस्तार को देखते हुए नेगेटिव आरओआर की स्थिति में भी लाइन डाले जाने का कार्य किया जावे ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। इसी प्रकार मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि जिस तरह से दिल्ली को बीकानेर व चुरू से जोड़ने वाली सभी गाड़ियां रेवाड़ी होकर आती हैं इस मार्ग पर अत्यधिक ट्रैफिक होने की वजह से नई गाड़ियों के संचालन में सरकार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में मेरा यह सुझाव है कि यदि चुरू से फरुखनगर तक वाया पिलानी लोहारू होतु हुए यदि नई रेल लाइन डाली जाती है तो यह एक अल्टर्नेट रूट के तौर पर विकसित होगा व दिल्ली के लिए गाड़ियां चलाने में सुविधा होगी। अतः इस मार्ग का सर्वे कराया जाए। इसी प्रकार हिसार-भादरा नई रेल के लिए सर्वे किया जाए, सामरिक दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मेरे लोग सभा क्षेत्र में नियमित रूप से अनेक गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। यात्री सुविधाओं को देखते हुए कुछ गाड़ियों को चलाया जाना क्षेत्र के लिए अत्यंत ही आवश्यक है। जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला वाया रतनगढ़ गाड़ी सं. 22481/82 का विस्तार हरिद्वार तक किया जाए। जैसलमेर-हावड़ा, बांद्रा-जम्मू तवी वाया रतनगढ़, विवेक एक्सप्रेस , बांद्रा-हिसान

साप्ताहिक गाड़ियों को सप्ताह में तीन-तीन दिन किया जाए। बीकानेर हरिद्वार वाया रतनगढ़ गाड़ी का संचालन किया जाए।

सादुलपुर हनुमानगढ़ खंड का कार्य पूर्ण हुए तीन वर्ष बीत चुका है लेकिन अभी तक इस मार्ग पर एक्सप्रेस गाड़ियों का बहुत ही कम संचालन किया जा रहा है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि हनुमानगढ़ से दिल्ली, श्रीगंगानगर से जयपुर, श्रीगंगानगर से जोधपुर तक इंटरसिटी गाड़ियों का संचालन किया जाए ताकि क्षेत्र के यात्रियों को फायदा मिल सके।

अंत में, मैं माननीय वित्त मंत्री जी व माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं।

श्री धर्मेन्द्र कश्यप (आंवला): माननीय अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने इस महत्वपूर्ण रेल अनुदान की मांगों पर मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं इसका समर्थन करता हूं। जिस तरह से रेल विभाग ने इतिहास रचने का काम किया है, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी का वंदन और अभिनंदन करता हूं। पूरे देश में जिस तरीके से उन्होंने रेलवे फाटकों को हटाकर ओवर ब्रिज और अंडर पास देने का काम किया है, इसके लिए मैं उन्हें बधाई भी देना चाहता हूं।

महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र आंवला है। आंवला लोक सभा क्षेत्र में पीताम्बरपुर स्टेशन है, जो दिल्ली से बरेली को जोड़ता है और लखनऊ को जोड़ता है। वहां पर 352,सी पीताम्बरपुर एक फाटक है, वह फाटक उस नगर पालिका के बीच में है। कम से कम दो सौ गांव के लोग वहां से निकलते हैं और डेढ़ सौ से ऊपर गाड़ियां वहां निकलती हैं। वहां बहुत लंबा-लंबा जाम लग जाता है। इससे यात्रियों को बहुत परेशानी होती है और ट्रेनों के विलम्ब से चलने से भी वहां दिक्कत होती है।

मेरे आंवला लोक सभा क्षेत्र में आंवला रेलवे स्टेशन है, जिसको आदर्श स्टेशन का दर्जा दिया गया है, लेकिन वहां पर फुट ओवर ब्रिज नहीं है। जब गाड़ी खड़ी हो जाती है, तो लोगों को दूसरी तरफ जाने में गाड़ियों के नीचे से निकलना पड़ता है। वहां कई घटनाएं-दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि उस फुट ओवर ब्रिज को बनवाने की कृपा करें। बरेली में ही बरेली कैंट स्टेशन है, जिसको जंक्शन का दर्जा दिया गया है और वहां आर्मी एरिया भी है। बरेली कैंट स्टेशन को जंक्शन का दर्जा देने के बावजूद भी वहां गाड़ियां रुक नहीं रही हैं। वहां प्लेटफार्म का निर्माण नहीं हुआ है। उस स्टेशन का उच्चीकरण कराया जाए। मैं यह मांग माननीय मंत्री जी से करना चाहता हूं।

मेरा लोक सभा क्षेत्र दो जनपद में है। बदायूं एक ऐसा जिला है, जो न दिल्ली से जुड़ा है और न लखनऊ से जुड़ा है। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि बदायूं से दिल्ली और लखनऊ के लिए भी रेल चलाने की कृपा करें। बदायूं से विधान सभा दातागंज होते हुए तिलहर को

जब जोड़ देंगे, तो सीधे बदायूं से लखनऊ के लिए और इधर आंवला से जोड़ देंगे, तो सीधे दिल्ली के लिए ट्रेनों का संचालन हो जाएगा। मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं।

मान्यवर, बिलपुर स्टेशन में गाड़ियों का ठहराव नहीं होता है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि गाड़ी संख्या 15073, 15074, 13049 और 13050 का स्थायी ठहराव बिलपुर स्टेशन, बरेली पर करने की कृपा करें। मेरे क्षेत्र में आंवला से चंदौसी को जो रोड जा रही है, चंदौसी से किलोमीटर 16 पर बराबर में कंधरपुर गांव है। कंधरपुर गांव की जमीन लाइन के दूसरी तरफ है। वे लोग लाइन पार करके जमीनों में कुछ करने जाते हैं, तो काफी घटनाएं और दुर्घटनाएं हो जाती हैं। अब रेलवे विभाग द्वारा वहां एक खाई खोद दी गई है, जिससे लोगों को अपनी जमीनों पर जाने में बहुत बड़ी दिक्कत हो रही है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि करेंगी और चंदौसी के बीच किलोमीटर 16 पर किसानों के लिए एक अंडर पास देकर वहां रास्ता देने का काम करें, जिससे वहां घटना-दुर्घटना न हो और किसानों को जो समस्या आ रही है, उसका निदान हो।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री अफजाल अनसारी (गाजीपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, रेल मंत्रालय की डिमांड्स पर इस सदन में चर्चा में भाग के लिए आपने अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। विश्व में अमेरिका, चीन और रूस के बाद चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क भारतीय रेल का है। प्रतिदिन 13,452 यात्री और 9,141 मालगाड़ी कुल 22,682 गाड़ी, 68,442 आरकेएम के मध्य 7,318 स्टेशनों से होकर गुजरती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहां के 70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। रेल से जो राजस्व प्राप्त होता है, उनमें जहां एक तरफ यात्री भाड़े के रूप में 56,000 करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, वहीं माल भाड़े से 1,43,000 करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं। प्रतिदिन लगभग 2.3 करोड़ यात्री ट्रेन से यात्रा करते हैं। 3.3 मिलियन टन की माल ढुलाई भी होती है। सरकार ने भारतीय रेल में 150 से अधिक यात्री गाड़ियों को प्राइवेट हाथों में देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय उचित नहीं है क्योंकि प्राइवेट हाथों में एक ट्रेन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल्ली के लिए तेजस ट्रेन के नाम से चलाई जा रही है। हम बड़े अफसोस के साथ कहना चाहते हैं कि भारतीय रेल की पटरी पर और भारतीय रेल के संचालन व्यवस्था के अंतर्गत यह प्रावइेट ट्रेन इस तरह से चलाई जाती है कि भारतीय रेल साइड में आधा घंटा, एक घंटा और डेढ़ घंटा पटरियों पर खड़ी कर दी जाती है ताकि एक प्राइवेट ट्रेन समय से गंतव्य को पहुंचे और लोगों में प्राइवेट ट्रेन के प्रति आकर्षण बढ़ा और भारतीय रेल के प्रति उनके बीच ऐसी धारणा बने कि यह बिना जरूरत भी स्टेशनों पर खड़ी रहती है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि 150 गाड़ियों को प्राइवेट हाथों में ट्रेन देने के लिए जो दरियादिली दिखाई है, इससे आगे चलकर बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। भारत के किसान और यहां के आम लोग जो रेल से यात्रा करते हैं, वैसे भी रेल भाड़ा इतना अधिक बढ़ा दिया गया है कि कई जगह देखने को मिलता है कि हवाई जहाज की यात्रा के लिए जो भाड़ा है उससे भी ज्यादा रेल का भाड़ा देकर लोग सफर करते हैं। अगर अब यह रेल प्राइवेट हाथों में दी जाएगी तो जाहिर है कि भाड़े में और वृद्धि होगी। आम जनता को इससे दुख और तकलीफ होगी। यह सही है कि हमें रेल के यातायात, संचालन और परिचालन में

बहुत सुधार की आवश्यकता प्रतीत होती है। जहां साफ-सफाई में पहले की तुलना में कुछ बेहतर स्थिति हुई है, वहीं ट्रेनें अभी भी समय से नहीं चल पा रही हैं। उनको समय से चलाने की दिशा में और प्रयास करने की जरूरत है।

माननीय मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। मैं इनसे निवेदन करना चाहता हूं कि नई गाड़ियां बढ़ाई जाएं। किंतु इससे जरूरी यह है कि जो पहले से गाड़ियां चल रही हैं, उन गाड़ियों को समय से चलाने की व्यवस्था की जाए। एक प्राइवेट गाड़ी तेजस के चलने से भारतीय रेल सुपरफास्ट ट्रेनें कई-कई घंटों की देरी से चलाई जाती है। मैं स्वयं भुक्तभोगी हूं, बिहार सप्तक्रांति से यात्रा के लिए ट्रेन में बैठा। एक स्टेशन पर एक घंटा और पैंतालीस मिनट उस ट्रेन को रोक कर पहले तेजस को क्रॉस किया गया और उसके बाद पांच राजधानी एक्सप्रेस क्रॉस कराई गईं।

आम लोगों में यह धारणा बनी कि तेजस यात्रा के लिए अच्छी प्राइवेट गाड़ी है, हमारी सरकार जो प्राइवेट कंपनियों, कारपोरेट घरानों और देश के बड़े पूंजीपतियों की कमाई में बढ़ोतरी करना चाहती है, ये लोग भाड़ा बढ़ाना चाहते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार के कुछ महत्वपूर्ण कार्यों का वर्णन करना चाहता हूं, आपने जो डिमांड दी है और आपका इसमें जो रुझान आया है कि कृषि प्रधान देश होने के नाते गांव में किसानों का उत्पादन यदि समय से बड़े महानगरों में पहुंचा दिया जाए तो किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य भी मिलेगा। माननीय प्रधान मंत्री जी की धारणा है कि किसानों की आय दुगनी हो, उस दिशा में यह कार्य एक महत्वपूर्ण पहल होगी। मैं इस पहल का स्वागत करता हूं। माननीय मंत्री जी की तरफ से डिमांड में इस तरफ से भी विचार किया गया है कि सभी एक्सप्रैस ट्रेनों में रैफ्रीजरेटर युक्त बोगियां लगाई जाएंगी और उन बोगियों के माध्यम से किसानों के उत्पादन की सब्जियां महानगरों तक लाई जाएंगी आज स्थिति यह है कि जैसे परमल 50 रुपये प्रति किलो गाजीपुर में मिल जाएगा। दिल्ली में 300-400 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। यदि किसानों से उपज महानगरों तक पहुंचाने का प्रबंध किया जाए तो मैं इस कदम की सराहना करता हूं।

महोदय, रेल मंत्रालय ने जितनी भी मानव रहित रेलवे क्रासिंग थीं, उनको समाप्त किया और विकल्प के रूप में अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज निर्माण करके दुर्घटना के तमाम जोखिम को बहुत हद तक कम करने का काम किया है। ऐसी ही कुछ रेलवे क्रासिंग की जहां जरूरत है, वहां ओवर ब्रिज बना दिए जाएं। इसी कड़ी में मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं और आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। गाजीपुर में रेलवे स्टेशन में एस्कलेटर (सीढ़ी) बनाया गया है, एक साल से अधिक हो गया है, यह चली नहीं है। आप इसे दिखवा दीजिए कि यह सीढ़ी नुमाइश के लिए बनवाई गई है या चलाने के लिए? इसे चलवाया जाए।

गाजीपुर में बारा रेलवे स्टेशन हॉल्ट के रूप में था। पिछले दिनों इसका शिलान्यास हुआ था और रेल राज्य मंत्री की ओर से ऐलान किया गया था कि 50 करोड़ रुपये स्टेशन की बिल्डिंग और अन्य काम के लिए स्वीकृत हो चुका है। यह बजट में आ गया। यहां तक कि 6 मई, 2019 को इसका टैंडर भी हो गया। मुझे बहुत ही अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि दो महीने के बाद ही यह टैंडर निरस्त कर दिया गया। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि यह गाजीपुर के लोगों के साथ बहुत अन्याय है। आप इसे देख लीजिए। जो पैसा सुरक्षित किया गया है, टैंडर हो चुका है। उसके सापेक्ष कार्य प्रारंभ किया जाए।

दिलदार नगर और जमानिया कस्बे में ओवर ब्रिज बनाया जाना अत्यंत जरूरी है। रघुबरगंज सरोली मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाया जाना नितांत आवश्यक है। इसी क्रम में एनएच-31 गाजीपुर शहबाजपुरी के मध्य रेलवे क्रासिंग, जो कठुआ मोड़ के पास, यहां ओवर ब्रिज का बनाया जाना चाहिए और सैदपुर नगर में नेशनल हाईवे पर ओवर ब्रिज बनाया जाए तथा गाजीपुर में गंगा नदी पर ब्रिज बनाने का कार्य, जिससे मऊ, गाजीपुर और ताड़ीघाट, दिलदारनगर नई रेलवे लाइन बिछाकर जोड़ने का जो कार्य चल रहा है। इस कार्य की गति बहुत धीमी है। इसे और गति दी जाए। इस कार्य के लिए जो समय सीमा निर्धारित है, उस समय सीमा में ही इस कार्य को पूरा कराया जाए।

अंत में, मैं आपसे एक निवेदन और करना चाहता हूं। एक रूट ईसीआर है। पूर्व मध्य रेलवे जो दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन से चलकर बक्सर दानापुर रूट कहा जाता है, यहां सदन में माननीय मंत्री जी बैठे हुए हैं, इनका निर्वाचन क्षत्र है। हमारे पड़ोसी हैं। दूसरा रूट छपरा से वाराणसी को जोड़ता है, इसे एनईआर कहते हैं। इन दोनों रूटों को बीच में बक्सर स्टेशन को फेफना या बलिया स्टेशन से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर एक ब्रिज बना देना चाहिए।

इससे पूर्वांचल के वंचित क्षेत्र के लिए न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि बिहार के एक बहुत बड़े हिस्से को फायदा होगा। इसके अलावा ईसीआर और एनईआर का एक इंटर कनेक्शन करने का भारतीय रेल का सराहनीय कदम होगा हमारा सुझाव है। माननीय मंत्री जी इस पर विचार कीजिए और इस कार्य के लिए अपनी दरियादिली दिखाइए। माननीय अध्यक्ष जी एक सवाल पर मैं बहुत ही आभारी हूं कि आपने सीट पर बैठते हुए कहा कि जो सदस्य बैठे रहेंगे, उन्हें हम बोलने का अवसर देंगे। यह बात आपने एक बार नहीं, अनेक बार इस सदन में सदस्यों से कही है और आपने अपने कार्य अपने व्यवहार से यह साबित किया है कि आप सबको सुनते हैं, सबको अवसर देते हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण मांग, जो लंबे समय से, 25-26 वर्षों से मांग करते आ रहे हैं, अभी हाल ही में रेलवे के लिए 73,000 हजार करोड़ रुपये का बजट इस वर्ष स्वीकृत किया गया, हाई-फाई सुविधाएं, तेजस ट्रेन और बुलेट ट्रेन प्रारंभ की गई हैं। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी का और रेल मंत्री पीयूष गोयल साहब का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि आपने इस बजट में प्रावधान करके पूरे देश में रेल के लिए बहुत अच्छी सुविधाएं प्रदान की हैं। परन्तु, इस समय मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जिस तरह से रेलवे की अभी हाल ही में रफ्तार बढ़ाने की कोशिश की गई और इसके साथ ही 150 रेलगाड़ियों का प्रचालन पीपी मॉडल पर किया गया, जिससे अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेनों में गति आएगी।

अध्यक्ष महोदय, जब मैं यह सब सुनता हूं, मेरे क्षेत्र के लिए लंबे समय से जो मांग है, उसके लिए लोग हमसे कहते हैं कि जीतने के बाद जाएंगे तो रतलाम, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और अहमदाबाद के लिए नई रेल इस गरीब क्षेत्र के लिए मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, आप इस क्षेत्र से अच्छी तरह से परिचित हैं और माननीय गोयल साहब हमारे निकट के हैं। हमारी सीमा अहमदाबाद और डूंगरपुर क्षेत्र से मिली हुई है। लोगों के मन की भावना है कि इस बार तो निश्चित ही नई ट्रेन प्रारंभ होगी। जैसे अभी आपने 19 तारीख के बारे में कहा, वहां के लोगों की एक ही मांग थी कि आप ये काम करवा सकते हैं। मैंने गोयल साहब से भी निवेदन किया है। आपके साथ मेरी फोटो देखकर लोग रेल की बात करते हैं। जब मैं वहां जाता हूं तो लोग मुझसे पूछते हैं कि इस बार तो निश्चित रूप से कुछ न कुछ होगा। इस तरह की बात हर समय हमसे पूछते हैं। मेरे लिए जवाब देना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जब मैं आता हूं, सगवारा से उदयपुर और उदयपुर से रतलाम जाते हैं तो हमें 150 से 200 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जब मैं प्लेन से भी आता हूं, तब भी यह दूरी 150 से 160 किलोमीटर तक होती है। इतने लंबे समय तक बड़े-बड़े नेता और रेल मंत्री रहे हैं, मैं वर्ष 1994 में भी इस विषय को राज्य सभा में उठा चुका हूं। हमारे एक मंत्री जी ने कह दिया था कि आदिवासी बहुल क्षेत्र के अंदर नो प्रोफिट, नो लॉस, हम यह

रेल प्रारंभ करेंगे। इस आश्वासन के बाद भी इतना गैप हो गया, 26 वर्ष हो गए और हम इस बात को पूरा नहीं कर पाए। आदरणीय प्रधान मंत्री जी और आदरणीय रेल मंत्री गोयल साहब और आपके माध्यम से काम को पूरा करने की हमारी इच्छा है। केंद्र सरकार से लोगों द्वारा फिलहाल एक ही मांग की जा रही है, अगर हम इस काम को पूरा करेंगे तो हमें अच्छा लगेगा। डूंगरपुर एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, हमारे यहां बेरोजगारी है, जिसके कारण लोग अहमदाबाद, सूरत और मुम्बई में आना-जाना करते हैं।

यहां पर बेरोजगारी है, जिसके कारण हमारे क्षेत्र में न तो बड़ी फैक्ट्री है, न मिल है, न ही कोई और स्थान है। गरीब लोग होली-दिवाली मनाने आते हैं तब भी या मजदूरी के लिए जाते हैं तब भी बस वाले इनसे एक-एक, दो-दो हजार रुपये किराया लेते हैं। आने-जाने में तकलीफ होने के कारण लोग कहते हैं कि यहां पर ट्रेन की सुविधा कब आएगी। वहां के लोग यह आशा लगाए बैठे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस क्षेत्र के लिए हम जब भी यह मांग रखते हैं तो यही कहते हैं कि यहां पर बड़े-बड़े उद्योगपति आना चाहते हैं और वे यहां पर मेला और उद्योग धंधे स्थापित करना चाहते हैं। हमारे यहां पर रॉ मेटेरियल लाने ले जाने की सुविधा नहीं है। हमारे यहां पर मार्बल निकलता है और वह निर्यात भी किया जाता है, उसको भी यहां पर सुविधा मिल जाए तो यहां के लोगों के लिए बहुत अच्छी स्थिति होगी। इससे बेरोजगारी भी दूर होगी और आने-जाने के लिए सुविधा भी होगी।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि हम जिस तरह से नई रेलों के लिए मांग कर रहे हैं और इसमें जो स्थितियां बनी है, मैं उसका वर्णन करना चाहूंगा। इस लाइन के पूरा न होने का कारण राजनीतिकरण है। एक सरकार आती है और घोषणा कर देती है। वर्ष 2010-11 में रेल बजट में डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम रेलवे लाइन के लिए घोषणा हुई। कांग्रेस के नेता राहुल जी और सोनिया गांधी जी डूंगरपुर आए और उसका शिलान्यास कर दिया। शिलान्यास करने के बाद ये बोल रहे हैं कि केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार के बीच जो एमओयू हुआ था और राजस्थान की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण हम इसका पैसा जमा नहीं करवा सकते हैं।

इस स्थिति में समय निकलता जा रहा है, लोग परेशान हो रहे हैं। इसके लिए 200 करोड़ रुपये दिए गए थे। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं। भूमि अधिग्रहण और अन्य कार्यों में 185 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। वर्ष 2011-12 में उसकी लागत लगभग 2082.74 करोड़ रुपये थी और वर्ष 2016-17 में इसकी लागत 2450 करोड़ रुपये हो गई। वर्ष 2018-19 में इसकी लागत 4282 करोड़ रुपये हो गई। 192 किलोमीटर रेलवे लाइन में 142 किलोमीटर राजस्थान की और 49 किलोमीटर रतलाम, मध्यप्रदेश की है। इतना पैसा खर्च होने के बाद भी यह कार्य अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। मैं नई रेलवे लाइन की इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए मांग करता हूं और इसके अलावा डूंगरपुर और अहमदाबाद के बीच में हिम्मतनगर में रेलवे लाइन का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसे शीघ्र चालू करने के लिए आश्वासन मिला है। हम डूंगरपुर से अहमदाबाद तो जा सकेंगे और यहां से उदयपुर भी जाना चाहे तो जा सकेंगे। डूंगरपुर की सुरंग का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इस काम को दो वर्ष हो गए हैं, लेकिन फिर भी पूरा नहीं हो रहा है। अधिकारी आश्वासन दे रहे हैं कि इसका काम जल्दी हो जाएगा। अगर ये दोनों काम पूरे हो जाते हैं तो आने-जाने की सुविधा हो जाएगी। रतलाम-बांसवाड़ा-डूंगरपुर और अहमदाबाद की नई रेलवे लाइन के लिए मैं आपसे निवेदन करता हूं कि इसे जल्दी से जल्दी पूरा करवा दीजिए।

माननीय मंत्री महोदय, राजस्थान की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, लेकिन मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप पूरा बजट आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए स्वीकृत कीजिए। माथुगमदापाल और ग्रामढाणी में रेलवे लाइन प्रारम्भ हो रही है, इसके 139 नम्बर फाटक का गेट है, वह बंद है, पहले चालू था। अब वहां पर आना-जाना नहीं हो रहा है, जिसके कारण श्मशान घाट या खेतीबाड़ी के लिए जाना पूरी तरह से बंद हो गया है, जिसके कारण लोग बहुत ज्यादा परेशान है। मैं वहां पर अण्डर बाईपास की मांग करता हूं। इसे जल्दी से जल्दी स्वीकृत किया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में सुविधा हो सके। मैं अपनी बात को ज्यादा आगे नहीं बढ़ाता हूं, लेकिन इस क्षेत्र के लिए आपकी अतिकृपा होगी। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से और माननीय मंत्री जी

ने जैसा कहा है और मैं वहां पर फोटो दिखाऊंगा कि आपने हमें आश्वासन दिया है तो आप निश्चित रूप से इस पर ध्यान देंगे और रेलवे लाइन को प्रारम्भ कराएंगे। आपका बहुत-बहुत आभार और मेरा आपको धन्यवाद।

SHRI PRATHAP SIMHA (MYSORE): Hon. Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity to support Demand for Grants, 2020-21.

महोदय, मेरी छोटी सी बात है। मुझे इस बार हाउस में शायद पाँचवीं-छठी बार रेल बजट पर बोलने का मौका मिला है। मैं एटा से चुन कर आता हूँ, जो बहुत पिछड़ा हुआ लोक सभा क्षेत्र है। उसमें एटा से काशगंज का रेल मार्ग आज भी बंद है, जो 29 किलोमीटर का है। वर्ष 2017 में 1 करोड़ रुपये जारी हुए हैं, वर्ष 2018 में 10 लाख रुपये हुए, वर्ष 2019 में 10 लाख हुए रुपये और वर्ष 2020 में एक हजार रुपये हुए हैं। मतलब जो उलटा क्रम बन गया है, मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि इस रेल लाइन को बनाने के लिए अपनी ओर से प्रयास करें। मैं समझता हूँ कि शायद इस बजट में जो उम्मीद मेरे यहां है, लोगों ने पाँच-पाँच बार मिठाइयाँ बांट दीं, जैसे ही बजट में अखबार में नाम आ जाता है, मिठाइयां बंट जाती हैं। इस बार मैं समझता हूँ कि मिठाइयां वास्तव में मीठी होनी चाहिए। अगली बार बांटनी नहीं पड़ेगी, इस बात का मेरा पूरा प्रयास है। आपसे भी मैं निवेदन कर लूंगा। धन्यवाद।

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं अमरोहा लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ। आप जानते हैं कि अमरोहा एक हिस्टोरिकल सिटी रही है। फिल्मी जगत में भी बहुत इम्पोर्टेंट लोग वहां रहे हैं। कमाल अमरोही साहब अमरोहा से आते थे और मुम्बई से काफी बड़ा रिश्ता रहा है- अमरोहा का। लेकिन बदकिस्मती इस बात की है कि अमरोहा से कोई डायरेक्ट ट्रेन मुम्बई के लिए नहीं है। मेरी आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग है कि मुरादाबाद पीतल नगरी है, अमरोहा से मुम्बई का बहुत रिश्ता रहा है, मुरादाबाद से वाया अमरोहा होते हुए एक डायरेक्ट ट्रेन मुम्बई के लिए चलाई जाए, जो कि बहुत पुरानी एक जेनुअन मांग है।

अमरोहा रेलवे स्टेशन कमर्शियल रूप से 'बी' श्रेणी में आता है। वह स्टेशन 80 हजार यात्रियों के माध्यम से सालाना लगभग 1 करोड़ रुपये की आमदनी देता है। लेकिन प्लेटफार्म क्रॉस करने के लिए केवल एक फुटओवर ब्रिज है। मेरी आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से माँग है कि साउथ की साइड में भी वहां पर फुटओवर ब्रिज बनाया जाए। वहां के जो इलाके हैं, पुष्कर नगर, सुबोध नगर, डीएम कालोनी, विकास भवन, जोया ब्लॉक वगैरह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान हैं, उनको शहर के अंदर टीपी चौराहे से होकर गुजरना पड़ता है, जो जाम में फंस जाते हैं। मेरी आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह भी मांग है, मेरे लोक सभा क्षेत्र में गढ़ मुक्तेश्वर है, जो एक बड़ा तीर्थ स्थल है।

वहाँ पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों की रुकने की बहुत दिनों से माँग चल रही है। मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से माँग है कि वहाँ पर गरीब नवाज़ एक्सप्रेस और जो दूसरी महत्वपूर्ण ट्रेन हैं, उनको रोकने का काम करें। वहाँ से भुज बरेली एक्सप्रेस है, फैजाबाद से आला हज़रत एक्सप्रेस है। ये ऐसी ट्रेनें हैं, जिनका वहाँ पर स्टॉपेज हो जाए तो मेरे लोक सभा क्षेत्र गढ़ मुक्तेश्वर के जो यात्री हैं, उनको कुछ फायदा मिल पाएगा।

मान्यवर, मैं एक और महत्वपूर्ण बात आपसे कहना चाहता हूँ। यह बात सही है कि रेल से गरीब जुड़े हैं, उसकी आमदनी से आम आदमी जुड़े हैं। मुझे खुशी हुई, जब आज शिव सेना के

सांसद ने प्रोफेसर मधु दंडवते जी का नाम लिया। दंडवते जी ने रेल मिनिस्ट्री में वह इतिहास बनाया था, उन 50 हजार लोगों को जिनको इमरजेंसी के दौरान नौकरी से निकाल दिया गया था। रेल मंत्री बनने के बाद एक स्ट्रॉक में उन 50 हजार कर्मचारियों की नौकरी बहाल की थी। लेकिन आज इस देश में क्या हो रहा है! आज रेलवे को प्राइवेटाइज करने की पूरी कोशिश हो रही है। आज रेलवे में सरकारी नौकरियाँ खत्म की जा रही हैं। आरक्षण के माध्यम से एससी, एसटी और पिछड़े वर्गों के जो कर्मचारी रेलवे में हैं, उनके रोजगार को खत्म करने की साजिश की जा रही है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूँ कि पटरी हमारी सरकार की, पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर सरकार का, कोच सरकार का, लेकिन अपने प्राइवेट मित्रों को रेल बेची जा रही है, जैसे कि एयरक्राफ्ट के अंदर चंद अच्छे कपड़े पहन कर स्टुअर्ड्स और एयर होस्टेज फूड सर्व करने के लिए आ जाती हैं। यह सरकार सिर्फ आउटसोर्सिंग का काम कर रही है। हम चाहते हैं कि सरकार संपत्ति को ऐसे कौड़ियों के दाम नहीं बेचें, क्योंकि इसका नुकसान सीधे-सीधे गरीब लोगों को हो रहा है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग से जो कर्मचारी आते हैं, उनका रोजगार छीनने की यह साजिश हो रही है। आपने मुझे मौका दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، آپ نے مجھے بولنے کا موقع دیا، اس کے لئے آپ کا بہت بہت شکریہ، میں امروہہ پارلیمانی حلقہ سے آتا ہوں۔ آپ جانتے ہیں کہ امروہہ ایک تاریخی شہر رہا ہے۔ فلمی دنیا سے بھی بہت مشہور شخصیات وہاں رہی ہیں، کمال امروہی امروہہ سے آتے تھے اور ممبئی سے کافی گہرا رشتہ رہا ہے امروہہ کا۔ لیکن بدقسمتی اس بات کی ہے کہ امروہہ سے ممبئی کے لئے کوئی ڈائریکٹ ٹرین نہیں ہے۔ میری آپ کے ذریعہ سے محترم ریل منتری جی سے گزارش ہے کہ مرادآباد پیتل نگری ہے، امروہہ سے ممبئی کا بہت گہرا رشتہ رہا ہے، مرادآباد سے وایا امروہہ ہوتے

ہوئے ایک ڈائریکٹ ٹرین ممبئی کے لئے چلائی جائے، جو کہ بہت پرانی اور ایک جینوِن مانگ ہے۔

امروہہ ریلوے اسٹیشن کمرشیل روپ سے بھی بی۔ کیٹیگری میں آتا ہے۔ وہ اسٹیشن 80 ہزار مسافروں کے ذریعہ سے سالانہ لگ بھگ ایک کروڑ روپئے کی آمدنی دیتا ہے۔ لیکن پلیٹ فارم کروس کرنے کے لئے صرف ایک فوٹ اوور برِج ہے۔ میری آپ کے ذریعہ محترم ریل منتری جی سے مانگ ہے کہ جنوب کی طرف بھی ایک فوٹ اوور برِج بنایا جائے۔ وہاں کے جو علاقے ہیں پُشکر نگر، سُبودھ نگر، ڈی۔ایم۔ کالونی، وِکاس بھون، جویا بلاک وغیرہ بہت اہم پرتِشٹھان ہیں ، ان کو شہر کے اندر ٹی۔پی۔ چوراہے سے ہوکر گزرنا پڑتا ہے، جو جام میں پھنس جاتے ہیں۔ میری آپ کے ذریعہ سے محترم ریل منتری جی سے یہ بھی مانگ ہے کہ میرے پارلیمانی حلقہ میں گڑھ مُکتیشور ہے، جو ایک بڑا تیرتھ استھل ہے۔ وہاں پر کئی ایکسپریس ٹرینوں کی رُکنے کی بہت دنوں سے مانگ چل رہی ہے۔ میری آپ کے ذریعہ محترم ریل منتری جی سے مانگ ہے کہ وہاں پر غریب نواز ایکسپریس اور جو دوسری اہم ٹرینیں ہیں ان کو روکنے کا کام کریں۔ وہاں سے بھُج بریلی ایکسپریس ہے، فیض آباد سے اعلیٰ حضرت ایکسپریس ہے۔ یہ ایسی ٹرینیں ہیں جن کا اگروہاں پر اسٹوپیج ہو جائے تو میرے پارلیمانی حلقہ کے گڑھ مُکتیشور کے جو مسافر ہیں ان کو کچھ فائدہ مل جائے گا۔

جناب، میں ایک بہت اہم بات آپ سے کہنا چاہتا ہوں۔ یہ بات سہی ہے کہ ریل سے غریب جُڑے ہیں، اس کی آمدنی سے عام آدمی جُڑے ہیں۔ مجھے خوشی ہوئی کہ جب آج شِو سینا کے ایک معزّز ممبر نے پروفیسر مدھو دنڈوتے جی کا نام لیا۔ دنڈوتے جی نے ریل منسٹری میں وہ تاریخ بنائی تھی،

ان 50 ہزار لوگوں کو جن کو ایمرجینسی کے دوران نوکری سے نکال دیا گیا تھا۔ ریل منتری بننے کے بعد ایک ہی اسٹاک میں ان 50 ہزار کرمچاریوں کی نوکری بحال کر دی تھی۔ لیکن آج اس ملک میں کیا ہو رہا ہے۔ آج ریلوے کو پرائیوٹائز کرنے کی پوری کوشش ہو رہی ہے۔ آج ریلوے میں سرکاری نوکریاں ختم کی جا رہیں ہیں۔ آرکشن کے ذریعہ سے ایس۔سی۔، ایس۔ٹی۔ اور پچھڑے طبقے کے جو کرمچاری ریلوے میں ہیں ان کے روزگار کو ختم کرنے کی کوشش کی جا رہی ہے۔

جناب، میں آپ کے ذریعہ سے صرف اتنا ہی کہنا چاہتا ہوں کہ پٹری ہماری سرکار کی، پورا انفراسٹرکچر سرکار کا ، کوچ سرکار کا، لیکن اپنے پرائیویٹ دوستوں کو ریل بیچی جا رہی ہے، جیسے کہ ائر کرافٹ کے اندر چند اچھے کپڑے پہن کر اسٹوورڈس اور ائر ہوسٹس فوڈ سرو کرنے کے لئے آجاتی ہیں۔ یہ سرکار صرف آؤٹ سورسنگ کا کام کر رہی ہے۔ ہم چاہتے ہیں کہ سرکار پروپرٹی کو ایسے کوڑیوں کے دام نہیں بیچے، کیونکہ اسکا نقصان سیدھے۔سیدھے غریب لوگوں کو ہو رہا ہے۔ ایس۔سی۔، ایس۔ٹی۔ اور او۔بی۔سی۔ طبقے سے جو کرمچاری آتے ہیں، ان کا روزگار چھیننے کی یہ سازش ہو رہی ہے۔ آپ نے مجھے موقع دیا ، بہت بہت شکریہ۔۔۔۔ (ختم شد)

SHRIMATI HEMAMALINI (MATHURA): Thank you, Chairman, Sir, for giving me this opportunity to speak on the Demands for Grants of the Railway Ministry. Along with my other colleagues, who have given their valuable suggestions, I take this opportunity to congratulate the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, the hon. Railway Minister, Shri Piyush Goyal and the hon. Finance Minister, Smt. Nirmala Sitharaman for their very many initiatives announced in the Budget for improvement of the overall functioning of the Indian Railways particularly.

I don't have much time. So, I want to give just four suggestions concerning my constituency. I have observed that vast stretches of land are lying vacant around the railway stations. These land stretches are littered with filth and dirt. The Budget 2020 talks about using such vacant spaces for installing solar panels for electricity generation. I really appreciate this imitative. I would like the hon. Minister to also consider utilizing such vacant land for construction of tourist facilitation centres, which may include construction of lodging and boarding facilities, better vehicle parking facilities and open green parks.There would also be a need for modernization of railways. One area that needs a priority consideration is to use the old railway tracks that are there since pre-Independence era. I think a survey should be carried out to identify all such obsolete tracks. That requires immediate replacement with laying of new modern tracks that would support high speed trains.

Thirdly, the railway constructs underpasses at railway *fataks* to smoothen the passing traffic. At many places they have been facing the

problem of water logging during rainy season. I believe this problem can be solved by constructing flyovers at such spots. I am told that Railways has ruled out construction of flyovers due to lack of funds.

I do believe that the Railways should reconsider its decision and carry out fresh feasibility studies wherever the problem of water logging is acute, and consider building a fly-over. The fourth one is the most important point. We all know that Mathura is a city of pilgrimage for millions of devotees in India and overseas. As such, the Mathura Junction has a national significance. I would request the hon. Railway Minister to consider making Mathura a mandatory halt for all important trains passing through Mathura Railway Junction, जिससे अलग-अलग प्रांत से आने वाले डिवोटीज़ को बहुत सुविधा मिलेगी। मुझे सिर्फ इतना ही कहना है।

धन्यवाद।

***SHRI ABU TAHER KHAN (MURSHIDABAD):** Respected Chairman Sir, I request you to allow me to speak in Bengali. Hon. Railway Minister is present in the House. I wish to remind him that the projects which were sanctioned by the then Railway Minister Smt. Mamata Banerjee in the Budget are unfortunately being ignored. These projects were to come up in my state West Bengal. Very little funds have been allocated for these schemes and they are in a poor shape. Progress is extremely slow. Particularly, I can mention about a rail bridge that was built in Murshidabad. It is lying as it is for the last ten years but it has not been made operational yet. It is called the Nasipur rail bridge in Murshidabad district. If this bridge is made functional then connectivity with North Bengal will improve and will be of much help to the local population. The modernization of the rail line from Lalgola to Sealdah has been undertaken but the underpass and overbridge have not been built so far. Because of NH 34, trains often remain stranded which causes inconvenience to people. Sealdah station is one of the most important stations of the country and the state of West Bengal. Howrah station is also highly important. But the passengers are compelled to walk for at least a kilometre to reach this station. It is very difficult for the senior citizens, the disabled people to walk that distance. There should be modernization of these stations as these are overcrowded and lakhs of passengers use these everyday. This is my demand.

---

*English translation of the speech originally delivered in Bengali.

Now let me talk about my constituency. There is no train till Lalgola which plies at night. So I urge upon you to introduce at least one air-conditioned train at night on this route. Along with this, as you know, Phurphura-Sharif is a Muslim minority dominated area. Schemes are already in place, study has been conducted long back but the new rail track from Dankuni to Phurphura Sharif has still not been laid. Thus I urge upon you to look into these issues and solve the problems of Murshidabad. The lines which are old enough may be modernized in this region.

Another issue which I would like to touch upon is the catering facility on the trains. The quality of food served is very sub-standard. Particularly, there is no special provision for the diabetic patients. The pantry has no arrangement to provide customized meals to these patients. Many Hon. Members have already flagged this issue. I demand that proper hygienic food should be supplied on trains. With these words, I thank you and rest my speech.

SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANYAKUMARI): Mr. Chairman, Sir, thank you very much. Kanyakumari, as you know, is at the tip of India. I want to develop that District as one of the top districts in India. So, Railways should support me. Then only it will happen.

I do not want to prolong my speech. I will point out only a few requests to our hon. Minister.

Train No. 22657/58 TBM-NCJ SF Express runs weekly thrice. People are facing a lot of difficulties to travel on weekends from Chennai to Southern Districts like Madurai, Thirunelveli, Nagercoil and Kanyakumari due to unavailability of train facility.

I request you to operate a single trip to Velankanni from Nagercoil using the incoming rake from Chennai on Friday to serve our long-pending demand.

I request you to operate Train No. 22657/58 TBM-NCJ SF Express from Chennai Egmore. This train Primary Maintenance at Nagercoil Junction if operated from Egmore will be more beneficial for entire Chennai people including North Chennai. Kanyakumari should be created as a new Railway Division. More space is there and more lands are there.

I request you to introduce a late-night train from Chennai-Egmore, via Nagercoil to Trivandrum. Basic amenities like toilet, water, passenger lounge with Wi-Fi facility, etc. should be provided at Nagecoil and Kanyakumari Railway Station. Level Cross 15-B in Vilavancode via Marthandam-Karungal Railway Over Bridge is required. Minister Sir, there are so many demands from my side with respect to Kanyakumari. Please consider them.

I request you to construct ROBs and RUBs in my constituency, like Kappiyarai ROB, Kuzhithurai Eraniel ROB, Marthandam, Agatheeswaram. Please speed up the doubling of railway track between Madurai and Kanyakumari and Tuticorin to Kanyakumari. Madurai Sampark Kranti Express Train No. 12651/12652 may be extended up to Nagercoil. Tejas Express No. 22672 and 22671 may kindly be extended up to Nagercoil. Please introduce more unreserved women coaches in all trains running between Chennai and Kanyakumari.

The world's largest mass religious tourism takes place in India at Kanyakumari, which attracts over 100 million pilgrims every year. It is most important to connect all religious places through Railways.

The proposal to privatise Railways should be withdrawn immediately as 10 lakh people are working in Southern Railways alone. The nation had huge expectations from this Government, but it has betrayed each and every section of the society, including common man and Members of Parliament.

We are expecting more allocations. The Government has allocated only Rs. 1,000 each for ten routes. They are Madurai-Thoothukudi, Tindivanam-Ginjee-Thiruvannamalai; Tindivanam-Nagari; Athippattu-Puthur; Erode-Palani; Chennai-Cuddalore-Mahabalipuram;Sriperumbudur-Guduvanchery; Morappur-Dharmapuri; Rameshwaram-Dhanushkodi; and Bengaluru-Sathyamangalam. They have been allocated only Rs. 1,000 each. How can we get more trains? Please take care of us. We are at the end of India, we are at the tip of India. Thank you.

HON. CHAIRPERSON : Hon. Minister, there is no airport in Kanyakumari.

THE MINISTER OF RAILWAYS AND MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI PIYUSH GOYAL): Sir, I can only assure the hon. Member that I am a big follower of Swami Vivekananda. I have visited the Vivekananda Kendra in Kanyakumari and have really got inspiration from there.

HON. CHAIRPERSON: There is no airport there.

SHRI PIYUSH GOYAL: Sir, I can assure him that I have listened carefully to all his points.

श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी): सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं और इसके साथ-साथ देश के यशस्वी, तेजस्वी, तपस्वी और रात-दिन मेहनत करने वाले सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जीतने के लिए अपने मंत्रिमंडल के अनुयायियों के साथ काम करने वाले माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं और माननीय पीयूष गोयल जी का अभिनन्दन करता हूं। रेलवे में बहुत डेवलपमेंट हुआ है। मेरे क्षेत्र में उसका असर दिखाई दे रहा है। जूनागढ़ से पहले एक ही लिंक ट्रेन थी। अभी आपने नई ट्रेन दी है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। लेकिन, इसके साथ-साथ कुछ निवेदन भी आपके सामने रखना चाहूंगा। मेरा चुनाव क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है और छत्तीसगढ़ से लगा हुआ है। मेरा चुनाव क्षेत्र 325 किलोमीटर लंबा और 250 किलोमीटर चौड़ा है। यह पहाड़, पर्वत और टूरिज्म प्लेस से घिरा हुआ है। लेकिन आने-आने के लिए जितनी सुविधा होनी चाहिए, उसमें कहीं न कहीं कमी नजर आती है। जूनागढ़ से वॉल्टेयर या विशाखापट्टनम के लिए एक ट्रेन एकांत जरूरी है, क्योंकि हमारे बच्चे वहां पढ़ाई करते हैं, हमारे मरीज वहां इलाज कराते हैं और हमारे व्यवसायी वॉल्टेयर की मार्केट के ऊपर निर्भर करते हैं। जूनागढ़ रेलवे स्टेशन से विशाखापट्टनम के लिए एक डीएमयू हो, एक मेमू ट्रेन हो, जो भी हो, एक ट्रेन चलनी चाहिए। अंचल वासियों का एकांत जरूरी है। सरकार से यही मांग है और निवेदन है। इसके साथ-साथ मैं आपका ध्यान इस ओर भी आकृष्ट करना चाहता हूं कि बरगढ़ से नवापारा रेल लाइन पहले से प्रपोज्ड है। अभी तक यह नहीं बना है। नई रेलवे लाइन है, वह कैसे बने, उसके ऊपर मैं मंत्री जी की दृष्टि आकर्षित करता हूं। उसके साथ-साथ काटाबांझी से नवरंगपुर जिसके रास्ते में खड़ियालनगर आता है, सिनापाली पड़ता है, धर्मगढ़ पड़ता है, जो पहले से नयी रेलवे लाइन प्रोपोज्ड है, वह भी बनायी जाए। गरीब जनता, आदिवासी जनता और अदूषित अंचल को बेनिफिट दिया जाए। मैं निवेदन करता हूं, हमारे देश का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान जगन्नाथ धाम है और वाराणसी, काशी, प्रयागराज अस्थि विसर्जन का सर्वेश्रेष्ठ स्थान है। लेकिन पुरी से टिटलागढ़ होते हुए, खरियार रोड होते हुए, मेरे क्षेत्र होते हुए कोई ट्रेन इलाहाबाद और वाराणसी के लिए नहीं आती-जाती है। इसलिए पुरी हो या सम्बलपुर हो, दोनों मेन स्टेशन से

इलाहाबाद और सारनाथ के लिए एक ट्रेन चलाई जाए। मैं निवेदन करता हूं कि इस्पात एक्सप्रेस टिटलागढ़ स्टेशन पर आकर रुक जाती है, शाम पांच बजे से सुबह पांच बजे तक बारह घंटे उसको जूनागढ़ तक एक्सटेंशन करने से कालाहांडी लोक सभा क्षेत्र के लोगों को भी सुविधा होगी। कालाहांडी के लिए एजुकेशन, मेडिकल ट्रीटमेंट और मार्केटिंग के लिए भी कोलकाता आने-जाने की सुविधा होगी।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि हमारे क्षेत्र नरला में एक वैगन फैक्ट्री प्रोपोज्ड थी, लेकिन राजनीतिक कारण से वह दूसरे ब्रह्मपुर गंजाम जिले में स्थापित कर दी गई। जमीन रेलवे डिपार्टमेंट ने अधिगृहित की हुई है, वह जमीन बेकार पड़ी हुई है, उस जमीन में रेलवे कोई इंडस्ट्री या फैक्ट्री चालू करने की कृपा करें, जिससे कम से कम भारतीय जनता पार्टी की उसके लिए इज्जत बढ़े और इससे आपके लिए और मेरे लिए भी थोड़ी-बहुत इज्जत बढ़ने की संभावना बन जाएगी।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि आर.ओ.बी केसिंगा बना नहीं है, उसका टेन्डर हुआ था, लेकिन कैंसल हो गया। आर.यू.बी. केसिंगा बना नहीं है, उसका भी टेन्डर हुआ था, लेकिन कैंसल हो गया। आर.ओ.बी. खरियार रोड बनी नहीं है, उसका भी टेन्डर हुआ था, लेकिन कैंसल हो गया। ये तुरन्त बनकर कैसे तैयार हो, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वे विशेष रूप से इस पर ध्यान दें।

माननीय सभापति महोदय, मैं जिस जिला हैडक्वार्टर से आता हूं, स्वतंत्रता के 70 साल बाद मेरे जिले से लोक सभा में पहुंचने वाला मैं पहला प्रतिनिधि हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि मेरे जिला हैडक्वार्टर रेलवे स्टेशन पर काफी सारी एक्सप्रेस ट्रेन्स नहीं रुकती हैं। प्लीज आप उन्हें वहां पर दो मिनट के लिए रोक दीजिए। आप मेरी भी इज्जत बढ़ा दीजिए और अपनी भी इज्जत बढ़ा दीजिए। मैं इतना ही निवेदन करते हुए और आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं। धन्यवाद।

*SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM): Hon. Chairman Sir. Thank you for this opportunity. At the outset I make a fervent appeal to you not to privatize Indian Railways which is a major form of transport used by a major chunk of the people of this country. My parliamentary constituency consists of tourist places including Rameswaram and Ramanathapuram district. Large number of tourists and pilgrims from India and abroad visit these places every day. Trains operated in the meter gauge line till 2004 were stopped thereafter. For example trains between Rameswaram and Palakkad, Rameswaram and Coimbatore via Madurai, Dindigul and Pollachi should once again be made functional.

I request that all the trains which were plying on this meter gauge railway line should be made operational. There is a long pending demand of the people of Thangachimadam in my Ramanthapuram constituency that Thangachimadam Railway station which is very much near to the Memorial of former President of India Dr. APJ Abdul Kalam should become functional. All the trains coming from Rameswaram should have a stoppage in Thangachimadam Railway Station so as to benefit the traders and general public of this area. Only two trains are run between Rameswaram and Chennai. Large number Non Resident Indians are from Ramanathapuram district and they use Chennai Airport very frequently. In order to benefit these

*English translation of the speech originally delivered in Tamil.

NRIs and the persons who go to Chennai Airport for seeing off these NRIs, more number of trains should be operated to Chennai. Particularly day time trains should be run between Rameswaram and Chennai. In my Ramanathapuram constituency Aranthangi is an important place where gatekeepers are not appointed in many railway level crossings. Because of which trains do not run in this route.

I request that all the vacant posts of gate keepers should be filled with suitable persons. Trains should once again be operated to Chennai via Karaikkudi, Aranthangi, Pattukkottai and Mayiladuthurai. All the trains which were operational in the meter gauge railway line should be run once again via Aranthangi. Kamban Express train should run as before. Additional trains should be made to run from Aranthangi. Large number of traders living in Aranthangi have strong trade connection with Chennai. I therefore request that adequate number of trains should run between Aranthangi and Chennai. Aranthangi is also a hub for export of various items of trade. I therefore sincerely request that two goods trains, which were operational in the past, should once again be made operational in Aranthangi.

The new rail route between Karaikkudi and Kanniyakumari has been cancelled. Survey was conducted regarding the East Coast Railway line between Karaikkudi and Rameswaram via Thondi, Ramanathapuram, Ervadi, Keelakkarai, Sayalkudi and Tuticorin. But now this rail route has been done away with. If this new Railway Project is started with allocation of adequate funds, there will be rail network facility created in this Ramanathapuram area.

Ramanathapuram is the district headquarters. The Railway Station in Ramanathapuram handles large number of pilgrims and tourist form different parts of the country and abroad. This Railway Station should therefore be upgraded with all new facilities benefitting the people of this area. Thank you.

***SHRI JAGANNATH SARKAR (RANAGHAT):** Thank you respected Chairman Sir, my state West Bengal is a densely populated state. There are many rail gates which don't have underpasses or overbridges. So these should be built as early as possible, otherwise overcrowding may pose further problems. Moreover, the local trains should be converted into 12 bogey trains to mitigate the rush of passengers.

A mail train should be introduced on the Kolkata-Nabadwip route. Lord Sri Krishna had taken rebirth as Chaitanya in Nabadwip. This place has become popular day by day as the Vedantic philosophy is spreading through Iskon. So pilgrims from all over the world throng that place. Therefore the connectivity of this region should be improved by expanding the railway network and connecting all other places with this holy land of Nabadwip. Just near Nabadwip, there is an incomplete rail bridge over river Ganga. Some local people are agitating against the construction of this bridge.

I have personally met these people, talked to them. What they want is rehabilitation. They say that if they are provided with alternative habitation, then, in the interest of the state, for its development they will allow the rail bridge to be constructed. So if the obstruction is removed then the connectivity can be improved and much time can be saved in commuting. Just like Nabadwip, Krishnanagar is also a renowned place. So rail network may be extended from Krishnanagar to Karimpur, Karimpur to Sikarpur bordering Bangladesh which will be highly beneficial for passengers. Lakhs of farmers

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

will also be able to transport their farm produce to Kolkata easily and that will help them a lot.

Similarly, from Ranaghat to Bangladesh border via Bongaon, the rail line doubling work may be undertaken so that the overcrowding of trains can be minimized. This will also lead to better trading practices and economic condition of India may also improve. AIIMS is coming up at Kalyani, so rush of people will increase day by day. It is becoming difficult for them to board and deboard trains due to swelling crowd. Thus metro rail should be introduced on the Kolkata-Kalyani route. Some northbound local trains till Nabadwip, Krishnanagar, Gede line may be run from Kalyani. The work of third line from Naihati to Ranaghat is underway but at a very slow pace. The work must be completed as early as possible and number of trains should also be increased.

Soil erosion is going on and pilferage of soil is being done surreptitiously from the railway land by some dishonest people, illegally. This should be stopped immediately. Moreover, there are numerous small shops on the railway platforms in West Bengal. The railway department can start to collect rent from these shops which may add to the revenue collection.

I also wish to say that during the anti CAA agitation many people had vandalized railway properties. They had burnt down many trains. I think, footages of CCTVs should be checked, culprits should be identified and compensation should be recovered from them. If this happens, then in future, no one will dare to damage public property.

There has been rampant encroachment of railway land near Kalyani. The narrow gauge line has been partly converted into broad gauge. In the name of constructing temple or mosque, the land is being grabbad. The work is still not complete but encroachment is there. Something should be done. …(*Interruptions*)

*डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): आज लोक सभा में रेल मंत्रालय से संबंधित अनुदान माँगों पर चल रही चर्चा में मैं अपने सुझाव/मांग माननीय रेल मंत्री के संज्ञान में तथा उनकी स्वीकृति के लिए प्रस्तुत कर रहा **हूं** -

सबसे पहले माननीय रेल मंत्री का हार्दिक अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने पूरे देश में रेलवे क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। मुझे अभी तक यह समझ में नहीं आया कि एसी ट्रेन/डिब्बों का इतना ठंडा क्यों रखा जाता है जिससे न यात्री कंफोर्टेबल रह पाते, तथा रेलवे को ब्लैंकेट्स खरीदनें, धोने में खर्च क्यों करते हैं? कितनी बिजली ऊर्जा हम ज्यादा खर्च करते हैं? क्या यह नेशनल वेस्टेज नहीं है। दिल्ली सहारनपुर रेलवे लाइन को 2015 के बजट में दोहरीकरण मंजूर किया गया परंतु जनवरी 2017 में माननीय रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा के हाथों भूमिपूजन किया गया है पर काम नहीं हो रहा है। रेलवे अधिकारी कहते हैं कि प्रोजेक्ट viable नहीं है। रेलवे अधिकारी इस लाइन पर चलने वाली भीड़ से शायद वाकिफ नहीं है। मैंने अधिकारियों की मीटिंग में एक वीडीयो दिखाया था। दुनिमौ में यह रेलवे लाइन विश्व की 6ठे नंबर की सबसे भीड़वाली है। एक नया रेलवे लाइन पानीपत से मेरठ को जोड़ने की 2017 के बजट में हुई। यह रेलवे लाइन मेरी बागपत लोक सभा क्षेत्र से गुजरने वाली है। पर कुछ पॉलिटिकल कनसिडरेशन के कारण इस रेलवे लाइन को कुछ लोग बागपत से हटाकर दूसरे क्षेत्र से ले जाना चाहते हैं। मेरे क्षेत्र से इसका सर्वे भी हो चुका है। 3 ROB टटीरी (बागपत), बड़ौत व कातिमपुर खेड़ी 2017 के बजट में मंजूर हुए पर आज तक कोइ्र काम शुरू नहीं हुआ। मोदी नगर में मार्किट के अंदर एक फूट ओवर ब्रिज की अत्यंत आवश्यकता है। जिवानी(बागपत) में एक हाल्ट मंजूर हुआ है पर उसे बनवाने के लिए सांसद से फंड मांगा जा रहा है। रेलवे लाइन पर जो क्रॉसिंग पर अंडर पास बने हैं-उनमें वर्षा ऋतु में 4-5 फुट ऊंचा पानी भरा रहता है। लोगों का आना जाना बंद होता है।

---

* Speech was laid on the Table.

22.00 hrs

*SHRI D.M. KATHIR ANAND (VELLORE): Hon. Chairman Sir, thank you for the opportunity given to me to speak on these Demands for Grants pertaining to Railways. Sir I want to insist on few points while taking part in the discussion on Railways. First and foremost is that I want to tell the Government to again adopt the previous scheme of having a separate Budget for Railways. We can have separate discussion on Railway Budget if it is presented separately. Because we need to discuss a lot. This short time may not be sufficient for us. While talking about the issues relating to Railways, the important subject is of sanitation and hygiene of railway compartments and railway lines. Now the open discharge from all the railway compartments is causing nausea in all the railway stations. And also it is creating an arena for manual scavenging which is not that good and it has been highly neglected by many cities.

Not only that in every railway station the toilet facilities should be upgraded so as to protect the environment of that area. The open discharge of human excreta on the railway track leads to spread of parasites and several diseases. There are issues of health and sanitation as well. Chemical toilet facility, which is hygienic, should be followed in Railways in order find a solution to this problem. Trains should reach on time. We should ensure timely arrival of every train. In order to avoid delay of running trains, the manual level crossing should be replaced with over bridges or under passes. I belong to

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

Vellore Parliamentary constituency. Vaniyambadi is an important place in my Vellore constituency. An over-bridge construction work was started in Vaniyambadi in the year 2017 at a cost of Rs 17 Crore. But the project has been withdrawn. There is no improvement in the execution of this project. While carrying out the construction work, several lives were lost. I want to say this through you to this august House that at least as a compensation to the loss of lives, the Government should take up as a challenge and complete the construction work of Vaniyambadi Newtown over-bridge project. Many trains do not have stoppage in Vaniyambadi Railway Station. I urge upon the Minister that Mumbai-Kanniyakumari Express, Lalbagh Express and Kovai Express, should have a stoppage in Vaniyambadi.

Sir, there is Vaniyambadi is considered to be the leather hub of Tamil Nadu. A lot of leather manufacturing units are there. The traders trade in the Northern India and they export also. Therefore, we definitely need stoppage of these trains in that particular area.

Not only that, at the time of recruiting people for Railways, only Tamil knowing persons should be appointed in Tamil Nadu. Those Railway Officials who do not know Tamil find difficulty in disseminating information to the general public. My demand is that only Tamil knowing persons should be appointed in Tamil Nadu particularly while making recruitment for Southern Railways.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

SHRI D.M. KATHIR ANAND : Sir give me one minute. Railway department should look into saving energy.

HON. CHAIRPERSON: Not one minute. You have to conclude now.

SHRI D.M. KATHIR ANAND : Sir, we have to look towards solar power and also solar parks to compensate for the power used in the Railway Department.

Finally, I want to conclude by making one more request. There is a major problem with the Katpadi railway overbridge. The Katpadi railway bridge connects Tamil Nadu and Chittoor. This bridge is almost going to fall down any moment. They have allocated Rs.2 crore for strengthening the bridge but the work has not been completed. Therefore, I request the hon. Minister to expand the bridge and make sure that Vellore and Chittoor are connected. Also, I request for Wi-Fi connection in all trains in the future. Thank you.

* **श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने केन्द्रीय बजट 2020-21 के साथ रेल बजट पेश किया। रेल मंत्रालय, भारतीय रेलवे का एडमिनिस्ट्रेशन संभालता है और रेलवे बोर्ड के जरिए नीतियों का निर्माण करता है। भारतीय रेलवे सरकार की कमर्शियल अंडरटेकिंग है। वर्ष 2020-21 में रेल मंत्रालय के प्रस्तावित व्यय, पिछले वर्षों में उसके वित्त और विभिन्न मुद्दों का विश्लेषण करता हूं। राजस्व 2020-21 के लिए रेलवे का राजस्व 2,25,913 करोड़ रूपए अनुमानित है जिसमें 2019-20 के संशोधित अनुमान की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि है।

2020-21 में रेल यातायात से 2,25,613 करोड़ रूपए के राजस्व का अनुमान है जिसमें 2019-20 के संशोधित अनुमान की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि है। 2020-21 में माल ढुलाई और यात्री यातायात, प्रतयेक राजस्व में 9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। 2019-20 के संशोधित अनुमान में बजट अनुमान की तुलना में माल ढुलाई से प्राप्त राजस्व में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई है। 2020-21 में 2,19,413 करोड़ रूपए का कुल राजस्व व्यय अनुमानित है जिसमें 2019-20 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि है। 2019-20 के (संशोधित अनुमान) में बजट अनुमानों की तुलना में कुल राजस्व व्यय में 3 प्रतिशत की कमी का अनुमान है। ऑपरेटिंग रेशों 2020-21 में रेलवे का ऑपरेटिंग रेशो 96.2 प्रतिशत अनुमानित है। यह 2019-20 के संशोधित अनुमानों की तुलना में थोड़ा बेहतर है। पिछले वर्ष यह रेशो 97.4 प्रतिशत था। बजट

2020-21 में रेलवे से संबंधित मुख्य घोषणाएं और प्रस्ताव इस प्रकार हैं । रेलवे ने एक किसान रेल की योजना प्रस्तावित की है ताकि नष्ट होने वाली वस्तुओं जैसे दूध, मीट और मछली आदि के लिए राष्ट्रीय कोल्ड सप्लाई चेन तैयार की जा सके। यह पीपीपी अरेंजमेंट के जरिए तैयार किया जाएगा। एक्सप्रेस और फ्रेट ट्रेनों में रेफ्रिजरेटेड कोच होंगे। अगले पांच वर्षों में 100 लाख करोड़ रूपए इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किए जायेंगे। इनमें रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, मैट्रो और

* Speech was laid on the Table.

रेल परिवहन तथा लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग से संबंधित प्रॉजेक्टस शामिल हैं। रेलवे ट्रैक्स अके समानांतर, रेलवे के स्वामित्व वाली जमीन पर बड़ी सोलर पॉवर क्षमता शुरू की जाएगी। पीपीपी मोड के जरिए चार स्टेशनरी-डेवलपमेंट प्रॉजेक्टस शुरू किए जायेंगे और 150 यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जाएगा। प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों को जोड़ने के लिए अधिक संख्या में तेजस ट्रेनों को शुरू किया जाएगा। बेंगलूरू में 18,600 करोड़ रूपए की लागत से 148 किलोमीटर लंबा सबअर्बन ट्रांसपोर्ट प्रॉजेक्ट शुरू किया जाएगा। केन्द्र सरकार 20% इक्विटी प्रदान करेगी और प्रॉजेक्ट की लागत के 60% तक के लिए बाहरी सहायता जुटाई जाएगी।

पिछले कुछ वर्षों में रेलवे अपना राजस्व स्वयं अर्जित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। रेलवे का ऑपरेटिंग रेशो पिछले कुछ वर्षों में निरंतर अधिक रहा है, जिससे संकेत मिलता है कि उसकी परिचालनगत अधिशेष कमाने की क्षमता निम्न है। रेलवे का मुख्य कार्य माल ढुलाई और यात्री ट्रेनों को चलाना है, लेकिन इससे प्राप्त होने वाली आय में गिरावट हो रही है इसका कारण माल ढुलाई और यात्री यातायात की वृद्धि में होने वाली गिरावट है। कुल यातायात में अगर अमय परिवहन साधनों से तुलना की जाए तो रेलवे की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम हो रही है। 1950-51 में अगर कुल माल ढुलाई में रेलवे का हिस्सा 89औ था तो 2011-12 में यह 30% रह गया। इसी अवधि में कुल यात्री यातायात में सड़कों का हिस्सा 11% से बढ़कर 61% हो गया। दूसरी ओर हर साल बढ़ने वाले वेतन के कारण रेलवे का मुख्य व्यय धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इसका कारण वेतन आयोग के संशोधन हैं। 2015 और 2020 के बीच (बजट अनुमान) वेतन पर रेलवे के व्यय में औसत 13% की दर से हर साल वृद्धि हुई है। पेंशन पर भी व्यय बढ़ रहा है, जो कि अनुत्पादक है, क्योंकि इससे रेलवे को कोई राजस्व प्रापत नहीं होता। आने वाले वर्षों में पेंशन की राशि के और बढ़ने की उम्मीद है, चूंकि रेलवे का 40% स्टाफ 2016-17 में 50 वर्ष से अधिक आयु का था। आंतरिक राजस्व के कम होने का अर्थ यह है कि रेलवे केंद्र सरकार के बजटीय समर्थन और बाहरी उधारियों से अपने पूंजीगत व्यय को वित्त पोषित करता है जबकि केंद्र सरकार का सहयोग अधिकतर एक सा बना रहता है, रेलवे की बाहरी उधारियां बढ़ रही हैं। उधारियों पर अत्यधिक र्निरता से रेलवे की वित्तीय

स्थिति और अधिक खराब होगी। निम्नलिखित खंडों में हम प्रत्येक वित्तीय घटक पर चर्चा कर रहे हैं।

भारतीय रेलवे के पास राजस्व के तीन मुख्य स्रोत हैं (1) अपने आंतरिक संसाधन (माल ढुलाई और यात्री यातायात से प्राप्त राजस्व, रेलवे की जमीन को लीज पर देना इत्यादि) (2) केन्द्र सरकार से बजटीय समर्थन और (3) अतिरिक्त बजटीय संसाधन (जैसे प्राथमिक उधारियां, जिसमें संस्थागत वित्त पोषण, सार्वजनिक निजी सहभागिता और उधारियां, जिसमें संस्थागत वित्त पोषण, सार्वजनिक निजी सहभागिता और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं)। रेलवे के परिचालनगत व्यय (वेतन, कर्मचारियों को सुविधा, पेंशन, एसेट्स का रख-रखाव) को उसके आंतरिक संसाधनों के जरिए पूरा किया जाता है। पूंजीगत व्यय (वैगन की खरीद, स्टेशन का रीडेवलपमेंट) अतिरिक्त बजटीय संसाधनों, केन्द्र सरकार से बजटीय सहयोग और रेलवे के आंतरिक संसाधनों के जरिए वित्त पोषित किया जाता है। केंद्र सरकार रेलवे को अपना नेटवर्क बढ़ाने और पूंजीगत व्यय में निवेश के लिए सहयोग देती है। हाल तक केंद्र सरकार का बजटीय सहयोग रेलवे के लिए पूंजीगत व्यय का प्राथमिक स्रोत था। हालांकि 2015-16 से पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा अतिरिक्त बजटीय सहयोग के जरिए हासिल किया जाता है। 2017-18 में 54 प्रतिशत पूंजीगत व्यय को अतिरिक्त बजटीय संसाधनों के जरिए पूरा किया गया। 2020-21 में केंद्र सरकार से सकल बजटीय सहयोग 70.250 करोड़ रूपए प्रस्तावित है। यह 2019-20 के संशोधित अनुमानों से 3% अधिक है (68.105 करोड़ रूपए)। केंद्र सरकार रणनीतिक लाइनों पर रेलवे को होने वाले परिचालनगत नुकसान और आईआरसीटीसी पर ईटिकटिंग की परिचालन लागत की भरपाई करती है। (2020-21 के बजट अनुमानों के अनुसार 2.216 करोड़ रूपए)।

रेलवे को यात्री यातायात और माल ढुलाई से मुख्य रूप से आंतरिक राजस्व प्राप्त होता है। 2018-19 (हालिया वास्तविक) में आंतरिक राजस्व में माल ढुलाई और यात्री यातायात का योगदान क्रमशः 67% और 27% था। 2020-21 में रेलवे को माल ढुलाई से 65% और यात्री

यातायात से 27% आंतरिक राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। शेष 8% अन्य विविध स्रोतों, जैसे पार्सल सेवा, कोचिंग से होने वाली विविध प्राप्तियों और प्लेटफार्म टिकटों से अर्जित की जाएगी।

2018-19 में रेलवे ने कोयला (45;) सीमेंट (8;) लौह अयस्क (7;) और पिग आयरनर्धफेनिश्ड स्टील (7;) के परिवहन से सबसे अधिक माल भाड़ा कमाया। यह अधिकतर थोक माल की ढुलाई करता है और उसकी फ्रेट बास्केट में ज्यादातर पॉवर प्लांटस, आयरन एवं स्टील प्लांटस जैसे कुछ उद्योगों के लिए कच्चा माल शामिल होता है। 2020-21 में रेलवे को गुड्स ट्रैफिक से 1,47,000 करोड़ रूपए की कमाई की उम्मीद है, जो कि 2019-20 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 9% अधिक है। यात्री यातायात को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है, सबअर्बन और नॉन सबअर्बन यातायात। सबअर्बन या उपशहरी ट्रेनें ऐसी यात्री ट्रेने होती हैं जोकि 150 किलोमीटर तक की दूरी पर जाती है और शहरों और उपशहरी इलाकों से यात्रियों की आवाजाही को आसान करती हैं। अधिकतर यात्री राजस्व (2018-19 में 94;) गैर उपशहरी यातायात (या लंबी दूरी की ट्रेनों) से प्राप्त होता है। 2020-21 में रेलवे को यात्री यातायात से 61.000 करोड़ रूपए की आय होने की उम्मीद है, जो कि 2019-20 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 9; अधिक है । हालांकि 2020-21 में यात्री यातायात में 1% की वृद्धि अनुमानित है। 2019-20 (संशोधित अनुमान) में यात्री यातायात में 2% की गिरावट का अनुमान है पर यात्री यातायात से प्राप्त राजस्व में कोई परिवर्तन का अनुमान नहीं है।

अतिरिक्त बजटीय संसाधन (ईबीआर) में मार्केट की उधारियां जैसे बैंकों का वित्त पोषण, संस्थागत वित्त पोषण और बाहरी निवेश इत्यादि शामिल होते हैं। भारतीय रेलवे में बाहरी निवेश सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपीज) संयुक्त उपक्रम या निजी निवेशकों को रेलवे में बॉण्डस या इक्विटी शेयर खरीदने के लिए आकर्षित करने के जरिए मार्केट फाइनांसिंग, कुछ भी हो सकता है। रेलवे को अधिकतर ईबीआर भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) की मार्केट उधारियों के रूप में प्राप्त होता है। आईआरएफसी मार्केट से धनराशि लेता है (टैक्स योग्य तथा टैक्स मुक्त बॉन्ड इश्यूएंस, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से टर्म लोन्स) और फिर भारतीय रेलवे के रोलिंग स्टॉक

एसेट्स और प्रॉजेक्ट एसेट्स को वित्त पोषित करने के लिए एक लीजिंग मॉडल का इस्तेमाल करता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान उपलब्ध संसाधनों और व्यय के बीच के अंतर को कम करने के लिए उधारियां बढ़ाई गई। जैसा कि पहले कहा गया है, रेलवे के अधिकतर पूंजीगत व्यय को केंद्र सरकार के बजटीय सहयोग के जरिए पूरा किया जाता है। 2015-16 में इस प्रवृत्ति में बदलाव हुआ और रेलवे के अधिकतर पूंजीगत व्यय को ईबीआर के जरिए पूरा किया गया। 2020-21 में ईबीआर के जरिए 83.292 करोड़ रूपए जुटाने का अनुमान है। जो कि 2019-20 के संशोधित अनुमानों से कुछ अधिक है। (83,247 करोड़ रूपए)।

2020-21 के लिए 1,61,042 करोड़ रूपए का कुल पूंजीगत परिव्यय (एसेट निर्माण पर खर्च होने वाली राशि) प्रस्तावित है। 2019-20 के लिए संशोधित पूंजीगत परिव्यय से यह 3; अधिक है (1,56,352 करोड़ रूपए)। इस पूंजीगत व्यय का अधिकतर हिस्सा अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (52%) के जरिए वित्त पोषित किया जाता है, इसके बाद केंद्र सरकार के बजटीय सहयोग द्वारा (44%)। रेलवे अपने आंतरिक संसाधनों के जरिए केवल 5% पूंजीगत व्यय का वित्त पोषण करता है। राजस्व अर्जित करने में चुनौतियां पिछले कुछ वर्षों के दौरान रेल आधारित माल ढुलाई, और यात्री यातायात, दोनों की वृद्धि में गिरावट हुई है। इससे माल ढुलाई और यात्री ट्रेनों के मुख्य कारोबार से रेलवे की आय प्रभावित हुई। 2019-20 में रेलवे को अपने राजस्व अर्जित करने वाले यातायात में गिरावट का अनुमान है। उदाहरण के लिए कोयला परिवहन में बजट अनुमानों की तुलना में 6% की गिरावट और खाद्यान्न परिवहन में 11% की गिरावट का अनुमान है। 2019-20 में कुल माल ढुलाई के 5% कम होने का अनुमान है। इसी प्रकार 2019-20 में (संशोधित अनुमान) में यात्री यातायात में बजट अनुमानों की तुलना में 2 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। 2014 में राष्ट्रीय परिवहन विकास नीति कमिटी (एनटीडीपीसी) ने कहा था कि माल ढुलाई सेवा को ग्राहकों की संतुष्टि की बजाय कार्यकुशलता पर ध्यान केंद्रित करते हुए चलाया जाता है। रेलवे की नेटवर्क क्षमता पर अत्यंत दबाव है जिसके कारण ट्रेनें धीमी होती हैं और सेवाओं की क्वालिटी पर असर होता है। इसके अतिरिक्त भारतीय रेलवे के पास छोट पार्सल साइज के यातायात को आकर्षित और

एकत्र करने का संस्थागत प्रबंध नहीं है। इसलिए उसे बड़े संभावनाशील मार्केटस, जैसे एफएमसीजी, खतरनाक सामग्रियों या ऑटोमोबाइल्स तथा कंटेनरयुक्त कार्गो का नुकसान हो रहा है। इन वस्तुओं का परिवहन अधिकतर सड़कों द्वारा किया जाता है। फ्रेट बास्केट भी कुछ कमोडिटीज तक ही सीमित हैं, जिनमें से कुछ थोक प्रवृत्ति की हैं । उदाहरण के लिए 2018-19 में माल भाड़े में कोयले का योगदान 45% था और यह कल आंतरिक राजस्व का 30% था। इसलिए थोक कमोडिटीज (कोयला, सीमेंट, लौह अयस्क) के परिवहन में किसी भी प्रकार के शिफ्तट से रेलवे की वित्तीय स्थिति पर बहुत असर होगा।

2017-18 में यात्री और अन्य कोचिंग सेवाओं को 37,937 करोड़ रूपए का घाटा हुआ, जबकि माल ढुलाई को 39,956 करोड़ रूपए का लाभ हुआ। माल ढुलाई से प्रापत लगभग 95; लाभ से यात्री और अन्य कोचिंग सेवाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई की गई। इस अवधि में कुल यात्री राजस्व 46,280 करोड़ रूपए था। इसका अर्थ यह था कि यात्री कारोबार में हुआ घाटा, रेलवे के राजस्व का 82% है। इसलिए 2017-28 में अपने यात्री कारोबार से रेलवे को अगर एक रूपए की आमदनी हुई तो उसने उस पर 1.82 रूपए खर्च किए। इस नुकसान के मुख्य कारण इस प्रकार हैः (1) यात्री किराया लागत से कम है, और (2) कई श्रेणी के यात्रियों को रियायतें मिली हुई हैं।

नीति आयोग (2016) ने कहा है कि रेलवे अपनी माल ढुलाई से प्राप्त लाभ का इस्तेमाल यात्री सेगमेंट के नुकसान की भरपाई करने और अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार करने के लिए करता है। इस क्रॉस सब्सिडी से माल भाड़े में बढ़ोत्तरी हुई है। एनटीडीपीसी रिपोर्ट (2014) में कहा गया है कि भारत में प्रति नेट टन किलोमीटर पर औसत फ्रेट राजस्व विश्व के सर्वाधिक राजस्व वाले देशों में से एक है और उसका स्थान जर्मनी के बाद आता है (एक एनटीकेएम वस्तुओं का शुद्ध वजन होता है जिसकी ढुलाई एक किलोमीटर तक की जाती है)। इसकी तुलना में प्रति यात्री किलोमीटर पर औसत रियलाइजेशन विश्व में सबसे कम है (प्रति किलोमीटर पर लोगों की यात्रा एक पीकेएम कहलाती है)। विभिन्न एक्सपर्टस ने सुझाव दिया है कि माल भाड़े और यात्री किराए

को रैशनलाइज किया जाना चाहिए। इसका एक तरीका यह हो सकता है कि यात्री किराए को लागत के करीब लाया जाए और इसलिए किराए में बढ़ोत्तरी की जाए। हालांकि एक प्रतिस्पर्धी बाजार में, जहां परिवहन की मांग लचीली है, रेलवे सिर्फ एक निश्चित सीमा तक किराया बढ़ा सकता है जो कि सड़क और वायु सेवा जैसे परिवहन के अन्य साधनों से प्रतिस्पर्धा पर निर्भर करता है। उल्लेखनीय है कि जनवरी, 2020 में रेलवे ने गैर उपशहरी यातायात के यात्री किरायों को कुछ बढ़ाया था।

रेलवे की सामाजिक सेवा संबंधी बाध्यताएं 2016-17 में यात्री और अन्य कोचिंग सेवाओं से 37,937 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ। रेलवे ने इन घाटों को यात्री कारोबार की सामाजिक सेवा संबंधी बाध्यताएं बताया। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, इन बाध्यताओं में निम्नलिखित शामिल हैं (1) लागत से कम कीमत पर टिकटों की कीमत, और (2) यात्रियों को मिलने वाली रियायत (जैसे वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व सैनिकों को सस्ती टिकट)।

इस वर्गीकरण से तीन मुद्दे उठते हैं। पहला, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इन आंकड़ों में कोई परिचालनगत कमियां छिपी हैं। रेलवे के पुनर्गठन पर स्थापित कमिटी (2015) ने कहा था कि यात्री कारोबार चलाने की लागत से संबंधित आंकड़े वैज्ञानिक और सही नहीं हैं। इसलिए अंडर रिकवरी के स्तर का सही तरीके से पता लगाना मुश्किल है। दूसरा, रेलवे के किराए की संरचना में कमियां होने से भी यात्री सेवा कारोबार में नुकसान हो सकता है। नीति आयोग ने सुझाव दिया कि रेलवे बाजार दरों के अनुसार परिवहन के साधनों के अनुरूप यात्री किराये तय कर सकता है। कैग (2018) के अनुसार, रेलवे के पास इस बात का कोई तर्क नहीं है कि एसी और फर्स्ट क्लास यात्रा की स्थितियों में यात्री सेवाओं की लागत की पूरी तरह से वसूली कैसे नहीं होती। तीसरा, इससे यह सवाल भी उठाता है कि जब रेलवे सरकार के अंतर्गत एक कमर्शियल विभाग के रूप में कार्य करता है तो उसे ऐसी सामाजिक बाध्यताओं का पालन करना चाहिए। नीति आयोग (2016) ने कहा कि रेलवे के सामाजिक और कमर्शियल उद्देश्यों में स्पष्टता की कमी है। रेलवे के पुनर्गठन पर स्थापित कमिटी (2015) ने कहा है कि भारतीय रेलवे के अनेक फैसले, जैसे किराया बढ़ाना, नई ट्रेनों को शुरू करना और हॉल्टस को कमर्शियल आधार पर नहीं लिया जाता है। रेलवे संबंधी स्टैंडिंग कमेटी

(2017) ने सुझाव दिया था कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइनों पर होने वाले नुकसानों के लिए वित्त मंत्रालय को रेल मंत्रालय को क्षतिपूर्ति देनी चाहिए। 2020-21 ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण् लाइनों पर होने वाले नुकसानों के लिए 2216 करोड़ रूपए आबंटित किए गए थे।

2018-19 में (हालिया उपलब्ध वास्तविक आंकड़े) भारतीय रेलवे ने अपने सर्वाधिक धन का उपयोग कर्मचारियों (अपनी कार्यशील पूंजी का 42;) पर किया, इसके बाद पेंशन फंड (24;) और ईंधन (18;) पर खर्च किया। 2020-21 में कुल व्यय 2,19,413 करोड़ रूपए अनुमानित है जिसमें 2019-20 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 8% की वृद्धि है।

रेलवे का दो तिहाई व्यय कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर किया जाता है। 2020-21 में कर्मचारियों पर अनुमानित 92,993 करोड़ रूपए का खर्च किया जाएगा, जो कि 2019-20 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 7% अधिक है। पेंशन फंड पर 53.260 करोड़ रूपए के आबंटन का अनुमान है जो कि पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान की तुलना में 10% अधिक है। 2020-21 में रेलवे के अनुमानित राजस्व व्यय में इन दो घटकों का हिस्सा 66% है। रेलवे पुनर्गठन पर बनी कमेटी (2015) ने पाया था कि कर्मचारियों पर किया जाने वाला व्यय बहुत अधिक है और उसका प्रबंधन बहुत मुश्किल है। यह व्यय रेलवे के नियंत्रण में नहीं है और हर वेतन आयोग के संशोधनों के बाद यह बढ़ जाता है। यह भी पाया गया कि कर्मचारियों की लागत (पेंशन सहित) उन कुछ कारणों से एक है जिनके चलते अतिरिक्त आय अर्जित करने और कारोबार चलाने हेतु संसाधनों को आबंटित करने की रेलवे की क्षमता प्रभावित होती है। कमेटी ने सुझाव दिया कि भर्ती प्रक्रिया को एकीकृत और स्ट्रीमलाइन तथा मैन पॉवर को रैशनलाइज किया जाए। उसने संगठन को और बिजनेस ओरिएंटेड करने और निजी भागीदारी का सुझाव दिया और कहा कि उसे इष्टतम स्तर तक परिचालनगत विशेषज्ञता को अपने पास रखना चाहिए। दिसम्बर, 2019 में केन्द्रीय कैबिनेट ने भारतीय रेलवे के संगठनात्मक पुनर्गठन को मंजूरी दी। इस पुनर्गठन में ग्रुप ए की कई सेवाओं को सिंगल सर्विस में विलय करना शामिल है जिसे भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा कहा जाएगा। इस प्रस्तावित पुनर्गठन में फंक्शनल लाइन्स पर रेलवे बोर्ड का पुनर्गठन भी शामिल है। इनमें चार

सदस्य शामिल हैं जो कि निम्नलिखत के लिए जिम्मेदार होंगे - इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑपरेशंस और बिजनेस डेवलपमेंट, रोलिंग स्टॉक और वित्त, क्रमशः वर्तमान में बोर्ड के कई डायरेक्टरेट्स हैं जोकि विभागीय लाइन्स पर उनके काम में मदद करते हैं (जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, भूमि, कोचिंग, अर्थव्यवस्था, वित्त, वित्त (बजट)।

2020-21 में ईंधन और बिजली पर व्यय 32.435 करोड़ रूपए अनुमानित है जो कि 2019-20 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 4% अधिक है। ईंधन और बजली पर व्यय में 2018-19 की तुलना में 2019-20 में 5; की गिरावट का अनुमान है। 2018-19 में यह 32,810 करोड़ रूपए था जबकि 2019-20 (संशोधित अनुमान) में 31.043 करोड़ रूपए अनुमानित है।

रेलवे, भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को लीज शुल्क भी चुकाता है। आईआरएफसी बाजार से फंड्स उधार लेता (टैक्सेबल और टैक्स फ्री बॉन्ड्स, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से टर्म लोन के जरिए) और रेलवे के रोलिंग स्टॉक एसेट्स और प्रॉजेक्ट एसेट्स को वित्त पोषित करने के लिए लीजिंग मॉडल का इस्तेमाल करता है। 2020-21 में लीज शुल्क पर 14,224 करोड़ रूपए खर्च करने का अनुमान है जो कि 2019-20 के संशोधित अनुमान से 16% अधिक है। यह लीज शुल्क 2018-19 में 9,997 करोड़ रूपए से बढ़कर 2019-20 में 11,566 करोड़ रूपए होने का अनुमान है (संशोधित अनुमान)।

मूल्यह्रास आरक्षित निधि (डीआरएफ); डीआरएफ के वार्षिक विनियोग का उपयोग पुराने एसेट्स की जगह पर नए एसेट्स की लागत को वित्त पोषित करने के लिए किया जाता है। 2020-21 में डीआरएफ का विनियोग 800 करोड़ रूपए अनुमानित है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान डीआरएफ के विनियोग में बहुत अधिक गिरावट हुई है। 2014-15 तके डीआरएफ का विनियोग घटकर 300 करोड़ रूपए रह गया। डीआरएफ के लिए प्रावधान कम होने के कारण मुख्य रूप से ट्रैक रीन्यूएल और वैगन तथा कोच की खरीद में कमी हुई। रेलवे पर गठित स्टैंडिंग कमेटी ने टिप्पणी की थी कि एसेट्स के रखरखाव की वास्तविक जरूरत के स्थान पर, डीआरए का विनियोग लाभांश के भुगतान और पेंशन फंड के विनियोग के बाद हासिल किया जाता है। कैग

(2019) ने कहा था कि 2017-18 के अंत तक इस राशि का इस्तेमाल करते हुए रिप्लेसमेंट के लिए बचे हुए पुराने एसेट्स का मूल्य 1,01,195 करोड़ रूपए अनुमानित है। इसके अतिरिक्त 2017-18 में नए सेफ्टी फंड, राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष के लिए रेलवे के योगदान को पूरी तरह से डीआरएफ से निकाला गया था। रेलवे संबंधी स्टैंडिंग कमेटी (2018) ने कहा था कि डीआरएफ से रेल संरक्षा कोष में धनराशि हस्तांतरित करने से रीप्लेसमेंट और नष्ट होने वाले एसेट्स की मरम्मत नहीं की जा सकती। इससे पता चलता है कि नजरिए की कमी है और मूल्यवान संसाधनों को उपयुक्त तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

सुरक्षा पर व्यय में राजस्व व्यय, जैसे ट्रैक्स और वैगन की मरम्मत और रखरखाव शामिल हैं। इसमें पूंजीगत व्यय, जैसे ट्रैक रीन्यूएल, पुलों का काम, लेवल क्रॉसिंग बनाना और पुलों पर एवं उनके नीचे सड़कें बनाना शामिल हैं।

यह अच्छी बात है कि सरकार ने मानवरहित लेवल क्रासिंग को बंद करने का निर्णय लिया जो स्वागत योग्य कदम है। परंतु मेरा अनुरोध है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के (आरयूबी या आरओबी के निर्माण के) एकाएक रेलवे क्रासिंग को बंद कर देने से ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अगर मैं अपने संसदीय क्षेत्र पलामू (झारखंउ) की ही बात करूं तो ऐसे कई रेलवे क्रासिंग हैं जिनको बंद कर दिए जाने के कारण गांव नदी के दो छोर बनकर रह गए हैं, ये रेलवे क्रासिंग जैसे डाली, पंजरीकला, लालगढ़, कजरात नावाडीह इत्यादि ऐसे क्रासिंग हैं जिनके बंद हो जाने से ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मैं सिर्फ उससे उत्पन्न व्यवहारिक कठिनाइयों की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं और जनता की कठिनाइयों को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जनता की समस्या का निदान चाहता हूं। इस संबंध में मेरा एक सुझाव है कि मानवरहित रेलवे क्रासिंग के स्थल पर उसके अगल बगल के स्थान पर जहां पर भी संभव हो एलएस.एच. का निर्माण कराकर समस्या का समाधान बहुत हद तक किया जा सकता है। स्टैंड के निर्माण कार्य में व्यय होने वाली राशि का कुछ हिस्सा आवश्यकता पड़ने पर मैं अपने सांसद निधि से भी देने को तैयार हूं ताकि जनता की यातायात में

उत्पन्न समस्या का समाधान हो सके। जब तक वैकल्पिक व्यवस्था (आरयूबी या आरओबी का निर्माण) नहीं कर लिया जाता, तब तक पूर्व की भांति रेलवे क्रासिंग से यातायात को चालू रखा जाए।

साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू से संबंधित कुछ अन्य मांगें भी हैं जिसे मैं संक्षेप में रखना चाहता हूं। नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाया जाये। रफीगंज से होते हुए डाल्टनगंज तक बड़ी लाइन बनाने की ओर शीघ्र ध्यान दिया जाये। 12877/12878 रांची नई दिल्ली गरीब रथ वाया बरकाकाना-डालटनगंज होकर सप्ताह में तीन दिन चलती है, उसे प्रतिदिन चलायी जाये। रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन सं0 18613/18614 को वाया लोहरदगा होकर प्रतिदिन चलाने एवं प्रस्तावित समय सारणी-(चोपन से प्रस्थान 18.00 बजे शाम, चोपन आगमन 10.45 बजे दन में, रांची से प्रस्थान 18.00 बजे शाम, चोपन आगमन 22.45 बजे रात्रि) में परिवर्तन की जाये, साथ ही इस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन बरकाकाना होकर चलती है उसे प्रतिदिन वाया टोरी लोहरदगा होकर चलाया जाये। 18311/18611 इंटरसिटी एक्सप्रेस जो रांची से वाराणसी तक चलती है उसका गोरखपुर तक विस्तार किया जाये। 11447/11448 हावड़ा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस प्रतिदिन का विस्तार मुंबई तक किया जाये। 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस जो सप्ताह में दो दिन चलती , उसमें डालटनगंज में रिजर्वेशन का कोटा बढ़ाया जाये। 13025/13026 हावडा भोपाल एक्सप्रेस साप्ताहिक जो कि धनबाद चन्द्रपुरा लाइन अंद होने के कारण बंद कर दिया गया था, उसे पुनः चालू करवाया जाये, क्योंकि धनबाद चन्द्रपुरा लाइन फिर से चालू हो गई है। 18631/18632 रांची अजमेर गरीब नवाज साप्ताहिक एक्सप्रेस का ठहराव बनस्थली निवाई में किया जाये, क्योंकि इधर की बहुत बच्चियां वहां पढ़ाई करती हैं, जिनको जयपुर से वापस जाना पड़ता है। पलाम एक्सप्रेस का रजहरा, करकटा एवं कजरात नावाडीह स्टेशनों पर ठहराव दिया जाये। ट्रेन संख्या 14372/14371 (त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस) का रांची तक विस्तार किया जाये। ट्रेन संख्या 14372/14371 (त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस) बरवाडीह चोपन तक चलती है तथा चोपन में त्रिवेणी एक्सप्रेस से जुड़कर लखनऊ, बरेली होते हुए टनकपुर तक जाती

एवं आती है। विदित हो कि यह ट्रेन सं0 14372 (त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस) चोपन से सुबह 05.57 बजे खुलती है तथा रेणुकूट, बिन्ढ़मगंज, नगर उटारी, रमुना, मेराल ग्राम, गढ़वा, रेहला (गढ़वा रोड़) डालटनगंज होते हुए बरवाडीह सुबह 10.30 बजे पहुंचती है। यह ट्रेन बरवाडीह यार्ड में ही खड़ी रहती है तथा दूसरे दिन 13.00 बजे बरवाडीह से चोपन के लिए अप त्रिवेणी लिंक 14371 के रूप में खुलती है। यदि इस ट्रेन 14372 का विस्तार बरवाडीह से आगे लातेहार, टोरी (चंदवा) होते हुए लोहरदगा के रास्ते रांची तक कर दिया जाये तो इस क्षेत्र पलामू, गढ़वा, लातेहार के लोगों को अपनी राजधानी रांची के लिए एक और ट्रेन सुविधा का लाभ मिल जाएगा। पुनः इस ट्रेन को 14371 त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस के रूप में रांची से सुबह खोला जाये तो इस रैक का सबसे बेहतर सदुपयोग होगा। इसको चलाने के लिए रेलवे को भी चोपन से रांची वाया लोहरदगा एक्सट्रा मैन पॉवर की आवश्यकता नहीं होगी।

अंत में, मैं रेलवे संबंधी मांग का अनुमोदन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं। धन्यवाद, जयहिन्द।

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): आदरणीय सभापति महोदय जी आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं सबसे पहले अपने मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हमारे सिरसा लोक सभा क्षेत्र में गाड़ी संख्या 54641 और 54642, जो कि संसदीय क्षेत्र के नरवाना विधान सभा, टोहाना और जाखल रूट पर चलने वाली एकमात्र गाड़ी थी, वह हर वर्ष तीन-चार महीने के लिए बंद हो जाती थी। मैंने आदरणीय मंत्री जी से निवेदन किया तो उसके बाद वह रेलगाड़ी चलनी शुरू हो गई, इसके लिए मैं दिल की गहराइयों से मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। कोई समय था, जब रेल बजट बिल्कुल अलग से पेश किया जाता था, तो उसमें हमारे संसदीय क्षेत्र की जितनी भी समस्याएं होती थीं, उनके बारे में हम बहुत विस्तार से मंत्री जी से निवेदन कर सकते थे, लेकिन इसके मर्ज होने के बाद भी मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने सभी को रेल बजट पर बोलने के लिए पूरा समय दिया है। हमारे क्षेत्र से संबंधित बहुत सारी समस्याएं हैं, जिनके बारे में मैं कहना चाहती हूं। सिरसा लोक सभा में पिछले 70 सालों में पहली बार आप लोगों के आर्शीवाद से कमल का फूल खिला है, लेकिन वह रेलवे लाइन से बिल्कुल कटा हुआ है। वहां के लोग रेलवे के लिए तड़पते हैं। 25 साल पहले गाड़ी संख्या 099/100 को वहां पर ब्रॉडगेज का काम करने के लिए बंद कर दिया गया था। वहां ब्रॉडगेज का सिस्टम बन गया, लेकिन उसके बाद से गाड़ी नहीं चली। आज मैं अपनी डिमांड्स के लिए यहां पर खड़ी हुई हूं। मुझे बहुत अफसोस के साथ यह कहना पड़ रहा है कि जब काँग्रेस की सरकार थी, तो आप यह जानकर हैरान होंगे कि 100 प्रोजेक्ट्स में से 99 प्रोजेक्ट्स ऐसे होते थे, जिनमें धरातल पर कुछ काम नहीं होता था। 100 प्रोजेक्ट्स में से कोई एक प्रोजेक्ट पर काम चलता था। लेकिन बस ठीक है, लोग यहां पर बैठै हैं, यहां पर तालियां बज जाती थीं। मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं कि अगर काम होने वाला होता है तो आप लोग कहते हैं कि काम होगा और नहीं होने वाला है तो आप उसके लिए नहीं कहते हैं। मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं, मैंने आपको बताया है कि 25 सालों से जो गाड़ी बंद है, उसे आप दोबारा चलाइए। अगर यह संभव नहीं है तो इंटरसिटी ट्रेन की

कनेक्टिविटी दिल्ली से सिरसा की बने, वह चलाइए। आपने पीपीपी मोड में हमारे हिसार से फतेहाबाद होते हुए एक ट्रेन के लिए 'यस' किया है, लेकिन आपने पैरलेल यह कहा है कि वहां पर भट्टू से एक ट्रेन जा रही है, तो 20-25 किलोमीटर की दूरी पर एक नई लाइन नहीं बनेगी। वैसे आपने सब कुछ पास किया है और अगर हरियाणा सरकार उसमें एग्री करती है, तो मेरा आपसे निवेदन है, क्योंकि अभी हमारी सरकार की योजना किसान रेल चलाने की है। मेरे संसदीय क्षेत्र में अधिकतम एग्रीकल्चर बेस है। वहां पर इसके सिवा कोई साधन नहीं है। इसलिए मैं चाहती हूं कि अगर आप किसान रेल उस इलाके में चला देंगे तो इससे वहां के लोगों को जबरदस्त फायदा हो जाएगा। इसके साथ-साथ मैं कहना चाहती हूं कि एक ट्रेन 19225 और 19226, जम्मूतवी एक्सप्रेस है। हरियाणा में उसका एक ही स्टॉपेज डबवाली स्टेशन पर बनता है, लेकिन वहां उसकी स्टॉपेज नहीं दी गई है। मेरा आपसे निवेदन है कि कृपया आप वहां स्टॉपेज जरूर करवाएं। नरवाना जो इलाका है, उस नरवाना में जाखल की तरफ जो ट्रेन जाती है, वह जिंद में जाकर रुक जाती है। अगर आप उसे वापस जाखल में लाकर, वहीं से उसे चला दें तो आपकी बहुत ज्यादा मेहरबानी होगी।

इसके साथ-साथ, अगर मैं ऐलनाबाद की बात करूँ, तो ऐलनाबाद हमारे यहाँ एक छोटा-सा इलाका है। यहाँ के लोग भी इस बात से बहुत परेशान हैं, इसलिए ऐलनाबाद में भी एक स्टॉपेज हो जाए। ...(व्यवधान)

सर, मुझे खाँसी आ गई, इसलिए मुझे बोलने के लिए थोड़ा समय दे दीजिए।

मैं कहना चाहती हूँ कि बीकानेर-बिलासपुर अन्त्योदय एक्सप्रेस 14719/14720 का ठहराव ऐलनाबाद में दे दिया जाए, जिसकी पुरजोर माँग है, इसलिए मेरे इलाके को आप लोग बचा लीजिए। मेरे यहाँ के बच्चे ड्रग्स के शिकार हो रहे हैं, क्योंकि उनको इधर-उधर रोजगार का कोई साधन नहीं मिल रहा है। अगर आप किसी तरीके से सिरसा-दिल्ली की कनेक्टिविटी कर देंगे, तो हमारे इलाके के युवाओं को रोजगार मिलेगा और हमारे यहाँ के युवा ड्रग्स की तरफ जाने की बजाय

रोज़गार के लिए इधर आएंगे। मेरा क्षेत्र बहुत ही रिमोट इलाका है, यह बहुत ही बैकवर्ड एरिया है। इसलिए आपसे मेरी गुज़ारिश है कि आप सिरसा का खास ध्यान रखें।

HON. CHAIRPERSON : Please, put your final demand.

सुश्री सुनीता दुग्गल: अंत में, मैं एक बात कहना चाहूँगी कि हमारे यहाँ सिरसा रेलवे स्टेशन 138 साल पुराना है। लेकिन, उसकी तरफ कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसलिए मंत्री जी से रिक्वेस्ट है कि 138 साल पुराने रेलवे स्टेशन की तरफ आप ध्यान दीजिए। अगर वहाँ पर वाशिंग स्टेशन बन जाए, तो क्या कहने। चारों तरफ आपकी वाह-वाह हो जाएगी।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, I have a list of 21 more speakers to speak on Demands for Grants on Railways. I request you to confine your speeches to a maximum of three-four minutes.

*SHRI GURJEET SINGH AUJLA (AMRITSAR): Thank you, Hon. Chairman Sir, for giving me the opportunity to speak on the Demands for Grants, Railways.

Sir, Railways is the cheapest mode of transport. The poor people utilize the services of Railways. I would urge upon the Hon. Railway Minister that 117 kms worth of small stretch needs to be linked to existing railway lines. The people of these areas will get an economical mode of transport and it will add to their happiness. Qadian to Tanda is 30 km stretch. Garhshankar to Una in Himachal Pradesh is a 10 km stretch. Chandigarh, Rajpura via Mohali is 18 km stretch. Phillaur to Nawanshahar is a 20 km stretch. Mor Mandi to Talwandi is 16 km stretch. Sultanpur Lodhi to Goindwal Sahib is a stretch of 117 kms. If these railway connections are given, the poor people will benefit a lot.

Sir, on the Amritsar-Delhi railway track, speed of trains should be increased, as has been done on the Delhi-Agra section. I have tried my best for Patti-Makhu railway link. Our Khadoor Sahib MP Jasbir Singh Gill, MLA Harminder Singh Gill and Parminder Singh Biggi of Ferozepur have also been trying their best. Captain Amarinder Singh, Hon. Chief Minister of Punjab has approved an amount of Rs. 50 crores. So, I urge upon the ministry to complete this long pending project at the earliest.

Sir, a daily basis DMU train is needed from Dera Baba Nank to Goindwal Sahib. It links Verka, Amritsar, Tarn Taran, Khadoor Sahib and Goindwal.

---

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

This is a 102 kms stretch. Guru Angad Dev ji's name is associated with Khadoor Sahib. Eight Gurus visited this holy place. As Tran Taran Sahib is known by its association to Guru Arjan Dev ji, similarly at Goindwal Sahib, Guru Amar Das ji had also constructed 'Bowli Sahib'. Baba Buddha Sahib had applied 'Tilak' to 5 respected Gurus. Ramdas is the last place connected with the respected Gurus.

Sir, Kartarpur Sahib corridor has been constructed at Dera Baba Nanak on the occasion of 550th birth anniversary of Guru Nanak Dev ji,. This too will be connected on this route that I have mentioned. Sultanpur Lodhi-Goindwal needs a 23 km railway line.

A daily train should ply between Sultanpur Lodhi and Dera Baba Nank. On the route, Ramdaas, Majitha and other stations are there. Their platforms should be raised. At Nawan Kalan, a closed railway gate is there. An under-pass should be constructed there at the earliest.

Sir, about 28 trains ply from Amritsar. No direct trains connect Amritsar to South India. Amritsar-Kochi, Amritsar Goa etc. trains should be run and extended. Sir, a train no. 12716 plies from Hazoor Sahib. Its time needs to be changed. Track should also be changed here.

Sir, old railway tracks should be replaced by new tracks. A goods station should be set up at Manawala. Railway overbridges are needed at Nawan Lohgarh Gate and Bhagatan Wala Gate. Bhandari bridge and Jora Gate at Chhekarta, Tran Taran road needs to be completed. The people

working at taxi stand and auto-stand should be taken care of. The shortage of staff should be done away with.

Sir, cleanliness is a casualty everywhere.

माननीय सभापति : अब आप कन्क्लूड कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री गुरजीत सिंह औजला: सर, जैसे चूहे कुतरते हैं, वैसे ही इनका सफाई के लिए जो बजट बना हुआ है, उसे सब ठेकेदार मिलकर खा जाते हैं। उसके ऊपर सीबीआई इन्क्वायरी होनी चाहिए, ताकि उनका पता चल सके।

मेरा आपसे यह निवेदन है। हरदीप पुरी जी यहां बैठे हैं। वे बुजुर्ग हैं। पुरी साहब, आप मेरे पिताजी के समान हैं। मैं आपसे विनती करूंगा कि अमृतसर की जो डिमांड है, क्योंकि मैं भी आपके बेटे जैसा हूं, उसे आप रेलवे मिनिस्टर के साथ मिलकर पूरा करवाएं।

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): धन्यवाद, सभापति महोदय।

महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया है। हमारे लोकप्रिय प्रधान मंत्री श्री मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी, रेल मंत्री पीयूष गोयल जी और सुरेश अंगड़ी जी, मैं विशेष रूप से आभार व्यक्त करना चाहूंगी।

'किसान रेल' कृषि व्यवस्था को मजबूत करने हेतु किसान के हित में और सुविधा के लिए इस बजट में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मेरे दिन्डोरी लोक सभा क्षेत्र में, जो कृषि पर आधारित है, उसे काफी फायदा होने वाला है। मैं आपके माध्यम से अपने लोक सभा क्षेत्र दिन्डोरी, नासिक के लिए कुछ मांगें रखना चाहूंगी। राजधानी एक्सप्रेस मुंबई-नासिक-नई दिल्ली, सेंट्रल रेलवे से जाती है। मैं सबसे पहले आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि यह ट्रेन वीक में सिर्फ एक बार चलती थी, लेकिन अब यह एक हफ्ते में चार बार जाती है। अब डिमांड बढ़ रही है, नासिक से दिल्ली आने वाला ट्रैफिक बढ़ा है और उत्तर महाराष्ट्र की भी यह डिमांड है कि इसे डेली चलाया जाए, उसे हर रोज़ चलाए जाने की मांग है और जो मनमाढ़ जंक्शन है, वहां उसे स्टॉपेज भी दिया जाए।

सभापति महोदय, वैसे ही नासिक से तिरुपति जाने के लिए मुंबई-नासिक-तिरुपति ट्रेन की भी मांग है कि उसे हफ्ते में दो बार किया जाए। इगतपुरी-मनमाढ़ और मनमाढ़-इगतपुरी रूट पर मुंबई जाने के लिए हमारे क्षेत्र से रोज नौकरी के लिए या व्यापार के लिए या स्टूडेंट्स रोज मुंबई अप-डाउन करते हैं। इस कारण वहां लोकल ट्रेन की सुविधा जल्द ही शुरू की जाए। मनमाढ़-इंदौर रेलवे प्रोजेक्ट की मांग भी कई सालों से चल रही है। उसे भी जल्द ही पूरा किया जाए।

महोदय, आपके माध्यम से मेरी एक विनती है कि नासिक से सूरत या फिर मनमाढ़ से सूरत, जो महाराष्ट्र और गुजरात स्टेट का एक मेजर ट्राइबल एरिया कवर करता है, इससे हमारी इकोनॉमी और उस ट्राइबल एरिया की सोशल कन्डीशन भी बढ़े, इसके लिए नासिक-सूरत से ट्रेन शुरू हो, यह बहुत बड़ी मांग है।

सर, मेरे क्षेत्र में जब भी प्याज का उत्पादन बढ़ता है तो उस समय रेल की वैगन जल्द ही उपलब्ध हो, यह भी मेरी आपके माध्यम से विनती है। कई जगहों पर रेलवे ओवरब्रिज की मांग है, उन्हें जल्द ही मंजूर किया जाए। जो कामायानी एक्सप्रेस है, वह कम जगहों पर रुकती है। निफाड पर उसके लिए मांग है कि उसे वहां स्टॉपेज मिले। मैं बहुत आभार व्यक्त करती हूं कि इस बजट में रेल को हमारे सभी सामान्य लोगों को ध्यान में रखते हुए एक अच्छा बजट दिया है। मैं इस बजट का समर्थन करती हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI DNV. SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI): Vanakkam, Chairperson. Thank you for giving me this opportunity to speak on the Demand for Grants.

It was very pleasing to hear the Mysore MP Shri Pratap Simha heap praises on the Railway Ministry and the Department but unfortunately I am not able to do so. I come from just the neighbouring State of Tamil Nadu. I wish I could do that and I am sure the Minister of State Shri Suresh Angadi who is here will give me an opportunity to heap the same praises in the next Budget.

Tamil Nadu has been side lined. Nineteen per cent from the budgetary allocation of previous year has been reduced for Southern Railway this year. Ten projects have been sanctioned just Rs. 1,000. The project from Madurai to Thoothukudi, the Tindivanam-Gingee project, Tindivanam-Nagari, Athipattu-Pudur, Erode-Palani, Chennai-Cuddalore-Mahabalipuram, Guduvancherry to Sriperumbudur and the project from Bangalore to Satyamangalam, the final project being in my constituency, have been allocated Rs. 1,000. I would like the hon. Minister to say what I shall do with this Rs. 1,000 for these projects.

A promise was given at the election time. The hon. Minister of Railways Shri Piyush Goyal had come there. Now, my constituents are asking me. The Railway Minister had come, he had laid the foundation stone, the stone is still there very safe, but we have now been sanctioned only Rs. 1,000. I have assured them on your behalf, with the belief in you, that this is a pet project of the Railway Minister, it will surely see the light of the day, and he himself along with our Minister of State Shri Suresh Angadi will come for the opening ceremony and ensure that this project sees the light of the day during this

term. My humble request to you is to see that this project in my constituency takes off; otherwise, I would not be able to go and meet my electorate because his is a long-standing demand.

Each and every time, for establishing the State's federal rights, we have to protest, be it the railway examinations or the display boards on the trains. So, I would like due importance to be given to the regional languages. The railway press is going to be shut down. Whatever you are going to do, whether it is outsourcing or privatisation, please see that at least in principle the reservations are maintained in those departments. I think, it is cost-effective and can be done.

Thank you very much for giving me this opportunity.

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति जी, आपने मुझे रेलवे की अनुदान मांग की चर्चा पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती, जो एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है और गौतम बुद्ध के जीवन की निकटता से जुड़ा हुआ है। मैं बहराइच, खलीलाबाद वाया भिनगा, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज, मेंहदावल और बासी रेलवे लाइन परियोजना के बारे में माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इस नई रेल लाईन का कार्य कब से शुरू होगा और कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

सभापति महोदय, श्रावस्ती लोक सभा क्षेत्र के बलरामपुर जिले में गेंसड़ी रेलवे स्टेशन से एक लाईन जरवा रेलवे स्टेशन को गई थी, जो अब बंद कर दी गई है। वह बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है। मंत्री जी, निवेदन है कि इस रेलवे स्टेशन को पुन: चालू कराया जाए व गेंसड़ी रेलवे स्टेशन पर लोकमान्य व इंटरसिटी हमसफर ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। पचपेड़वा रेलवे स्टेशन पर लोकमान्य तिलक हमसफर ट्रेन का ठहराव किया जाए, जिससे दिल्ली, मुंबई, लखनऊ जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी व रेलवे का राजस्व बढ़ेगा।

सभापति महोदय, अम्बेडकर नगर लोक सभा क्षेत्र में कटेहरी रेलवे स्टेशन पर मात्र पेसेंजर ट्रेन रुकती है, जबकि यहां कटेहरी बाजार एवं ब्लॉक भी है। मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि वाराणसी बरेली एक्सप्रेस 14235/14236 को रोका जाए, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके।

महोदय, लोक सभा क्षेत्र अम्बेडकर नगर में कटेहरी बाजार के निनामपुर रोड पर एक रेलवे अण्डरपास बनाया जाए, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। लोक सभा क्षेत्र अम्बेडकर नगर में शहजादपुर से मालीपुर रोड, लोरपुर चौराहा से जलालपुर रोड के बीच में बभनापुर गांव के पास रेलवे गेट संख्या 80सी/ई-1 जो दिन में खुला रहता है और शाम को बंद हो जाता है। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि रात में भी गेट खोला जाए, जिससे आवागमन में कोई परेशानी न हो। धन्यवाद।

DR. JAYANTA KUMAR ROY (JALPAIGURI): Hon. Chairperson, Sir, I rise to participate in the discussion on Demand for Grants pertaining to the Indian Railways. On behalf of the people of North Bengal, in general, and my constituency, Jalpaiguri in particular, I would like to request the hon. Minister to kindly intervene to fulfil the aspirations of my people. The following points may kindly be favourably considered.

One train No.12364 from Haldibari to Kolkata is running for three days in a week. It may be run seven days in a week. Secondly, one Axle Factory was proposed to be built near New Jalpaiguri Railway Station. This project may be taken up at the earliest. There is a train called Siliguri Balurghat Intercity Express bearing 15464 number. It may be run from Koch Behar instead of Siliguri Junction. One DMU may be started from Alipurduar to New Jalpaiguri *via* Koch Behar. There is a Shatabdi Express from New Jalpaiguri to Howrah. It may be started from Haldibari instead of New Jalpaiguri. It would benefit both the people of Jalpaiguri and Darjeeling districts.

The Government is introducing new Tejas Expresses. I would also request for a Tejas Express which may be started from Haldibari Station to Howrah Railway Station or Sealdah Railway Station. A Kisan Rail may be started from Haldibari Station to Siliguri Junction. One Railbus may be started from Siliguri Junction to Jalpaiguri Railway Station.

My constituency is far away from Kolkata and it is also far from other places. The infrastructural facilities are inadequate there. So, we need

communication and transport facilities. I hope that the Minister will consider my request. I once again thank you. I would request the hon. Minister to take up some projects in our area. I would once again request the hon. Minister to favourably consider my proposals so as to meet the aspirations of my people.

DR. A. CHELLAKUMAR (KRISHNAGIRI): Sir, in 1905, when the British rulers were ruling the country, they laid the railway line connecting Jolarpettai to Krishnagiri. This railway service was operated very successfully in those days. In 1941, at the time of second World War, they dismantled the railway lines and shifted them to war-related areas for emergency purposes. After the Independence, for the last 60 years, the people of Krishnagiri are demanding restoration of railway line between Jolarpettai and Krishnagiri. They are also demanding that it may be extended up to Hosur, a well-known industrial hub with more than 200 heavy industries and 3000 MSME units. Hosur is already connected with the Bengaluru City.

The Railways have conducted three surveys. The survey report has mentioned that the project is not viable because of expected minimal cargo service. I want to tell that more than 25 lakh tonnes of goods are transported per year from Krishnagiri alone. The people of my constituency people are contributing revenue worth more than Rs.15,000 crore per year to the Government of India.

Sir, what I would like to know is what wrong did the people of my constituency do to face such an unfairly and biased treatment by the Railways. Should it not be their basic right to receive back at least one per cent of their contribution from the Government of India for their welfare and benefits? The people are not making a luxurious demand. All they are demanding is a human approach.

Sir, at the same time, through you, I would like to submit that there is a long-standing demand of the people of my constituency for the construction of a road overbridge at the railway crossing LC-104 in Hosur-Thally Road at TVS Nagar. I would also like to demand for the construction of a road overbridge or road underbridge at the railway crossing at LC-102 at Hosur. At the time of gauge conversion work, the said level crossing was dismantled. There are more than 10,000 people are residing in places like Janakpuri, Pasumai Nagar and Gokul Nagar and Vrindavan Nagar. Everyday they have to cross this railway line. It is for a social cause. Even to reach to the graveyard also they have to cross this railway line. The Railways should allow for at least a peaceful journey of the deceased. At the same time, Samalpatti and Dasampatti are the two railway stations in the Jolarpetti and Salem route. More than 5 lakh people are living in the nearby areas. I would like to request the hon. Minister to consider the stoppage of a few express trains at these stations. I request the hon. Minister to extend the Salem – Arakonam passenger train up to Tirupati.

Thank you.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव) : सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव में डोंगरगढ़ नामक क्षेत्र है। डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है, वह एक तीर्थस्थल है। मैं सबसे सम्माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्री मोदी जी और सम्माननीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि उन्होंने इस बजट में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ से कटघोरा के लिए 500 करोड़ रुपये दिए हैं। मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। एक नई रेल लाइन बनने वाली है, वह बहुत ही उपयोगी है। रायपुर-सिंकदराबाद के लिए जो गाड़ी चलती थी, वह रायपुर तक एक्सटेंड हुई है और उसका राजनंदगांव में ठहराव हुआ है। मैं इसके लिए भी सम्माननीय प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मेरे क्षेत्र से हैदराबाद से रक्सौल जाने वाली एक ट्रेन है, जिसका स्टॉपेज मैं राजनंदगांव में चाहता हूं। डोंगरगढ़ से कटघोरा मार्ग में भूमि अधिग्रहण के लिए जो प्रकरण लंबित है, उसको जल्दी से जल्दी पूरा किया, ताकि वह रेलवे ट्रैक चालू हो सके। नांदेड़ से संतरागाछी के लिए एक गाड़ी (12678) जाती है। सिखों की संख्या राजनंदगांव और डोंगरगढ़ में बहुत है और सभी नांदेड़ तीर्थस्थल के लिए जाते हैं। उसका डोंगरगढ़ में स्टॉपेज हो जाने से बहुत बड़ा सहयोग होगा। मेरा आपसे यह निवेदन है कि इसको किया जाए। यदि सारनाथ एक्सप्रेस को गोंदिया तक एक्सटेंड कर दिया जाता है, जो दुर्ग में 10 घंटे से ऊपर खड़ी रहती है, तो इससे बहुत फायदा होगा। राजनंदगांव और डोंगरगढ़ क्षेत्र के जितने भी लोग हैं, जो अस्थि विसर्जन के लिए तीर्थराज-प्रयागराज जाते हैं, उनको बहुत ही लाभ मिलेगा और क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अभी डोंगरगढ़ में नया ओवरब्रिज अधूरा है। फुट ओवरब्रिज दोनों दिशाओं से बनाया जाए। मैं इसके लिए आपसे निवेदन करना चाहता हूं।

महोदय, डोंगरगढ़ और राजनंदगांव में निर्भया नाम से एक फंड है, जिससे सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु फंड स्वीकृत कर दिया गया है, लेकिन आज तक सीसीटीवी नहीं लगे हैं। उनको तत्काल लगाया जाए, ताकि सुरक्षा की व्यवस्था ठीक हो सके। बोरतालाब से मुढ़ीपार, यह नागपुर डीआरएम में आता है। इसको बिलासपुर में जोड़े जाने से उस क्षेत्र का बड़ा लाभ मिलेगा।

दुर्ग से राजेंद्रनगर जाने वाली ट्रेन जो 11 घंटे दुर्ग में खड़ी रहती है, गोंदिया तक उसका विस्तार करने से भी क्षेत्र की जनता लाभान्वित होगी। रायपुर से लखनऊ जो गरीबरथ चलती है, इसे गोंदिया तक विस्तार किया जाए। मैं आपसे यही निवेदन करना चाहता हूँ। मैं पुन: फिर से जो 500 करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ से कटघोरा के लिए दिया गया है, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): सभापति महोदय, आपने मुझे रेलवे अनुदान मांग की चर्चा पर बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। महोदय, जब माननीय वित्त मंत्री जी ने नए दशक का पहला आम बजट प्रस्तुत किया, उसमें रेलवे के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट है। यह बजट बाजार को सक्षम बनाने, व्यवसाय अनुकूल नीतियों को प्रोत्साहन देने तथा अर्थव्यवस्था में विश्वास को मजबूत बनाने वाला बजट है। यह बजट माननीय प्रधान मंत्री जी के बजट विज़न- 2025 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट सबकी उम्मीद पूरी करने वाला बजट है। महोदय, मैं अररिया संसदीय क्षेत्र से आता हूँ। मैं अपने विषय पर आता हूँ और दो-तीन मिनट में अपनी बातों को खत्म करूंगा। महोदय, मैंने कई बार अपनी बातों को रखा है। नेपाल के बगल से मैं आता हूँ, वहां जोगमनी बॉर्डर है। नेपाल से मेरा रिश्ता रोटी और बेटी का रिश्ता है। वहां से मात्र एक ट्रेन चलती है – सीमांचल एक्सप्रेस, जो दिल्ली तक आती है। महोदय, उसमें न खान-पान की व्यवस्था है, न पेंट्री कार है और न एसी का फर्स्ट क्लास डिब्बा है। एक ही डिब्बा है, जो टू-टियर और थ्री-टियर में बनाया गया है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहता हूँ कि उसमें जल्द से जल्द खान-पान की व्यवस्था की जाए। कभी-कभी खाने के चक्कर में गाड़ी छूट जाती है। महोदय, इसलिए वह ट्रेन बहुत ही देर से पहुंचती है, 30-30 घंटे लगता है। दूसरी बात यह है कि वह ट्रेन अररिया आरएस, अररिया कोट एक स्टेशन है, वहां पर वह रुकती है, जबकि अररिया आरएस पुराना मार्केट है, अररिया आरएस से सीधी ट्रेन की पांच किलोमीटर दूरी है, लेकिन अररिया आरएस वाले को ट्रेन पकड़ने के लिए, अररिया कोट में आने के लिए, उसको दस किलोमीटर तय करने पड़ते हैं। वर्षों से मांग रही है, मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से मांग करूंगा कि वह जिला मुख्यालय का बड़ा मार्केट है, वहां दो मिनट के लिए सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव किया जाए। उसी तरह से कोलकाता के लिए सप्ताह में तीन दिन ट्रेनें चलती हैं, जोगमनी से, नेपाल बॉर्डर से। महोदय, मैं मांग करता हूँ कि वह ट्रेन नियमित चले। अभी वहां धरना प्रदर्शन हो रहा है। उसको भी आररिया आरएस में दो मिनट के लिए ठहराव किया जाए।

तीसरी मांग है कि नेपाल से हमारा रोटी-बेटी का रिश्ता है। भारत की सांस्कृतिक राजधानी बनारस है। अनेक अनुष्ठानों के लिए नेपाल से पर्यटक लोग आते हैं। सीधी बनारस के लिए एक ट्रेन चलाई जाए। महोदय, हमारे यहां सीमांचल एक्सप्रेस अररिया टू सुपौल और अररिया टू गलगलिया, यह जो ट्रेन लाइन है, मैं माननीय मंत्री पीयूष गोयल जी को धन्यवाद दूंगा कि इसमें पैसा दिया है, परंतु इस बजट में बहुत कम पैसा दिया गया है। उसका टेंडर भी हो गया है। भूमि अधिग्रहण का भी काम शुरू हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करूंगा कि उसमें राशि दी जाए, तकि जल्द वह पूरी हो। ...(व्यवधान)

SHRI VE. VAITHILINGAM (PUDUCHERRY): Hon. Chairperson Sir, I am very much thankful to you for giving me a chance to speak on the Demand for Grants on Railways.

Sir, actually, Puducherry is the city of French origin. It should be connected to Cuddalore. It is a major issue because there is so much of traffic. If it is connected to Cuddalore, naturally it will be helpful to Puducherry as well as Tamil Nadu. If it is connected to Chennai, it would be the shortest route for the entire coastal area, and moreover, it will reduce the congestion in Tindivanam route also. So, I request the Minister to lay a new line from Cuddalore to Chennai through Mahabalipuram.

Another one is regarding Karaikal to Peralam which is an on-going project. It will reduce the distance and it will also help carry cargo to other places. There is Saneeswaran festival in December, 2020. So, it is better to complete the project before Decmeber, 2020 because the line is crossing through Thirunallar area.

I would also request you to consider the new project connecting Puducherry to Tindivanam. It would be the shortest distance, and moreover, it will develop other areas also. So, I request the hon. Minister to consider these four projects immediately. We would be very thankful to the hon. Minister for that, and we will invite the hon. Minister to the inauguration function in Karaikal also. Thank you.

श्री संजय सेठ (राँची): सभापति महोदय, धन्यवाद। आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में जितनी लंबित रेलवे की समस्याएँ थीं, उनका निदान हुआ। पिछले कई दशकों से चाण्डिल एक इंडस्ट्रियल सिटी है, इंडस्ट्रियल बेल्ट है, वहाँ 100-100, 150-150 मालगाड़ियाँ पार होती हैं। तीन-तीन फाटक हैं और एक-एक घंटा उस फाटक पर रुकना पड़ता है। अभी दो महीने पहले रेल राज्य मंत्री से हमने आग्रह किया कि महोदय रेलवे की जगह है, अगर उस पर सड़क बना दी जाए, तो वह इंडस्ट्रियल सिटी खिल जाएगी। आप मोदी सरकार के मंत्रियों के काम करने का तरीका देखिए, सिर्फ दो महीने के अंदर चाण्डिल के उस रेलवे की जमीन पर सड़क निर्माण शुरू हो गया है। यह मोदी सरकार के कारण हुआ है।

मेरे यहां सोदाग बस्ती है। रांची में एक ट्राइबल क्षेत्र है। सोदाग बस्ती में वर्ष 1965 से रेल लाइन है। वर्ष 1965 से आंदोलन चल रहा है कि वहां फ्लाईओवर बन जाए, अंडरपास बन जाए। कभी नहीं हुआ। सुरेश अंगड़ी जी यहां बैठे हुए हैं, उन्होंने यह आश्वासन ही नहीं दिया, टेंडर हो गया, अंडरपास का काम शुरू होने जा रहा है। यह है, हमारे मोदी सरकार के काम करने का तरीका। हम बताना चाहते हैं कि सिल्ली में गरीब रथ का ठहराव हो गया और सबसे बड़ी बात कि अटल बिहारी वाजेपयी जी ने पिस्का नगड़ी से लेकर लोहरदगा-टोरी होते हुए दिल्ली के लिए एक बड़ी लाइन का शिलान्यास किया था। शिलान्यास हो गया, उसके बाद काम शुरू हो गया। कांग्रेस की सरकार आई, दस साल काम बंद हो गया। एक रुपये का काम नहीं हुआ। लेकिन मोदी सरकार ने वह काम पूरा किया, इलेक्ट्रिफिकेशन हो गया। मैं आग्रह करना चाहता हूँ कि अब जो रांची से दिल्ली राजधानी ट्रेन चलती है, अगर वह पिस्का-लोहरदगा-टोरी होते हुए चलाई जाए, तो तीन घंटे समय कम लगेगा। उधर से राजधानी चलाई जाए। हम पाँच बजे बैठते हैं, 11 बजे पहुंचते हैं, तब रात में 9 बजे बैठेंगे सुबह 10 बजे पहुंच जाएंगे। माननीय मंत्री जी से मेरा यह आग्रह है।

मैं रेल मंत्री जी को एक और बधाई देना चाहता हूँ कि आपने जो राष्ट्रीय भावना को ओत-प्रोत किया कि सभी रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया, यह एक बहुत बड़ा गौरव का विषय है।

मैं एक बात और आपको बताना चाहता हूं कि 25 हजार करोड़ रुपये झारखंड रेवेन्यू देता है। उसके अनुपात में हमको क्या लाभ मिल रहा है, उस पर भी गौर करना चाहिए। हम तो मांग करते हैं कि झारखंड को रेलवे डिविजन मिले...(व्यवधान)। सर, 25 हजार करोड़ रुपये रेवेन्यू देते हैं, जरा दो मिनट समय और चाहेंगे।

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

श्री संजय सेठ : मेरा यह आग्रह है कि रेलवे जोन बनाया जाए।

हमारे लोक सभा क्षेत्र में कोइलरी एरिया बहुत ज्यादा है, वहाँ लाखों क्यूबिक वाटर बेकार पड़ा रहता है। कोल इंडिया और रेलवे से पहले एमओयू होना था कि वहाँ से रेल नीर पानी चले, इस पर भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। मेरा यह आग्रह है कि राजधानी एक्सप्रेस रोजाना चलाई जाए। रांची शहर राजधानी है, उसके बीच में दो ओवरब्रीज बनने हैं, एक केताड़ी बगान और दूसरा, कृष्णापुरी चूटिया में बनना है। मेरा आग्रह है कि रांची नगर में जो एक फ्लाईओवर बनना है, उसका भी काम शुरू हो। मेरा आग्रह है कि रांची से जयनगर तक चलने वाली ट्रेन को प्रतिदिन किया जाए।

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): सभापति जी, सबसे पहले मैं प्रधान मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी को इतने शानदार एवं जानदार बजट के लिए बधाई देना चाहता हूँ।

महोदय, मैं आपका ध्यान इन्दौर की रेल समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ। इन्दौर का जो रेलवे स्टेशन है, मैं चाहता हूँ कि वह देवी अहिल्या बाई होल्कर जी के नाम से हो। यही नहीं, बल्कि हमने कई दिनों से यह माँग की है कि इन्दौर से दिल्ली तेजस गाड़ी चलाई जाए और इन्दौर से मुम्बई सुपर फास्ट एक्सप्रेस चलाई जाए। इन्दौर से जो हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस चलती है, माननीय मंत्री जी ने पिछले वर्ष घोषणा की थी कि हम उसको प्रतिदिन चलाएंगे, लेकिन वह अभी तक चल नहीं पाई है। मैं चाहता हूँ कि इन्दौर से हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाया जाए और उसमें पैंट्रीकार भी रखी जाए। इन्दौर से पटना ट्रेन को भी प्रतिदिन चलाया जाए, यह भी मैं माँग करता हूँ। इन्दौर से जयपुर के लिए जो ट्रेन है, उसका पूरा सफर दिन का ही है। हम चाहते हैं कि वह रात का हो। वह इन्दौर से रात में निकले और जयपुर सुबह पहुँचे। मैंने इसकी भी माँग की है। इन्दौर से जोधपुर के लिए जो ट्रेन है तथा भिंड-ग्वालियर की जो ट्रेन है, उसकी हम कई दिनों से माँग कर रहे हैं कि गौतमपुरा रोड स्टेशन पर उसका स्टॉपेज होना चाहिए। इसकी माँग लंबे समय से हो रही है।

सभापति महोदय, इन्दौर से मनमाड और इन्दौर से दाहोद के लिए इन्दौर की बहुत पुरानी माँग है। इसका जो काम चल रहा है, वह बहुत ही स्लो चल रहा है। हम चाहते हैं कि इसका काम बहुत तेजी से हो। इन्दौर से खंडवा ब्रॉडगेज का काम बहुत ही स्लो चल रहा है, इसमें भी हम चाहते हैं कि बजट का प्रावधान हो और उस पर काम तेजी से चलना चाहिए। इन्दौर-देवास-उज्जैन लाइन, जिसका डबलिंग और इलेक्ट्रिफिकेशन का काम हो रहा है, लेकिन उसका काम बहुत स्लो चल रहा है। अभी तक इसका काम पूरा हो जाना चाहिए था। मैं चाहता हूँ कि यह काम इस वर्ष पूरा हो जाए। इन्दौर से बूंदी होते हुए, जो काम प्रारंभ होने वाला था, वह अभी तक नहीं हुआ है। एक ब्रिज का काम प्रारंभ हुआ है, लेकिन इसके ट्रैक का काम प्रारंभ नहीं हुआ है। इन्दौर के आसपास सेटेलाइट टाउनशिप है। लक्ष्मीबाई नगर, राऊ रेलवे स्टेशन, राजेन्द्र नगर स्टेशन,

इन तीनों स्टेशनों का भी विकास होना चाहिए। लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के पास आरओबी की डिमांड बहुत दिनों से चल रही है। क्षिप्रा सागर को जोड़ने वाली जो सड़क है, उस पर भी आरओबी की डिमांड चल रही है। मैं चाहता हूँ कि ये दोनों आरओबी बनने चाहिए।

महोदय, एक बात जो ध्यान में आती है कि इंजीनियरिंग का जो कोऑर्डिनेशन है, जो प्लानिंग है, वह सही तरीके से होना चाहिए। मैं एक सुझाव देना चाहता हूँ कि हमारे 16 जोन्स हैं, क्यों नहीं हम दो-दो जोन्स के बीच में एक सीनियर एक्जिक्यूटिव इंजीनियर को लगाएं, ताकि जो प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, उनमें कोऑर्डिनेशन भी हो और समय पर वह पूरा हो सके।

महोदय, मैं एक बात कहना चाहूँगा कि वैस्टर्न रेलवे ने एक प्रपोजल रखा था। अभी बेंगलुरु में 26, 27 तथा 28 तारीख को टाइम-टेबल को लेकर मीटिंग हुई थी तो उसमें हमारे वेस्टर्न जोन का एक प्रपोजल था कि अमरकंटक एक्सप्रेस, जो कि भोपाल में दिन भर रहती है, उसको इन्दौर तक बढ़ाया जाए। उस ट्रेन का रैक दिन भर खाली रहता है और समय का भी कोई दिक्कत नहीं होगी। उसको आगे तक बढ़ाया जाए, ताकि वह इन्दौर से अमरकंटक तक चले। मैं ये कुछ बातें आपके सामने रखना चाहूँगा। मैं इस रेल बजट का स्वागत करता हूँ और समर्थन करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak in the discussion on the Demands for Grants of the Ministry of Railways for the year 2020-21.

As far as Kerala is concerned, one of the main long-pending demands is the Angamali-Sabarimala railway line project. The main aim of the Angamali-Sabarimala railway line project is to connect one of the largest pilgrim centres of India, Sabarimala to the Indian Railway network. It has been started in the year 1998, it has been delayed and it was stopped due to several reasons. Very recently our hon. Minister of Railways, Piyush Goyalji has sent a letter to the hon. Chief Minister of Kerala and expressed the unwillingness of the Railway Ministry to stop this project without the cooperation of the State Government giving 50 per cent share of the total cost of the project.

At the same time, the State Government also expressed their unwillingness to cooperate due to financial crisis. Actually, the project is under stagnation. The stretch of first 7.5 kilometres has been completed, and it is ready for commissioning. Rest of the part is passing through my Constituency, that is, *via* Kothamangalam-Muvattupuzha-Thodupuzha. By that, Idukki District comes under the purview of the Indian Railway Network. The people living in that area are facing a crucial situation because they cannot sell or pledge their property. The only solution is to complete this project. That is why, I have one suggestion to make. Considering the importance of Sabarimala and also considering the financial crisis of the State Government, we can up take this project by the Central Government. We can include the total project cost of

the forthcoming consecutive two or three financial years. Hence, I would request the hon. Minister and urge upon the Central Government to complete this project in a speedy manner. Thank you.

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे (बीड): सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद करना चाहती हूं कि आपने मुझे यहां पर बात करने का मौका दिया। मैं प्रधान मंत्री मोदी जी का धन्यवाद करना चाहती हूं कि ऐसे अच्छे लोगों को उन्होंने अपने मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी है। मैं रेल मंत्री जी का भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि इस साल उन्होंने इतना बजट पेश किया है कि मुझे लगता है कि लगभग सारे सांसद इस पर बात करने के लिए उत्सुक हैं।

महोदय, भारतीय रेल हमेशा से अपने देश की लाइफलाइन रही है। पिछले 6 वर्ष में मोदी सरकार के समय में रेल ने अपनी ऊंचाई के नए आयाम प्राप्त किए हैं। रेल के खानपान का मुद्दा हो, महिलाओं की सुरक्षा का विषय हो, स्वच्छ भारत के तहत रेल की सफाई, स्टेशन का ब्यूटीफिकेशन, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, इन सब पहलुओं को लेकर रेल मंत्रालय का काम बेहद ही सराहनीय रहा है। पिछले पांच सालों के कार्यकाल में बहुत सारे नये प्रोजेक्ट्स भी रेल लाइन के लिए मंजूर किए गए। मेरे चुनाव क्षेत्र में 40 साल से भी ज्यादा समय से लंबित नगर बीड परली का जो रेलवे का प्रश्न था, हमारी ही सरकार में इसको अब जाकर गति मिली है। इस रेलवे लाइन के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार, इन दोनों का आधा-आधा हिस्सा है। जब तक महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, तब तक महाराष्ट्र सरकार अपना पचास प्रतिशत हिस्सा इसमें देती भी रही। इस साल केंद्र से तो हमें 450 करोड़ रुपये का बजट मिल चुका है, पर इस साल महाराष्ट्र राज्य सरकार ने बजट में अपना कुछ हिस्सा नहीं दिया है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो इस प्रोजेक्ट को पूरा होते हुए बहुत देर हो जाएगी और जैसे देर बढ़ती जाएगी, तो प्रोजेक्ट की कॉस्ट भी बढ़ती जाएगी। मैं चाहती हूं कि भारत सरकार इसमें खास अपने निर्देश जारी करके इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश करे।

तेजस के माध्यम से आपने देश के अलग-अलग पर्यटन शहरों को रेल के माध्यम से जोड़ने का प्रस्ताव भी रखा है। मेरे क्षेत्र में परली वैद्यनाथ 12 ज्योतिर्लिंग में से एक मंदिर है। यहां पर बहुत बड़ी संख्या में लोग हर साल दर्शन के लिए आते हैं। वहां रोज सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं और सावन के महीने में इसकी संख्या लाखों तक जाती है। मैं इसके पहले भी तारांकित प्रश्न में यह मुद्दा

उपस्थित कर चुकी हूं कि ज्योतिर्लिंग के लिए जो रेलवे रिलीजियस सर्किट में शुरू करनी है, उसमें परली योजना का समावेश हो, मैं यह विनती आपसे करती हूं।

इसके अलावा मेरा चुनाव क्षेत्र मराठवाड़ा क्षेत्र में आता है। नांदेड़ डिवीजन जो साउथ सेंट्रल रेलवेज़ में पड़ता है, अगर इसको मध्य रेलवे में दिया जाए, तो यह हम सबके लिए बहुत ही सहूलियत का काम होगा। इसके अलावा कुछ रेलवे लाइनों के लिए, जिनके सर्वे का बजट सैंक्शन हो चुका है, पर आगे कुछ काम हुआ नहीं हैं, इन सारी रेलवे लाइनों का काम जल्द से जल्द पूरा हो। इसकी मैं आपसे दरख्वास्त करती हूं।

इन सब मांगों के साथ और मोदी जी के नेतृत्व में देश का विकास मालगाड़ी नहीं, बुलेट ट्रेन की स्पीड से चल रहा है, ऐसा विश्वास व्यक्त करते हुए मैं इस बजट का समर्थन करती हूं।

DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR): Hon. Chairman, Sir, I am thankful to you for giving me this opportunity to speak on the Demand for Grants relating to the Ministry of Railways.

Firstly, I would like to thank the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi-ji, the hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sithraraman-ji, the hon. Railway Minister, Shri Piyush Goyal-ji, and also Shri Suresh Angadi-ji for doing a wonderful job for railways in this country.

Firstly, the work of doubling from Daund to Manmad has already been sanctioned and the work is in progress. I think, due to shortage of funds and less budgetary allocation, the work is not getting completed. So, I would request through you, Sir, that hon. Railway Minister may make some more budgetary allocation so that the work can be completed within the anticipated time. Due to its doubling work, lot of changes in the train time tables have been made by the Division as well as lot of stops have been cancelled. My request, through you, to the hon. Minister would be before making these changes or whatever changes the Division is making, if the Member of Parliament is taken into confidence, I think, it would be much easier for us to face people. It is because whenever we go, the people say that this train has been stopped or this train timing has been changed of which we, the Member of Parliament, are not aware of. So, I would like to bring to your notice this particular aspect.

Secondly, as my colleague has mentioned regarding the Ahmednagar - Parli railway track which has been going on for a long time, I wish that it could

be completed much earlier than anticipated. The most important thing which I would like to put forward is the intercity connection between Ahmednagar and Pune. Ahmednagar and Pune has a distance of approximately 110 to 120 kilometres. But if you go by road, due to heavy traffic on that highway, when you enter Pune, it takes approximately four hours for anyone to reach Pune. The track is already there. There is a chord line which has been done last year. It is just a very small issue. The tracks are there and if the Government could make a provision of Intercity shuttle between these two cities, I think, it will be very helpful for people of my constituency in terms of employment and industrial growth. I would request the Government to start a Kisan Rail from Ahmednagar. Ahmednagar is one of the largest producers of onions as well as pomegranate in Maharashtra. So, starting of a Kisan Rail from my Ahmednagar Constituency to other parts of the country would help the farmers of my constituency to sell their produce all over the country in minimum stipulated time.

22.57 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

Lastly, as far as all the surveys of new railway lines, which are going on, especially, from Ahmednagar to Aurangabad to Jalgaon and Jamkhed village in my constituency are concerned, if the Member of Parliament is taken into confidence, it will help the people. It is because there are a lot of false news which are coming in newspaper that the railway line is going through the villages and it will destroy houses. It is very difficult sometimes to face these

people. So, it is just a matter of coordination between the Member of Parliament and the officials of the Railway Ministry.

I would like to congratulate the hon. Prime Minister and the Finance Minister for making such a huge budgetary allocation for Railways. I am pretty confident that under the leadership of our hon. Prime Minister, the Railways in our country would soar a very high level. Thank you very much.

SHRI ABDUL KHALEQUE (BARPETA): Sir, thank very much for giving me an opportunity to speak on the Demands for Grants pertaining to the Ministry of Railways.

Sir, the work done by the Railway Ministry across the country is laudable but there are certain areas which requires further development thus requires some additional focus from the Minister. In the past, I had put forth certain demands to the hon. Railway Minister through letters and discussions in the Parliament regarding development in my constituency, that is, the Barpeta HPC.

Through my letter to the hon. Minister Shri Piyush Goyal ji, in the month of January, 2020, I had put forth my demand for a railway line from Jogighopa to Guwahati via Langtisinga-Barpeta-Sarthebari-Hajo, which has a total length of 136 kilometre. The survey for the said line was completed long ago in which the project cost was assessed to be Rs. 1,298 crore. Unfortunately, the construction of the line was shunned as the route was not perceived to be financially viable.

Here, I would like to point out that public infrastructures are not always built keeping the financial viability in mind. The Government should perform social responsibilities. A railway route passing through the mentioned areas of my State Assam may not look to be financially viable but if the route is laid, it will serve lakhs of people who would be benefitted in the long run. This will open windows of opportunities to the people and help them to explore new

business opportunities with better communication. There is every possibility for socio-economic development of the area.

Barpeta and Hajo are centres of religious importance for Hindu, Vaishnavites, Buddhist and Muslims.

23.00 hrs

Barpeta was the Karambhumi of Srimanta Shankardeva, the founder of Vaishnavite movement in Assam and his chief disciple saint Mahapurush Madhavdeva. On the other hand, Hajo, also known as Panchatirtha is an important pilgrimage town for Hindus, Buddhists and Muslims. The proposed railway line will increase the movement of pilgrims to the area and we will see its importance going up among the religiously important people and also among all other communities. Higher flow of pilgrims will enhance business opportunities for the locals too. Hence, the demand for the line is justified.

In one of my earlier speeches, I had mentioned that Barpeta town not only the headquarters of Barpeta district but also the main centre of my Constituency happens to be the birth place of Col. Guru Prasad Das, the inventor of vacuum brakes on train. But I am reiterating with deep sadness that the place which takes pride in the name of Col. Guru Prasad Das, is yet to be connected by rail. So, I urge upon the hon. Railway Minister to consider the above demand.

Sir, Shri Tapir Gao of the ruling party has rightly pointed out about the coach factory at Bongaigaon. I would like to draw the kind attention of hon. Minister to construct the factory as it will create a lot of employment.

Sir, I would like to bring to the notice of the House that Patshala Railway station in the district of Barpeta which comes under my Constituency is not being served well by the Railways. Almost all trains to Guwahati entering from West Bengal pass through Patshala. But none of the major trains has stoppage at the station. Through the House, I put my demand for the stoppage of at least one Delhi bound train at Patshala. This will give respite to the people, who have to travel to other locations, to board Delhi bound trains.

I also put forward my demand for the improvement of Guagacha Railway Station under my Parliamentary Constituency.

Thank you, Sir.

श्री विजय बघेल (दुर्ग): सभापति महोदय, मैं किसानों के लिए और जनता के लिए जो सर्वसुविधायुक्त रेल बजट बना है और प्रस्तुत हुआ है, उसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी, माननीय रेल मंत्री पीयूष गोयल जी और माननीय सुरेश जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं। मैं छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आया हूं। मेरा यह सौभाग्य है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में लोहे का सबसे बड़ा कारखाना भिलाई इस्पात संयंत्र है। यहां पर सर्वाधिक रेल पथ का निर्माण होता है। अगर इसकी चर्चा रेल बजट में न करें तो रेल सुविधा के बारे में बात करना हमारे लिए एक परिकल्पना होगी। मेरा यह भी सौभाग्य है कि मैं उसी भिलाई इस्पात संयंत्र में एक कर्मचारी के रूप में लगभग 19 साल सेवा दे चुका हूं। सारे रिकॉर्ड बताते हैं, सारे आंकड़े बताते हैं कि वहां वर्ष 1956 से लेकर आज तक इतनी रेलें बन चुकी हैं कि हम पृथ्वी को आठ बार लपेट सकते हैं। इतनी रेल पथ वह इस्पात संयंत्र बना चुका है। मैं उस क्षेत्र के बारे में कुछ डिमांड आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से करना चाहूंगा कि जिस भिलाई इस्पात संयंत्र का निर्माण भिलाई के नाम से हुआ था, जो अभी पुराने भिलाई के नाम से जाना जाता है, वहां भिलाई मार्शलिंग यार्ड रेलवे का सबसे बड़ा संयंत्र निर्मित है। पुराने भिलाई में बहुत पुराना रेलवे स्टेशन है, लेकिन आज तक उसकी सुध नहीं ली गई और उसे सर्वसुविधायुक्त नहीं बनाया गया है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि पुराना भिलाई रेलवे स्टेशन को सर्वसुविधायुक्त बनाएं, जो वर्षों से वहां निर्मित है। वहां कुछ एक्सप्रेस ट्रेनें भी रुकनी चाहिए, यह निवेदन भी मैं माननीय मंत्री जी से करना चाहूंगा। मेरे क्षेत्र में तटीय आंध्र प्रदेश श्रीकाकुलम और सीमावर्ती ओडिशा राज्य के बहुत सारे लोग रहते हैं, जिनको आवागमन के लिए सुविधा नहीं मिल पाती। मैं माननीय मंत्री जी से दुर्ग से पलासा, ब्रह्मपुर वाया विजयनगरम तक नई एक्सप्रेस रेल सुविधा प्रारंभ करने का भी निवेदन करना चाहूंगा।

माननीय सभापति महोदय, दुर्ग बेमेतरा बिलासपुर रेलवे लाइन का पूर्व में सर्वे हो चुका है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि उसका काम भी शीघ्र शुरू होना चाहिए। कुम्हारी परसदा रेलवे क्रॉसिंग पर कुछ अण्डर ब्रिजेज हैं। मैं माननीय मंत्री जी से एनएच 6 से दुग्ध महासंघ

उरला में भी रेलवे क्रॉसिंग पर अण्डरब्रिज और कुकदा रेलवे क्रॉसिंग पर भी अण्डरब्रिज की मांग करना चाहूंगा। पुरानी भिलाई जो एनएच 6 से लगी हुई है, वहां सिरसाकला रेलवे क्रॉसिंग है, उस पर ओवरब्रिज का निर्माण हो, इसके लिए भी मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं। मैं एक बात के लिए और निवेदन करता हूं कि हमारे क्षेत्र में रेलवे की बहुत सारी जमीनें हैं, जिसमें अभी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है और एनएच 6 के किनारे कुछ व्यापारी रेलवे के क्षेत्र में बहुत पुराने समय से व्यापार कर रहे हैं। अगर उनको नियम और शर्तों के अनुसार सुविधा दी जाए तो उनके परिवार के भरण-पोषण के लिए उनको लाभ मिलेगा। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं। मैंने इसके लिए माननीय रेल मंत्री जी को पत्र भी लिखा है। मैं निवेदन करता हूं कि आप उस पर भी ध्यान दें। मैं पुन: आप सभी को बधाई देता हूं।

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): माननीय सभापति महोदय, धन्यवाद। आपने मुझे रेल अनुदानों की मांगों पर चर्चा करने का मौका दिया है। मैं इसके लिए आपका आभारी हूं। मैं आपके माध्यम से भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने अयोध्या से लेकर भगवान श्रीराम अपने समय में चौदह साल के वनवास में जहां तक गए, उन सभी स्थलों को जोड़ते हुए, जिसमें मेरा संसदीय क्षेत्र चित्रकूट, बांदा भी आता है, वहां से मैं चुनकर आता हूं। चित्रकूट ऐतिहासिक क्षेत्र है, जहां भगवान श्री राम ने चौदह साल के वनवास में तपस्या की थी। वे श्रीलंका के कोने तक गए थे। रामायण प्रेमियों के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने 29 तारीख को वहां रेल चलाने की घोषणा की है। मैं इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी सहित रेल मंत्री जी, रेल राज्य मंत्री जी को और रेल मंत्रालय को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। साथ ही माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से चित्रकूट का एतिहासिक क्षेत्र, जो पर्यटक का बहुत बड़ा केन्द्र रहा है, वहां सालभर लोग श्रीराम मंदिर के दर्शन करने के लिए आते हैं। मैं आपका ध्यान वहां की मूलभूत समस्याओं की ओर आकृषित करना चाहता हूं। वहां से दुर्ग बेतवा ट्रेन जो कानपुर से दुर्ग तक जाती है, वह सप्ताह में दो-तीन दिन चलती है, उसको प्रतिदिन कर दिया जाए। साथ ही चम्बल एक्सप्रेस ट्रेन जो ग्वालियर से हावड़ा के बीच चलती है और मथुरा से हावड़ा के बीच चलती है, उसको भी प्रतिदिन कर दिया जाए। तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन जो प्रयागराज से कुर्ला के लिए अप-डाउन करती है, उसको प्रतिदिन कर दिया जाए। गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन जो रायपुर से लखनऊ के बीच चलती है, उसको प्रतिदिन कर दिया जाए। इसी तरह से वीरांगना एक्सप्रेस ट्रेन जो हाल में चलाई गई है, उसको भी प्रतिदिन किया जाए। प्रयागराज से डॉ. अम्बेडकर नगर के लिए एक ट्रायल ट्रेन चलाई गई है, उसको स्थायी रूप से परमानेंट किया जाए।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि हमारा चित्रकूट धाम एक ऐतिहासिक पर्यटक स्थल है। वहां पर भगवान श्री राम जी के दर्शन के लिए करोड़ों लोग आते हैं और वहां पर मानिकपुर जंक्शन है, वहां से बहुत सारी ट्रेन्स

गुजरती हैं। उन ट्रेनों को चित्रकूट धाम तक लाने का काम किया जाए। मैं एक अनुरोध करना चाहूंगा कि अतर्रा और बरगढ में दो ऐसे रेलवे क्रॉसिंग हैं जहां पर ओवरब्रिज बनाने की आवश्यकता है। वहां पर आए दिन जाम रहता है। बिसंडा-अतर्रा मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाए। शंकरगढ और बरगढ़ के बीच में रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाए। यही मेरा आपसे अनुरोध है।

महोदय, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मेरा दूसरा निवेदन यह है कि जो अंडरब्रिज मेरे क्षेत्र में बनाए गए हैं, उनमें पानी भर जाता है, जल निकासी नहीं होती है और बरसात में उन पुलों के नीचे यातायात बाधित हो जाता है। आज भी बहुत से अंडरब्रिज ध्वस्त पड़े हैं, वहां आवागमन बाधित है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि बांदा से लेकर शंकरगढ़ के बीच जितने भी अंडरब्रिज हैं, एक बार फिर से उनकी मरम्मत कराई जाए और उनको ठीक कराया जाए। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि झांसी और मानिकपुर के बीच दोहरीकरण के कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है, उसका कार्य शुरू हुआ है, तेजी से उस कार्य को पूरा किया जाए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी और सरकार को बहुत-बहुत बधाई देता हूं और रेल बजट का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री अरूण साव (बिलासपुर): धन्यवाद, सभापति जी। मैं भारतीय रेल द्वारा प्रस्तुत अनुदानों की मांगों के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। बहुत लम्बे संघर्ष के बाद भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी ने बिलासपुर में रेलवे जोन की स्थापना की। आज मैं आपसे कहना चाहता हूं कि उस क्षेत्र के जो युवा बेरोजगार हैं, वे उनके सपनों को साकार होते हुए देखना चाहते थे, वह नहीं हो पाया है और इसलिए मैं मांग करता हूं कि बिलासपुर में रेलवे की कोच फैक्टरी लगाई जाए, ताकि वहां के बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है, उसे पूरे सप्ताह रोज चलाई जाए। वहां बड़ी संख्या में लोग गायत्री परिवार से जुड़े हुए हैं और नियमित रूप से सैकड़ों की संख्या में हरिद्वार जाते हैं, इसलिए हरिद्वार के लिए नियमित रूप से प्रतिदिन एक ट्रेन वहां से चलाई जाए। मैं यह मांग करता हूं। सारनाथ एक्सप्रेस प्रयागराज जाती है, लेकिन उसका टाइम ठीक नहीं होने के कारण लोगों को अस्थि विसर्जन के लिए वहां एक दिन रुकना पड़ता है, इसलिए सारनाथ एक्सप्रेस सवेरे प्रयागराज पहुंचे, ऐसी व्यवस्था हो जाए तो क्षेत्र के लोगों को अनावश्यक रूप से रुकना नहीं पड़ेगा।

मेरे क्षेत्र के लोगों की लम्बे समय से यह मांग रही है कि जयरामनगर, बिलहा, कर्गी रोड, कोटा और पेंडरा रोड में कई ट्रेनों का स्टॉपेज हो। मैंने भी कई बार निवेदन किया है। मैं मंत्रालय से आग्रह करूंगा कि उन आवेदनों पर विचार किया जाए और निर्णय लिया जाए। बिलासपुर की बड़ी समस्या बुधवारी बाजार के व्यापारियों की रही है। वर्षों से व्यापारी परेशान हैं, न तो उनके लाइसेंस का नवीनीकरण हो रहा है, न उनसे शुल्क लिया जा रहा है और नवीनीकरण के आवेदन की प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी तीव्र गति से नहीं चल रही है। आए दिन आरपीएफ के लोग डण्डे लेकर उन व्यापारियों के पास चले जाते हैं, जिससे व्यापारी परेशान रहते हैं। मैं रेल मंत्रालय से आग्रह करूंगा कि रेलवे बोर्ड के नियमानुसार व्यापारियों को स्थापित करें और वहां पर एक सुव्यवस्थित बाजार बनाएं। रेलवे के संचालन में ट्रैकमैनों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ट्रैकमैन पूरे देश भर में परेशान हैं, उनको सुविधाओं का अभाव है, विभागीय परीक्षा में भी उन्हें मौका नहीं मिलता है। खासकर जो ट्रैकमैन लड़कियां हैं, उनके लिए न तो

प्रसाधन की व्यवस्था है, न बैठने की व्यवस्था है। सबसे ज्यादा शहादत ट्रैकमैन की होती है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि मंत्रालय ट्रैकमैन की समस्याओं की तरफ ध्यान दे, उनका निराकरण करे।

राजनांदगांव, बोरतालाब, डोंगरगढ़ यूनिट नागपुर यूनिट में आती है, उसे रायपुर मंडल में करने से, प्रशासनिक रूप से और लोगों को भी सुविधा होगी। दिव्यांगजनों के लिए भी रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, वह व्यवस्था की जाए। बिलासपुर में जो पार्सल यूनिट है, वहां पर जो हमाल काम करते थे, उनको निकालने का प्रयास हो रहा है, उनको महीने में 10 दिन या 15 दिन काम देने की बात हो रही है, लेकिन मैं आपसे आग्रह करता हूं कि उनको रेलवे के अन्य विभागों में सम्मिलित किया जाए। मैं सबसे बड़ी बात यह कहना चाहता हूं कि डूंगरगढ़-मुंगेली रेलवे लाइन के लिए रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने 500 करोड़ रुपये दिए हैं, लेकिन राज्य सरकार का जो भू-अधिग्रहण का काम है, वह बहुत धीमी गति से चल रहा है। ऐसे में उस प्रोजेक्ट की न केवल लागत बढ़ेगी, क्षेत्र के लोग भी उसके लाभ से वंचित रहेंगे। मेरे क्षेत्र मुंगेली के लोग आजादी के 73 साल बाद भी रेलवे की सुविधा से वंचित हैं। भारत सरकार राज्य सरकार को निर्देशित करे और इस योजना को शीघ्र से शीघ्र अमल में लाएं। धन्यवाद।

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। माननीय प्रधान मंत्री जी के ध्येय वाक्य 'सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास' के अनुरूप ही रेल बजट है। इसमें पूरे रेल विभाग का कायाकल्प करने का संकल्प साफ दिखाई दे रहा है। विश्व स्तरीय रेलों का संचालन, नई रेल लाइनें, स्टेशनों का उच्चीकरण, दोहरी रेल लाइनें, पर्वतीय क्षेत्रों में रेल सेवाएं, उत्तर-पूर्व क्षेत्र जो आजादी के बाद आज तक रेल से वंचित थे, वहां द्रुत गति से बिछाई जा रही रेल लाइनें नए भारत के निर्माण की गाथा लिख रही हैं। यात्रियों की दृष्टि से हम विश्व में नम्बर एक पर हैं। सर्वाधिक यात्री भारत की रेलों से यात्रा करते हैं। रेलवे से प्राप्त कुल राजस्व का 67 प्रतिशत माल ढोने से तथा 23 प्रतिशत यात्रियों के किराये से प्राप्त करते हैं।

महोदय, मैं बोलना तो बहुत चाहता था, लेकिन समय की कमी के कारण सीधे-सीधे अपनी डिमांड्स पर आता हूं। आज एक अच्छा विजन माननीय रेल मंत्री जी ने प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में दिखाया है। रेल मंत्री और रेल राज्य मंत्री का बहुत जबरदस्त विजन है क्योंकि आपने विश्व स्तरीय रेल बनाने का संकल्प लिया है। जैसे कैपेसिटी इन्हांसमेंट और सुधारों की कड़ी में आपने डेडिकेटेड फ्रेट कोरीडोर बनाया। इससे बहुत बड़ी क्रांति भारत में आने वाली है। सुधारों की कड़ी में रीडेवलपमेंट ऑफ स्टेशन्स का कायाकल्प हो गया है। वंदे मातरम् ट्रेन हमारे यहां चलाई गई, जिसका शुभारम्भ प्रधान मंत्री जी ने किया था। किसी ने नहीं सोचा था कि पहाड़ों में रेल जाएगी। जिस समय 16 अप्रैल, 1853 को पहली पैसेंजर ट्रेन मुम्बई से पोरीबंदर ठाणे के बीच चली, ठीक उसके 127 साल बाद आज उत्तर-पूर्व में रेल चल रही है। उत्तराखंड में रेल चल रही है और द्रुत गति से रेलों का काम प्रारम्भ हो रहा है। ऐसा कभी सोचा नहीं होगा कि चार धाम अब रेल से जाएंगे। जहां घास पकड़कर चढ़ते थे, वहां अब रेल दौड़ेगी उत्तराखंड में भी सभी जगहों पर और देश के दूसरे दुर्गम इलाकों में रेल दौड़ेगी।

मैं अपने क्षेत्र और उत्तराखंड की कुछ मांगों की तरफ आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। हमारे यहां मेरे लोक सभा क्षेत्र नैनीताल-ऊधमसिंह नगर में लालकुआं, सितारगंज,

खटीमा के लिए 63 किलोमीटर नई रेल लाइन का सर्वेक्षण हो चुका है। इस पर धनराशि स्वीकृत कर कार्य प्रारम्भ करना अनिवार्य है। उत्तराखंड की बहुत सारी रेल लाइनें अभी बननी हैं और कुछ बन रही हैं, इसलिए इस कार्य में तेजी लाना आवश्यक है। ऋषिकेश से कर्ण प्रयाग तक की रेल लाइन का कार्य चार धाम के लिए जोरों से चल रहा है लेकिन धन की कमी के कारण काम की गति प्रभावित हो रही है। कर्ण प्रयाग से आगे यमुनोत्री, केदारनाथ, गंगोत्री एवं बदरीनाथ हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है और निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करना बहुत आवश्यक है। मझोला-खटीमा रेलवे स्टेशन के मध्य एलसी नम्बर-1820/C को विभाग बंद करवा रहा है। यह मार्ग बंद होने से सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। इसे किसी भी हालत में बंद नहीं होना चाहिए। लालकुआं जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे जिला नैनीताल के अंतर्गत ओवर फुट ब्रिज बनाया जाना अतिआवश्यक है क्योंकि इस क्षेत्र की बहुत बड़ी आबादी इस जंक्शन को पैदल ही पार करती है, जिससे बहुत सारी दुर्घटनाएं हो गई हैं। रामनगर, चौखटिया मार्ग से बेताल घाट के लिए कोसी नदी के किनारे-किनारे रेल लाइन बनानी भी आवश्यक है ताकि रानीखेत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, कोसी, दन्या, जागेश्वर, बेरीनाग, असकोट, धौलादेवी लमगड़ा, गरूड़-बागेश्वर कौसानी, सोमेश्वर के लोगों को भविष्य में लाभ मिल सके। काशीपुर से धामपुर रेल लाइन की सैद्धांतिक स्वीकृति माननीय रेल मंत्री जी द्वारा पूर्व में दी जा चुकी है। उसकी पूर्ण स्वीकृति तुरंत दी जानी चाहिए। इस लाइन के बनने से काठगोदाम से चलने वाली ट्रेन को वाया मुरादाबाद होकर जाना नहीं पड़ेगा और हम सीधे-सीधे देहरादून पहुंच जाएंगे।

महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र हल्द्वानी से गौलापार जाने वाली सड़क जो गौलापार, चोरगलिया, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर, पीलीभीत उत्तर प्रदेश तक जाती है, यहां हमेशा घंटों जाम रहता है। हल्द्वानी जैन मंदिर से रेलवे फाटक तक ओवर ब्रिज बनाया जाना अति आवश्यक है, ताकि उपरोक्त क्षेत्रों को जाने वाले वाहन सीधे निकल जाएं। मेरे क्षेत्र में बहुत बड़ी संख्या में सिख धर्मावलम्बी लोग रहते हैं तथा बड़ी संख्या में सैनिक भी निवास करते हैं। काठगोदाम से अमृतसर को प्रतिदिन एक ट्रेन चलाने की मांग लम्बे समय से चली आ रही है।

यहां से सिख धर्म को मानने वाले लोग स्वर्ण मंदिर दर्शन हेतु जाते हैं। ...(व्यवधान) उतनी ही बड़ी संख्या में सैनिक बाघा बॉर्डर पर जाते हैं, यह ट्रेन भी चलाई जानी चाहिए। ...(व्यवधान) मान्यवर, काशीपुर शहर में काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसके काम को भी तेज गति से चलाया जाना बहुत आवश्यक है। मैं इसका समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): सभापति महोदय, रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर जो चर्चा हो रही है, आपने उस पर मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महोदय, मैं आपके माध्यम से देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का आभार प्रकट करना चाहता हूं। उनके नेतृत्व में रेल मंत्री पीयूष गोयल जी और उनके साथी एमओएस, जो यहां पर बैठे हुए हैं, उन्होंने लोगों की सुविधाओं के लिए जो रेल बजट पेश किया है, उसमें बहुत सारी अच्छी बातें हैं। मैं सभी का जिक्र न करते हुए सीधे अपने संसदीय क्षेत्र की ओर आता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि 'वंदे भारत एक्सप्रेस' दिल्ली से कटरा, वैष्णो देवी के लिएचलाई गई है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण काम था। सुरेश अंगड़ी जी हमारे साथ दिल्ली से कटरा वैष्णो देवी गए थे। अब वहां पर जो कमियां आ रही हैं, मैं उनकी ओर इनका ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में जो रेलवे क्रॉसिंग है, वहां पर ब्रिज बनाना बहुत आवश्यक है, जैसे साम्बा, विजयपुर, बजालता। एक रेल जम्मू से हरिद्वार जाने के लिए चलाई जाए, उसकी बहुत ही अत्यंत आवश्यकता है और जम्मू से चंडीगढ़ के लिए भी एक रेल चलाई जानी चाहिए। पठानकोट से जम्मू तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण का जो काम है, वह पूरा हो चुका है, लेकिन एक ब्रिज की वजह से, जो शायद रावी दरिया पर बनाई जा रही है, लेकिन वह बहुत दिनों से बन रही है, उसका काम बहुत ढीला चल रहा है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम पूरा हो सके और रेल को आने जाने में सुविधा हो।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जम्मू से लेकर पूंछ तक रेलवे लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है। अब मैं रेल मंत्रालय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि आने वाले दिनों में इसके लिए बजट में प्रावधान रखा जाए, ताकि जम्मू से पूंछ रेलवे लाइन बिछाने का जो काम है, वह जल्द से जल्द पूरा किया जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI RITESH PANDEY (AMBEDKAR NAGAR): Mr. Chairman, Sir, thank you for allowing me to participate in the discussion over the Demands for Grants of the Ministry of Railways.

The decline in the growth of internal revenue generation has meant that the Railways has been funding its capital expenditure through Budgetary support of the Central Government and borrowings. While this support of the Central Government has mostly remained consistent, but the borrowings have steadily increased. This might be very dangerous for the Ministry of Railways. In 2018-19, the Indian Railways spent most of this money on staff, pension funds and fuel. This constitutes about 66 per cent of the costing.

While the costing has gone up, we have also seen that the freight corridor revenues have come down in the last several years. Between 1950 and 2011, they have come down by almost 30 per cent while the revenues of road transport and other modes have gone up and they have taken up this space, challenging the Railways quite effectively on that front. I think the Government needs to undertake alternative mechanisms, such as rationalising freight. Though the Ministry of Finance has announced setting up of Kisan Rail to build a national cold supply chain for perishables, including milk, meat and fish, but there has been no budgetary allocation.

We can talk about all these dreams and all these plans. But until and unless there is a budgetary allocation, we cannot move forward and there will be no benefit to the people of this country and also to the Ministry.

I would now like to raise certain demands with regard to my constituency. मुगलसराय से फैजाबाद गाड़ी- 54109 प्रयागराज तक जाती थी, इसका नाम सरयू एक्सप्रेस हुआ करता था, यह पूरी तरह बंद हो गई है। इससे खास तौर से अम्बेडकर नगर के छात्र इलाहाबाद तक जाते थे। आज यह पूरी तरह से बंद हो गई है।

मेरी दूसरी रिक्वेस्ट है कि 18103 और 18104 जलियांवाला एक्सप्रेस को अम्बेडकर नगर में रोका जाए। 16793 और 6794 श्रद्धा सेतु एक्सप्रेस, जो फैजाबाद से रामेश्वरम जाती है, इसे अम्बेडकर नगर से चलाई जाए। 15053 और 15054 लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस भी अम्बेडकर नगर में रोकी जाए। 14213 और 14214 इंटरसिटी एक्सप्रेस, जो गोंडा से बनारस जाती है, इसे भी अम्बेडकर नगर में रोकी जाए। कटहरी रेलवे स्टेशन, मालीपुर रेलवे स्टेशन और टांडा रेलवे स्टेशन से ट्रेनें चलाई जाएं और इनका शुद्धिकरण किया जाए। खास तौर से, गोसाईं गंज रेलवे स्टेशन जो अयोध्या जिले में पड़ता है, मेरा निवेदन है कि इस स्टेशन की बेहतरीन तरीके से मरम्मत कराई जाए। यहाँ कुछ विशेष ट्रेन्स रोकी जाए, जिनकी सख्त जरूरत है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री नायब सिंह सैनी (कुरूक्षेत्र): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे रेल मंत्रालय के वर्ष 2020-21 की अनुदानों की माँग पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

मैं देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ। पिछले दिनों हमने कुरुक्षेत्र की एक माँग रखी थी, क्योंकि कुरुक्षेत्र एक धार्मिक नगरी है, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने यहाँ से गीता का सन्देश दिया था। उस स्थान पर लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं, श्रद्धालु आते हैं। वहाँ पर एक गम्भीर समस्या थी। कैथल की तरफ एक रेल जाती थी और उसको एलिवेटेड करने का काम पिछले दिनों आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने किया और हरियाणा प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री आदरणीय मनोहर लाल जी ने उसका शिलान्यास किया। मैं आदरणीय मंत्री जी के ध्यान में एक बात लाना चाहता हूँ कि जिस एलिवेटेड ट्रैक का शिलान्यास हुआ है, उस पर तेजी से काम शुरू हो ताकि लोगों को समस्या से जल्दी निजात मिल सके। इसके साथ ही, एक लाइन, जो सहारनपुर से यमुनानगर, यमुनानगर से अम्बाला और राजपुरा तक जाती है, उस पर तेज गति से काम चल रहा है। मैं इसके लिए भी आदरणीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करता हूँ कि वहाँ पर फोर-लेनिंग रेल की पटरी बन रही है, वह भी तेज गति से बने।

मेरे क्षेत्र की कुछ और माँगें हैं, जिसे मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूँ। एक गाड़ी चंडीगढ़ से जयपुर के लिए चलती है। वह गाड़ी डांड, कैथल और कलायत होते हुए जयपुर तक जाती है। उस इंटरसिटी एक्सप्रेस का नम्बर19718 है। मेरे क्षेत्र के अंतर्गत डांड रेलवे स्टेशन के साथ 25-30 गाँव टच करते हैं। वहाँ पर इस गाड़ी का ठहराव हो, इसके बाद कलायत में भी इस गाड़ी का ठहराव हो ताकि वहाँ के लोगों की लम्बित समस्याओं का समाधान हो सके।

जिस प्रकार से, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कुरुक्षेत्र में रेलवे का एलिवेटेड ट्रैक बनाने का काम शुरू किया है, इसी प्रकार की समस्या कैथल शहर की भी है, वहाँ पर भी एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाए। जैसा मैंने कहा कि हमारा कुरुक्षेत्र शहर विश्व के मानचित्र पर है, क्योंकि यह एक

धार्मिक नगरी है। जब गीता के 5,151 वर्ष पूरे हुए थे, तो आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने लाल किले में एक कार्यक्रम का आयोजन करके एक बात कही थी कि गीता महोत्सव को केवल कुरुक्षेत्र में ही नहीं मनाया जाना चाहिए, इसे पूरे विश्व में मनाया जाना चाहिए।

इस कार्य को हमारे हरियाणा प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सभापति जी, मुझे दो मिनट का टाइम दे दीजिए। ...(व्यवधान) वहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जब सूर्यग्रहण का मेला लगता है तो लाखों की संख्या में लोग वहां आते हैं। माननीय सभापति महोदय जी, मेरी आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से यह मांग है कि कुरुक्षेत्र से यमुना नगर तक, जिसकी अनाउंसमेंट कुछ समय पहले हुई थी, वह नई रेलवे लाइन वहां बने, ताकि वहां आने-जाने वाले लोगों को उसका लाभ मिल सके। महोदय, मेरी दो-तीन मांगें और हैं। कुरुक्षेत्र से पिहोवा, पिहोवा से चीका और पटियाला की तरफ एक और रेलवे लाइन निकाली जाए, क्योंकि पिहोवा भी एक बड़ी धार्मिक नगरी है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यमुना नगर से चंडीगढ़, वाया नारायणगढ़, जिसकी टोकन मनी भी डाल दी गई है और उसका सर्वे भी हो गया है, उस पर भी काम चालू किया जाए।

मैं आपके माध्यम से अपनी ये मांगें सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। मैं इस बजट का समर्थन करते हुए आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): धन्यवाद, सभापति महोदय, आपने मुझे रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर बोलने का अवसर दिया है। महोदय, सबसे पहले मैं माननीय रेल मंत्री पीयूष गोयल जी तथा हमारे दूसरे माननीय मंत्री सुरेश अंगड़ी जी का व उनके सभी अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद करता हूं। चाहे गाड़ियों के संचालन की बात हो, स्टेशन या रेलगाड़ियों में स्वच्छता की बात हो, सब जगह स्वच्छता दिखाई दे रही है। खान-पान हो या यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं हों, सभी में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं। नई रेलवे लाइनें बिछाई जा रही हैं, विद्युतीकरण भी हो रहा है, काफी सुधार हुए हैं। महोदय, मैं सीधे-सीधे अपने संसदीय क्षेत्र के बारे में कुछ बातें आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के समक्ष रखना चाहता हूं। मैंने देखा है कि रेलवे में हर जगह काफी विकास हुआ है। कई माननीय सांसदों को मेरे सामने यहां पर भी और इससे पहले भी कई सांसदों को माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा बहुत कुछ दिया गया है। यह बड़ा दुर्भाग्य है कि मेरा क्षेत्र अभी भी अछूता है। इसलिए, मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि कानपुर से फर्रूखाबाद होते हुए दिल्ली के लिए मात्र एक ट्रेन – कालिंदी एक्सप्रेस चलती है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि देश आजाद हुए 70 वर्ष हो गए हैं, तब से हमारे यहां एक ही ट्रेन चल रही है। जनसंख्या बहुत बढ़ चुकी है, इसलिए मैं चाहता हूं कि कानपुर से फर्रूखाबाद होते हुए दिल्ली के लिए एक नई ट्रेन दे दी जाए।

मेरा दूसरा निवेदन है कि कासगंज-अलीगढ़ के बीच में मात्र 52 किलोमीटर नई रेलवे लाइन बिछ जाएगी तो कानपुर से कन्नौज, फर्रूखाबाद, कासगंज और सीधे दिल्ली आने में हमें आसानी होगी। अभी हमें दिल्ली आने में लगभग दस घंटे लगते हैं, जिससे हमारा समय बर्बाद होता है। यदि यह 52 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछ जाए तो हम फर्रूखाबाद से मात्र तीन घंटे में दिल्ली आ जाएंगे, हमारे सात घंटे बचेंगे। इससे रेल मंत्रालय को भी फायदा होगा और मेरी लोक सभा के साथ-साथ कम से कम दस और लोक सभाओं को फायदा होगा, जिसमें कम से कम तीन करोड़ लोगों को फायदा होगा।

मेरा माननीय मंत्री से यह भी निवेदन है कि इटावा से मैनपुरी नवीन रेल लाइन पड़ गई है, जिस पर एक नई ट्रेन भी चालू हो गई है। मैं चाहता हूं कि उस ट्रेन को फर्रूखाबाद तक जोड़ दिया जाए, जिससे फर्रूखाबाद से मैनपुरी, मैनपुरी से इटावा और इटावा से ग्वालियर हमारे लोग सीधे जा सकते हैं। कानपुर- फर्रूखाबाद, कासगंज-बरेली होते हुए अमृतसर से एक ट्रेन चलाई जाए, जो पूर्व में भी स्वीकृत थी, लेकिन कासगंज-बरेली के बीच मीटर गेज परिवर्तन होने के कारण वह ट्रेन वाया उन्नाव, बालामऊ -बरेली होकर अमृतसर चलाई जा रही है। मेरा निवेदन है कि चूंकि अब कासगंज-बरेली के बीच ब्राडगेज हो गया है, इसलिए वह ट्रेन पुन: कानपुर-फर्रूखाबाद-कासगंज होते हुए अमृतसर के लिए दे दी जाए। माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से एक और अनुरोध करना चाहता हूं कि मथुरा-कासगंज-कानपुर रेल लाइन का दोहरीकरण कर दिया जाए। यह पहले स्वीकृत था, लेकिन किन्हीं कारणों से रुक गया है। आपके माध्यम से मेरे लोक सभा क्षेत्र में रेलवे स्टेशन कायमगंज व फतेहगढ़ से लंबी दूरी की कुछ ट्रेनें निकलती हैं, उन्हें वहां ठहराव दे दिया जाए, जिससे हमारे यहां के लोगों को फायदा होगा।

महोदय, मैं अपनी अंतिम बात कहकर चर्चा समाप्त करूंगा। मैं माननीय रेल मंत्री व उनके सभी अधिकारियों का पुन: हृदय से धन्यवाद करता हूं। हमारे माननीय यशस्वी मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रयागराज में जो कुंभ मेला लगाया गया, वह माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा एवं उनके अधिकारियों के द्वारा सफलतापूर्वक हो सका, उसमें महत्वपूर्ण योगदान हमारे रेल मंत्रालय का था, इसलिए मैं पुन: धन्यवाद देते हुए अपनी बात को विराम देता हूं। जय हिंद, जय भारत।

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे रेल बजट की अनुदानों की मांग पर हो रही चर्चा में विचार रखने का मौका दिया। नेटवर्क विस्तार के साथ पिछले 6 वर्षों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है और उसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मोदी जी के नेतृत्व में हमारे माननीय रेल मंत्री जी और आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर ने जो बजट प्रस्तुत किया है, उसके लिए फिर से एक बार उनको बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं। जम्मू कश्मीर और खासकर पूर्वोत्तर क्षेत्रों में रेलवे का विकास इन दिनों में बहुत तेजी से हुआ है। इसके लिए विशेष रूप से मान्यवर मोदी जी के नेतृत्व में जो काम हुआ है, इसके लिए हमारे सभी मंत्रीगण बहुत-बहुत धन्यवाद के पात्र हैं। इस बजट में जो नवाचार किए गए हैं, जैसे किसान रेल का इंट्रोडक्शन हुआ है। उसके अलावा रेलवे की पास की भूमियों पर सोलर पैनल लगाकर पावर उत्पादन करने का प्रस्ताव वास्तव में प्रशंसनीय है, हम उसका स्वागत करते हैं। प्रस्तुत बजट में लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये का निवेश रेल विस्तार हेतु प्रस्तावित है। इसमें निजी जन भागीदारी के माध्यम से भी संसाधन जुटाना प्रस्तावित है। तेजस के सफल प्रयोग को और आगे ले जाया जाना चाहिए, उसका भी यहां पर प्रस्ताव है।

कुछ ग्वालियर की मेरी समस्याओं के बारे में माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहूंगा। ग्वालियर, मुरैना और श्योपुर के ब्रॉड गेज के कन्वर्जन के काम में तेजी लाई जानी चाहिए। काफी दिनों से झांसी-सवाई माधोपुर लाईन पर काम प्रारम्भ करने की डिमाण्ड उस क्षेत्र के लोगों ने की है। इससे तीन लोक सभा क्षेत्रों के पिछड़े क्षेत्रों का विकास तेजी से हो पाएगा। ग्वालियर में हरिशंकर पुरम और तानसेन रोड के दो आर.ओ.बी. बन रहे हैं, इनका काम बहुत ही सुस्त है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इस काम में तेजी लाई जानी चाहिए। डबरा में डबरा स्टेशन के पास एक आर.ओ.बी. बनने का प्रस्ताव काफी दिनों से लम्बित है, उसका काम आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। ग्वालियर एक महत्वपूर्ण व्यापारिक क्षेत्र है। निजामुद्दीन और मुंबई राजधानी का स्टॉपेज ग्वालियर में हो, इसके लिए मैं विशेष रूप से मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं। ग्वालियर से अन्य छोटे-छोटे स्थानों पर भी उसका स्टॉपेज है तो ग्वालियर पर स्टॉपेज

होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अयोध्या के लिए ग्वालियर से एक ट्रेन चालू हो, यह भी मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं। यह नई ट्रेन भिण्ड, इटावा, कानपुर, लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचे। भिण्ड-इटावा रेलवे लाईन जो 600 करोड़ रुपये से बनी है, इससे उसका सार्थक उपयोग हो पाएगा।

ग्वालियर अंचल में मेरी लोक सभा क्षेत्र में कई ऐसे रेलवे अण्डर ब्रिजेज हैं, जहां पर बरसात के दिनों में तो पानी भरता ही है, लेकिन अन्य दिनों में भी वहां पानी इसलिए भर जाता है, क्योंकि उनके पास से नाले जा रहे हैं। इस कारण से वहां पानी हमेशा भरा रहता है। मेरा मानना है कि इसको भी विशेष रूप से एड्रेस किया जाना चाहिए। ग्वालियर से शिवपुरी की जो नैरो गेज थी, उसको कई साल पहले ब्रॉड गेज में कन्वर्ट कर दिया गया था। अब वह रेलवे लाईन बिल्कुल घाटीगाव और मोहना क्षेत्रों के बीच में है। इस कारण वहां पर भी दो-तीन स्थानों पर रेलवे अण्डर ब्रिज बनाने की बहुत आवश्यकता है।

मुझे बताया गया है कि जो वर्तमान स्कीम है, उसके अंतर्गत शायद यह संभव नहीं है, पर इसको विशेष रूप से ध्यान देकर किया जाए। मैं फिर एक बार इस बजट के लिए माननीय रेल मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए, उनको बधाई देता हूं। प्रस्तुत रेल बजट कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ-साथ देश को आगे बढ़ाने में संजीवनी का काम करेगा, इस विश्वास के साथ मैं पुन: अनुदान मांगों का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट की अनुदानों की मांग तथा कटौती प्रस्ताव के समर्थन में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। आदरणीय लोकप्रिय, जनप्रिय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि जिस मिथिला क्षेत्र में आजादी के बाद आज तक विकास के लिए किसी ने सोचा नहीं, आज मिथिला क्षेत्र में रेल के माध्यम से कायाकल्प हो रहा है। निर्मली, भपटियाही में रेल महासेतु, जो 34 वीं ईसवी के भूकम्प में दो भाग मिथिला था, उसको आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार में आदरणीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी, आदरणीय सुरेश अंगड़ी जी के नेतृत्व में जो काम हुआ है, अद्वितीय है, 'भूतो न भविष्यति'। इस बजट को तो आम अवाम का समर्थन प्राप्त है। प्रधान मंत्री कहते हैं कि 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास', ऐसा बजट आज तक नहीं आया है।

महोदय, मैं आदरणीय रेल मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि निरमली-भपटियाही में जो महासेतू का निर्माण किया गया है, उसका शिलान्यास श्रद्धेय अटल बिहारी वापजेयी जी जब प्रधान मंत्री थे, तब हुआ था। दरभंगा में कार्यक्रम रखकर उसका उद्घाटन हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मंत्री जी से माननीय मंत्री जी करवाएं। उस महारेल सेतू का नामकरण भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर हो।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि तेजस ट्रेन, जो जगत जननी सीता जी की धरती पुनौरा धाम है और जनकपुर धाम से जोड़ने की मांग हम अपने रेल मंत्री जी से करना चाहेंगे। हमारे क्षेत्र में साधारण काम नहीं हुआ है। आज तक वहां दोहरीकरण का काम नहीं हुआ था, समस्तीपुर और दरभंगा में दोहरीकरण का काम हमारे माननीय मंत्री जी करवाने जा रहे हैं। यह काम बहुत कम समय में पूरा होगा। बिरोल-हरनगर रेल लाइन का कार्य पूर्ण हुआ है। हमारी सरकार द्वारा दरभंगा-समस्तीपुर डबल लाइन का कार्य पूर्ण किया गया है। दरभंगा-समस्तीपुर विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो रहा है। दरभंगा-जयनगर विद्युतीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। दरभंगा-कटहलबाड़ी गुमटी पर आरओबी का कार्य पूर्ण होने की कगार पर है। दरभंगा स्टेशन को

अपग्रेड किया गया है। दरभंगा-अजमेर नई रेल लाइन की घोषणा हुई है और दरभंगा-सकड़ी-झंझारपुर रेल लाइन का अमान परिवर्तन इस सरकार ने किया है। समस्त मिथिला आपका आभारी रहेगा और इसके लिए हम अपने मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे।

महोदय, हम एक मांग करना चाहेंगे कि लहरिया सराय में कमिश्नरी हेडक्वार्टर का स्टेशन है। जयनगर से जितनी गाड़िया चलती हैं, वहां उनके ठहराव की व्यवस्था की मांग हम करना चाहेंगे। 15237/38 दरभंगा-अजमेर ट्रेन, जो सप्ताह में एक दिन वाया सीतामढ़ी-नरकटियागंज-रक्सौल-गोरखपुर-मथुरा-आगरा-कोटा होते हुए अजमेर शरीफ तक चलनी थी, जो पूर्व के रेल बजट में घोषित भी है, अविलंब प्रतिदिन चालू करने की व्यवस्था की जाए।

महोदय, हम मांग करना चाहेंगे कि दरभंगा से सहरसा एक नई रेल लाइन की व्यवस्था सरकार करे। हमारे उत्तर बिहार में एक भी राजधानी ट्रेन नहीं चल रही है। डिब्रूगढ़ राजधानी ट्रेन को हमारे यहां से सप्ताह में तीन दिन यदि वाया गोरखपुर करके चलाया जाता है तो हम लोगों को राजधानी ट्रेन मिल जाएगी।

महोदय, हम मांग करना चाहेंगे कि वर्तमान समय सारणी में जयनगर इंटरसिटी कमला गंगा, मिथिलावासियों को राजधानी पटना से जोड़ने का सुलभ साधन है, परंतु इन गाड़ियों का समय से परिचालन नहीं किया जा रहा है। हम मांग करना चाहेंगे कि इसको अविलम्ब चालू किया जाए।

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): माननीय सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं अपनी पार्टी का भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करना चाहूंगा, जिन्होंने रेल बजट जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने की अनुमति प्रदान की है। मैं रेल बजट के समर्थन में बोलना चाहूंगा।

महोदय, इस बजट के माध्यम से रेलवे ने बहुत अच्छे कदम उठाए हैं। इस बजट में इंडियन रेलवे ने कई बड़ी-बड़ी सौगातें दी हैं, जिसमें सौर ऊर्जा से बिजली तैयार करने में रेलवे की जमीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही देश में तेजस जैसी 150 ट्रैन्स चलायी जा रही हैं। तेजस ट्रैन को देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से जोड़ा जाएगा। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि महाकाल की नगरी उज्जैन मेरा क्षेत्र है और इसको तेजस ट्रैन के माध्यम से धार्मिक पर्यटन के रूप में जोड़ने की कृपा करेंगे।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं कि भारतीय रेल साफ, सुरक्षित और समयबद्ध रेलयात्रा हो सकी है। आदर्श किराया कानून बनाया जाएगा और रेलवे में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप का इस्तेमाल किया जाएगा।

सभापति महोदय, मैं सर्वप्रथम प्रधान मंत्री मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री पीयूष गोयल जी का दिल से आभार और अभिनंदन करना चाहता हूं। वे जो कहते हैं, वह करते हैं, मोदी हैं, तो मुमकिन है। मेरे क्षेत्र की मांग उज्जैन से वाराणसी के लिए एक ट्रेन की थी, जिसका नाम महाकालेश्वर एक्सप्रेस किया जाना था। यह इंदौर-ओंकारेश्वर, उज्जैन-महाकालेश्वर एवं काशी विश्वनाथ तीन ज्योर्तिलिंगों को जोड़ने का काम है। माननीय मंत्री जी की वह घोषणा थी, उसे पूरा कर दिया गया है। मैं माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा, क्योंकि उन्होंने कहा था कि यह ट्रेन शिवरात्रि के दिन उज्जैन से प्रारंभ होगी। उन्होंने हमको एक बहुत बड़ी सौगात दी है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा। उन्होंने हमारे उज्जैन को रेलवे ट्रेनिंग प्रशिक्षण की एक सौगात दी

है, जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र बनया जा रहा है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मेरी जो मांगें हैं, उज्जैन-फतेहाबाद रेलवे लाइन का दोहरीकरण एवं उज्जैन-देवास के लिए अतिशीघ्र शुरू होने वाली है। उज्जैन से बाईपास होकर जो ट्रेनें जा रही हैं, वे हमको वापस दी जाएं। वर्ष 2020 में मोदी सरकार ने भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कई उपाए किए हैं। इसके साथ ही मैं अपने क्षेत्र की कुछ मांगें आपके सामने रख रहा हूं। उज्जैन-आगर और झालावाड़ के लिए नई रेल लाइन की मांग वर्षों से की जा रही है, जिसका सर्वे भी हो चुका है। इस परियोजना की स्वीकृति देने का कष्ट करें।

महोदय, बीना से नागदा तक चलने वाली ट्रेन को रतलाम तक चलाया जाए। इंदौर से पुरी तक चलने वाली ट्रेन को वाया उज्जैन होते हुए चलाया जाए। अजमेर से रामेश्वरम तक चलने वाली ट्रेन को भी वाया उज्जैन होते हुए चलाया जाए। इंदौर से हावड़ा तक चलने वाली ट्रेन को सप्ताह में प्रत्येक दिन चलाया जाए, जो कि सिर्फ एक दिन चल रही है। वीरभूमि एक्सप्रेस को पूर्व में समयानुसार चलाया जाए, यह वाया नागदा-खाचरोट और रतलाम होते हुए जाएगी।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय पीयूष गोयल जी और माननीय प्रधान मंत्री जी को एक बार पुनः आभार और धन्यवाद प्रस्तुत करता हूं।

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, I am not going to make a lengthy speech. I would like to make some important points related to my Parliamentary Constituency.

There are five halt stations in my Parliamentary Constituency which are: Kuri, Ezhukone, Munroe Island, Cheriyanad and Takazhi. Halt station is a very old concept in the Indian Railways. The country has developed now and so have the railway stations. However, these halt stations continue to be halt stations. There is no permanent staff there and there is no development there. Halt stations are totally neglected. Hon. Railway Minister is introducing many reforms in the Railway Ministry. I urge upon the Government to take up this issue and convert these halt stations into crossing stations. If that is done, the passengers at these places will get the maximum benefit from the railway service.

Whenever work of doubling is taken up or whenever new line construction work is taken up, the railway officials fail to take the concerns of local people on board. When the track doubling work happens, the local people do face a lot of problems. They need to be provided an alternative road or path, they need to be provided an under passage, etc. The railway officials who are in charge of the construction work, the construction engineers are neglecting the problems faced by the local people. They are not providing alternative roads, paths, underpasses, etc. This is a very big problem being faced by people everywhere. Not only in my Constituency, people in all Constituencies are facing a lot of problems whenever the doubling work is

going on. When the local people approach the railway officials with their concerns, the railway officials do not behave properly with them. This has to be taken care of by the hon. Railway Minister.

23.49 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

Sir, there is an island in my Constituency called the Munroe Island which is a tourist place. There is a halt station as well. Hundreds of tourists reach there every day.

But in that halt station people are not getting UTS tickets. People are still getting paper tickets. Tourists are coming there but they are not getting UTS tickets to their destinations. This halt station in Munroe Island has no Foot Over Bridge, there is no UTS ticket facility, there is no extension of platform, and there is no construction of the platform shelter. This is the condition of the halt station in Munroe Island, which is a very beautiful station in Kerala. This station is being totally neglected by the Railways.

The Chengannur Railway Station is the nearest station to reach Sabarimala for Ayyappa devotees. For the last 10-15 years, I am continuously requesting the Ministry of Railways, Government of India to upgrade this station to the world-class level. Every year, three crore Ayyappa devotees come to this railway station from various parts of the country to reach Sabarimala. But unfortunately, the Chengannur Railway Station development is very poor and pilgrims are facing a lot of problems. There is no parking, there is no shelter, there is no Rail Yatri Niwas, there is no restaurant, there is

no FOB. The Railways is earning crores and crores of rupees from the Chengannur Railway Station but there is not much development.

Just now, my colleague, Adv. Dean Kuriakose has mentioned Sabari Rail Line. When Vajpayee Ji was the Prime Minister of India, he had taken an initiative for rail connectivity to Sabarimala in 1998-99, I was a Member of Parliament during that time. Vajpayee Ji took an initiative for rail connectivity to Sabarimala. Angamaly-Sabari railway line was declared by the then Vajpayee Ji's Government. It was decided that the full expenditure will be met by Railways. There was no condition imposed on the State Government. The entire money was to be given by the Railways. Railway was supposed to spend the entire money. Now, you are changing your attitude. You are changing your stand.

THE MINISTER OF RAILWAYS AND MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI PIYUSH GOYAL): We have not changed our attitude or stand. This was the policy decision of the UPA Government before Prime Minister Modi's Government came in that all further projects should be on the basis of land being given by the State Government and on 50:50 sharing. If you want, I can take out the records of 2012 or 2013 when this decision was taken and put it before the House.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, UPA Government decided that whenever a new project will be taken up, there will be 50:50 sharing between the State and the Centre. But this project was declared in 1999 during Vajpayee Ji's Government. I respect Vajpayee Ji. You also respect him. Everybody respects

him. Sabari rail is a great memory of Vajpayee Ji because during his tenure he took the initiative and he gave directions to the Railway Ministry to give rail connectivity to Sabarimala. If you all respect Vajpayee Ji, I am requesting you…(*Interruptions*) I fully respect Vajpayee Ji. During his tenure, I was a Member of Parliament. So, I know that story. …(*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): You have given respect to Vajpayee Ji, but Bharat Ratna was not given to him during your time.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, Sabari rail project is a dream project not only of Sabari pilgrims but of the entire country. You are giving a lot of priority to temples and other worship places, why are you neglecting Sabarimala? Why are you ignoring? Why are you asking such a small amount from the State Government? You have to do it and take credit. You have to take credit that you have completed Sabarimala project. Why do you need to depend on the State Government? It is not necessary. You have to take full responsibility.

There is a track doubling work going on the route from Kayamakulam to Ernakulum via Alappuzha and Kottayam. There is a stagnation on that line because of the traffic congestion caused by this track doubling work. New trains are not introduced on Thiruvananthapuram-Ernakulum section because of the congestion. Whenever we approach railway authorities for new trains, they say there is total congestion on that route and they can consider running new trains only after the track doubling work is over. So, I would request the hon. Minister for early completion of track doubling work on this route.

We have a Rajdhani Express which runs from Hazrat Nizamuddin station to Thiruvananthapuram via Konkan. Konkan is a coastal place. But the majority of people of Kerala who are working in Northern India and Central India prefer the route of the Kerala Express, that is New Delhi-Agra-Mathura-Bhopal- Nagpur-Vijayawada-Kerala. I would request the hon. Minister to introduce one more Rajdhani Express on this route.

There is demand for another train from Chengannur to Tirupati which is pending before the Railways. We also demand for running a train on Coimbatore-Kollam-Ernakulum route and another train from Ernakulum to Velankanni.

With these words, I would like to conclude. But when the hon. Minister gives his reply, he has to declare the Sabarimala rail project. If we respect Shri Atal Bihari Vajpayee ji, this project should be completed by the Ministry of Railways. It will be a landmark for the Ministry of Railways.

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 13 मार्च, 2020 को 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

23.58 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, March 13, 2020/Phalguna 23, 1941(Saka)